CMYK

सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-17 अंक-173 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, शनिवार, 02 दिसम्बर 2023
16 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## न्यूज डायरी

### श्रमिकों से मिले सीएम

**लखनऊ।** चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना की सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिक अब पूरी स्वस्थ होकर अपने-अपने घरों को रवाना हो गए हैं। इन 41 श्रमिकों में देश के कई राज्यों के मजदूर शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के मजदूर भी उत्तरकाशी सुरंग हादसे में फंसे थे। शुक्रवार को यूपी के रहने वाले 8 मजदूर लखनऊ पहुंचे। लखनऊ में श्रमिकों से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुलाकात की। मुख्यमंत्री योगी ने सिल्क्यारा टनल से सकुशल लौटे श्रमिकों से भेंट कर संवाद किया।

### फिरोजाबाद का नया नाम अब चंद्रनगर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक और जिले का नाम बदलने की कवायद शुरू हो गई है। इस कड़ी में फिरोजाबाद के नाम बदलने के प्रस्ताव किया गया है, जिसमें फिरोजाबाद का नया नाम चंद्रनगर करने का ऐलान हुआ है। इस प्रस्ताव को फिरोजाबाद नगर निगम में पारित किया गया है। इससे पहले अलीगढ़ का नाम बदलकर हरि गढ़ करने का प्रस्ताव भी पारित हुआ था। जानकारी के अनुसार बीते दिन को नगर निगम कार्य समिति में फिरोजाबाद के नाम बदलने के प्रस्ताव रखा गया, जिसको हरी झंडी मिल गई। इस प्रस्ताव को 12 में 11 सदस्यों का समर्थन मिला है। वहीं योगी सरकार से भी जिले का नाम बदलने को लेकर मंजूरी मिलने की खबर आ रही है।

### चार को मतगणना

**नई दिल्ली।** मिजोरम विधानसभा के आम चुनाव के लिए मतगणना की तारीख में बदलाव किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में जानकारी दी है। आयोग ने बताया कि मतगणना की तारीख को तीन दिसंबर, 2023 (रविवार) से संशोधित करके 4 दिसंबर, 2023 (सोमवार) कर दिया गया है। आयोग ने यह भी बताया कि यह कदम राज्य के कई क्षेत्रों से आए उन प्रस्तावों के बाद उठाया गया है, जिनमें मतगणना की तारीख को 3 दिसंबर, 2023 (रविवार) से किसी अन्य सप्ताह के दिन में बदलने का अनुरोध किया गया था। प्रस्तावों में कहा गया था तीन दिसंबर, 2023 को रविवार होने के कारण मिजोरम के लोगों के लिए खास महत्व है।

### राममय होगा प्रदेश

**अयोध्या।** प्रदेश को अगले दो महीने तक पूरी तरह राममय करने की तैयारी शुरू हो गई है। अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य श्रीराम मंदिर के उद्घाटन और रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संस्कृति विभाग की ओर से प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश मेश्राम के अनुसार इस दौरान रामकथा और रामायण परंपरा पर आधारित प्रवचनों की पूरी श्रृंखला आगामी दिनों में देखने को मिलेगी। इसमें अवधेशानंद जी महाराज, मोरारी बापू, रामभद्राचार्य, जया किशोरी और देवी चित्रलेखा सहित अन्य प्रख्यात कथावाचक रामकथा के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से जनमानस के मध्य श्रीराम के आदर्शों को स्थापित करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रदेशवासियों के लिए सौगातों का एलान किया

# अयोध्या एयरपोर्ट बनकर तैयार

## फरवरी से जेवर में उड़ने लगेंगे विमान, आगरा मेट्रो होगी शुरू, 12 एयरपोर्ट का चल रहा है निर्माण

- प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर एकीकृत मंडलीय कार्यालय स्थापित किए जाएंगे
- हम गो पालन और गो सेवा भी करते हैं
- आज दो करोड़ 61 लाख रुपये किसानों के खाते में भेजी जा रही सम्मान निधि



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रदेशवासियों के लिए सौगातों का एलान किया। इस मौके पर सीएम ने वैश्विक बीमारी कोरोना और दशकों से पूर्वांचल में बच्चों के लिए काल साबित होती आ रही इंसेफेलाइटिस के यूपी से पूरी तरह समाप्त होने की घोषणा की।

विधानमंडल के शीत सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को सदन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से प्रदेश के 17 मंडल मुख्यालयों में स्थापित अटल आवासीय विद्यालय की तर्ज पर शेष 57 जिलों में भी ये विद्यालय खोले जाएंगे। इससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने में मदद मिलेगी। इसी तरह प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर एकीकृत मंडलीय कार्यालय स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में वाराणसी और गोरखपुर में ऐसे एकीकृत कार्यालय के निर्माण की कार्यवाही चल रही है। उन्होंने प्रदेश के 57 जिलों में सीएम कम्पोजिट विद्यालय की स्थापना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके लिए राशि जारी की जा रही है। इसी तरह किसानों के लिए निजी नलकूपों पर बिजली के बिलों में छूट के लिए कार्यवाही तेजी से चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, 2017 से पहले प्रदेश में मात्र दो एयरपोर्ट संचालित थे। अब 9 एयरपोर्ट संचालित हैं। 12 एयरपोर्ट का निर्माण चल रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में एयरपोर्ट बनकर तैयार है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ शनिवार को वह अयोध्या एयरपोर्ट का निरीक्षण करने जाएंगे। उन्होंने बताया कि जेवर एयरपोर्ट पर भी तेजी से काम चल रहा है। फरवरी में पहले रनवे से उड़ान शुरू हो सकती है। आगरा में मेट्रो ट्रेन का संचालन भी फरवरी से शुरू हो जाएगा। सीएम ने सभी विकासखंडों में पीएमश्री विद्यालय भी खोलने का एलान किया। वर्ष 2017 से पहले पीएम किसान सम्मान निधि नहीं थी। आज दो करोड़ 61 लाख किसानों के खाते में सम्मान निधि भेजी जा रही है। अन्नदाता किसानों के खाते में सीधे 59,139 करोड़ रुपए भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा बाणसागर, सरयू नहर परियोजना को पूरा किया जा रहा है। वर्ष 2012 से 2017 तक केवल 94 लाख मीट्रिक टन गेहूं क्रय कर 12 हजार 800 करोड़ का भुगतान हुआ। वहीं वर्ष 2017 से 2022 तक 222 लाख मीट्रिक टन गेहूं का क्रय किया और 41,299 करोड़ रुपए सीधे अन्नदाताओं के खाते में भेजा गया। धान 2012-17 के बीच 123 लाख मीट्रिक टन क्रय किया गया और 17190 करोड़ का भुगतान हुआ था। वहीं 2017 से अबतक 345.59 लाख मीट्रिक टन धान क्रय हुआ और 63,927 करोड़ का भुगतान किया गया है। प्रदेश में 2012-17 के बीच चीनी मिलें बंद हुई,उन्हें औने पौने दाम पर बेचा गया।

### मैं चाहता हूं अखिलेश हमेशा विपक्ष में ही बैठें

सदन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पिछले छह-सात वर्ष में विधानसभा में चर्चा-परिचर्चा का विषय बना है। पिछले साल से इसमें एक ओर सकारात्मक परिचर्चा की पहल हुई है। विरोधी पक्ष के लोग खुद तैयारी करके आना चाहते हैं। ईश्वर इनकी सदैव प्रगति करे और ये हमेशा विपक्ष में बैठे रहे हैं। विधानसभा के अंदर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में चार बार सपा की सरकार रही। आज उत्तर प्रदेश के प्रति लोगों का नजरिया बदल गया है। ये नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। हमारा यूपी आगे बढ़ेगा। आर्थिक प्रगति करेगा तो विपक्षियों को भी खुश होना चाहिए।

### ये नये भारत का नया यूपी है

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष प्रदेश में 2012 से 2017 के बीच मुख्यमंत्री के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। कई बार सांसद में भी रहे हैं। ऐसे में, उन्हें सप्लीमेंट्री डिमांड के बारे में थोड़ी और जानकारी कर लेनी चाहिये थी। वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश अराजकता, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और पहचान के संकट वाला प्रदेश बन चुका था। आज यूपी के बारे में लोगों की धारणा बदली है। उन्हें सम्मान की दृष्टि से लोग देखते हैं। ये नये भारत का नया यूपी है।

### साइबर थानों का गठन

प्रदेश में साइबर क्राइम तेजी से बढ़ा है। 2017 से पहले इसकी पॉलिसी नहीं थी। लेकिन आज इस पर तेजी से काम किया जा रहा है। हमने साइबर थानों का गठन किया है। हर जनपद में साइबर थानों के काम को आगे बढ़ाया है। शीघ्र उसके के लिए धनराशि जारी की जा रही है। कहा 63 हजार अपराधियों को गैंगस्टर एक्ट के तहत, 836 अपराधियों के खिलाफ एनएसए के तहत मामले दर्ज हुए। इतना ही नहीं इन अपराधियों की करोड़ों की संपत्ति भी जब्त की गई।

सदन में नेता प्रतिपक्ष पर गरजे सीएम योगी

# विपक्ष को चिंता बंद बूचड़खानों की

- गरीब के जीवन में आया है परिवर्तन
- प्रयागराज में हुए भव्य दिव्य कुंभ के बारे में हर कोई जानता है
- यूपी सारे आंकड़ों को तोड़ते हुए आज नंबर एक पर पहुंचा

नेता सदन सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में 2016-17 में राज्य का कर राजस्व 86 हजार करोड़ था। ये 2021-22 में बढ़कर डेढ़ लाख करोड़ तक पहुंचाने में सफल हुआ है। प्रदेश में स्टांप एंड रजिस्ट्रेशन में लगभग 11 हजार करोड़ रुपए 2016-17 में प्राप्त हुए थे, आज यही बढ़कर 23-24 में 34 हजार करोड़ रुपए हो गया है। वहीं वैट एवं टैक्स के आधार पर वर्ष 2016-17 में सेल टैक्स 49 हजार करोड़ था, आज डेढ़ लाख करोड़ पर पहुंच रहा है। स्टेट एक्साइज में वर्ष 2016-17 में कुल 14 हजार करोड़ प्राप्त हुए थे जो आज 58 हजार करोड़ रुपए पर पहुंच रहा है। पहले परिवहन में 5 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त होता था वहीं अब 12 हजार करोड़ की राशि से अधिक प्राप्त हो चुका है।

**राज्य का कर राजस्व डेढ़ लाख करोड़ तक पहुंचा**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रदेश में पहली बार 11 लाख गोवंश का संरक्षण डबल इंजन की सरकार कर रही है। गोवंश के लिए तीन हजार करोड़ मूल बजट में है। आपकी चिंता गोवंश को लेकर नहीं है बल्कि बूचड़खानों के बंद होने की है। हम गो पालन और गो सेवा भी करते हैं। भारत की कृषि व्यवस्था जब तक गो आधारित थी तब तक देश धन धान्य से भरपूर था।

उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को चाचा ने शायद रास्ता सही नहीं दिखाया, जिसका फल चाचा भोग रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में पीएम स्वामित्व योजना में अब तक 60 लाख से अधिक परिवारों को भूमि का मालिकाना अधिकार उपलब्ध कराया गया है। दिसंबर 2023 तक सभी सवा करोड़ परिवारों को मालिकाना हक उपलब्ध कराने का कार्य पूरा हो जाएगा। सभी सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि मुसहर, थारु, वनटांगिया, कोल और सहरिया जनजातियों के बारे में शायद नेता प्रतिपक्ष नहीं जानते होंगे। इन सभी जनजातियों को जमीन का पट्टा और आवास देने का काम हुआ है। कोरोना काल से कोई गरीब भूखा नहीं रहा। हमारे लिए सबसे बड़ी जाति गरीब है। गरीब के जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य सरकार कर रही है। सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधा बिना भेदभाव के साथ प्रदान की जा रही है। वहीं नेता प्रतिपक्ष को चाचा ने शायद सही रास्ता नहीं दिखाया, जिसका फल चाचा भोग रहे हैं। सही रास्ता दिखाया होता तो ये सजा नहीं मिलती।

सीएम योगी ने कहा कि देश के अन्य राज्यों की विधानसभा में पर्यटन को लेकर किए जा रहे कार्यों का सकारात्मक जवाब मिलता है। यूपी सारे आंकड़ों को तोड़ते हुए आज नंबर एक पर पहुंच चुका है। प्रयागराज में हुए भव्य दिव्य कुंभ के बारे में हर कोई जानता है। तीर्थ विकास परिषद का गठन करते हुए तीर्थों के भव्य स्वरूप को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वैभव को संरक्षित करते हुए विकसित करने का कार्य हो रहा है।

# नई आशा का हुआ संचारः पीएम मोदी

सीओपी समिट

- भारत अगले आयोजन के लिए तैयार
- कार्बन उत्सर्जन 45 फीसदी कम करने पर दिया जोर



**दुबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दो सप्ताह के सीओपी 28 जलवायु सम्मेलन के उद्घाटन के कुछ ही क्षण बाद, शुक्रवार को 475 मिलियन डॉलर के लॉस्ट एंड डैमेज फंड को चालू करने के यूएई राष्ट्रपति पद के ऐतिहासिक फैसले की सराहना की।

उन्होंने कहा कि कल हुई लॉस एंड डैमेज फंड को संचालित करने के निर्णय का भारत स्वागत करता है। इससे सीओपी 28 समिट में नई आशा का संचार हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि सीओपी 28 समिट से क्लाइमेट फाइनेंस से जुड़े अन्य विषयों पर भी ठोस परिणाम निकलेंगे। मोदी ने कहा कि जी20 में इस बात पर सहमति बनी कि जलवायु कार्रवाई के लिए 2030 तक कई ट्रिलियन डॉलर की जरूरत है। ऐसा जलवायु वित्त जो उपलब्ध हो, सुलभ हो और किफायती हो। मुझे उम्मीद है कि यूएई की जलवायु वित्त रूपरेखा पहल के साथ इस पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी आवश्यक है। ग्लोबल साउथ के देशों की अपेक्षा है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विकसित देश यथासंभव उनकी मदद करें।

### प्रधानमंत्री मोदी को सर्बिया आने का निमंत्रण

सीओपी-28 के दौरान भारत और सर्बिया संबंधों पर सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने कहा, हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। मैंने भारत का दौरा किया और गुजरात गया। मैंने कई साल पहले पीएम मोदी से बात की थी। इस बीच हमारे बीच राष्ट्रपति और भारत के उपराष्ट्रपति सर्बिया गए। हम अपने संबंधों को बहुत अच्छे तरीके से संभाल रहे हैं। वुसिक ने का, उन्होंने अपना निमंत्रण पीएम मोदी को अभी अनौपचारिक तरीके से दिया है मुझे उम्मीद है कि हम जल्द से जल्द सर्बिया में उनकी मेजबानी करने में सक्षम होंगे।

### ऋषि सुनक से मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि सीओपी 28 दुबई शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ उत्कृष्ट बातचीत हुई। भारत-ब्रिटेन के बीच की मित्रता आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य बनाने में मदद करेगी।

### हर्ज़ोग से मिले पीएम

इज़राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग से मुलाकात की। दुनिया के दो सबसे शक्तिशाली देशों के नेताओं ने चल रहे इज़राइल-हमास युद्ध पर अपने विचार साझा किए। पीएम मोदी ने दो-राष्ट्र समाधान के लिए भारत के समर्थन को दोहराया।

# जरूरतमंदों के आवास-इलाज का करें इंतजाम, माफिया पर कसें लगामः सीएम

अवधनामा संवाददाता

- जनता दर्शन में सुनीं 300 लोगों की समस्याएं



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर जरूरतमंद को उसकी आवश्यकता के अनुसार आवास व इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। आपराधिक मामलों में एफआईआर दर्ज करने में लापरवाही न की जाए और भूमि कब्जाने वाले दबंग, माफिया पर लगाम कसने में तत्परता दिखाई जाए।

जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए अधिकारी हर पीड़ित की समस्या का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सीएम योगी में ये निर्देश शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में आहूत जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला को पीएम आवास योजना या सीएम आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में कई महिलाएं अपने परिजनों के इलाज हेतु आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आई थीं। मुख्यमंत्री ने उनकी पीड़ा सुनते हुए आश्वस्त किया कि इलाज में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी।

# 13 तक टली गांधी परिवार की याचिका पर सुनवाई

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देने से किया था इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ-साथ आम आदमी पार्टी (आप) की उन याचिकाओं पर सुनवाई 13 दिसंबर के लिए टाल दी, जिनमें उन्होंने उनके आयकर आकलन को सेंट्रल सर्किल में ट्रांसफर करने को चुनौती दी है। कर चोरी की जांच के लिए सेंट्रल सर्किल ही अधिकृत है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि अंतरिम राहत प्रदान करने से इनकार करने वाले दिल्ली हाई कोर्ट के 26 मई के आदेश के विरुद्ध उनकी याचिकाओं पर अभी तक नोटिस जारी नहीं किए गए हैं। सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस मामले में संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट, राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट, राजीव गांधी फाउंडेशन, जवाहर भवन ट्रस्ट और यंग इंडियन की भी इसी तरह की याचिकाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में औपचारिक नोटिस जारी करना जरूरी नहीं है और जैसा कि अदालत ने पूर्व में संकेत दिया था, आयकर विभाग कोई भी अंतिम आकलन आदेश जारी नहीं करेगा। मेहता ने कहा कि हम अदालत में हैं। हम अपनी जिम्मेदारी जानते हैं। नोटिस जरूरी नहीं है। पीठ ने आयकर विभाग से कहा कि सुनवाई की अगली तिथि 13 दिसंबर को वह संबंधित फाइलें लेकर आए।

स्थापना दिवस

बीएसएफ देश के विकास की जड़ है

# देश हर क्षेत्र में बढ़ा है आगेः शाह

- जिस देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं वह कभी भी विकसित और समृद्ध नहीं हो सकता
- पूरे देश को हमारे जवानों पर गर्व है



**हजारीबाग।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को देश की सीमा की देखभाल करने के लिए सीमा सुरक्षा बलों (बीएसएफ) की सराहना की, जिसके कारण वह बिना किसी तनाव के शांति से सो पाते हैं।

बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड के हजारीबाग में अर्धसैनिक बल के जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक बार जब सीमाओं के रक्षक मोर्चा संभाल लेंगे तो देश को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस पर बीएसएफ के सभी जवानों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे देश को हमारे जवानों पर गर्व है। गृह मंत्री ने कहा कि बीएसएफ के अधीन आने वाली पाकिस्तान सीमा हो या बांग्लादेश सीमा, जब भी दुश्मन कोई हरकत करता है तो स्थिति तनावपूर्ण हो जाती है लेकिन जब बीएसएफ कहती है कि उनके जवान मौजूद हैं तो मैं बिना किसी तनाव के चैन की नींद सो पाता हूं। उन्होंने कहा कि एक बार जब सीमा के रक्षक मोर्चा संभाल लें तो किसी को भी सीमा की चिंता करने की जरूरत नहीं होती। एक गृह मंत्री के रूप में मुझे आप पर बहुत गर्व है। अमित शाह ने कहा कि यदि किसी देश की सीमाएँ सुरक्षित नहीं हैं तो वह कभी भी विकसित और समृद्ध नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। चाहे जी 20 का सफल आयोजन हो या चंद्रयान-3, ये सब इसलिए संभव हो पाया है क्योंकि आपके त्याग और तपस्या से देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। बीएसएफ इस देश के विकास की जड़ है। उन्होंने कहा कि कल, मैंने वामपंथी उग्रवाद के साथ हमारी लड़ाई की समीक्षा की। आज मैं बताना चाहता हूं कि हम इसके कगार पर हैं। वह दिन दूर नहीं जब देश वामपंथी उग्रवाद से पूरी तरह मुक्त हो जायेगा। शाह ने कहा वामपंथी उग्रवाद दिन-ब-दिन सिमटता जा रहा है। सीआरपीएफ, आईटीबीपी और बीएसएफ अपने अंतिम हमले के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हम आने वाले दिनों में देश को इससे मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं गश्त बढ़ने से उग्रवादियों के संसाधनों में कमी आई है झारखंड के कुछ इलाकों में आखिरी लड़ाई बाकी है हम वह लड़ाई भी जीतेंगे।

# आरक्षण बढ़ाने पर पटना हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

- अगले वर्ष 12 जनवरी तक नीतीश सरकार दे ब्यौरा



**पटना।** आरक्षण में वृद्धि कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पटना हाई कोर्ट ने इसपर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन एवं न्यायाधीश राजीव रॉय की खंडपीठ ने गौरव कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को राज्य सरकार से अगले वर्ष 12 जनवरी तक जवाब मांगा है।

महाधिवक्ता पीके शाही ने राज्य सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि इस तरह के तकनीकी मुद्दे को लोकहित याचिका के माध्यम से चुनौती नहीं दी जा सकती है। याचिकाकर्ता एक्ट की वैधता को चुनौती दे सकते हैं, लेकिन लोकहित याचिका के माध्यम से नहीं। 50 प्रतिशत आरक्षण की अधिकतम सीमा बहस का मुद्दा है। याचिकाकर्ता एवं सरकार के अधिवक्ताओं की दलील सुनने के बाद हाई कोर्ट ने कहा कि फिलहाल इस कानून पर रोक नहीं लगाई जा सकती है। मालूम हो कि बिहार विधान मंडल ने बिहार आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ी जाति) संशोधन अधिनियम-2023 और बिहार (शिक्षण संस्थानों में प्रवेश) आरक्षण संशोधन अधिनियम-2023 पारित किया था।

# खीरी पहुंचा श्रमवीर मंजीत डीएम, एसपी की अगुवाई में प्रशासन ने किया जोरदार स्वागत

## मंजीत ने सुनाई आपबीती, साथियों के साथ काटा मुश्किल वक्त, नहीं टूटने दी हिम्मत

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** खीरी जिले के तहसील निघासन के भैरमपुर गांव का रहने वाला श्रमवीर मंजीत उत्तराखंड की टनल से बाहर निकलने के बाद शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनपद खीरी पहुंचा, जहां कलेक्ट्रेट में प्रभारी डीएम/सीडीओ अनिल कुमार सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा की अगुवाई में जोरदार स्वागत हुआ।शुक्रवार को श्रमवीर मंजीत के खीरी पहुंचने पर जिला प्रशासन के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वागत समारोह आयोजित हुआ।प्रभारी डीएम/सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग मंजीत और उनके पिता को शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया और उन्हें मिठाई और उपहार भी प्रदान किए। इस दौरान मंजीत ने डीएम को 17 दिनों की टनल के अंदर से बाहर आने तक की कहानी सुनाई। कहा कि हमें लगा था कि यही मर जाएंगे। मगर सरकार के प्रयास से बाहर आ गए। प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने कहा कि पूरा शासन प्रशासन हर मुश्किल समय में आपके लिए खड़ा है और खड़ा रहेगा। इस दौरान डीएम ने श्रमवीर मंजीत के साहस और धैर्य की सराहना भी की। सीएम के निर्देश पर श्रमिकों की पल-पल जानकारी के लिए प्रदेश सरकार की ओर से एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। साथ ही सभी परिजनों को उनकी स्थिति के विषय में हर दिन अपडेट किया जा रहा था। सीएम स्वयं इसकी मॉनीटरिंग भी कर रहे थे। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि सरकार के अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि श्रमिक जन सुरक्षित अपने घरों को पहुंच रहे हैं। एसपी ने श्रमवीर मंजीत के साहस और धैर्य की सराहना भी की। बताते चले कि खीरी के मंजीत उन 41 मजदूरों में से एक है, जो मंगलवार की रात जिंदगी की जंग जीतकर लौटा है। मंजीत और उसके साथियों के लिए देशभर से दुआएं मांगी जा रही थीं। अब उनके बचने के बाद हर कोई जानना चाहता है कि टनल में वे किस तरह संघर्ष करते रहे। मंजीत एक सांस में पूरी कहानी सुनाते हैं। मंजीत ने बताया, 17 दिन का समय काफी चुनौतीपूर्ण था। करीब 10 दिन फंसे रहने के बाद बाहर से की जा रही मदद के जरिए हमारे पास तक एक पाइप पहुंचा। इसी के जरिए हमें खाना मिल सका। इससे पहले सूखा चीज ही खाने का मिल रहा था। हम लोगों को परिवार की भी चिंता हुई तो बाहर हमारी मदद में जुटी टीम ने माइक्रोफोन के जरिए परिवार के लोगों से बात कराई। इसके बाद थोड़ा सुकून मिला। समय बिताने के लिए टनल के अंदर की एक-दूसरे से बातचीत करते थे। टनल में ही थोड़ा टहल लेते थे।सम्मान समारोह के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील, बीएसए प्रवीण तिवारी, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, अपर जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र कुमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## आईफोन, स्मार्ट वाच और टैबलेट भेजने का झांसा देकर चार हजार रुपये की लगा दी चपत

**लखीमपुर खीरी।** एक दुकान में काम करने वाले फिरोज आजम अली साइबर ठगी का शिकार हो गए। ठगों ने गिफ्ट में आईफोन, स्मार्ट वाच और टैबलेट भेजने का झांसा देकर उन्हें चार हजार रुपये की चपत लगा दी पीड़ित ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है फिरोज ने बताया कि 29 नवंबर को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक कॉल आई। बाद में वीडियो कॉल कर दुबई के जमजम इलेक्ट्रॉनिक का नाम बताकर गिफ्ट निकलने की बात कही गई गिफ्ट में स्मार्ट वाच, आईफोन व टैबलेट दिखाया गया ठग ने फिरोज से उनका पता पूछा और एक फोटो मंगाई बाद में एक फार्म बनाकर भेजा फाइल के नाम पर चार हजार रुपये मांगे फिरोज ने ठग के भेजे गए बार कोड पर स्कैन कर चार हजार रुपये भेज दिए थोड़ी देर बाद ठग ने कस्टम के नाम पर 16 हजार रुपये और मांगे ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने ठग से जरूरी जानकारी ली तो उसने अपना नंबर बंद कर लिया फिरोज ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

## भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का किया गया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा एकदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन मोहम्मदी के आशीर्वाद लाइन में किया गया चार सत्र में किया गया प्रथम उद्घाटन सत्र प्रमुख वक्ता नीरज वर्मा क्षेत्रीय महामंत्री भारतीय जनता पार्टी व अध्यक्षता नेहा अवस्थी चेयरमैन नगर पलिका सीतापुर ने किया।उद्घाटन सत्र की मुख्य वक्ता नीरज वर्मा ने पार्टी के इतिहास पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया की एक समय पार्टी के मात्र दो सांसद हुआ करते तब से अटल बिहारी बाजपेयी ने संघर्ष करते हुए पार्टी को यहाँ तक पहुंचाया है। पार्टी ने कश्मीर मे लागु परमिट व्यवस्था का जम कर विरोध किया जिसके चलते वहा से परमिट की व्यवस्था हटी। इस सत्र मे चेयरमैन पलिया के वी गुप्ता, चेयरमैन निघासन बद्री प्रसाद मौर्य, क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता, स्पर्श मेहरोत्रा ने सहभागिता की।दूसरे सत्र के मुख्य वक्ता संजय गुप्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व अध्यक्षता के वी गुप्ता ने किया मंच संचालन विनोद वर्मा जिला उपाध्यक्ष ने किया। संजय गुप्ता ने अपने विषय केंद्र व राज्य सरकार की कार्यों का विवरण देते हुए बताया सरकार गरीबो को मुफ्त राशन किसान सम्मान निधि मुफ्त इलाज,ला एंड आर्डर पर काम कर रही है वही सरकार टनल मे फसे मजदूरों को भी जिम्मेदारी से निकलने का काम किया है। तृतीय सत्र के मुख्य वक्ता कुलभूषण सिंह जिला उपाध्यक्ष व अध्यक्षता स्पर्श मेहरोत्रा प्रतिनिधि चेयरमैन मोहमडी ने व मंच संचालन बृजेश सिंह जिला मंत्री भाजपा ने किया। कुलभूषण सिंह अपने विषय आदर्श राजनेता पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा की आदर्श जनप्रतिनिधि वही है जो जनता के दुख सुख मे काम करें व उनको समस्याओं को उचित फोरम पर उठाये।अंतिम चतुर्थ सत्र मे मुख्य वक्ता जिला प्रभारी भाजपा वासुदेव मौर्य व अध्यक्षता कीर्ति माहेश्वरी चेयरमैन मैलानी व मंच संचालन उमेश शुक्ला जिला मंत्री ने किया। वासुदेव मौर्य ने अपने विषय पर चर्चा करते हुए कहा की सभी सभासदो को ?बे वार्ड की साफ सफाई के लिए टीम बना कर कार्य करना चाहिए।सभासद प्रशिक्षण वर्ग मे ब्लाक प्रमुख मोहम्मदी महेंद्र बाजपेयी पूर्व ब्लाक प्रमुख आशीष रस्तोगी, नरेंद्र रस्तोगी, अनुज सिंह, आशीष गुप्ता कमलेश शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

## एमएलसी अनूप गुप्ता ने जिले से संबंधित चार सूचनाएं सरकार के संज्ञान के लिए सदन में की प्रस्तुत

**लखीमपुर खीरी।** एमएलसी अनूप गुप्ता ने जिले से संबंधित चार सूचनाएं सरकार के संज्ञान के लिए सदन में प्रस्तुत की। विधान परिषद के सभापति ने स्वीकृत कर सरकार को अग्रिम कार्यवाई के लिए भेज दिया है। नियम 115 के तहत ओयल में मण्डूक तंत्र से सैकड़ो वर्ष पहले निर्मित मेडक मंदिर को पर्यटन स्थल बनाने संबंधी परियोजना बनाने की सूचना रक्खी नियम 111 के तहत मोहम्मदी में 1000 लोगों के बैठने की क्षमता का ऑडिटोरियम बनाने का विषय रक्खा यह जानकारी देते हुए अनूप गुप्ता ने कहा कि नियम 110 के तहत एएलसी रजनीकांत माहेश्वरी के संयुक्त हस्ताक्षर से गौमूत्र व गोबर किसानों से खरीदने व अन्तर्वेद स्थल को इको टूरिज्म में लेकर बड़ी परियोजना बनाने की सूचना रक्खी बताते हैं कि यहीं पांडव अज्ञात वास में रहे थे।

## पुलिस अधीक्षक ने अजय कुमार राय के कंधों पर नये पद के सितारे लगाकर दी बधाई

**लखीमपुर खीरी।** थानाध्यक्ष खमरिया अजय कुमार राय को वरिष्ठता के आधार पर पुलिस निरीक्षक (नागरिक पुलिस) के पद पर पदोन्नति प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा थानाध्यक्ष खमरिया अजय कुमार राय के कंधों पर नये पद के सितारे लगाकर उन्हें बधाई दी गयीं तथा उत्साहवर्धन किया गया साथ ही निरीक्षक के पद पर सफल व उत्कृष्ट कार्यकाल की शुभकामनाएं दी गयीं तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

## दिल्ली रोड व पैरामाउंट में आई सी वैन ने किया लोगों को जागरुक



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत सरकार की जनहित योजनाओं के प्रचार और उनका लाभ आम आदमी तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज दिल्ली रोड स्थित हसनपुर चौक तथा पैरामाउंट कॉलोनी में आई सी वैन के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया।

नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देशन में आज नगर निगम द्वारा शहर के कई स्थानों पर आई सी वैन के माध्यम से लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति जागरुक किया गया। लोगों को समझाया गया कि सरकार द्वारा जनहित में प्रधानमंत्री आवास तथा पीएम स्वनिधि रोजगार सहित अनेक योजनाओं संचालित की जा रही है। लोगों को उन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। निगम द्वारा कार्यक्रम स्थलों पर रंगोली बनाकर साज सज्जा भी की गयी।

दिल्ली रोड स्थित पैरामाउंट कॉलोनी में सफाई निरीक्षक अमित तोमर के नेतृत्व में स्थान-स्थान पर आई सी वैन के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस दौरान डूडा के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## गो आश्रय स्थलों के विस्तारीकरण के साथ नये स्थलों हेतु कार्य योजना

### निर्माणाधीन गोआश्रय स्थलों को शीघ्रता से करें पूर्ण, केयर टेकर का समय करें मानदेय भुगतान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने कहा कि निराश्रित गौवंश संरक्षण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य न होगी। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण केंद्रों का भुगतान समय से करने के साथ ही डाटा फीडिंग समय से की जाए। संरक्षण केंद्रों में रह रहे गौवंशों का टीकाकरण करने के साथ ही पेट के कीड़े मारने वाली दवाई भी समय से खिलाई जाए। उन्होंने कहा जो गोवंश खुले में घूम रहे हैं, उन्हें संरक्षित किया जाए। खाने-पीने की समुचित व्यवस्था के साथ हरे चारे के इंतजाम के साथ ही सुरक्षा का पर्याप्त इंतजाम किया जाए।

मण्डलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद सर्किट हाउस सभागार में गौआश्रय स्थलों की स्थापना, क्षमता विस्तार, क्रियान्वयन, संचालन एवं प्रबंधन के संबंध में बैठक ले रहे थे। बैठक में मण्डलायुक्त ने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में नवीन अस्थायी गो आश्रय स्थल निर्माण एवं क्षमता विस्तार, ग्रामीण तहसीलों में कैटल कैचर एवं ट्रैक्टर क्रय तथा गो संरक्षण अभियान में उनके उपयोग, गौ आश्रय स्थलवार एवं सुपुर्दगार वार उपयोगिता प्रमाण पत्र का प्रेषण एवं धन उपलब्धता, प्रत्येक गौ आश्रय स्थल पर एक केयर टेकर की तैनाती, ब्लाकवार एवं नगरीय निकायवार गो संरक्षण की प्रगति एवं संरक्षण हेतु अवशेष गोवंश में संबंध में बिन्दुवार समीक्षा की।

डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने निर्देश दिए कि मण्डल में संचालित गो आश्रय स्थलों का मानक के अनुरूप विस्तार किया जाए। जिन गो आश्रय स्थलों का विस्तारीकरण प्रगति पर है उन्हे शीघ्रता के साथ पूर्ण किया जाए एवं जहां पर आवश्यकता है वहां नये गो आश्रय स्थलों का निर्माण किया जाए। उन्होने निर्देश दिए कि मण्डल के ऐसे निकाय जिनमें एक भी गो आश्रय स्थल नहीं है उनमें शीघ्रता के साथ आवश्यक कार्यवाही करते हुए गो आश्रय स्थल



के निर्माण हेतु कार्ययोजना तैयार करें। उन्होने कडे निर्देश दिए कि बैठक में संबंधित अधिकारी पूर्ण तैयारी के साथ आएं।

मण्डलायुक्त ने कैटल कैचर के संबंध में समीक्षा करते हुए कहा कि मण्डल की प्रत्येक तहसील एवं निकाय में कम से कम एक कैटल कैचर अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इस हेतु धन के संबंध में शासन को डिमाण्ड पत्र भेजा जाए। गो संरक्षण अभियान के तहत गठित टीम अपनी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अधिक से अधिक गोवंश का संरक्षण सुनिश्चित कराएं। उन्होने निर्देश दिए कि सुपुर्दगी में दिये गये गोवंश के भरण पोषण हेतु दी जाने वाली धनराशि की नवंबर माह का मांग पत्र पोर्टल पर दर्ज कराया जाए। बैठक में जिलाधिकारी सहारनपुर डॉ.दिनेश चन्द्र, अपर आयुक्त प्रशासन सुरेन्द्र राम, मुख्य विकास अधिकारी सहारनपुर सुमित राजेश महाजन, मुख्य विकास अधिकारी मुजफ्फरनगर संदीप भागिया सहित मण्डल के तीनों जनपदों के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

## लेक्मे कम्पनी का नकली सामान बेचने वाले दो दुकानदार गिरफ्तार, दो फरार

**सहारनपुर।** लेक्मे कम्पनी का नकली सामान बेचने वाले 04 दुकानदारों पर थाना कोतवाली नगर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है, जिसमें दो दुकानदारों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो अन्य मौके से फरार हो गए। जिनकी दुकानों व घरों से लेक्मे कम्पनी के 2261 नग बरामद हुए है। गौरतलब रहे कि 30 नवम्बर को लेक्मे कम्पनी के अधिकारियों ने थाना कोतवाली नगर पर तहरीर देकर सूचना दी कि जयान जनरल स्टोर नक्कासा बाजार जनपद सहारनपुर एवं महक ट्रेडर्स दुकान नं. 4 गुच्छा मार्किट दाल मण्डी पुल जनपद सहारनपुर द्वारा लेक्मे कम्पनी का नकली सामान बेचा जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने मामले का संज्ञान लेते हुए अभियुक्तों पर कार्यवाही के सख्त निर्देश दिए। थाना प्रभारी कोतवाली नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने जयान जनरल स्टोर नक्कासा बाजार, महक ट्रेडर्स दुकान नं.4 गुच्छा मार्किट दाल मण्डी पुल, सहारनपुर जनरल स्टोर नखासा बाजार पर हिन्दुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड की टीम ने उत्पादो की चैकिंग की, तो उत्पाद नकली पाये गये, जिस पर कोतवाली नगर पुलिस ने अभियुक्त अय्यूब पुत्र मौ.याहियाह निवासी मौ.टांकी लक्खी गेट थाना मण्डी, मुजम्मिल शम्सी पुत्र मौ.हामीद निवासी गोटेशाह गली न. 07 थाना मण्डी को गिरफ्तार किया तथा अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गये। गिरफ्तार अभियुक्तों की दुकान व मकान से नकली लेक्मे कम्पनी के कुल 2261 नग बरामद हुए।

## परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों ने भरी हुंकार, नहीं करेंगे ऑनलाइन काम

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की सभी 19 ब्लॉक इकाइयों द्वारा डिजिटाइजेशन और ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध और अपनी न्याय संगत मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

राही, अमावां, सतांव, हरचंदपुर सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एकत्रित होकर पहले सभी शिक्षकों ने महानिदेशक के आदेशों का विरोध किया। इसके ज्ञापन भेजकर विरोध जताया। इस कार्यक्रम में जनपद के शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। जिला अध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने बताया कि प्रदेशीय नेतृत्व के आवाहन पर आज का आंदोलन किया गया। यदि ऑनलाइन उपस्थिति और डिजिटाइजेशन का आदेश वापस नहीं लिया गया और शिक्षकों की न्यायोचित मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आगे भी नेतृत्व के निर्देश पर आंदोलन किया जाएगा।

# व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण में न हो देरीः डीएम

## धार्मिक स्थलों की सफाई व्यवस्था हो बेहतर



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने व्यापार बंधुओं द्वारा उठायी जाने वाली समस्याओं से अवगत होने के बाद उसके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में व्यापारियों द्वारा मुख्यतः उठाए गये मुद्दों में नगर निगम, यातायात पुलिस, विद्युत विभाग, राज्य कर विभाग, बैंक एवं जिला प्रशासन से संबंधित थे।

जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक ले रहे थे। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने बाजारों में नयी लाईट लगाने के लिए ईईएसएल कंपनी को निर्देश दिए कि यथाशीघ्र लाईटे लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि विद्युत की जर्जर एवं लटकी हुई तारों को दुरूस्त कराएं। उन्होने जीएसटी विभाग को व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित करने के निर्देश दिए। व्यापारियों द्वारा बस अड्डे की समस्या बताने पर अवगत कराया गया कि जनपद में उच्च कोटि के बस अड्डे के लिए सभी प्रपत्र आवश्यक कार्यवाही हेतु शासन को भेजे जा चुके है। जिलाधिकारी ने नगर निगम को निर्देश दिए कि शहर में तालाबों एवं धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था रखी जाए। उन्होने पुलिस विभगा को निर्देश दिए कि व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निस्तारित किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक, अपर नगर आयुक्त एसके तिवारी संयुक्त आयुक्त राज्यकर राम मूरत, सहित व्यापारी आलोक अग्रवाल एवं अन्य व्यापारी बंधु तथा संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया

**महाराजगंज, रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन महाराजगंज रायबरेली में बी.एड. एवं डी.एल.एड. प्रथम वर्ष के छात्र अध्यापक एवं छात्र अध्यापिकाओं का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.श्रवण कुमार प्रोफेसर एजुकेशन विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ रहे ।सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डॉ.श्रवण कुमार ,कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू प्रधानाचार्य श्री राजीव सिंह ,प्राचार्य डॉ. शिव ओम श्रीवास्तव ,विभाग अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया ।वंशिका और कौशिकी ने सरस्वती नृत्य प्रस्तुत किया । महाविद्यालय के प्राचार्य एवं विभाग अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. श्रवण कुमार एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष राजीव सिंह जी का स्वागत बैज लगाकर एवं उसको पुष्प गुच्छ देकर किया गया।सफक खातून ,रश्मि, गरिमा, नौशीन के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया ,विभाग अध्यक्ष नव प्रवेशित छात्र अध्यापकों को संबोधित किया इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें वंशिका टीम का प्रेरणा गीत, शफक खातून आदि के द्वारा समूह नृत्य एवं घूमर नृत्य, श्रद्धा पांडे का एकल नृत्य सृष्टि सिंह का शास्त्रीय संगीत नृत्य और वंशिका और कौशिकी का होली गीत पर नृत्य प्रमुख आकर्षण रहे ।इस कार्यक्रम में बी.एड.एवं डी.एल.एड. के छात्रों को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्रक्रिया अध्यापक जीवन का अभिन्न अंग है छात्रों के भावों को समझने के लिए मनोविज्ञान का ज्ञान होना शिक्षक प्रक्रिया को सरल बनाता है।अध्यक्षीय उद्बोधन में राजीव सिंह ने एक अच्छे शिक्षक के समस्त गुणों को छात्रों के सामने प्रस्तुत किया और इन पर चलने के लिए भावी शिक्षकों को प्रेरित किया।

# गैंगस्टर अधिनियम में वांछित दो अभियुक्त दबोचे



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम में वांछित चल रहे 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गौरतलब रहे कि 30 नवम्बर को अभ्यस्त अपराधियो के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसैन सैनी द्वारा थाना कुतुबशेर पर धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिसमें गैंगस्टर अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु थाना कुतुबशेर पर टीम गठित की गयी थी। आज थाना कुतबुशेर पुलिस ने वांछित चल रहे अभियुक्त रिहान पुत्र वसीम निवासी मौहल्ला चरबरदारान थाना कुतुबशेर व बबलू पुत्र रिजवान निवासी ऊंची मस्जिद ढोलीखाल थाना कुतुबशेर सहारनपुर को बुड्डी माई चौक से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसैन सैनी, उपनिरीक्षक अनुज कुमार, हैड कांस्टेबल निपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल पवन कुमार शामिल रहे।

## स्कॉलर्स प्राइड एकेडमी बम्हेटा के छात्र बिट्टू ने आगरा में संयुक्त भारतीय खेल फेडरेशन में गोल्ड मेडल जीता



*अवधनामा संवाददाता*

**गाजियाबाद।** स्कॉलर्स प्राइड एकेडमी बम्हेटा के छात्र बिट्टू ने आगरा में संयुक्त भारतीय खेल फेडरेशन राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेकर 400 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता है और हिमाचल में भाग लेकर 400 मीटर रेस में सिल्वर मेडल जीता है आज विद्यालय में विद्यालय प्रबंधक एस पी यादव (अध्यक्ष महानगर समाजवादी शिक्षक सभा ) ने बिट्टू का जोरदार स्वागत किया इस स्वागत समारोह में प्रेम जी (उपाध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा ) रामकिशोर अवस्थी (सचिव समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा) ललित चौधरी (सचिव भारतीय किसान यूनियन) सुभाष यादव (वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता) यशपाल यादव (अध्यक्ष महागुणपुरम सोसाइटी) नवीन जी( प्रबंधक हर्षदीप पब्लिक स्कूल) अक्षय चौधरी (महानगर सहसंयोजक भाजपा) और अन्य व्यक्तियों ने भाग लिया और बिट्टू और विद्यालय का हौसला बढ़ाया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेकर 400 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता है और हिमाचल में भाग लेकर 400 मीटर रेस में सिल्वर मेडल जीता है आज विद्यालय में विद्यालय प्रबंधक एस पी यादव (अध्यक्ष महानगर समाजवादी शिक्षक सभा) ने बिट्टू का जोरदार स्वागत किया इस स्वागत समारोह में प्रेम जी (उपाध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा ) रामकिशोर अवस्थी (सचिव समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा ) ललित चौधरी सचिव भारतीय किसान यूनियन) सुभाष यादव (वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता) यशपाल यादव (अध्यक्ष महागुणपुरम सोसाइटी) नवीन जी( प्रबंधक हर्षदीप पब्लिक स्कूल) अक्षय चौधरी (महानगर सहसंयोजक भाजपा) और अन्य व्यक्तियों ने भाग लिया और बिट्टू और विद्यालय का हौसला बढ़ाया।

# पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग निरंतर एक्शन में

## बीयर दुकानों व कैनटीन की गहनता से की गयी चेकिंग, दुकानों पर नियमों का पालन करने के दिये निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**गौतमबुद्धनगर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम



में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस आबकारी विभाग की टीम द्वारा छपरौला, सादोपुर की झाल, अच्छेजा स्थित देशी, विदेशी, बीयर दुकानों व कैनटीन की गहनता से चेकिंग की गयी। सभी दुकानों पर नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के साथ ही दुकानों पर गोपनीय रूप से टेस्ट परचेज कराया जा रहा है, ताकि निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बिक्री न हो। साथ ही पॉस मशीन एवं ऑनलाइन माध्यम से ही बिक्री हो इसको भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी प्रकार आबकारी टीम द्वारा ढाबों की भी चेकिंग करते हुये संचालको को ढ़ाबा परिसर में अन्य प्रान्त की शराब पाए जाने या बिना लाइसेंस शराब पिलाये जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही करने की चेतावनी दी गयी। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक के निस्तारण कराये जाने के उद्देश्य से आयोजित की गयी

*अवधनामा संवाददाता*

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश अवनीश सक्सेना की अध्यक्षता में आगामी 09 दिसंबर 2023 को जनपद गौतमबुद्धनगर में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में आज न्यायिक मजिस्ट्रेटगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारीगणों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित करने तथा चिन्हित किये गये वादों में पक्षकारों को नोटिस आदि भिजवाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बबीता पाठक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जयहिंद कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम, शिवानी त्यागी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट- सिविल जज जू0डि0/एफटीसी-द्वितीय व अन्य उपस्थित हुये।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथी मोहम्मद जमा उस्मानी पुत्र श्री मो. यासीन मकान नं0 367 मो0 हिदायतनगर थाना कोतवाली सदर लखीमपुर जिला खीरी का मूल निवासी है। शपथी का पुराना नाम मोहम्मद ज़मा (MOHD ZAMA) पासपोर्ट मे दर्ज हो गया है जब कि मोहम्मद ज़मा उस्मानी (MOHD ZAMA USMANI) ही वास्तविक नाम है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**प्रार्थी**
**मोहम्मद जमा उस्मानी**
**पुत्र श्री मो. यासीन**
**मकान नं0 367 मो.**
**हिदायतनगर थाना कोतवाली**
**सदर लखीमपुर जिला खीरी।**

# मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची में जुड़वाएं अपना नाम

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने या फिर किसी भी प्रकार का संशोधन किये जाने के लिए अब से लगभग एक सप्ताह का समय शेष रह गया है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान की विशेष तिथियों 02 व 03 दिसम्बर क्रमशः शनिवार व रविवार को जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ, पदाभिहित अधिकारी प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक उपस्थित रहेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 09 दिसम्बर शनिवार को अभियान की अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। इसके बाद पात्र होते हुए भी साधारणतः व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ सकेगा। मतदाता सूची में नाम न होने की दशा में वह व्यक्ति आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर सकेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार ने जनपद अलीगढ़ समस्त निवासियों से अपील करते हुए कहा कि निर्वाचक नामावलियों में नाम दर्ज कराये जाने के लिए फार्म-6, प्रवासी मतदाताओं के लिए फार्म-6ए, निर्वाचक नामावली से नाम अपमार्जन कराये जाने के लिए फार्म-7 और संशोधन कराये जाने एवं एक स्थान दूसरे स्थान पर परिवर्तन किए जाने के लिए फार्म-8 सम्बन्धित साक्ष्यों सहित भरकर बूथ लेविल अधिकारी को 02 व 03 दिसम्बर को सम्बन्धित मतदेय स्थल पर एवं सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण अवधि में किसी भी प्रकार की शिकायत व समस्या के समाधान के लिये निर्वाचन कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 0571-2420141 एवं 1950 पर प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

# अलीगढ़ में रीढ़ की हड्डी का मिलेगा एडवांस इलाज

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** उत्तर भारत के लीडिंग हेल्थ केयर प्रोवाइडर मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पटपड़गंज (नई दिल्ली) ने अलीगढ़ के कुमार नर्सिंग होम के साथ साझेदारी में अपनी स्पेशल ऑर्थो-स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं को शुरू किया। इस मौके पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटपड़गंज के ऑर्थो स्पाइन सर्जरी के एसोसिएट डायरेक्टर डॉक्टर भूपेंद्र प्रताप भारती मौजूद रहे। डॉक्टर भूपेंद्र हर महीने के पहले और तीसरे शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कुमार नर्सिंग होम में मरीजों को देखेंगे और प्राथमिक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।

अलीगढ़ में इस ओपीडी सेवा को शुरू करने मकसद स्थानीय और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए एडवास ऑर्थो-स्पाइन सर्जरी सेवाओं को आसानी से उपलब्ध कराना है। इसके जरिए, यहां के लोगों को अपने शहर में ही वर्ल्ड लेवल की स्वास्थ्य सेवाएं पाने का अवसर मिल सकेगा। मैक्स हॉस्पिटल पटपड़गंज में ऑर्थो-स्पाइन सर्जरी के एसोसिएट डायरेक्टर डॉक्टर भूपेंद्र भारती ने एडवांस तकनीकों पर जानकारी देते हुए कहा, फ्ली-होल स्पाइन सर्जरी सटीकता और प्रभाव के मामले में काफी कारगर है। मिनिमली इनवेसिव तकनीकों का उपयोग करके, हम प्रभावित हिस्से तक पहुंचकर सर्जरी करते हैं और आसपास के टिशू को भी बहुत कम नुकसान पहुंचता है. इसका असर ये रहता है कि पोस्ट ऑपरेटिव दर्द कम हो जाता है, मरीज को अस्पताल में कम समय तक रहना पड़ता है, और उसकी रिकवरी तेजी से होती है।

परंपरागत तरीकों की तुलना में इस तरह की प्रक्रियाओं से पूरी सटीकता के साथ रीढ़ की हड्डी जैसे जटिल मामलों को भी आसानी से सुलझा लिया जाता है। डॉक्टर भूपेंद्र ने स्वस्थ जीवन और प्रारंभिक रोग का पता लगाने के लिए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। खासकर, मस्कुलोस्के लेटल समस्याओं के बारे में जानकारी के संदर्भ में ये काफी अहम है।

**मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पटपड़गंज ने शुरू की ओपीडी सेवा**

डॉक्टर भूपेंद्र भारती ने ये भी बताया कि शरीर का वजन, कैल्शियम का सेवन और हड्डियों का घनत्व जैसे कारकों के चलते जोड़ों के दर्द और घुटने की समस्याएं पैदा होती है। रोग की प्रारंभिक पहचान और जीवन शैली में बदलाव करके इस तरह की चुनौतियों को प्रभावी ढंग से मैनेज किया जा सकता है। डॉक्टर भूपेंद्र ने आगे कहा, हमारी इस साझेदारी से अलीगढ़ के लोगों तक एडवांस ऑर्थो-स्पाइन सर्जरी सेवाएं पहुंचेंगी और मिनिमली इनवेसिव व नेविगेशन-असिस्टेड स्पाइन सर्जरी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करके, हमारा उद्देश्य अच्छे रिजल्ट लाना और इलाके के लोगों के समग्र कल्याण में योगदान करना है।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के विधार्थियों ने स्केटिंग में दिखाई प्रतिभा



अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़/खैर।** अलीगढ के एसएसबी इंटर कालेज में हुई पांचवीं जिला प्रमोशनल रोलर स्केटिंग चौंपियनशिप प्रतियोगिता में गौमत स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के विधार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन कर स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक हासिल किए है। आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 380 विधार्थियों ने प्रतिभाग किया था। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के पन्द्रह विधार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर कई पदक हासिल किए है। कक्षा तीन की दिव्या चौधरी और हर्ष चौधरी ने दो दो स्वर्ण पदक, कक्षा छः के लोकेश तौमर ने रजत पदक, कुलश्रेष्ठ ने दो स्वर्ण पदक, कक्षा आठ के उत्सव ने दो रजत पदक, कक्षा छः के मनीष कुमार ने रजत पदक, कक्षा आठ के निखिल गोयल ने कांस्य पदक, कक्षा तीन के मानस गोयल ने एक स्वर्ण व रजत पदक हासिल किया। अलीगढ़ स्केटिंग क्लासेज के सचिव प्रदीप रावत के अनुसार चौंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ी शिमला में प्रस्तावित राष्ट्रीय चौंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। विद्यालय के चेयरमैन राजेश गोयल ने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नही होती है। विधार्थियों को पढाई व खेल के उच्च स्तर पर ले जाना ही विद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यहां प्रधानाचार्या लक्ष्मी शर्मा, डायरेक्टर अजय अग्रवाल, सचिव अंजू गोयल व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## बर्तन न होने पर बच्चों को नहीं मिलता भोजन

अवधनामा संवाददाता

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिजौरी के प्राथमिक विद्यालय नगला मना में सरकार के दावों की हकीकत तब खुली जब वहां पहुंच कर देखा गया और बच्चों से जानकारी की गई तो विद्यालय में भोजन बना है या नहीं तो पहले तो बच्चे कोई स्थाई उत्तर नहीं दे सके लेकिन जब घंटा से जानकारी की गई तो कई बच्चों ने बताया कि उनके पास घर से लाए हुए बर्तन नहीं थे। इस वजह से उनको विद्यालय का भोजन नहीं मिला जब इस बाबत इंचार्ज प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार से जानकारी की गई तो विद्यालय में बच्चों के लिए भोजन थाली है या नहीं तो उन्होंने बताया की विद्यालय में पहले एक ग्रांट आई होगी तो बर्तन आए होंगे लेकिन अब इस वक्त कोई बर्तन नहीं है जिसमें बच्चों को भोजन दिया जा सके वही जब खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया की विद्यालय में ग्रांट भी आई थी और बर्तन भी खरीदे गए थे यदि ऐसा हुआ है तो संबंधित अध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**काकोरी लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** काकोरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सरकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। इस अवसर पर बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में विकसित भारत यात्रा वैन द्वारा गांव में प्रचार प्रसार भी हुआ। मुजफ्फरनगर पलिया ग्राम पंचायत में उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिशिर यादव, ग्राम प्रधान आनंद यादव, मंडल अध्यक्ष रवि राज लोधी ने आयुष्मान केंद्र पर स्वास्थ्य जांच भी कराई। इस अवसर पर सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। जल जीवन मिशन योजना के बारे नुक्कड़ नाटक के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को भारत संकल्प पत्र की शपथ दिलाई गई। जल की उपयोगिता व संरक्षण से संबंधित जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध कराई गई। एडीओ कृषि विजय शंकर मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम के तहत गांव में वैन की माध्यम से प्रचार कराया गया। कार्यक्रम में कृषि, स्वास्थ्य, जल जीवन मिशन समेत कई योजनाओं के स्टाल लगाए गए। **अराजक तत्वों ने भारत संकल्प यात्रा प्रचार वैन को पहुंचाई क्षति-** एडीओ कृषि विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि गांव के अराजक तत्वों ने प्रचार वैन को क्षति पहुंचाई। अराजक तत्वों ने जानवरो को सड़क पार करने के लिए वहां पर खड़ी प्रचार वैन में लगे फ्लैक्स को फाड़ दिया। जिसकी लिखित शिकायत काकोरी पुलिस से की गई।

# सहारा हॉस्पिटल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सहारा हॉस्पिटल के ट्रान्सफ्यूजन विभाग में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विश्व एड्स दिवस पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर सबसे पहले सहारा इंडिया के अभिभावक सहाराश्री की छवि पर सहारा हॉस्पिटल के सीनियर एडवाइजर अनिल विक्रम सिंहजी ने भावुक होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए, साथ ही सहारा हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डाक्टर मजहर हुसैन जी ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात सहारा हॉस्पिटल के डाक्टरों की टीम ने भी अन्य वरिष्ठगणों सहित श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के शुरुआत में सबने अपने अभिभावक की दी हुई सीख और उनसे जुड़े यादगार क्षणों को साझा किया। कार्यक्रम के अगले चरण में सहारा इंडिया परिवार के वरिष्ठ सलाहकार अनिल विक्रम सिंहजी एवं डायरेक्टर मेडिकल हेल्थ डॉक्टर मजहर हुसैन, लैब मेडिसिन की हेड डॉक्टर अंजू शुक्ला अपनी समस्त टीम सहित व ट्रान्सफ्यूजन विभाग की डॉक्टर पल्लवी रानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डाक्टर पल्लवी रानी ने विश्व एड्स दिवस पर महत्वपूर्ण जानकारी दी कि हर साल दिसम्बर की पहली तारीख (एक दिसंबर) विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को एचआईवी वायरस से फैलने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक करना और एक्वायर्ड इम्यूनो डिफिशिएंसी सिंड्रोम (एड्स) से पीड़ित व्यक्तियों को सहायता प्रदान करना है। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम ÷एड्स से प्रभावित समुदायों को नेतृत्व करने देना÷ है। एचआईवी (ह्युमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस) एक ऐसा वायरस है जो कि मानव शरीर में पाया जाता है एड्स एचआईवी की एक अवस्था है जो कि मनुष्य की प्रतिरोधक क्षमता को धीरे-धीरे कम करती है। डॉक्टर पल्लवी ने बताया कि चार कारणों से एचआईवी पॉजिटिव होने की सम्भावना होती है।

**विश्व एड्स दिवस पर ट्रान्सफ्यूजन विभाग में हेल्प यू एजुकेशनल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से हुआ आयोजन**

# दबंगों ने निर्माणाधीन नाली को तोड़ा

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** विकासखंड राजेपुर में दबंगों के हौसले बुलंद है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के कड़े तेवर होने के बावजूद भी दबंगों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है दबंगों द्वारा लगातार विकलांग को प्रताड़ित किया जा रहा है।गीता देवी पत्नी पृथ्वीराज ने बताया है कि उसके घर के बाहर गली में नाली है।जिसमें सभी लोगों का पानी निकलता है। गीता ने अपनी नाली का पाइप उसी नाली में डालने के लिए पाइप डलवाया। जिसमें गांव के ही दबंग लोग अमित पुत्र सुशील व गौरव पुत्र मुन्नू सिंह, वह इंद्रपाल गुड्डू व पप्पू पुत्रगढ़ जिलेदार लल्लू पुत्र जिलेदार राघवेंद्र पुत्र दिनेश सिंह राजन पुत्र मंगल सिंह आदि पाइप नहीं डालने दे रहे हैं। गीता ने बताया है कि उनकी पुरानी नाली खुली चल रही है। गीता ने बताया है कि उन्होंने जब पूरा मामला ग्राम प्रधान को बताया तो ग्राम प्रधान ने उन लोगों से बातचीत की लेकिन वह लोग कोई भी बात मानने को तैयार नहीं है। गीता ने बताया है कि लड़ाई झगड़ा करने की स्थिति में है और वह लोग काफी दबंग है। गीता नें बताया है कि वह लोग लड़ाई झगड़ा करने और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।


## अदालती नोटिस

सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाब्ता दीवानी सन 1980 ई0)

न्यायालय- श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय बांसी, सिद्धार्थ नगर नम्बर मुकदमा - ज्ञ202317630206557/2019 रहमतुल्लाह आदि बनाम उ0प्र0 सरकार आदि अ0 धारा-24 उ0प्र0रा0संहिता ग्राम समोगरा त0कुदारन प0बाँसी पुरब तहसील-बांसी सि0न0

तरिख पेशी-20-12-2023

1- उ0प्र0 सरकार द्वारा जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर

2-ग्राम पंचायत समोगरा द्वारा ग्रा0प्रधान समोगरा त0 कुदारन परगना बाँसी पुरब तहसील-बाँसी सि0न0

**(विपक्षीगण प्रथम पक्ष)**

3-रमजान अली पुत्र वाजिद अली

4-मुबारक अली पुत्रगण युसुफ अली

5-मुराद अली

6-आशिया खातुन पत्नी यूसुफअली

7-नसीबुल्लाह

8-महिबुल्लाह

9-जमीरुल्लाह पुत्रगण जैफुल्लाह

10-मो0रजा

11-तराबुल्लाह

12-अख्तर अली पुत्रगण याकुब

13-हजरत अली

14-जुम्मन पुत्रगण याकूब

15-तबारक अली पुत्र युसुफ अली

16-जुबैदा खातुन पत्नी युसूफ अली

17-हमीदुल्लाह पुत्र जैफुल्लाह

18-खलीलुल्लाह पुत्र याकुब

19-मो0मुस्लिम

20-मुस्तफा पुत्रगण सत्तार

21-ग्रीशचन्द पुत्र भोलेनाथ

22-सुरेन्द्र नाथ पुत्र भोलेनाथ समस्त निवासी गण द्वितीय पक्ष मौजा समोगरा तप्पा कुदारन परगना बांसी पुरब तहसील बांसी जिला सिद्धार्थ नगर वाजेह हो कि रहमतुल्लाह आदि ने आपके नाम एक नालिस बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारिख 20-12-2023 ई0 हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल अमूर मुतअतिल्का मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो कि ऐसे सवालात को दे सके, हाजिर होवे और जवाबदेही दावा कीजिए और हरगाह वही तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है। वास्ते इस इनफिसाल कत्तई मुकदमा तजबीज हुई है पर आपको लाजिम हो कि उस रोज उसके जुमला गवाहों की जिसकी सह देने पर निजी जुमला दस्तावेज को जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों उसे पेश कीजिए।और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिरी न होंगे तो आपको मुकदमा बगैर हाजिरी आपको मसमूअ और फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख 30-11-2023 ई0 को जारी किया गया।

**द. हाकिम**


**असिस्टेंट कलेक्टर दर्जा अव्वल दोयम**


## केनरा बैंक अंचल कार्यालय में अग्नि निकासी ड्रिल



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अग्निशमन विभाग लखनऊ के मार्गदर्शन में दिनांक 01-12-2023 को प्रातः1100 बजे अंचल कार्यालय परिसर में अग्नि निकासी ड्रिल का आयोजन किया गया। फायर ड्रिल के बाद अग्नि घटना प्रबंधन पर विस्तृत व्याख्यान और अग्निशामक यंत्रों के उपयोग पर प्रदर्शन किया गया। अग्नि सुरक्षा अधिकारी श्री शिवदरस प्रसाद, गोमती नगर और केनरा बैंक के लखनऊ मंडल प्रमुख श्री आलोक कुमार अग्रवाल ने भवन में मॉक ड्रिल का मूल्यांकन किया। मंडल सुरक्षा अधिकारी मेजर मीनाक्षी चौधरी (सेवानिवृत्त) ने अतिथि पर्यवेक्षकों और उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया। सर्कल प्रमुख श्री आलोक कुमार ने नियमित फायर मॉक ड्रिल और प्रक्रियाओं के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद, एफएसओ ने आग की कुछ घटनाओं का वर्णन किया जिन्हें विभाग ने हाल के दिनों में नियंत्रित और प्रबंधित किया था। उन्होंने आग लगने की घटनाओं के विभिन्न कारणों, आग से संबंधित सावधानियों, आग के प्रकार और आग बुझाने वाले यंत्रों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी प्रकार के अग्निशामक यंत्रों का प्रदर्शन कर घरेलू गैस सिलेंडरों में लगने वाली आग पर कैसे काबू पाया जाए, इसके बारे में विस्तार से बताया। उपस्थित केनरा बैंक के समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक आग बुझाने वाले यंत्रों के प्रयोग का अभ्यास किया। उप महाप्रबंधक श्री संजय कुमार ने विस्तृत एवं सजीव व्याख्यान सह प्रदर्शन के लिए अग्निशमन विभाग की टीम को धन्यवाद दिया।

## पुलिस उपाधीक्षक जालौन रवींद्र गौतम को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली जालौन परिसर में पुलिस उपाधीक्षक जालौन रवींद्र कुमार गौतम के सेवानिवृत होने पर उपजिलाधिकारी सुरेश कुमार की अध्यक्षता में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक श्री गौतम को उपहार भेट कर उनके उज्वल व सुखमय जीवन की कामना के साथ भावभीनी विदाई दी गई। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण कुमार द्विवेदी ने उनके सुखमय जीवन की कामना करते हुए उन्हें शाल उड़ाकर सम्मानित किया। इसी क्रम में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जालौन के तहसील अध्यक्ष भगवती प्रसाद मिश्रा, नगर अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार श्रीकांत जी, आलोक खन्ना, अनुराग श्रीवास्तव, देवेश स्वर्णकार, धीरज बाथम, राकेश प्रजापति, विष्णु अग्रवाल, विवेक मिश्रा, पवन अग्रवाल, ब्रम्हकिशोर श्रीवास्तव आदि ने सीओ रवींद्र गौतम को माला पहनाकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। उपजिलाधिकारी सुरेश कुमार नवागन्तुक पुलिस उपाधीक्षक रामसिंह आजाद, ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, मंडी सचिव जालौन, कोतवाल विमलेश कुमार, कुठौंद थानाध्यक्ष कमलेश प्रजापति, निरीक्षक उदयवीर सिंह, रामशरण विश्वकर्मा, शिवम मिश्रा आदि ने माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। कालपी से आये कवि भगवान दासजी ने अपने कविता पाठ से सबको मन्त्र मुग्ध कर दिया। कोतवाली के समस्त पुलिस स्टाफ व महिला सिपाहियों ने सीओ साहब का तिलक कर भावभीनी विदाई दी। सभी लोगो ने सीओ श्री गौतम के सौम्य मृदुल स्वभाव की भूरि भूरि प्रशंसा की। उनके हरदिल अजीज स्वभाव के कारण समारोह में उपस्थित बहुत से लोगो के आँखों मे आँसू गए, उनकी याद आती रहेगी। सीओ रवींद्र कुमार गौतम ने अपने सम्बोधन में कहा कि मेरे पास जो भी व्यक्ति समस्या लेकर आया, तो उसकी समस्या की जांच करवाकर उसका उचित निदान किया गया। मुझे इस बात की खुशी है कि मैने अपनी सेवा के सफलतम 35 वर्ष गुजारे। मैंने अपने सहयोगियों को सदैव उत्साहित करते हुए ट्राई अगेन एंड अगेन यू विल विन सक्सीड एट लॉस्ट का मन्त्र दिया।

# भगवान को भूल जाना ही सबसे बड़ी विपदा है: स्वामी दयानंद



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** ग्रामीण मिनी स्टेडियम भादर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को तीसरे दिन श्री विदुर दम्पत्ति और ऊधौ जी के भगवत भजन और महाभारत रण के प्रसंगों पर कथा व्यास स्वामी दयानंद सरस्वती जी महाराज ने विस्तार से प्रकाश डाला।संगीत मयी कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने कहा कि भगवान को भूल जाना ही सबसे बड़ी विपदा है भगवान का भजन ही सबसे बड़ी सम्पदा है। ऐश्वर्य पूर्ण जीवन और सुख सुविधाएं व्यक्ति को भगवान से परे कर देती है। श्री विदुर दम्पत्ति ने गरीबी में जीवन व्यतीत करते हुए कदली वन में अपनी झोपड़ी में प्रभु की आराधना में लीन रहे। अपने भाई धृतराष्ट्र की ओर से रथ पर लाई गई सम्पदा और सामग्री को उन्होंने देखा तक नहीं। कथा व्यास ने भगवान के भक्त वाका जी और राका जी के भक्ति के दृष्टांत को प्रस्तुत किया और कहा कि जब व्यक्ति को स्वर्ण और पत्थर में कोई अंतर न नजर आए तो समझो वह भगवत् प्राप्ति के करीब है।जो दीनन को लखत है दीन बंधु सम होय। महाभारत युद्ध के पूर्व भगवान श्री कृष्ण कौरवों की सभा में शांति दूत बनकर गये थे। दुर्योधन को लाख समझाने के बाद भी वह पांडवों को पांच गांव भी देने को तैयार नहीं हुआ। दुर्योधन ने युधिष्ठिर की ओर से शांति दूत बनकर गये भगवान को ही बंदी बनाने का प्रयास किया।

## शिक्षकों ने सांकेतिक धरने के माध्यम से सौंपा ज्ञापन

**काकोरी लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** काकोरी उत्तर प्रदेशीय से जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ प्रभा कान्त मिश्रा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को



संबोधित ज्ञापन जनपद के समस्त ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारी को सांकेतिक धरने के माध्यम से सौंपा गया दिनांक 10 नवंबर 2023 महानिदेशक द्वारा एक आदेश जारी किया गया जिसमें सभी शिक्षक अपने निजी डेटा से 8:45 से 9 बजे प्रातः के मध्य ऑनलाइन उपस्थिति फेस के माध्यम से देने के निर्देश दिए गए इस प्रकार के नियम विरुद्ध आदेशों से प्रदेश के लाखों लाख शिक्षक आक्रोषित तथा आंदोलित है साइबर क्राइम के युग में विभाग में लाखों महिला शिक्षकों की फोटो की सुरक्षा कौन करेगा तथा 14 साल से कम आयु वर्ग के बच्चों की फोटो भेजने से बाल अधिकार अधिनियम का उल्लंघन होगा उसका जिम्मेदार भी शिक्षक को ठहराया जाएगा आज भी हजारों गांव ऐसे हैं जहां पर आवागमन के साधन उपलब्ध नहीं है प्रदेश के किसी भी विभाग में ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था नहीं है सिर्फ बेसिक शिक्षकों को प्रताड़ित करने के लिए ऐसे आदेश दिए जा रहे हैं विभाग संसाधन उपलब्ध नहीं कर रहा शिक्षकों से सैकड़ो गैर शैक्षणिक कार्य लिए जा रहे है शिक्षकों की लंबित मांगों 17 140/ 18 150 की विसंगति 15 सालों से लटकी है पदोन्नति 15 सालों से नहीं हुई वर्षों से प्रोन्नत वेतनमान नहीं दिया जा रहा है ई एल की सुविधा नहीं है चिकित्सीय सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा हैबि बीटीसी 2005 के शिक्षकों को पुरानी पेंशन की सूचना से वंचित रखा जा रहा अगर समस्याओं का निदान नहीं किया जाता है ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था के आदेशों को वापस नहीं लिया जाता है तो विभाग द्वारा ऑनलाइन सूचना देने वाले सभी ऐप्स को शिक्षक अपनी निजी मोबाइल से अनइनस्टॉल कर देगा सांकेतिक धरने के माध्यम से ज्ञापन देने वालो में काकोरी ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष संजय पांडे, जिला उपाध्यक्ष हादी हसन, उपाध्यक्ष कविता छाबड़ा, मंत्री निखिल निगम, सुमन गुप्ता, अरविंद, राजीव ,लक्ष्मी, मिश्रा, रेनू, मो उमर, संगीता, सफ्दर हुसैन आदि पदाधिकारीयों उपस्थित रहे।

## जन-जागरूकता की रैली का आयोजन



**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में आज कुं. आर.सी. इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा जन-जागरूकता हेतु रैली का आयोजन कर जन-सामान्य को एड्स के प्रति जागरूक किया, रैली में टी.सी.आई. फाउंडेशन, जिला क्षय रोग विभाग के कर्मचारियों ने प्रतिभाग कर लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करने में भूमिका निभाई। मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार ने एड्स बीमारी के विषय में अपने वंक्तव्य में पूरी जानकारी तथा बचाव के विषय में लोगों को अवगत कराया। उन्होने एच.आई.वी. से पीड़ित मरीजों का पूर्ण इलाज तथा टी.बी. से पीड़ित व्यक्ति को मुफ्त इलाज एवं निक्षय पोषण योजना के तहत रू. 500 प्रतिमाह दिए जाने की योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया। जनपद समन्वयक वाई.पी. सिंह ने वर्तमान में चल रहे सक्रिय क्षय रोग खोजी अभियान में छात्राओं को संबोधित कर सहयोग करने की अपील की, आहना फाउंडेशन से आयीं रेनू यादव ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम के छात्राओं पुरूस्कृत किया गया। मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. मदनलाल द्वारा जिला चिकित्सालय में हस्ताक्षर युक्त अभियान संचालित किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम समन्वयक मोनिका यादव, टी.बी.एच.आई. कोऑर्डिनेटर विकास चन्द्र गुप्ता, योगेश कुमार, अरुण वर्मा, पूनम यादव, प्रिया यादव आदि उपस्थित रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**भेटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र स्थित सरस्वती शिक्षा मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्रामभारती परतोष में गुरुवार को जगदीश चंद्र बसु के जन्मदिन के अवसर पर नन्हे मुन्ने भैया बहनों ने विज्ञान पर आधारित आनेको मनमोहन मॉडल बनाएं। विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेले का आयोजन हुआ।जगदीश चंद्र बसु के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश के प्रांतीय मंत्री अनुग्रह नारायण मिश्र जन शिक्षा विकास समिति अमेठी की सदस्य सुनीता पांडेय डॉक्टर धर्मेंद्र तिवारी केयर एंड क्योर हॉस्पिटल के डॉक्टर डी के पांडेय प्रांतीय समिति के सदस्य अशोक सिंह विद्यालय समिति के सदस्य प्रेम कुमार मिश्र प्रांतीय कार्यालय प्रमुख राजेश सिंह सीबीएसई के प्रधानाचार्य विवेक शर्मा इंद्रभान तिवारी आदि रहे। अतिथियों ने बच्चों के मॉडल देखकर मूल्यांकन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष मिश्र ने सभी अतिथियों का परिचय कराया तथा बच्चों द्वारा स्वनिर्मित मॉडल दिखाते हुए बच्चों के परिश्रम की सराहना की। इस प्रदर्शनी के प्रमुख विद्यालय के विज्ञान आचार्य रामनाथ मौर्य तथा सहयोगी संतोष कश्यप एवं कमलेश द्विवेदी रहे। कार्यक्रम संपन्न कराने में समस्त आचार्यों का योगदान रहा।


## अल्पकालिक निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पत्रांक संख्या-15/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग 5 लखनऊ दिनॉक-22.01.2020 शासनादेश संख्या-855 / 68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग 5 लखनऊ दिनांक-04.12.2020 के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखपुर द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन मे संचालित परिषदीय विद्यालय मे जीर्ण शीर्ण ध्वस्तीकरण भवनो के सम्बन्ध में तकनीकी समिति की आख्या पर उल्लिखित जर्जर भवन की नीलामी एंव ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया सम्पादित की जानी है इच्छुक फर्म दिनॉक-04.12.2023 को दोपहर 01 बजे तक कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी पाली गोरखपुर मे निविदा फार्म निर्धारित शुल्क भुगतान कर निविदा मे प्रतिभाग कर सकते है। निविदा दिनॉक 05.12.2023 को समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा का नियम व शर्ते आवेदन पत्र में अंकित है।

**रजनीश कुमार द्विवेदी**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**पाली गोरखपुर उत्तर प्रदेश**



## कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-1, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक : 1168/EE-8/नि. दिनांक : 01/12/2023

**(अति-अल्पकालीन निविदा-सूचना)**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 08/12/2023 तक अपराह्न 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-1 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदाऐं दिनांक 08/12/2023 तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-1 के कार्यालय में अपराह्न 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाऐं दिनांक 08/12/2023 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-1 के कार्यालय में खोली जायेगी।

1. जलकल विभाग, जोन-1 के अन्तर्गत 01 स्थान पर (लक्ष्मण मेला पार्क के सामने मोहल्ला सिकन्दर नगर बस्ती में सोनी वर्मा के मकान के निकट) सबमरसिबुल नलकूप की रिबोरिंग करते हुये टंकी रखवाने का कार्य, धरोहर राशि रु0 3300/- एवं निविदा मूल्य रु0 200/-

**अधिशासी अभियन्ता,**
**जोन-1 जलकल विभाग,**
**नगर निगम, लखनऊ**

# केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है: लल्लू सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा 26 जनवरी तक चलेगी। यात्रा के दौरान सभी ब्लॉकों के दो स्थानों पर जनसंवाद के लिए स्वास्थ्य मेला, आयुष्मान कार्ड का पंजीकरण, जन औषधि केंद्र के प्रति जागरूकता, महिला बाल विकास, जैसे सभी विभागों के कैंप लगाए जाएंगे। कैंप में जिला स्तर के अधिकारियों की मौजूदगी रहेगी। जनता को सरकारी योजनाओं के बारें में जागरुक किया जाएगा। यात्रा को व्यापक बनाने के लिए भाजपा ने भी अपने एक-एक पदाधिकारी सभी कैंपों में लगाया है।



शुक्रवार को सोहावल ब्लॉक के लहरापुर में यात्रा के तहत आयोजित कैंप में सांसद लल्लू सिंह ने लोगों से संपर्क और संवाद किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। जन औषधि केंद्र ने लोगों की दवाई का खर्च 70 से 80 प्रतिशत कम कर दिया। किसान सम्मान निधि ने आर्थिक संबलता प्रदान की है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों का अपने घर का स्वप्न साकार हुआ है। अटल पेंशन योजना जन धन योजना घर-घर जल योजना उज्ज्वला योजना का लाभ सीधे जनता को मिला है।मसौधा दौलतपुर में राधेश्याम त्यागी, छतरवा में दिनेश वर्मा ब्लाक प्रमुख, सोहावल तहसील के तहसीनपुर में अशोक कसौधन, पूरा ब्लॉक के रसड़ा में बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, रुदौली के निशा में कमला शंकर पाण्डेय, मिल्कीपुर के धमथुआ में राघवेंद्र पाण्डेय, समैसा में कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, बीकापुर के भावपुर में अवधेश पाण्डेय बादल कैंप में मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया की यात्रा के दौरान सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए 8 रथो का संचालन किया जा रहा है। रथ के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रसार प्रसार किया जा रहा है। जिसमें 6 रथ निकल चुके है। कार्यक्रम के संयोजक अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल बनाए गये है।

# डीएसएम लाइन्स पब्लिक स्कूल रौजागाँव में किया गया स्वीप मेला व एनुअल फेट का आयोजन

## मतदाता जागरुकता व मतदान संबंधी जानकारी को लेकर आयोजित की गयी प्रदर्शनी

*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली- अयोध्या।** डीएसएम लाइन्स पब्लिक स्कूल रौजागाँव में गुरुवार को मतदाता जागरुकता अभियान के तहत जनपद में प्रथम स्वीप मेला व एनुअल फेट का आयोजन किया गया। इस सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम÷ में आये लोगों को मतदान संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्कूल के बच्चों द्वारा दो दर्जन से अधिक स्टाल पर देश विदेश के स्वादिष्ट व्यंजन, तरह तरह के बौद्धिक खेल व विज्ञान प्रदर्शनी लगाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपजिलाधिकारी रुदौली अंशिका दीक्षित ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यकम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस स्वीप मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करना हैं। उपजिलाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची को साफ सुथरी और अपडेट करने के लिए ऐसे मतदाताओं का पंजीकरण जो मृत्यु, स्थान परिवर्तन आदि अन्य कारणों के वावजूद मतदाता सूची से उनका नाम हटाया नहीं गया है उसे हटाया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ. निहाल रज़ा ने कहा कि लायंस क्लब द्वारा आयोजित जिला का पहला स्वीप मेला का उद्देश्य अधिक से अधिक नये मतदाताओं को मतदान का अधिकार देना है। युवाओं को मतदाता बनकर मजबूत लोकतांत्रिक सरकार चुनने का सुझाव दिया। साथ ही सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। बीएलओ श्यामलाल, राजेंद्र कुमार, हेमलता, सुनीला व सुपरवाइजर सूर्यप्रकाश सोनी, शैलेंद्र प्रताप दुबे, सुनील सिंह ने मेले में 215 नये मतदाता जोड़े। मेले में मतदान को जागरूक करते पोस्टर, संगीत व सेल्फी पॉइंट विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। एनुअल फेट में अध्यापक कमल चन्द्र व राम आशीष के निर्देशन में कक्षा आठ की छात्रा आकृति, जीनत, आयुषी, कृतिका, अल्फिया, सृष्टि, खनक, अंशिका व महिमा आदि ने चांद्रयान 3 के सफल प्रक्षेपण व लैंडिंग के क्रमानुसार मॉडल की प्रदर्शनी लगायी। कार्यक्रम में रूदौली के प्रमुख सर्राफा व्यवसायी स्व. लायन विनोद कुमार गर्ग की स्मृति में उनकी पत्नी माया अग्रवाल व पुत्र पीयूष अग्रवाल ने 200 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया।

# 63 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में स्वच्छता पखवाड़ा हुआ शुरू

**अयोध्या।** 63 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल नवीन मंडी अयोध्या उत्तर प्रदेश मैं प्रतिवर्ष की भांति की स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है उक्त पखवाड़े की शुरुआत श्री छोटेलाल कमांडेंट द्वारा वाहिनी के अधिकारियों तथा जवानों को अपने आसपास स्वच्छता रखने से संबंधित स्वच्छता शपथ दिलवाकर की गई उक्त कार्यक्रम में छोटेलाल कमांडेंट सरकार राजा रमन द्वितीय कमान अधिकारी के अतिरिक्त अन्य अधिकारी गण अधीनस्थ अधिकारी गण व जवान उपस्थित रहे। छोटेलाल कमांडेंट 63 बटालियन द्वारा स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत की घोषणा करते हुए अपने जवानों को अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ भारत अभियान एक बड़ा अभियान है जिसकी शुरुआत महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर 2014 से भारत सरकार द्वारा की गई थी उसी के अंतर्गत गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सशक्त पुलिस बलों में भी प्रत्येक वर्ष की भांति स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है वाणी कमांडेंट द्वारा अपने अभिभाषण में कहा गया कि हमें स्वयं की तथा अपने घर की सफाई के साथ-साथ अपने आसपास के सार्वजनिक स्थानों की सफाई पर भी उतना ही ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि घरों के आसपास सार्वजनिक स्थानों पर पड़े कचरे से ही ज्यादातर बीमारियां फैलती हैं।

# सत्संग के बिना भगवान की कथा नहीं मिलती: स्वामी प्रभंजनानंद

**पूरा बाजार -अयोध्या।** सत्संग के बिना भगवान की कथा नहीं मिलती भगवान के प्रेम प्रभाव तत्व और रहस्य की बातें बिना सत्संग के नहीं मिलती सत्संग के बिना अज्ञानता का नाश नहीं होता अज्ञानता का नाश हुए बिना भगवान में प्रेम नहीं होता अतः सत्संग करना चाहिए उन्होंने कहा कि इस घोर कलिकाल में ईश्वर की भक्ति सबसे बढ़कर है भागवत, गीता ,रामायण में भक्ति की महिमा गाई गई है भगवान का ध्यान नाम जप से कल्याण हो सकता है हम लोगों को भक्ति में रुचि लेनी चाहिए नवधा भक्ति का एक अंग भी धारण करने तो जीवन में कल्याण हो सकता है उक्त उद्गार स्थानीय बाजार में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास प्रभंजना नंद जी महाराज ने भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए कहा कथा व्यास ने कहा कि सत्य का आचरण सत्य का वर्णन व सत्य का अनुसरण करने से जीवन सत्य हो जाता है।

# झूठी रिपोर्ट के सहारे चल रही है रुदौली तहसील

*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली - अयोध्या।** प्रदेश सरकार द्वारा जनता और अधिकारी के बीच समन्वय स्थापित करने सभी दावा व आदेश खोखला नजर आ रहा है। शिकायतों को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने का गत दिनों दिया गया आदेश जिलाधिकारी के लिए हवाई साबित हो रहा है।जिम्मेदार जांच अधिकारी पर लगाम लगाने में अयोध्या का जिला प्रशासन नाकाम है। जिसका खामियाजा गत दिनों मुख्यमंत्री के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिलाधिकारी नीतीश कुमार को भुगतना पड़ा।मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल / संपूर्ण समाधान दिवस पर होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने से अयोध्या जनपद प्रदेश के सातवें रैंकिंग पर सबसे खराब स्थित में आया। जिसको लेकर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी नीतीश कुमार को खरी खोटी भी सुनाया। उसके बावजूद भी जिला अधिकारी के अधीनस्थ आने वाले तहसील स्तरीय कर्मचारी अधिकारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।ताजा मामला रुदौली तहसील क्षेत्र के आदर्श नगर पालिका परिषद रुदौली के कृष्णा नगर वार्ड (गोगावा) का है।वार्ड निवासी मो ओसी पुत्र मो शफी के द्वारा दिए गए दर्जनों शिकायती पत्र पर हल्का लेखपाल सीमा पाण्डेय के द्वारा भ्रामक,झूठी व मनगढ़त रिपोर्ट शासन प्रशासन व अधिकारियों के साथ साथ शिकायतकर्ता को दी जा रही है। मो. ओसी के द्वारा बताया गया कि हमारे द्वारा गाटा संख्या 469 व गाटा संख्या 472 के संबंध मे शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में किया था। लेकिन हल्का लेखपाल सीमा पांडेय के द्वारा मुझे गाटा संख्या 469,472 की जगह 471 की भ्रामक,झूठी व मनगढ़त रिपोर्ट सौंप दी गई।

# राज्यपाल आनन्दीबेन के हाथों अयोध्या: एक सुखद यात्रा पुस्तक का विमोचन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में तीर्थ यात्रियों तथा पर्यटकों की यात्रा को सुरुचिपूर्ण तथा सुगम बनाने के लिए ''अयोध्याः एक सुखद यात्रा÷ नाम से टूरिस्ट गाइड पुस्तक का विमोचन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल के कर कमलों द्वारा बुधवार को अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में किया गया। विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल द्वारा रचित इस पुस्तक में अयोध्या की पौराणिक महत्ता के साथ यहाँ के मंदिरों, घाटों, कुण्डों, अखाड़ों, दर्शनीय स्थलों, उद्यानों, भोजन, निवास स्थानों, यातायात की सुविधाओं के साथ अन्य महत्वपूर्ण जानकारी को समाहित किया गया है। कुलपति के इस प्रयास की सराहना करते हुए राज्यपाल ने इस पुस्तक की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम सभी के आराध्य है। कुलपति प्रो0 प्रतिभा द्वारा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक दायित्वों के निवर्हन के साथ लोगों को अयोध्या के पौराणिक स्थलों एवं महत्व से परिचित कराने के उद्देश्य से ''अयोध्याः एक सुखद यात्रा÷ पुस्तक की जो रचना की है वह निश्चित ही एक टूरिस्ट गाइड का काम करेगी। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने बताया कि बचपन से ही रामचरित मानस के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम का चरित्र हमारा आदर्श रहा। अयोध्या में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर सेवा करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि पिता प्रेम भूषण गोयल जी ने प्रेरणा दी कि अयोध्या आने वाले यात्रियों की सहायता के लिए विस्तृत जानकारी को संक्षिप्त और सरल भाषा में तुम्हें लिखना चाहिए। लगभग छः महीनों तक यहाँ के भव्य मंदिरों, घाटों, कुण्डों, परिक्रमाओं, उद्यानों, ऐतिहासिक स्थलों एवं स्मारकों का भ्रमण किया जिसमें डॉ. देशराज उपाध्याय, जो इतिहास एवं पुरातत्व के ज्ञाता है। अयोध्या क्षेत्र के धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पौराणिक परिवेश से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने इस पुस्तक पूर्ण करने में सहायता की। कुलपति ने बताया कि श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या भारतीय संस्कृति, धर्म, दर्शन, कला, साहित्य तथा आध्यात्म का प्राचीनतम केन्द्र है। प्रत्येक भारतीय, जिसकी आत्मा राममय है, यहाँ की यात्रा करना प्रारम्भ से ही उसका स्वप्न रहा है। ऐसे यात्रियों की यात्रा को सुखद बनाने के लिये चिरकाल से एक ऐसी पुस्तक की कमी का अनुभव किया जा रहा था, जिसमें इस नगर के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त हो सके। कोशल पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित पुस्तक ''अयोध्याः एक सुखद यात्रा÷ इस कमी को पूरा करती है। पर्यटन स्थलों सुरम्य उद्यानों, होटल, रेस्टोरेंट, व्यंजन, यातायात के साधनों तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी के लिये यह पुस्तक सागर को गागर में समेटे हुए है। यह सचित्र पुस्तक अयोध्या की चित्रमय एल्बम ही नहीं अपितु इसका गजेटियर अथवा लघु इनसाइक्लोपीडिया है।कुलपति ने राज्यपाल आनन्दी बेन के प्रति आभार प्रकट करते हुए अयोध्या विषयक महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रदान करने के लिए महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, महन्त श्रीरामदास , ब्रिगेडियर रंजीव के. सिंह, नगर आयुक्त विशाल सिंह एवं सुप्रसिद्ध लेखक डॉ0 यतीन्द्र मिश्र का हार्दिक धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने डॉ. सरिता सिंह, राजीव त्रिपाठी, गिरीश चन्द्र पन्त, सुरेन्द्र प्रसाद, अक्षत अग्रहरि, सुबोध ममगाई, आजाद सिंह, राजीव पाठक, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय को भी सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# दो दिवसीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता का सांसद लल्लू सिंह ने किया शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम डाभा सेमर मे भाजपा किसान मोर्चा अयोध्या महानगर द्वारा आयोजित दो दिवसीय नमो कबड्डी




प्रतियोगिता के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह , सांसद पुत्र विकास सिंह प्रदेश अध्यक्ष कब्बडी संघ एवं विशिष्ट अतिथि चंचल मिश्रा क्रीड़ा अधिकारी मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह का स्वागत महानगर अध्यक्ष किसान मोर्चा विशाल सिंह बाबा , जिला कीड़ा अधिकारी का स्वागत महानगर उपाध्यक्ष वरुण चौधरी ने बुके देकर किया इस मौके पर देवकाली मंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी , महानगर महामन्त्री शैलेन्द्र कोरी, करियप्पा मंडल अध्यक्ष भाई रवी सोनकर मंडल अध्यक्ष अमरजीत सिंह उपाध्यक्ष पंकज कनौजिया महानगर उपाध्यक्ष दीपक पांडेय महानगर महामंत्री कपिल देव वर्मा तथा महानगर किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति रहें।

# भाजपा की नफरत की दुकान बंद कर कांग्रेस देश भर में मोहब्बत की दुकान

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कांग्रेस पार्टी पूरे देश में गंगा जमुनी तहजीब को बचाने का काम कर रही हैं। राहुल गांधी की अगुवाई में भाजपा की नफरत की दुकान बंद करके कांग्रेस पार्टी देश भर में मोहब्बत की दुकान खोलने का काम करेंगी, देश का अल्पसंख्यक समाज समझ चुका है कि उसका हित किस पार्टी में हैं। आप सभी पूरी जिम्मेदारी से अपने परिवार का एक एक वोट बढ़वाकर शत प्रतिशत मतदान करें तभी देश से साम्प्रदायिक ताकतों का समापन होगा। उक्त उद्गार पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने आज नगर के मोहल्ला पीरबटावन में जलील होटल के पास वाल्दा रोड पर अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष दिलशाद वारसी के जनपदीय कार्यालय के उद्घाटन के पश्चात् मौजूद आवाम के बीच व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन तथा संचालन अरशद अहमद ने किया। प्रदेश कांग्रेस के नवमनोनीत महासचिव तनुज पुनिया तथा कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशीय महासचिव जनपदीय प्रभारी सलमान जिया मौजूद थे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा समय में देश में जुमलेबाजों की सरकार हैं जिनकी कथनी और करनी में अंतर है इनका सिर्फ एक काम है कि भाई से भाई के बीच नफरत की दीवार खड़ी करके अपना मतलब निकालो लेकिन अब इस देश की आवाम समझ चुकी है कि इस देश में साम्प्रदायिकता एवं देश को तोड़ने वाली शक्तियों से लड़ने का काम कांग्रेस पार्टी कर रही हैं। आप सब एकजुट होकर 2024 के आम चुनाव में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करके कांग्रेस पार्टी की देश में सरकार बनाये यही अनुरोध करने मैं आपके बीच में करने आया हूॅ। इस दौरान मो. मोहसिन, सलमान जिया, गौरी यादव, सरजू शर्मा, मो. दिलशाद वारसी, इरफान कुरैशी, मो. इजहार सिद्दीकी, शिवबहादुर वर्मा, मुइनुद्दीन अंसारी, मो. अकरम, ज्योतिप्रकाश तिवारी, मो. हसीब, हसीब नेता, मो. अजीम अंसारी, चौधरी उस्मान सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

# 3 लाख रुपये ठग लिए, वापस मांगने पर कर दी पिटाई

**बाराबंकी।** बहाने से 3 लाख रुपए लेकर 10 हजार प्रतिमाह देने का वादा किया, दो माह तो रुपए दिए फिर टरकाना शुरू कर दिया। दबाव बढ़ने पर पीड़ित की पिटाई कर दी और धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार छोटेलाल पुत्र राम सहाय निवासी ग्राम मुस्तफाबाद देशी थाना जहागीराबाद ने बताया कि 29 जून 2019 को दीपू पुत्र रामलाल निवासी उपरोक्त जो कि परिचित थे मिले। दीपू के भाई राजेश ने उसको विश्वास दिलाया कि कम्पनी में पैसा जमा करने के एवज में 3 लाख मागा और कहा कि प्रतिमाह 10 हजार रूपया मिलता रहेगा। विश्वास होने पर उसने अपने इलाहाबाद बैंक मोहम्मदपुर के खाते से 3 लाख रूपया निकासी की और दीपू को दे दिया। दीपू ने दो माह 10 हजार रूपये दिये फिर अदायगी बन्द कर दी।

# एड्स की बीमारी में जानकारी व जागरूकता ही बचाव

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एनटीईपी तथा एड्स कार्यक्रम के कर्मचारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कारागार में विश्व एड्स दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें डा0 राजीव टंडन जिला क्षय रोग अधिकारी नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि एड्स की बीमारी में जानकारी ही बचाव है तथा जागरूकता के माध्यम से इस बीमारी से बचा जा सकता हैं । अपर जिला जज / सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती नाजनीन बानो द्वारा बताया गया कि एचआईवी से ग्रसित मरीजो के प्रति कोई भी भेदभाव नही किया जाना चाहिये तथा उन्हें समान अवसर प्रदान किया जाना चाहिये। आलोक शुक्ला जेलर जिला कारागार द्वारा एचआईवी संक्रमण फैलने सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया



गया कि जागरूकता के माध्यम से ही संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है। एचआईवी टीबी अभियान को सफल बनाने के लिये जिला कारागार फार्मेसिस्ट विजय नारायन तथा शिशिर कान्त जिला पीएमडीटी कोर्डिनेटर की सराहना की गयी। इस अवसर पर डिप्टी जेलर मनीष सिंह, श्रीमती कुसुम, डा0 सजीव मोहन, आलोक कुमार श्रीवास्तव, जिला क्षय रोग केन्द्र, फार्मेसिस्ट कुलदीप, काउन्सलर नन्द किशोर शुक्ला, अजय कुमार शुक्ला, एलटी कुलदीप सिंह भानु प्रताप, दीपक कुमार सन्तोष सौरभ शुक्ला कनिष्ठ लिपिक विधिक सेवा प्राधिकरण व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# नियम तोड़ने पर 26 हजार वाहनों का हुआ चालान

**बाराबंकी।** पुलिस द्वारा यातायात माह के दृष्टिगत नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध माह नवम्बर में 26 हजार वाहनों पर कार्रवाई की गई व करीब 10 लाख रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। यातायात नियमों के पालन एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वृहद अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में लगातार उक्त अभियान को सफल बनाने हेतु क्षेत्राधिकारीगण, यातायात प्रभारी व समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात माह 2023 के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में यातायात माह के समापन पर बिना हेलमेट, तीन सवारी दो पहिया वाहन चलाना, चार पहिया वाहनों के शीशों पर काली फिल्म लगाकर वाहन चलाना आदि चालकों को सख्त हिदायत देते हुए कठोर चालानी कार्यवाहियां की गयी एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित कर अपने वाहनों का रखरखाव के प्रति जागरुक किया गया

# शातिर अपराधी की एक करोड़ की चल अचल सम्पति कुर्क

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पुलिस/प्रशासन द्वारा मादक पदार्थ तस्कर, गिरोह सरगना की चल अचल सम्पत्ति जिसकी कीमत लगभग एक करोड़ रुपये है, को यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया गया।संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गैंगस्टर एक्ट के तहत इनके द्वारा अपराध से स्वयं एवं परिजनों के नाम पर अर्जित चल/अचल सम्पत्तियों की जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी। थाना कोतवाली नगर पर दर्ज यूपी गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त/गिरोह सरगना/ मादक पदार्थ तस्कर मो0 अलीम उर्फ साधू पुत्र मो0 उमर निवासी टिकरा मुर्तजा थाना जैदपुर द्वारा अपने गिरोह के सक्रिय सदस्यों जी.पी. सिंह पुत्र साहबलाल निवासी रसूलपुर शनाउल्ला पुत्र अताउर्रहमान मो0



मारुफ पुत्र मो0 यामीन उर्फ चुन्ना मो0 कैफ पुत्र मो0 अलीम उर्फ साधू निवासी टिकरा मुर्तजा के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह बनाकर विगत 20 वर्षों से आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ हेतु मादक पदार्थ की तस्करी कर अवैध रूप से धनोपार्जन कर स्वयं एवं परिजनों के नाम पर चल/अचल सम्पत्ति अर्जित की गई।

# खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** एसकेएसडी स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को मुख्य अतिथि वरिष्ट भजपा नेता जितेंद्र बहादुर सिंह ने किया। तीन दिन तक चले इस वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता में दो सौ मीटर बालिका वर्ग दौड़ में शुभांसी तिवारी एवं डिस्कस थ्रो में आकाश सिंह ने प्रथम स्थान हांसिल किया।

इसके अलावां शाट पुट, लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, खो-खो, चम्मच मार्बल दौड़, शतरंज सहित अन्य खेल का आयोजन हुआ। विजेताओं को मुख्य अतिथि एंव विद्यालय के प्रबंध निदेशक आशुतोष सिंह ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता जितेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ ही साथ खेलकूद भी आवश्यक है। क्योंकि स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मष्तिष्क का विकास होता है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आशुतोष सिंह ने कहा की शिक्षा के साथ छात्रों के जीवन खेल का भी काफी महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलकूद प्रतियोगिताए छात्रो को प्रेरित करता है।

लक्ष्य को पाने के लिए परिश्रम आवश्यक है। विद्यालय प्रबंधक प्रशांत सिंह व उप प्रधानाचार्य दीपक जायसवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग देने वाले प्रतियोगिता शारीरिक शिक्षक अरुण कुमार, आलोक त्रिपाठी एंव समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप जासवाल ने किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर उर्फ लल्ले सिंह, बैजनाथ सिंह, अभय सिंह, सौरभ सिंह, अविनाश गुप्ता, दीपेंद्र सिंह, श्रवण कुमार, नीरज मद्धेशिया, अतुल जायसवाल, मुस्कान जायसवाल, प्रिय खरवार, खुशी जायसवाल, कंचन उपध्याय सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



# स्वीप अभियान को विधान सभा में प्रभावी रूप से चलाए-डीआईओएस

**महराजगंज।** जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन से जुड़े एआरओ को ई-रोल, ईआरओ नेट, विभिन्न आईटी एप्लीकेशन और स्वीप के संदर्भ में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा स्वीप अभियान के महत्व पर चर्चा करते हुए भारत निर्वाचन आयोग की स्वीप गतिविधियों से अपेक्षाओं से सभी एआरओ को अवगत कराया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि स्वीप अभियान को सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से चलाएं ताकि जनपद में मतदान प्रतिशत को अधिक से अधिक बढ़ाया जा सके। उन्होंने स्वीप अभियान को प्रभावी ढंग से कैसे चलाएं, इसके विषय में भी बताया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा प्रो नेट ई रोल और विभिन्न इट एप्लीकेशन के विषय में जानकारी दी गई प्रशिक्षण के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ने विभिन्न इट एप्लीकेशन ओके प्रकार आमजन निर्वाचन में जुड़े अधिकारियों और राजनीतिक दलों से संबंधित इट एप्लीकेशन के बारे में सभी यारों को बताया इसके अलावा गरुड़ एप, सी-विजिल ऐप, बीएलओ ऐप आदि की उपयोगिता और उनकी क्रियाविधि के बारे में भी प्रशिक्षण के दौरान बताया गया।

# दहेज हत्या के मामले में पति को आजीवन कारावास

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** कोठीभार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा बेलभरिया निवासी ओमप्रकाश को दहेज के लिए अपनी पत्नी की हत्या किए जाने के मामले में दोष सिद्ध होने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महाराजगंज द्वारा अभियुक्त को अर्थ दंड सहित आजीवन करावास की सजा सुनाई गयी है।

विगत तीन वर्ष पूर्व ग्राम सभा बेलभारियां में ओमप्रकाश द्वारा अपनी पत्नी अंगिरा का दहेज के लिये हत्या कर दिया गया था, न्यायालय द्वारा अभियुक्त ओमप्रकाश को जिला सत्र न्यायालय महराजगंज ने हत्या के अपराध में आजीवन कारावास एवं बीस हजार रुपये अर्थदण्ड सहित दहेज उत्पीड़न के मामले में तीन वर्ष का कारावास एवं तीन रुपये व दहेज के लिए प्रताड़ित किये जाने के आरोप में दो साल एवं दो हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।ओमप्रकाश का विवाह कोठीभार थानाक्षेत्र के कम्हरिया निवासी कमल गौड़ के पुत्री अंगिरा के साथ हुई थी। 24 अप्रैल 2020 को घर मे अंगीरा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था।

जिसके बाद मृतका के पिता कमल गौड़ ने कोठीभार थाने में ओमप्रकाश के विरुद्ध दहेज के लिए अंगीरा की गला दबाकर हत्या किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में अधिवक्ता विजेंद्र नाथ त्रिपाठी द्वारा न्यायालय के समक्ष रखे गए साक्ष्यों के आधार पर जिला सत्र न्यायाधीश महराजगंज ने दहेज के लिए अंगीरा की गला दबाकर हत्या किए जाने के आरोप सिद्ध होने पर मृतका के पति अभियुक्त ओमप्रकाश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## उपमुख्यमंत्री मातम का उड़ाने के लिए माफ़ी मांगे: ज़ैदी



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र के दौरान उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के द्वारा विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए विधान सभा में इमाम हुसैन (अस) के मातम का उपहास उड़ाए जाने पर लोगों में भारी आक्रोश है। समाजिक कार्यकर्ता व कांग्रेस नेता रेहान ज़ैदी ने कहा उपमुख्यमंत्री के द्वारा विधान सभा में इमाम हुसैन अस के मातम का उपहास उड़ाना बहुत ही निंदनीय है श्री बृजेश पाठक शिया उलेमा के साथ उठते बैठते हैं तो उनको पता होना चाहिए कि मुसलमान और शिया इमाम हुसैन (अस) का कितना सम्मान करते हैं और दुनिया के करोड़ो लोगो की आस्था का केन्द्र इमाम हुसैन (अस) है। उपमुख्यमंत्री के बयान से सबकी भावनाओ को ठेस पहुंची है उन्हे तत्काल सर्वजनिक रूप से माफी मांगना चाहिए और सदन मे कहे उक्त शब्दो को सदन के पटल पर से हटाया जाना चाहिए।

## विश्व एड्स दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 1.12.2023 दिन शुक्रवार को मां तिलेसरा देवी पीजी कॉलेज भसड़ा टांडा अंबेडकरनगर में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रमाधिकारी डॉ शिवानी श्रीवास्तव (प्रथम इकाई) श्री अभिषेक पांडेय (द्वितीय इकाई) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के उद्बोधन भाषण में एड्स से बचाव के बारे में जानकारी दी तथा श्री अभिषेक पांडेय ने एच0आई0वी0 क्या है इसके सेल्स शरीर को कैसे कमजोर करते हैं तथा यह एड्स जैसी जानलेवा बीमारी को जन्म दे देता है के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## अन्नपूर्णा भवन का हुआ भूमिपूजन



**पौली, संतकबीरनगर अवधनामा संवाददाता।** पौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बगही में शुक्रवार को अन्नपूर्णा भवन निर्माण के लिए प्रमुख संघ जिला अध्यक्ष राममिलन यादव द्वारा भूमि पूजन कर भवन निर्माण कि आधार शिला रखा गया। इस दौरान आचार्य प. उमेश चंद दुबे ने वैदिक मन्त्रो के साथ पृथ्वी माँ का पूजन कराया। इस मौके पर मौजूद लोगो को सम्बोधित करते हुए राममिलन यादव ने कहा कि सरकार की अन्नपूर्णा योजना एक ऐसी योजना है कि जहाँ से सस्ते गल्ले की दुकानो पर राशन पहुँचाया जायेगा। इसी केंद्र से सहज जनसेवा केंद्र भी संचालित होगा जिससे लोगों को जरूरी कागजात के लिए अन्यत्र भटकना न पड़े। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी संतोष मिश्रा, प्रधान राजन प्रसाद , कल्पनाथ यादव, जितेंद्र यादव, दिलीप मौर्य, अनिल, लालचंद मुन्ना यादव, शिवकुमार, गोली प्रसाद, हरिराम यादव, त्रिलोकी रामदुलारे, शंभू यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## छप्पर में आग लगने से सामान खाक

**पौली, संतकबीरनगर अवधनामा संवाददाता।** धनघटा थाना क्षेत्र अजांव गांव में शुक्रवार को दिन में एक छप्पर के मकान में लगी आग से जहाँ खाने- पीने सहित सारा सामान जलकर खाक हो गया। वही आग पर घण्टों अफरा-तफरी के बाद किसी तरह काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार अजांव निवासी रामकांत और रामसंत के मकान में शुक्रवार को लगभग 1 बजे दिन में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे खाने-पीने के सामान, पंमपीसेट मशीन सहित छप्पर मे रखा सारा सामान जल कर खाक हो गया। समाचार लिखे जाने तक कोई राजस्व कर्मी मौके पर नही पहुँचे।



## बीडीओ को धार्मिक ग्रंथ रामचरित मानस भेंट की

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन बढ़नी ब्लॉक के ग्राम पंचायत महादेव खुर्द के टोला बैरिया में आयोजित किया गया। इस दौरान बीडीओ बढ़नी धनंजय सिंह ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे अति पिछड़े वंचित व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए और लाभान्वित किया जाए। देश के विभिन्न क्षेत्रों में निवास करने वाली अति पिछड़ी आबादी हैं जिनको सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी नहीं हो पाती है और लाभ से वंचित रह जाते हैं। ग्राम प्रधान अजय प्रताप यादव ने कहा कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, इस दौरान प्रधान द्वारा बीडीओ धार्मिक ग्रंथ राम चरित मानस भेंट किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव सतीश कुमार, कृषि विभाग, स्वास्थ्यकर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम ग्राम पंचायत मनिकौरा उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ सम्पन्न



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन बढ़नी ब्लॉक के ग्राम पंचायत मनिकौरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सहायक विकास अधिकारी सन्तराम चौधरी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से छूटे हुए लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए यदि कोई भी व्यक्ति पात्र है और अभी तक वह योजनाओं से वंचित रह गया हो तो उसे सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। ग्राम पंचायत सचिव उदय प्रताप गौतम ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे अति पिछड़े वंचित व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए और लाभान्वित किया जाए। देश के विभिन्न क्षेत्रों में निवास करने वाली अति पिछड़ी आबादी है जिनको सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी नहीं हो पाती है और लाभ से वंचित रह जाते हैं। कहा कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान कृषि विभाग से रामसेवक यादव, ग्राम प्रधान तीरथा देवी, प्रधान प्रतिनिधि बब्बू यादव, स्वास्थ्यकर्मी रोजगार सेवक सुरेन्द्र मिश्र, हरिनारायण शुक्ल, अनिल कुमार वर्मा, विनोद कुमार यादव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहें।

# बुद्ध की पावन धरा पर मुझे हो रही है गर्व की अनुभूति: कुलाधिपति

**कैलाशनाथ द्विवेदी**



**सिद्धार्थनगर।** आज बुद्ध की पावन धरा पर मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है। मैं इस धरती को प्रणाम करती हूॅ। यहां पर गौतम बुद्ध ने विश्व को शान्ति का सन्देश दिया। यह भूमि देश-विदेश के लोगो का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है। उक्त बातें राज्यपाल/ कुलाधिपति श्रीमती आनन्दी बेन पटेल ने कहीं। वह शुक्रवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में आयोजित सप्तम दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने सप्तम दीक्षान्त समारोह के अवसर पर स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोग शिक्षा प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन करें।

आप शिक्षा प्राप्त कर समाज में परिवर्तन ला सकते है। आप लोग अपने माता पिता से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाने का काम करे। रात दिन मेहनत करके माता-पिता हमे शिक्षा दिलाते है। हमारा दायित्व है कि हम अनन्तकाल तक उनकी सेवा करे। आज दहेज प्रथा हमारे समाज में एक अभिशाप है। दहेज के लिए बहुओ के साथ मारपीट करते है। हमे दहेज नही लेना चाहिए। अपनी बहुओ का सम्मान करना चाहिए। नई शिक्षा नीति 2022 लागू होने के बाद से पहली बार है कि डिग्री आनलाइन की गयी है। शिक्षा को आधुनिक बनाया जा रहा है। विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को बनाये रखना चाहिए। वर्ष 2022 में शिक्षा प्राप्त कर चुके छात्र/छात्राओ जिनको नौकरी प्राप्त हुई है उनको बधाई दीं। राज्यपाल/कुलाधिपति श्रीमती आनन्दी बेन पटेल ने कहा कि आज हमारे देश में नये आईआईटी, आईआईएम का निर्माण हो रहा है।

सरकार द्वारा अभूतपूर्व कार्य कर विगत 10 वर्षो में शिक्षा के स्तर को बढ़ाया गया है।आज का युवा देश का भविष्य है। हमारे देश में युवाओ की कमी नही है। आज युवा शक्ति पर भरोसा है। आप लोग देश को आगे बढ़ाने में सहयोग करे। भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाना है।

- **हमारा दायित्व है हम अनन्तकाल तक अपने माता-पिता करें सेवा**

उन्होंने पुनः सप्तम दीक्षान्त समारोह के सफल आयोजन हेतु बधाई दी। कुलाधिपति/महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल मुख्य अतिथि कुलपति गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रो0 रमाशंकर दूबे, कुलपति प्रो0 हरिबहादुर श्रीवास्तव तथा द्वारा मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया तथा जल संचयन के संबध में गमले मे जल डालकर सप्तम दीक्षान्त समारोह का औपचारिक शुभारम्भ किया गया। कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु प्रो0 हरिबहादुर श्रीवास्तव द्वारा राज्यपाल/ कुलाधिपति श्रीमती आनन्दी बेन पटेल जी तथा मुख्य अतिथि कुलपति गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रो0 रमाशंकर दूबे को पुष्प देकर स्वागत किया गया।

## शिक्षामित्रों ने प्रदर्शन कर सीएम को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन अम्बेडकरनगर द्वारा 1 दिसम्बर 2023 को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में समान कार्य समान वेतन, नियमितीकरण, मूल विद्यालय वापसी, महिला शिक्षामित्रो को ससुराल के निकटतम विद्यालय में नियुक्त किए जाने, मृतक शिक्षामित्रो के परिजनों को मुआवजा ,सरकारी नौकरी दिलाए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी अंबेडकर नगर को सौपा गया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह व संचालन दिनेश त्रिपाठी प्रदेश संगठन मंत्री द्वारा किया गया। धरना प्रदर्शन में महामंत्री मंशाराम मौर्य, जिला संरक्षक निशाऊद्दीन वेग, जिला कोषाध्यक्ष आदिल शाह, जिला सलाहकार अमित यादव, महिला जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुषमा यादव, ओंकार नाथ त्रिपाठी, प्रमोद कुमार सिंह, संजय गुप्ता, दिवाकर मौर्य, राम जगन, अमरेंद्र प्रताप सिंह, राम मूरत, केशव राम, उमेश मिश्रा, शिवप्रसाद ,अभिषेक तिवारी, संजू मिश्रा, फरजाना खातून, दिनेश आनंद, अभिमन्यु गौड़, रूपकिशोर विश्वकर्मा, सुनील कुमार सिंह, अमरनाथ यादव, अनिल विश्वकर्मा, विनोद यादव, संजय कश्यप, मुलायम यादव, दिग्विजय मौर्य, सुरेश मिश्रा, आमिर कुद्दस, दिवाकर, वसंत, अजीत यादव, सुषमा मिश्रा, कृष्णावती वर्मा, सुनीता प्रेमा यादव, फूलकली, आशा देवी, राजीव, सतीश कुमार, अर्चना मिश्रा, दिलीप त्रिपाठी सहित शिक्षा मित्र शिक्षक संघ अंबेडकर नगर व शिक्षामित्र केयर समिति अंबेडकर नगर के जिला अध्यक्ष जिला संयोजक रामचंद्र मौर्य ने कार्यक्रम का समर्थन करते हुए कार्यक्रम में शामिल रहे। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में जनपद के शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य है भगवत भक्ति: पं. छेदी प्रसाद मिश्र



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के सेमरा बनकसिया में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को कथा वाचक पं.छेदी प्रसाद मिश्र ने कहा कि मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य भगवत भक्ती बताया। उन्होंने बताया कि भक्ती के मार्ग पर चल कर ही मानव मुक्ती प्राप्त कर सकता है। कथा के अगले पड़ाव में बढ़ाते हुए पंडित छेदी प्रसाद मिश्र ने बताया कि महाभारत की समाप्ति के बाद कलयुग के आगमन की आहट के बीच राजा परीक्षित जंगल शिकार के लिए गए जहां कलयुग के प्रभाव से परीक्षित का मति भ्रमित हो गया और प्यास से ब्याकुल हो कर पानी की तलाश में शमीक ऋषि के आश्रम पहुंचे जहां शमीक ऋषि को ध्यान मग्न देख उन्हे अपशब्द बोलने लगे तथा पास पड़े अमृ सर्प को उनके गले में डाल कर चलते बने। नदी पर स्नान करने गए शमीक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि को अन्य बच्चों ने उनके पिता के साथ राजा द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की सूचना दी गई। अपने पिता के साथ दुर्व्यवहार की सूचना पर श्रृंगी ऋषि ने जल लेकर राजा परीक्षित को 7 दिनों के अंदर तक्षक सर्प के डसने से मौत का श्राप दे डाला। सुखदेव जी के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया इस दौरान राजा परीक्षित ने सुखदेव जी से पूछा कि मानव मात्र का उद्देश्य है। इस पर सुखदेव जी ने कहा कि मानव मात्र का उद्देश्य भगवत भक्ती है। इस दौरान गंगेश दुबे, बालकृष्ण शुक्ल, सुनील शुक्ल, सुशील शुक्ल, प्रह्लाद, मुरली, नान्हू, अशोक, डब्लू, केशरी नंदन शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

## नाराज क्षेत्र पंचायत सदस्यों का धरना

**बांसी सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र पंचायत बांसी के कर्मचारियों व अधिकारियों की मनमानी से नाराज क्षेत्र पंचायत सदस्यों का धरना शुक्रवार को दूसरे दिन जारी रहा। धरने की अगुवाई कर रहे क्षेत्र पंचायत सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा कि विकास खंड बांसी के अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी के विरोध में तथा क्षेत्र पंचायत की समस्याओं के समाधान के लिए धरने पर बृहस्पतिवार से बैठे पर है परंतु कोई जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान के लिए नही आया। इनका कहना है कि सात माह बीत गया अभी तक बैठक नही बुलाई गयी है जबकि बैठक बुलाए जाने की मांग लिखित रूप से किया गया। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत स्वीकृत परियोजनाओं में सिर्फ दो प्रतिशत परियोजनाओं पर काम हुआ है बाकी बची परियोजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। जिन पर काम हुआ है वहां शासन के निर्देश के बावजूद साइन बोर्ड नही लगाया गया है। इनका कहना है कि आगणन में साइन बोर्ड का धन आवंटित होता है।

## शिक्षक संयुक्त मोर्चा के सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता**

**उसका बाजार।** बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित स्कूलों में टैबलेट से उपस्थिति के विरोध व शिक्षकों की अन्य समस्याओं के समाधान हेतु शिक्षक संयुक्त मोर्चा के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को संबोधित हस्ताक्षरित ज्ञापन शुक्रवार को बीईओ महेंद्र कुमार को सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में लिखा है कि बेसिक शिक्षा विभाग को प्रयोगशाला बनाकर नित नए प्रयोग किए जा रहे हैं। चार वर्षो से बेसिक शिक्षा नियमावली को दरकिनार कर, प्रतिदिन तुगलकी फरमान जारी किए जा रहे हैं। बिना सिम व डेटा के टैबलेट स्कूलों को दिया गया है, अब इसे अपने पहचान पत्र से खरीदने के लिए अनावश्यक रूप से दबाव बनाया जा रहा है जो अनैतिक है। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय के भौतिक परिवेश से अनभिज्ञ उच्चाधिकारी अध्यापकों के प्रति अमानवीय व्यवहार कर रहे हैं। इसके अलावा शिक्षको की बहुप्रतीक्षित पुरानी पेंशन, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण, पदोन्नति, वेतन विसंगति, कैशलेश चिकित्सा, अनुदेशक, शिक्षामित्र मानदेय वृद्धि की मांग पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। इससे शिक्षक हित प्रभावित हो रहा है। इस अवसर पर बालजीत कुमार, हरिशंकर सिंह, संजय आनंद, सुभाष चंद्र, अभिषेक मिश्रा, उमेश चंद्र, अजीजुर्रहमान, रामसेवक गुप्ता, आफताब आलम, दिनेश जायसवाल, राकेश कुमार, राजलक्ष्मी, नाजमा बेगम, इंद्रजीत जायसवाल, पुरुषोत्तम त्रिपाठी, सुनील उपाध्याय, अशोक यादव, उमेश, हरिकेश, राजकुमार, अब्दुल कलाम, राजाराम आदि मौजूद रहे।

## टैबलेट से हाजिरी के विरोध में दिया ज्ञापन

### विगत कई दिनों से शिक्षक टैबलेट पर हाजिरी का कर रहे हैं विरोध

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ डुमरियागंज व अखिल भारतीय शिक्षक संघ डुमरियागंज सहित अन्य संघर्षरत संगठनों के बैनर तले शुक्रवार को टैबलेट से हाजिरी लेने का विरोध करते हुए शिक्षकों ने एक ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार को देते हुए अपनी मांगे सामने रखी।

संगठनों की संयुक्त अगुवाई कर रहे ब्लॉक अध्यक्ष मस्तराम चौधरी ने कहा कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश द्वारा लगातार बेसिक शिक्षा में नए-नए प्रयोग करके शिक्षकों को प्रताड़ित करने का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में शिक्षकों को टैबलेट देकर उनकी ऑनलाइन हाजिरी लेने का फरमान जारी किया गया है। जिसका शिक्षक संगठन विरोध करते हैं और यह आदेश तभी स्वीकार होगा जब उनकी प्रमुख मांगे पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से सरकार से मांग की जा रही है कि ईएल की सुविधा शिक्षकों को दिया जाए, वर्ष 2013 से जनपदों के अंदर स्थानांतरण नहीं हुए हैं ऐसे शिक्षकों की पदोन्नति किया जाए। संगठन के मंत्री काजी तालिब हुसैन व कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह ने कहा कि अनुदेशकों, शिक्षामित्र के मानदेय में वृद्धि करना, 1 अप्रैल 2005 से पूर्व विज्ञापित विशिष्ट बीटीसी के माध्यम से नियुक्त शिक्षकों की पुरानी पेंशन की मांग पूरी करना। मांग पत्र में यह भी कहा गया कि शिक्षण कार्य के अलावा अन्य कार्य से शिक्षकों को मुक्त रखा जाए। सभी शिक्षकों ने शिक्षक एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए कहा कि अगर उनकी प्रमुख मांगे पूरी नहीं होती है तो टैबलेट पर ऑनलाइन हाजिरी का विरोध शिक्षक करते रहेंगे तथा शिक्षकों के निजी मोबाइल में जबरन डाउनलोड कराई गई सभी सरकारी ऐप को अनइनस्टॉल करने का काम करेंगे साथ ही प्रदेश व जिले स्तर पर शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर आरिफ उस्मानी, नफीस हैदर रिजवी, रामपाल चौधरी, अमृतलाल, प्रदीप कुमार, प्रमोद सिंह, वीरेंद्र भारती, रामपाल, प्रतिभा यादव, दीपा, आकाश, संगीता, लवकुश, अभय श्रीवास्तव, विवेक, विष्णु कांत, भैया राम, घनश्याम, सीमा, पंकज, विनय कुमार आदि मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा: तमाम योजनाओं का स्टाल लगाकर दी गयी जानकारी



**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन लोटन ब्लॉक के ग्राम पंचायत अमहट व खीरीडीहा में आयोजित किया गया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी रामप्रवेश ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से अति पिछड़े वंचित व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं से जोड़ा जाए और लाभार्थियों को लाभ दिलाया जा रहा सचिव दिलीप पटेल द्वारा बताया गया की जो भी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ न मिला हो वह लोग अवगत करा सकते है। देश के सभी प्रदेशों में निवास करने वाले लोग रह रहे है जिनको सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी नहीं हो पाती है और लाभ से वंचित रह जाते थे इस लिए यह संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती गीत व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। संकल्प यात्रा के तहत तमाम योजनाओं का स्टाल लगाकर जानकारी दी गई। नोडल अधिकारी राम कृष्ण मिश्रा ने कहा कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है और प्रधानमंत्री द्वारा लाईव प्रसारण भी दिखाया गया। इस दौरान सचिव दिलीप पटेल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृग्नरायन सिंह, धीरेन्द्र नाथ चौबे, प्रधान मंजू देवी, प्रधान प्रतिनिधि गंगा राम यादव, सीएचओ अनुराधा, एन एम रीना, डा प्रियंका, प्रधान ईशरत जहां, प्रधान प्रतिनिधि ईरशाद अहमद, प्रधानाध्यापिका प्रियंका सिंह, गोल्डी, प्रदीप कुमार सिंह, लेखपाल मनोज कुमार, डा0जनार्दन मणी त्रिपाठी, डा0 सुप्रीया मद्धेशिया, चाद रानी राय, राहुल सिंह, रोजगार सेवक धर्मेन्द्र सिंह, पंचायत सहायक शिवा सिंह, बाल मुकुंद मिश्र, सफाई कर्मी अमेरिका, कोटेदार संतराम, विनीता राव, उर्मिला, नफीसा बानो, अखिलेश कुमार, एल टी प्रवीन दुबे, कृष्ण दत्त त्रिपाठी, आंगनबाड़ी निशा मौर्या, मोहम्मद आरिफ, सोनू, ब्लाक प्रबन्धक ग्रीश चन्द पाण्डेय, शनी सिंह, जैकेश सिंह, अजय यादव, मोहम्मद जाहिदा, सफाई कर्मी शैलेश कुमार, प्रेम चन्द मोदनवाल, सेराज अहमद, पंचायत सहायक विंद्र कला, मोहम्मद नसीम, चुन्नू, कमलेश, बी सी सखी वसीमा खातून, गंगा राम आदि लोग मौजूद रहे।

## विधानसभा के सामने प्रदर्शन कर मा. शिक्षक गिरफ्तार

### तदर्थ शिक्षकों की सेवा बहाली की मांग पर अड़े शिक्षक नेता

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने अपनी मांगों के समर्थन में विधान सभा का घेराव किया गया। प्रदर्शन के दौरान शिक्षक संघ के क्रांतिकारी नेताओं व पुलिस के मध्य तीखी नोक झोंक हुई। विधान सभा जाने पर आमादा शिक्षक नेताओं को धक्का मुक्की के दौरान चोटें आईं।

शिक्षक रॉयल होटल के सामने सड़क पर धरने बैठे रहे। प्रदर्शन कर रहे हजारों शिक्षकों को गिरफ्तार कर बसों में भरकर इको गार्डन ले जाया गया। धरने का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायन सिंह व संचालन महामंत्री रामबाबू शास्त्री ने किया। विधानसभा सत्र को छोड़ कर राज बहादुर सिंह चंदेल ने भी धरने में सम्मिलित हुए और गिरफ्तारी दी। गिरफ्तार शिक्षकों को ईको गार्डन में रिहा कर दिया गया। मांग पत्र में कहा गया है कि माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्त तदर्थ शिक्षकों के परिवार आर्थिक विपन्नता एवं भुखमरी के शिकार हो रहे है। उनकी सेवा समाप्ति पर पुर्नविचार करते हुए विनियमित किया जाय तथा उनका रोका हुआ वेतन तत्काल निर्गत किया जाये। शासन के आदेश दिनांक 09 नवम्बर 2023 को वापस लिया जाय। पुरानी पेंशन ( ओ0पी0एस0 ) बहाल की जाय । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एनपीएस की अधिसूचना 28 मार्च 2005 को जारी की गयी थी अतः केन्द्र के निर्णय के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार भी 28 मार्च 2005 से पूर्व के विज्ञापनों द्वारा नियुक्त शिक्षक / कर्मचारियों को एनपीएस के स्थान पर ओपीएस का लाभ दें तथा प्रदेश के सभी जनपदों के एनपीएस खातो की जांच करायी जाय। यदि शिक्षकों एवं कर्मचारियों की धनराशि अन्य कहीं निवेशित की गयी है तो दोषियों को तत्काल दण्डित किया जाय । भविष्य में पूर्ण रूपेण इसे सुरक्षित रखने की व्यवस्था की जाये। मांग पत्र में कहा कि तदर्थ शिक्षको के साथ सरकार अन्याय कर रही है। विषय विषेशज्ञों की नियुक्ति का विज्ञापन 2002 के पूर्व का है अतः इनकी भी सूचना प्राप्त कर इन्हें ओपीएस में लिया जाये। विद्यालय लेजर तथा प्रत्येक शिक्षक / कर्मचारी की एनपीएस पुस्तिका पूरित कराकर सत्यापन तत्काल कराया जाय। प्रमाणित कर शिक्षक / कर्मचारी को उपलब्ध कराया जाये। इस दौरान लवकुश मिश्रा, नर्सिंग बहादुर सिंह, संजय द्विवेदी, संत सेवक सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद, सुधाकर सिंह, प्रमोद सिंह, डा.अजय कुमार सिंह, डा.राजेश कुमार पांडेय, संत सेवक सिंह, संत सेवक सिंह, रणजीत सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह, राजेश चंद चौधरी, राम प्रताप सिंह, दिवाकर गुप्ता जितेंद्र सिंह,विवेक सिंह, प्रदीप सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, शैलेश सिंह, राकेश सिंह, रामानंद द्विवेदी, प्रवेश शाक्य, यादवेंद्र सिंह परिहार, महिपाल सिंह, ज्योतिष पांडेय, राजेश सिंह सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

- **विधानसभा के सामने सड़क जामकर घंटों किया प्रदर्शन**
- **गिरफ्तार शिक्षक नेता व समर्थक ईको गार्डन से शाम 5 बजे रिहा किए गए**

## हर दिन स्कूल आओ अभियान के तहत शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के प्रशिक्षण हाल में परिषदीय विद्यालयों से नामित नोडल शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार से शुरू हुआ। शारदा हर दिन स्कूल आओ अभियान के तहत शिक्षकों को तमाम जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने किया। प्रशिक्षण प्रारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि आउट ऑफ स्कूल एवं ड्राप आउट बच्चो को विद्यालय से जोड़ने के लिए लगातार पहल की जा रही है। यह अभियान तभी सफल हो पाएगा जब शिक्षक सीधे अभिभावकों से जुड़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालयों में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति को लेकर योजना बनाएं जिससे बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए ट्रेनर प्रशांत मणि त्रिपाठी, रामबहादुर चौधरी, बृजेश कुमार, सुधीर गुप्ता ने कहा कि यह प्रशिक्षण काफी महत्वपूर्ण है ब्लॉक स्तर पर परिषदीय विद्यालयों से एक नोडल शिक्षक को प्रशिक्षण में प्रतिभाग करना है। शारदा पाठ्यक्रमों के आधार पर विशेष प्रशिक्षण हेतु महत्वपूर्ण जानकारी शिक्षकों को उपलब्ध कराई जा रही है। इस प्रशिक्षण में कुल 65 शिक्षक भाग ले रहे हैं। इस मौके पर टीएलएम ट्रेनर विष्णु कांत दुबे, विवेक द्विवेदी, नफीस हैदर रिज़वी, आरिफ उस्मानी, मस्तराम चौधरी, आकाश चतुर्वेदी, इम्तियाज हुसैन, इबादुर रहमान, परितोष ओझा, दीपा कौशल, अभिषेक, पवन मिश्रा, शैलेंद्र, कमलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सिल क्यारा सुरंग

सुरंग में आढ राज्यो के 41 श्रमिक सकुशल निकाल लिये गये। श्रमिको को बचाने के लिये 20 से अधिक एजेन्सियों 400 सौ घण्टे से लगी हुई थी। अन्त में जिन्दगी ने मौत पर जीत हासिल की 17 दिन के बेसब्री का अन्त हुआ। बचाव का समाचार आते ही पूरा देश खुशी से झूम उठा। भारत माता की जय के नारे तथा अतिशबाजी के बीच श्रमिको की खुशी का परिवार नही ही वहीं हाल विजय का दर्प लिये बचाव दल का था। केन्द्र और राज्य ने पूरी ताकत उन्हें बचाने के लिये झोक दी थी। प्रधानमंत्री पल पल श्रमिको का हाल ले रहे थे। मुख्यमंत्री धामी भी बराबर कार्य की प्रगति पर कड़ी नज़र रक्खे हुये बराबर श्रमिको का हाल लेते रहे। बचाव दल बीच में पड़ने वाली बाधाओं से निपटते रहे। बचाव दल ने श्रमिको को खाना व पानी पहुचाने का व्यवस्था तमाम बधाओं के बीच बना ली थी। टेलीफोन विभाग ने श्रमिको तक फोन की व्यवस्था करवाकर श्रमिको का हाल बचाव दल जानते रहे। श्रमिक फोन की मदद से अपने परिवार से भी बात कर लेते थे। श्रमिको का नैतिक साहस इन सबसे बना हुआ था। बचाव की खबर आते ही प्रधानमंत्री से लेकर अन्य मंत्री और नेता अपनी बधाइयां श्रमिको और बचाव दल को भेजते रहे। एनडीआरएफ को जवानो ने जो कुछ हुआ उसको सम्भव बनाया। 57 मीटर की निकास सुरंग का आखिरी स्टील पाइप मलवे को भेद कर श्रमिको तक पहुचा तो सभी खुशी से उछल पड़े।

सुरंग के बारे में ज्योलाजिकल सर्वे आफइन्डिया और नेशनल इनस्टीटयूट आफ राक मेकलिक्स के पूर्व निर्देशन डा. पीसी नबानी का कहना है कि सुरंग के मामले में बहुत बड़ा भ्रम है कि इससे पहाड़ कमजोर हो जाते है भूकम्प आने पर सुरंग ढह जाते है। उनका कहना है कि पहाड़ के ऊपर चौडी सड़कों के मुकाबले सुरंग सबसे ज्यादा सुरक्षित विकल्प है। भूकम्प का सुरंग पर कोई असर नही पड़ता है। सुरंग एक बार बन जाती है तो 100 साल तक उस पर कोई असर होने की सम्भावना बहुत कम होती है। सुरंग में जहां कमजोर जगह होती है उस जगह पर वैज्ञानिक कनवर्जन होने देते है। कई बार सुरंग के अन्दर बड़ी मात्रा में भूस्खलन भी होता है तो कोई न कोई हादसा होता है। इससे सुरंगो के बारे में कोई नकारात्मक नजरिया नहीं बनाना चाहिये। नकारात्क नज़रिया की जगह सुरक्षा प्रोटोकाल को सख्ती के साथ लागू किये जाने की जरूरत है।

टनल के कुछ डायमीटर के ऊपर तीन गुना तक का हिस्सा ही संवदेनशील होता है मसलन अगर कोई सुरंग 10 मीटर व्यास कि है तो ऊपर 30 मीटर तक की पहाड़ी संरचना संवदेनशील होती है ज्योलाजिकल इन्जीनियर इस हिस्से को चिन्हित करते हुये जरूरत के लिहाज से समाधान या सुधार करते है। इसके बाद कोई खतरा नही रहता है। विशेषज्ञ हर हिस्से की जोनिंग करते हुये आगे बढ़ते हो जेनिक के अनुसार अलग अलग ट्रीटमेन्ट होता है। इसी प्रक्रिया के तहत पहाड़ो में बड़ी बड़ी सुरंगे बनती है और बनी भी है। ये सुरंग पूरी तरह सुरक्षित है। कोई हादसा तभी होता है जब इस प्रक्रिया को नज़रन्दाज कर सुरंगे बनाई जाती है। सुरंग में इसके अलावा भूस्खनल की कोई वजह नहीं बनती है। इसलिये इस तरह को भूल को भूगोल के ऊपर थोप कर बचा नहीं जा सकता।

विनाश और सृजन तो विकास का अपरिहार्य अंग है। अत तक का विकास इसी पैटर्न पर हुआ है। विकास के क्रम में जो मानवीय भूल या नजरन्दाजी उसे सुधारने की जरूरत है। विकास की योजनाये चलती रहेगी जगह जगह जरूरत अनुसार सुरंगे बनती रहेगी। जरूरत ऐसे संस्थान की है जो बिना भ्रष्टाचार में लिप्त हुये निर्माणाधीन परियोजनाओं का हर साल तकनीकी आडिट करें इससे हादसों को रोक पाने की क्षमता बढ़ेगी।

सिलकारा सुरंग 4.5 किलोमीटर लम्बी बनाने के लिये प्रस्तावित है। 12 नवम्बर की सुबह सुरंग में जमीन घंस गयी। 53 मीटर छह इन्च का सप्लाई पाइप बना जो श्रमिका की जीवन रेखा बनी वे इतने दिनों तक जिन्दा रहे। 49.2 मीटर पाइप डालने के बाद आगर मशीन खराब हो गई। फिर चूहो की तरह बिल बनाते हुये मैनुअल खोदाई करते हुये श्रमिको तक पहुंचा जा सका।

भारत में सुरंग हादसो की दर विदेशो से बहुत कम हैं। खासकर योरोपीय देशों से। सुरंग बनाने में कितना काम किस समय में पूरा किया जाना है पहले से तय होता है। खुदाई के छह माह के अन्दर फाइनल लाइनिंग जरूरी है। अनुभवी विशेषज्ञों की देखरेख में यह काम होना चाहिये। कई बार समय सीमा में काम पूरा होते न देख मूल कमानी जिसे यह काम मिला है सबलेटिंग कर दूसरे लोगो से काम पूरा करवाती है। ऐसे काम हादसे की वजह होते है कि क्योंकि काम की गुणवत्ता मानक अनुसार नही रहती है। हर कदम पर अनुभवी विशेषज्ञ होने चाहिये। इस हादसे से निश्चय ही सबक लेते हुये सारे मानको का पालन करते हुये काम कराया जायेगा। बाहर से विशेषज्ञ और मशीने बुलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## बाजारवाद पर नियंत्रण जरुरी?



डॉ अजय मिश्रा

किसी एक व्यक्ति की आवश्यकताएं सिमित है परन्तु इच्छाएं अनंत। आज के आधुनिक युग में हम यदि दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों का सूक्ष्म रूप में मूल्यांकन करेगे तो यह स्वतः संज्ञान में होगा की हम अपनी जरूरतों से नियंत्रित नहीं हो रहें है बल्कि बाजार हमें नियंत्रित कर रहा है। अब मनुष्य की परस्पर सहयोग और विकास की भावना के साथ सामाजिक विचार के स्वरुप को निष्क्रिय करके आर्थिक युग प्रचलन में है जिसे बाजार हमारी इच्छाओं में वृद्धि कर के नियंत्रित कर रहा है। इस आर्थिक युग में हम अनेकों ऐसे संसाधनों का उपयोग कर रहें है जो बाजारवाद को बढ़ावा दे रहा है। दिखावे के लिए अब कई चीजे सभी के लिए जरुरी हो गयी है जबकि उसकी उपयोगिता महज कुछ लोगो के लिए ही है। आज प्रत्येक घर में आपको एंड्राइड मोबाइल, कंप्यूटर, टीवी और जीवन को सुगम बनाने वाले इलेक्ट्रॉनिक सामान अवश्य दिखेगे। जबकि इनकी वास्तविक आवश्यकता कितनी है यह मूल्यांकन शायद गिने चुने लोगों के पास है। बाजार ने पहुच आपके घर के सभी सदस्यों पर कर लिया है और उन्हें अपने नियंत्रण में ले लिया है, खास कर नई पीढ़ी को। एक छोटा बच्चा जिसका मानसिक विकास अपने प्रथम दर्जे में है और वह टीवी मोबाइल सहित सभी माध्यमों में खाने-पीने, उपयोग करने की चीजों का विज्ञापन देख रहा है कल्पना कीजिये आगे उसके जीवन में इन चीजों की आवश्यकताओं पर मूल्यांकन करने की कभी वह सोच सकता है? थोडा सा पीछे चलते है 90 के दशक में एक सामान्य परिवार का पाला जंक फ़ूड और पैकेजिंग सामानों से नहीं पड़ा था पर आज शायद ही कोई ऐसा घर हो जिसके वहां पर इन दोनों की पहुँच न हो। इसका नकारात्मक परिणाम विभिन्न बिमारियों के रूप में सामने है पर क्या हम कुछ इससे सीख पातें है। तकनिकी का उपयोग हमेशा आगे बढ़ने के लिए किया जाता है और यदि वही तकनिकी आपके जीवन में इतना अहम् हिस्सा बना ले की आपके अस-पास, परिवार में क्या चल रहा है उससे आप अनिभिज्ञ रहें तो क्या इसे वास्तविक प्रगति कहा जायेगा ? स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है नहीं। पर लोग इन विचारों और आदर्शो को भूल कर घंटों सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपना अतिमहत्वपूर्ण समय खो रहे है। चंद लोग लाभ कमाने के उद्देश्य से ऐसे कंटेंट सोशल प्लेटफार्म पर डाल रहे है जो आपको मानसिक रूप से नियंत्रित कर रहा है और बाध्यकर कर रहा है की आप उनसे जुड़े रहें। पारिवारिक व सामाजिक विघटन का भी यही कारण है। यह कहना अवश्य ही न्याय सांगत और तर्कपूर्ण है की हम अपने अमूल्य जीवन से भी छेड़छाड़ कर रहे है। अमुक बड़ा कलाकार गुटका पान मसालें का विज्ञापन करोड़ों रूपये लेकर करता है जबकि जमीनी सच्चाई यह है की वह विज्ञापन शूट करते समय भी उसका सेवन नहीं करता और देश के करोड़ों लोग उसका अनुसरण करके गुटका पान मसालें का धड़ल्ले से उपयोग कर रहें है। इसे बाजारवाद नहीं कहेगे तो क्या कहेंगे? धर्म का आज बाजारीकरण कर दिया गया है बाजार ने इसे इतना प्रोत्साहित किया है की क्षेत्रीय रूप से मनाये जाने वाले पूजा पाठ कार्यक्रम आज हर तबके में राष्ट्रीय स्वरुप में मनाये जा रहें है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। जलवायु संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाह रवैया को लेकर भारत की चिंता गैरवाजिब नहीं है। दुनिया को जलवायु परिवर्तन की चुनौती को गंभीरता से लेना होगा और इसके दुष्प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाने होंगे। अभी तक अपने स्वार्थ की वजह से दुनिया के कई देश इस दिशा में तेजी से कदम नहीं उठाते, खासतौर पर अमीर देश। दरअसल, नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने के लिए ग्रीन एनर्जी में भारी-भरकम निवेश करना होगा और प्रदूषण फैलाने वाले ईंधनों का इस्तेमाल घटाना होगा।**

# कॉप-28 जलवायु नियंत्रित करने के लिये कमर कसे



ललित गर्ग

धरती की पर्यावरण चिंताओं पर विचार और समस्याओं के समाधान के लिए दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) में आयोजित हो रहा संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन-कॉप-28 बहुत महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्लोबल वॉर्मिंग का असर हमारे जीवन पर साफ-साफ दिखने लगा है। 2021 में हुए पेरिस समझौते में दुनिया का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस पर ही रोकने की बात की गई थी, इस साल 38 से भी अधिक दिन ऐसे रहे हैं जिनमें तापमान औसत से डेढ़ डिग्री ज्यादा रहा था। इस साल तापमान में वृद्धि, महासागर की गर्मी, अंटार्कटिका की बर्फ का घटना आदि ने ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को चिन्ताजनक स्तर तक पहुंचा दिया है। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है, बार-बार बाढ़, सूखा एवं भुस्खलन हो रहा है। इसलिए, विकसित देशों को अपना कार्बन उत्सर्जन कम करने और ग्रीन एनर्जी में निवेश करने की आवश्यकता है। पर्यावरण के बिगड़ते मिजाज एवं जलवायु परिवर्तन के घातक परिणामों ने जीवन को जटिल बना दिया है।

वैज्ञानिक और पर्यावरणविद चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले दशकों में वैश्विक तापमान और बढ़ेगा इसलिए अगर दुनिया अब भी नहीं सर्तक होगी तो इक्कीसवीं सदी को भयानक आपदाओं से कोई नहीं बचा पाएगा। रोम में सम्पन्न हुए जी-20 सम्मेलन में सभी देश धरती का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस कम करने पर राजी हुए हैं। इसके अलावा उत्सर्जन को नियंत्रण करने के तथ्य निर्धारित किये गए हैं। जी-20 ने तो शताब्दी के मध्य तक कार्बन न्यूट्रेलिटी तक पहुंचने का वादा भी किया है। कहीं बाढ़, कहीं सूखा तो कहीं बेमौसम बरसात के चलते 2023 को दुनिया भर के मौसम वैज्ञानिक एक ऐसा वर्ष मान रहे हैं, जहां से पृथ्वी का पर्यावरण एक अज्ञात क्षेत्र यानी संकटकालीन परिवेश में प्रवेश कर रहा है। जाहिर है कि कॉप-28 में अब निर्णायक एवं कार्यकारी स्तर पहुंचना होगा, सिर्फ लुभावनी योजनाओं एवं भाषणों से काम नहीं चलने वाला, जैसा कि अभी इसमें शामिल 198 देश और उनके प्रतिनिधि कोरी खानापूर्ति करते आए हैं। कॉप की बैठकें भले ही अच्छे भविष्य की रूपरेखा बनाने के लिए आयोजित होती रही हों, लेकिन एक पेरिस समझौते को छोड़ दें तो अभी तक इसमें समस्या के समाधान के लिये बहुत काम नहीं हो पाया है। सभी प्रतिनिधि देशों को इस विकराल एवं ज्वलंत समस्या से निजात पाने के लिये न केवल कमर कसनी होगी, बल्कि आर्थिक सहयोग भी करना होगा।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कॉप-28 में भाग लेने दुबई पहुंच गये हैं। उन्होंने ग्लासगो में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन (सीओपी 26) में बढ़ते पर्यावरण संकट में पिछड़े देशों की मदद की वकालत की ताकि गरीब आबादी सुरक्षित जीवन जी सके। मोदी ने अमीर देशों को स्पष्ट संदेश दिया कि धरती को बचाना




उनकी प्राथमिकता होनी ही चाहिए, वे अपनी इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। दरअसल कार्बन उत्सर्जन घटाने के मुद्दे पर अमीर देशों ने जैसा रुख अपनाया हुआ है, वह इस संकट को गहराने वाला है। जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। जलवायु संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाह रवैया को लेकर भारत की चिंता गैरवाजिब नहीं है। दुनिया को जलवायु परिवर्तन की चुनौती को गंभीरता से लेना होगा और इसके दुष्प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाने होंगे। अभी तक अपने स्वार्थ की वजह से दुनिया के कई देश इस दिशा में तेजी से कदम नहीं उठाते, खासतौर पर अमीर देश। दरअसल, नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने के लिए ग्रीन एनर्जी में भारी-भरकम निवेश करना होगा और प्रदूषण फैलाने वाले ईंधनों का इस्तेमाल घटाना होगा। लेकिन इससे कुछ समय के लिए आर्थिक ग्रोथ में कमी आ सकती है। इस वजह से भी एक हिचक कई देशों में दिखती है, जिसके कारण आने वाली पीढ़ियों एवं धरती पर पर्यावरण का भविष्य खराब हो सकता है।

भारत में ग्लोबल तापमान के चलते होने वाला विस्थापन अनुमान से कहीं अधिक है। मौसम का मिजाज बदलने के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों में प्राथमिक आपदाओं की तीव्रता आई हुई है। भारत में जलवायु परिवर्तन पर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फार एनवायरमेंट एंड डवलपमेंट की जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि बाढ़-सूखे के चलते फसलों की तबाही और चक्रवातों के कारण मछली पालन में गिरावट आ रही है।

देश के भीतर भू-स्खलन से अनेक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। भू-स्खलन उत्तराखंड एवं हिमाचल जैसे दो राज्यों तक सीमित नहीं बल्कि केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, सिक्किम और पश्चिम बंगाल की पहाड़ियों में भी भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन के चलते लोगों की जानें गई हैं, इन प्राकृतिक आपदाओं के शिकार गरीब ही अधिक होते हैं, गरीब लोग प्राथमिक विपदाओं का दंश नहीं झेल पा रहे और अपनी जमीनों से उखड़ रहे हैं। गरीब लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर चुके हैं। विस्थापन लगातार बढ़ रहा है। महानगर और घनी आबादी वाले शहर गंभीर प्रदूषण के शिकार हैं, जहां जीवन जटिल से जटिलतर होता जा रहा है।

भारत में नदियों के पानी के बंटवारे को लेकर कई राज्यों की सरकारें आपस में उलझी हैं। किसी और को अपना पानी किसी भी हाल में न देने या किसी और से हर सूरत में पानी छीन लाने के नाम पर चुनाव लड़े और जीते जा रहे हैं। लेकिन नदियों की हालत कैसे सुधरे, उनका पानी कैसे बढ़ाया जाए और उन्हें कचरे का ढेर बनने से कैसे रोका जाए, यह बात राजनीति तो क्या नागरिक समाज के अजेंडे से भी बाहर है। एक आधुनिक कहावत है कि अपने ग्रह के साथ हम ऐसे खिलवाड़ कर रहे हैं, जैसे इसके विकल्प के रूप में कोई और ग्रह हमने बक्से में बंद कर रखा हो- यह बिगड़ जाएगा तो क्या हुआ, उससे खेल लेंगे!

अमेरिका की नैशनल इंटेलिजेंस इस्टीमेट रिपोर्ट में भारत को पाकिस्तान और अफगानिस्तान सहित उन 11 देशों में शामिल किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन के लिहाज से चिंताजनक श्रेणी में माने गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये ऐसे देश हैं, जो जलवायु परिवर्तन के कारण सामने आने वाली पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों से निपटने की क्षमता के लिहाज से खासे कमजोर हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आने वाले समय में विश्व तापमान की दशा तय करने में चीन और भारत की अहम भूमिका रहने वाली है। आखिर चीन दुनिया का सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक देश है। भारत भले चौथे नंबर पर है, लेकिन चीन के साथ जुड़ इसलिए जाता है क्योंकि इन दोनों ही देशों में उत्सर्जन की मात्रा साल-दर-साल बढ़ रही है। यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जलवायु संकट एवं बढ़ते तापमान के कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है।

# आंतकियों के वेष में पूर्व पाक सैनिक

**सेना के अनुसार आतंकी क्वारी पाकिस्तानी नागरिक था। वह आतंकवादी गतिविधियों को सक्रिय करने में माहिर था। इसलिए लश्कर ए तैयबा ने उसे टॉप लीडर में जगह दी थी। वह आंतकवादी नेता था। उसे पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान में ट्रेनिंग दी गई थी। वह लश्कर से जुड़ने से पहले पाकिस्तानी सेना में था। सुरक्षाबल क्वारी के खात्मे को बड़ी सफलता मान रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में पिछले कुछ सालों से आंतकी गतिविधियां बढ़ गई थीं। इसके पीछे क्वारी का हाथ माना जा रहा था।**



डॉ. ओपी त्रिपाठी

2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर की आबो-हवा काफी बदल चुकी है। भारतीय सेना पर पत्थर फेंकने वाली भीड़ गायब है। शांति बहाली का असर केसर की क्यारियों, डल झील को घेरकर खड़े पहाड़ों से लेकर गुलमर्ग में फैली बर्फ तक महसूस किया जा सकता है। घाटी के पर्यटन उद्योग को नई ऑक्सीजन मिली है। यही तस्वीर पाकिस्तान की आंख की किरकिरी बनी हुई है। जम्मू-कश्मीर में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव ने भी उसकी बेचौनी बढ़ा रखी है। वह घाटी में गड़बड़ी फैलाने की साजिश में जुटा रहता है।

इस बार मामला ज्यादा गंभीर है। दरअसल, पाकिस्तान में जमे आतंकवादी संगठन पहले कश्मीर के युवकों को बहला-फुसला कर अपने साथ कर लेते थे। अब कश्मीरी युवकों का आतंकवाद से मोहभंग हो चुका है। घाटी में इन संगठनों की भर्तियां बंद हो गई हैं। ऐसे में कश्मीर में गड़बड़ी फैलाने के लिए पकिस्तान अपने सेवानिवृत्त फौजियों को झोंक रहा है। भारतीय सेना की उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का दावा है कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी और पुंछ जिलों में सक्रिय 20-25 आतंकियों में पाकिस्तान के सेवानिवृत्त फौजी शामिल हैं। राजौरी इनकाउंटर में मारे गए लश्कर-ए-तैयबा टॉप कमांडर क्वारी राजौरी और पुंछ जिलों में आंतकवाद को खड़ा करने में लगा था। क्वारी पाकिस्तान का पूर्व सैनिक था। वह लश्कर ए तैयबा में टॉप लीडर के तौर पर काम कर रहा था। उसे विशेष ऑपरेशन की जिम्मेदारी देकर राजौरी भेजा गया था। जम्मू-कश्मीर के राजौरी मे 36 घंटे चली मुठभेड़ में भारतीय सेना लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को मार गिराया है। इनमें कारी भी शामिल है।

यह भी सामने आया है कि वह चरवाहों के वेश में छुप हुआ था और आतंकी गतिविधियों को बढ़ाने में लगा था। इस मुठभेड़ में सेना दो कैप्टन समेत पांच जांबाजों की शहादत हुई है। आतंकी आबादी वाले इलाकों के बजाय आतंकी अब घने जंगलों और गुफाओं में ठिकाने बना रहे हैं। मुठभेड़ के दौरान उन्हें बिलों से निकालना बड़ी चुनौती बन जाता है। यह चुनौती अनंतनाग के कोकेरनाग के जंगलों में हुई मुठभेड़ में भी सामने आई थी, जिसमें सेना के तीन जवान शहीद हुए थे।

लश्कर के शीर्ष आतंकी कमांडर क्वारी को डांगरी और कंडी में हुए आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। ये दोनों हमले 1 और 2 जनवरी को हुए थे।इसमें सात लोगों की मौत हो गई थी। इसमें दो बच्चे भी शामिल थे। इसके बाद पांच मई को हुए हमले में पांच पैरा कमांडो की मौत हो गई थी। ये मौतें आईईडी के किए गए ब्लास्ट में हुई थी। क्वारी एक आईईडी एक्सपर्ट के साथ ट्रेंड स्नाइपर के तौर काम करता था। यह भी जानकारी सामने आई है कि आतंकी चरवाहों के वेश में छिपे हुए थे। राजौरी का इलाका



घने जंगलों से भरा हुआ है। इसी जंगलों में बनी गुफाओं में सुरक्षा बलों की नजरों से बचने के लिए आतंकी क्वारी छुपता था, लेकिन भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ किए गए संयुक्त ऑपरेशन में उसे ढूंढ कर खत्म कर दिया गया। हमारे सुरक्षा बलों को इस तरह की क्षति का सामना बार-बार करना पड़ता है। यह विस्मृत नहीं किया जाना चाहिए कि करीब दो माह पहले अनंतनाग के जंगलों में आतंकियों से मुठभेड़ में हमारे पांच सैनिकों ने वीरगति पाई थी। इनमें दो जवानों संग कर्नल, मेजर और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी भी शामिल थे।

सेना के अनुसार आतंकी क्वारी पाकिस्तानी नागरिक था। वह आतंकवादी गतिविधियों को सक्रिय करने में माहिर था। इसलिए लश्कर ए तैयबा ने उसे टॉप लीडर में जगह दी थी। वह आंतकवादी नेता था। उसे पाकिस्तान और अफगानिस्तान में ट्रेनिंग दी गई थी। वह लश्कर से जुड़ने से पहले पाकिस्तानी सेना में था। सुरक्षाबल क्वारी के खात्मे को बड़ी सफलता मान रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में पिछले कुछ सालों से आंतकी गतिविधियां बढ़ गई थीं। इसके पीछे क्वारी का हाथ माना जा रहा था। सेना ने क्वारी के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद भी रिकवर किया है। सेना के अनुसार पीर पंजाल का एरिया पीओके में भी पड़ता है। दोनों क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति एक जैसी है। इसलिए क्वारी जंगली गुफाओं को छिपने के लिए इस्तेमाल कर रहा था, फिर भी सुरक्षाबलों से नहीं बच पाया और आखिर में मारा गया।

इतिहास के पन्ने पलटे तो भारत के साथ हुए अब तक के चारों सामरिक युद्ध में पाकिस्तान ने मात खाई, पर कश्मीर राग अलापना बंद नहीं किया जोकि अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सुना ही नहीं जाता। बौखलाहट में पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में छद्म युद्ध जारी रखना चाहता है। वह पंजाब में भी ड्रोन भेजता रहता है, पर वहां भी उसके नापाक मंसूबों को जमीन नहीं मिल रही है। हमारे लिए चिंता की सबसे बड़ी बात यह है कि कुछ समय से आतंकी जम्मू-कश्मीर के आम लोगों के साथ हमारे सैनिकों को भी निशाना बना रहे हैं। ताज्जुब इस बात का है कि पाक आर्थिक बदहाली व राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। शायद पाक को पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री की वह बहुचर्चित चेतावनी याद नहीं रही, जिसमें उन्होंने कहा था कि आप अपने पिछवाड़े में सांप नहीं पाल सकते और उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वे केवल आपके पड़ोसियों को ही काटेंगे। हकीकत यह है कि अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से पाकिस्तान में पाक तालिबानी संगठन के हमले अप्रत्याशित रूप से बढ़ गये हैं।

निस्संदेह, आज पाकिस्तान न केवल राजनीतिक व आर्थिक अस्थिरता से जूझ रहा है बल्कि उसे तालिबान की चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। पाक में गंभीर स्थिति के बावजूद देश चलाने वाली सेना द्वारा रिटायर्ड फौजियों को सीमा पर भेजकर आतंकवाद को बढ़ावा देना भारत के लिये बड़ी चुनौती है। इन चुनौतियों के बीच सतर्कता की स्थिति में किसी तरह की ढील नहीं दी जानी चाहिए। निश्चित रूप से 26/11 का भयावह आतंकी हमला हमारी सुरक्षा तैयारियों में चूक की तरफ ध्यान दिलाने वाला घटनाक्रम भी था। हमारी तैयारियों से ही आतंकवादियों का कारगर ढंग से मुकाबला संभव हो सकता है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद कोई ऐसी समस्या नहीं है जिसके समाधान के लिये हमें बाहरी मदद की जरूरत हो। इससे निपटने के लिये हमें अपने सभी संसाधनों का बेहतर ढंग से इस्तेमाल करना होगा। वहीं दूसरी ओर आतंकग्रस्त जम्मू-कश्मीर में जमीनी स्तर पर सुरक्षा से जुड़ी रणनीतियों पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत होगी। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अपने बयान में साफशब्दों में कहा कि पड़ोसी देश पाकिस्तान का इरादा नेक नहीं है। उनका मकसद अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 से पहले और अधिक आतंकियों का घुसपैठ करना है।

# चीन के रहस्यमयी वायरस से सावधानी की जरूरत

**डब्ल्यूएचओ समेत दुनियाभर के हेल्थ एक्सपर्ट्स बच्चों को अपना शिकार बना रही बीमारी को लेकर चिंतित हैं, वहीं चीन ने भी इसे लेकर बयान दिया है। चीन की तरफ से कहा गया है कि वहां फैल रही बीमारी में कुछ भी असामान्य नहीं है। उन्होंने इसे नॉर्मल डिसिस करार दिया है। चीन की इस रहस्यमय बीमारी के बारे में अभी तक ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। चीनी हेल्थ एक्सपर्ट बच्चों के बीमार होने की वजह कोविड पाबंदियों को हटना, इन्फ्लूएंजा, माइकोप्लाज्मा निमोनिया और आरएसवी को बताया है। हालांकि डब्ल्यूएचओ इस बीमारी पर बारीकी से नजर बनाए हुए है।**



संतोष कुमार भार्गव

चीन में जो रहस्यमयी वायरस आजकल फैल रहा है, वह गंभीर तीव्र सांस संबंधी बीमारी है या निमोनिया की नई किस्म अथवा कोरोना वायरस की नई नस्ल है। फिलहाल कुछ भी निश्चित नहीं है। चीन ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, जबकि औसतन 7000 मामले हररोज सामने आ रहे हैं। यदि निमोनिया है और बच्चों में सांस संबंधी बीमारी बढ़ रही है, तो चिकित्सक इसे 'सामान्य अवस्था' नहीं मानते। कोरोना वायरस के संदर्भ में भी चीन ने ईमानदार घोषणा कब की थी? लंबे अंतराल तक कयास जारी रहे अथवा कुछ साक्ष्यनुमा हकीकतें भी सामने आई थीं कि कोरोना वायरस चीन से ही फैला था। विश्व स्वास्थ्य संगठन आज तक इसकी पुष्टि नहीं कर पाया है कि कोरोना वायरस चीन की प्रयोगशाला में तैयार किया गया अथवा प्राकृतिक रूप से ही फैला था अथवा जैविक अस्त्र का कोई रूप था!

अलबत्ता कोरोना को 'वैश्विक महामारी' जरूर घोषित किया गया था। वह दौर अत्यंत भयावह और त्रासद था। भारत में ही 5.5 लाख मौतें हुई थीं। यह सरकारी आंकड़ा है। गैर-सरकारी संगठन और कुछ पश्चिमी देशों के बड़े अखबारों ने यह संख्या करीब 50 लाख आंकी थी। दुनिया में कितनी मौतें हुई होंगी, हम उन आंकड़ों में नहीं जाते, अलबत्ता ऐसी महामारी एक सदी के बाद महसूस की गई। चीन में निमोनिया के जो लक्षण बताए जा रहे हैं, वे कमोबेश कोरोना सरीखे ही हैं, लिहाजा भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्रों को परामर्श भेजा है कि वे अपनी स्वास्थ्य सेवाओं की तुरंत समीक्षा करें। अस्पतालों में बिस्तर, दवाएं, इंफ्लुएंजा के टीके, मेडिकल ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, एंटीबायोटिक्स, टेस्टिंग किट्स आदि की व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लें। कोविड-19 के लिए जारी किए गए संशोधित निगरानी दिशा-निर्देशों को भी लागू करें। इससे बीमारी की एकीकृत निगरानी हो सकेगी। हालांकि परामर्श में यह स्पष्ट किया गया है कि चीन के वायरस का मनुष्य से मनुष्य में संक्रमण या संचार देखने में नहीं आया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीन के अस्पतालों में लंबी लाइन लग रही है। ये बीमारी क्या है और इसकी वजह क्या है, इसके बारे में अभी तक कुछ भी साफ नहीं हो पाया है। लेकिन जब से चीन में शुरू हुई इस बीमारी की खबरें सामने आई हैं, भारत समेत दुनियाभर के लोगों की धड़कने जरूर बढ़ गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन में फैल रही इस बीमारी के लक्षण निमोनिया जैसे ही हैं। ये बीमारी खासतौर पर बच्चों को अपना शिकार बना रही है। बच्चों को बुखार, खांसी और सांस लेने में परेशानी हो रही है। अस्पतालों में इन लक्षण वाले बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार कई गंभीर मामले भी सामने आए हैं, जिन्हें अस्पताल में एडमिट करने की नौबत आ रही है। चीन में



फैल रही इस बीमारी को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन भी एक्शन में आ गया है। डब्ल्यूएचओ ने इसे लेकर चिंता जताई है और चीन से जानकारी मांगी है। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि अक्टूबर के मध्य से ही चीन में बच्चों में सांस की बीमारी के मामले बढ़े हैं, ये काफी चिंताजनक है। इसे लेकर उन्होंने बीजिंग से डेटा का अनुरोध किया है। डब्ल्यूएचओ समेत दुनियाभर के हेल्थ एक्सपर्ट्स बच्चों को अपना शिकार बना रही बीमारी को लेकर चिंतित हैं, वहीं चीन ने भी इसे लेकर बयान दिया है। चीन की तरफ से कहा गया है कि वहां फैल रही बीमारी में कुछ भी असामान्य नहीं है। उन्होंने इसे नॉर्मल डिसिस करार दिया है। चीन की इस रहस्यमय बीमारी के बारे में अभी तक ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। चीनी हेल्थ एक्सपर्ट बच्चों के बीमार होने की वजह कोविड पाबंदियों को हटना, इन्फ्लूएंजा, माइकोप्लाज्मा निमोनिया और आरएसवी को बताया है। हालांकि डब्ल्यूएचओ इस बीमारी पर बारीकी से नजर बनाए हुए है। देश में बढ़ रही इस रहस्यमयी बीमारी के बढ़ते मामलों के लिए चीनी अधिकारियों ने कोविड-19 प्रतिबंध हटाने, इन्फ्लूएंजा, माइकोप्लाज्मा निमोनिया, रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस जैसे रोगजनकों के प्रसार को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, इस पूरे मामले पर डब्ल्यूएचओ ने चीन से विस्तृत जानकारी की मांग की है, ताकि वह इस बीमारी की प्रकृति और कारण को समझने और इसे प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद कर सकें। चीन में फैल रही रहस्यमय बीमारी को लेकर भारत में भी लोगों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि इस बीमारी से भारत पर खतरे के बारे में कहना अभी जल्दबाजी होगी। एक्सपर्ट कह रहे हैं कि ये बीमारी क्या है इसे लेकर कुछ भी साफ नहीं है। अभी चीन में बच्चों को निमोनिया, तेज बुखार और सांस लेने की परेशानी जैसे मामले सामने आ रहे हैं। लेकिन ये कितने गंभीर हैं और ये केस कैसे बढ़ रहे हैं इसे लेकर कुछ कहा नहीं जा सकता। चीन में फैल रहे निमोनिया को देखते हुए शुरुआती तौर पर एहतियाकी कदम उठाने की सलाह दी गई है। डब्ल्यूएचओ ने भी लोगों से अपील की है कि वो साफ-सफाई का ध्यान रखें और स्पिरेटरी संबंधी समस्या के लक्षणों के लिए डॉक्टर से संपर्क करें। कहा जा रहा है कि चीन में कोविड-19 की पाबंदियां हटने के बाद से ही ये बीमारी फैल रही है। पड़ोसी देश में बढ़ती रहस्यमय बीमारी को देखते हुए नेपाल में अलर्ट जारी किया गया है। नेपाल की सरकार ने स्वास्थ्य विभाग से निगरानी बढ़ाने के लिए कहा है। साथ ही नेपाल ने चीन से बीमारी के बारे में जानकारी न देने के लिए नाराजगी भी जाहिर की है। नेपाल के हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि बदलते मौसम के बीच इन्फ्लूएंजा, कोविड और रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल नेपाल में फैलने वाले आम वायरस हैं जो निमोनिया की वजह बनते हैं। ऐसे में अगर चीन में अलग बीमारी फैल रही है, तो इसके बारे में जानकारी देना जरूरी है, ताकि जरूरी कदम उठाए जा सकें। हालांकि नेपाल का स्वास्थ्य विभाग इस पर नजर बनाए हुए हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि चीन में कुछ मामलों में लक्षण बेहद गंभीर हो रहे हैं। इस बीमारी से पीड़ित बच्चों के फेफड़ों में सूजन, तेज बुखार और सांस लेने में दिक्कत जैसी गंभीर परेशानी हो रही है। हालांकि डब्ल्यूएचओ का कहना है कि चीन में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियां पिछले तीन साल में काफी बढ़ गई हैं। इनमें माइकोप्लाज्मा निमोनिया भी शामिल है।

चीन में फैल रही इस बीमारी को लेकर लोगों के मन में सवाल है कि क्या ये बीमारी महामारी में बदल सकती है। इस बीमारी को लेकर श्ओपन-एक्सेस सर्विलांस प्लेटफॉर्म प्रोमेडश् ने कहा था कि ये महामारी में बदल सकती है। दिसंबर 2019 में प्रोमेड ने नए वायरस के बारे में एक चेतावनी दी थी। इसे ही बाद में सार्स- सीओवी-2 कहा गया। अभी तक ये साफ नहीं है कि इस बीमारी का प्रकोप कब शुरू हुआ, लेकिन एक साथ इतने बच्चों का बीमार होना वाकई चिंता की बात है। चीनी वायरस के निशाने पर बच्चे हैं।

# एड्स पीड़ित बच्चों के डांस देख झूमे लोग

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** विश्व एड्स दिवस के मौके पर एड्स पीड़ित नौनिहाल बच्चों ने जब एक के बाद एक डांस परफार्मेंस देने शुरू किए तो पूरा जनेश्वर मिश्र पार्क तालियों से गूंज उठा। बच्चों ने लोगों को एड्स से बचने के टिप्स भी दिए। ये अदा भी लोगों को खूब भाई।




ये एड्स संक्रमित व प्रभावित बच्चे विश्व एड्स दिवस के मौके पर यूपी स्टेट एड्स नियंत्रण सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपनी परफार्मेंस दे रहे थे। बच्चों ने वंदना से अपनी बात शुरू की। इसके बाद वंदेमातरम...ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी जैसे कई गानों पर मनमोहक नृत्य पेश किया।

इससे पहले यूपी स्टेट एड्स नियंत्रण सोसायटी के अपर परियोजना निदेशक रविंद्र कुमार ने गुब्बारे उड़ाकर दिन भर के कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि एड्स के प्रति जागरूक होना और जागरूक करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। एड्स न तो कलंक है न महामारी है। इससे सावधान रहने की सबकी जिम्मेदारी है। जरूरत है कि समुदाय नेतृत्व करें। उन्होंने परिसर में लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। एक-एक स्टाल पर जाकर पार्टनर एनजीओ के सदस्यों से बात की और जरूरी सुझाव भी दिए।

■ राक बैंड परफार्मेंस, लेजर लाइट एवं साउंड शो और रेड रिबन कैंडल लाइट गतिविधि ने भी लोगों का मन मोहा

कार्यक्रम में देर शाम तक राक बैंड परफार्मेंस, लेजर लाइट एवं साउंड शो और रेड रिबन कैंडल लाइट गतिविधि आयोजित हुई। अंत में परियोजना निदेशक अमृता सोनी ने गुरुवार को क्विज, नुक्कड़ नाटक और रील प्रतियोगिता में अव्वल आए बच्चों को अवार्ड और प्रमाण पत्र दिया। उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी लोगों की हौसला अफजाई की। इस मौके पर सोसायटी के संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव व डॉ ए.के. सिंघल, सहायक निदेशक अनुज दीक्षित समेत बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# प्रत्येक योजना गरीब कल्याण को समर्पित : भूपेन्द्र

## पीएम नरेन्द्र मोदी सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास के साथ काम कर रहे

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक के समक्ष बहुजन समाज पार्टी के पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा (मीरजापुर), समाजवादी पार्टी से पूर्व राज्यसभा सदस्य व पूर्व एमएलसी बनवारी लाल (लखनऊ), समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी व पूर्व चेयरमैन यूपीसीएलडीएफ कुंवर वीरेन्द्र प्रताप सिंह (जौनपुर), राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह (पीलीभीत), युवक कांगेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री कुंवर अवधेश प्रताप सिंह (सीतापुर), रिटार्यड जज अशोक कुमार सिंह कुशवाहा (देवरिया), सेवा निवृत्त न्यायाधीश रमेश चन्द्र दिवाकर (बुलन्दशहर), बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष महादीन गौतम (लखनऊ), जिला पंचायतराज अधिकारी उमाशंकर मिश्र (सिद्धार्थनगर) ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके साथ ही राष्ट्रीय लोकदल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री आरिफ महमूद तथा आरएलडी के बड़ी संख्या में जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधानों तथा पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाजपा परिवार में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री संजय राय, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह उपस्थित रहे।



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सभी का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास के साथ काम कर रहे है और उनकी प्राथमिकता में गरीब, महिला, युवा व किसान है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की प्रत्येक योजना गरीब कल्याण को समर्पित है। श्री चौधरी ने कहा कि जनता ने लोक कल्याण के साथ देश व प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के लिए भाजपा को जनादेश दिया है। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन स्तर को समृद्ध करने के लिए आवास, राशन, पेयजल, पढ़ाई, दवाई की सुनिश्चितता तथा सशक्त कानून व्यवस्था से भयमुक्त वातावरण का निर्माण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की शत् प्रतिशत सीटें जीतने का संकल्प पूर्ण करने के लिए जुटेंगे। भाजपा सरकार की योजनाओं को लेखा-जोखा लेकर जनता के बीच में पहुचेंगे और अन्त्योदय लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी मिलकर काम करेंगे।

इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं ने जन-जन का भरोसा जीता है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के हालात बदल चुके हैं। कल तक उत्तर प्रदेश अपराधिओं का चारागाह कहा जाता था। लेकिन आज मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने अपराध और अपराधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाया है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास में देश में अग्रणी प्रदेश है।

# बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ उपभोक्ता परिषद ने खोला मोर्चा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों की तरफ से विद्युत नियामक आयोग में कल देर शाम दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता जिसमें 11000 करोड से ज्यादा का गैप दिखाकर विद्युत नियामक आयोग के ऊपर ही यह छोड गया है कि वह इस गैप को अपने तरीके से इस पर निर्णय करे यानी कि चोर दरवाजे बिजली दर में बढोतरी इसके विरोध में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार व सदस्य श्री संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर यह मुद्दा उठा दिया कि जब प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 33122 करोड रूपया सरप्लस निकल रहा है और वह भी विद्युत नियामक आयोग ने निकाला है ऐसे में उसके एवज में बिजली दरों में बढोतरी का चोर दरवाजे प्रस्ताव दाखिल किया जाना अपने आप में चिंता का विषय है।

■ नियामक पहुंच दाखिल किया जनहित प्रस्ताव

उपभोक्ता परिषद ने इससे संबंधित एक जनहित प्रस्ताव भी आयोग में दाखिल किया और कहा वास्तव में बिजली कंपनियों को यदि कानून की जानकारी है तो कानून के तहत 33122 करोड के एवज में दरों में कमी का प्रस्ताव दाखिल करना चाहिए था ऐसे में विद्युत नियामक आयोग तत्काल जनहित में निर्णय लेते हुए बिजली कंपनियों द्वारा दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता को बिजली कंपनियों को वापस करते हुए संशोधित प्रस्ताव मंगवाये और जिसमें उपभोक्ताओं के निकल रहे सर प्लस केएवज में दरों में कमी का प्रस्तावदाखिल करने का निर्देश जारी करे।

# यूपी बना देश का सबसे सुरक्षित राज्य : डॉ. राजेश्वर

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह किसी भी मुद्दे पर अपनी राय बेबाकी से रखने के लिए जाने जाते हैं, विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए डॉ सिंह ने कहा कि समावेशक विकास, सुशासन और सुदृढ़ कानून व्यवस्था आज प्रदेश की पहचान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीरो टॉलरेंस की नीतियों के परिणामस्वरूप वर्तमान में अराजकता, भ्रष्टाचार, माफिया और गुंडाराज का अंत किया और प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया। यूपी मॉडल की चर्चा देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में होती है।

एक हालिया बयान में, सरोजनीनगर से बीजेपी विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल प्रशासन में उत्तर प्रदेश में हुई परिवर्तनकारी प्रगति की सराहना की। डॉ. सिंह ने यूपी को देश का सबसे सुरक्षित राज्य के रूप में दर्शाते हुए



उल्लेखनीय विकास पर जोर दिया और इस सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ठोस प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व को दिया।

डॉ. सिंह द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रमुख आंकड़े उत्तर प्रदेश पुलिस बल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को रेखांकित किया। वर्तमान में 3.10 लाख कर्मियों की ताकत के साथ भारत में सबसे बड़े पुलिस बल का दावा करते हुए, डॉ राजेश्वर सिंह ने बताया कि यूपी पुलिस, महानिदेशक के मार्गदर्शन में यह 75 जिलों, 33 सशस्त्र बटालियनों और खुफिया, जांच, भ्रष्टाचार विरोधी,

■ डॉ. राजेश्वर सिंह ने सुदृढ़ कानून व्यवस्था, सुरक्षा और पुलिसिंग में उत्तर प्रदेश की परिवर्तनकारी प्रगति पर डाला आंकड़ों के साथ प्रकाश

तकनीकी, प्रशिक्षण और फोरेंसिक विज्ञान सहित विभिन्न विशेष शाखाओं में काम करते हैं।

कानून प्रवर्तन को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. सिंह ने पिछले छह वर्षों में पुलिस बल में 1.54 लाख व्यक्तियों की भर्ती का उल्लेख किया। इस रणनीतिक कदम ने राज्य के सुरक्षा तंत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इसके अलावा, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित मामलों में उत्तर प्रदेश की उच्चतम सजा दर 59.1 फीसदी की प्रभावशाली उपलब्धि है, जो न्याय और अपने नागरिकों की सुरक्षा के प्रति राज्य की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह दर राष्ट्रीय औसत से दोगुने से भी अधिक है, जो राज्य के कानून प्रवर्तन तंत्र की मजबूती को दर्शाता है। डॉ. सिंह ने वैज्ञानिक जांच के क्षेत्र में यूपी पुलिस द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति पर भी प्रकाश डाला। एक अग्रणी फोरेंसिक विज्ञान संस्थान की स्थापना, जिसमें 14 कार्यशील प्रयोगशालाएं हैं, और 18 रेंज मुख्यालयों में अतिरिक्त 18 फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं की मंजूरी यूपी पुलिस को देश में शीर्ष रैंकिंग वाली वैज्ञानिक जांच टीमों में से एक बनाती है। आगे डॉ राजेश्वर सिंह ने यह भी कहा कि योगी आदित्यनाथ की नीतियों, उनकी निष्ठा और सशक्त नेतृत्व पर 25 करोड़ उत्तर प्रदेश वासियों का अटूट विश्वास है! 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर, उप्र को लेकर देश और दुनिया की धारणा बदल चुकी है। 2017 के पहले अराजकता, गुंडागर्दी, अव्यवस्था और युवाओं के पहचान के संकट वाला यूपी अब देश का ग्रोथ इंजन है।

# बीएसएनवी कॉलेज : 53वीं एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता का समापन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बीएसएनवी पीजी कॉलेज, चारबाग, लखनऊ, में चल रही 53 वीं एथलेटिक्स - मीट प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दयाशंकर सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उ0 प्र0 एवं महाविद्यालय के अध्यक्ष टी एन मिश्र की गरिमामयी उपस्थित हुई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता के विजेताओं को अध्यक्ष टी एन मिश्रा तथा दयाशंकर ने मेडल, पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में आदित्य कुमार यादव और उन्नति रावत को चैंपियंस ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर दयाशंकर सिंह ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। उनका मानना है जहां खेल होते हैं वहां पर हमें चिकित्सालय की कम आवश्यकता पड़ती है, क्योंकि खेलों से लोगों का शारीरिक, मानसिक विकास होता है। उन्होंने खेलों के संवर्धन हेतु उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की चर्चा भी की।

# भाषा विश्वविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में प्रो एन बी सिंह के निर्देशन में एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। रैली शैक्षणिक भवन से शुरू होकर प्रशाशनिक भवन से होते हुए विश्वविद्यालय के बाहर तक आयोजित की गई। इसमे विद्यार्थियों ने भारी मात्रा में प्रतिभाग किया और जागरूकता के लिए नारे लगाते हुए जनमानस में जागरूकता का कार्य किया। कार्यक्रम का आयोजन एन एस एस की संयोजिका डॉ नलिनी मिश्रा तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ



ज़फरून नक़ी तथा डॉ ममता शुक्ला सहित सभी कार्यक्रम अधिकारियों ने किया और विद्यार्थियों ने इसमें बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने जागरूकता के लिए शपथ भी ली और इसमे प्रोक्टर डॉ नीरज शुक्ला तथा डॉ मनीष भी उपस्थित रहे।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर होगा राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 03 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उप्र द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ में स्थित अटल आडिटोरियम में किया जायेगा।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के कर कमलो द्वारा 'राज्य स्तरीय पुरस्कार' का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं

■ स्वैच्छिक संगठनों को प्रोत्साहित करने को दिये जाते हैं पुरस्कार

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ.प्र. भी मौजूद रहेंगे। दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु विविध क्षेत्रो में सक्रिय व्यक्ति, शासकीय विभाग, स्वशासी, स्थानीय निकाय, निजी क्षेत्र या स्वैच्छिक संगठनों को प्रोत्साहित करने तथा विस्तारित योजनाओं, कार्यक्षेत्र में गतिशिलिता लाने तथा नये आयामों को प्राप्त करने, प्रतिस्पर्द्धा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर 12 श्रेणियों के अन्तर्गत राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किये जाते है।

# गणितीय प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों ने

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (द्वितीय कैम्पस) द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड 'मैथलेटिक्स' के दूसरे दिन विभिन्न देशों से पधारे बाल गणितज्ञों ने सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में अपनी गणितीय प्रतिभा का जबरदस्त प्रदर्शन किया। आज की प्रतियोगिताओं में बाल गणितज्ञों ने जहाँ एक ओर वाद-विवाद, नम्बर निंजा एवं माडल मेकिंग प्रतियोगिताओं में अपने गणित ज्ञान का प्रदर्शन किया तो वहीं दूसरी ओर एक-दूसरे से विचार-विमर्श कर अपने ज्ञान



का आदान-प्रदान भी किया। इस अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड में नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश एवं देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारे छात्र गणित की विभिन्न विधाओं में अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिताओं का सिलसिल आज ग्रुप-डी की कॉन्फैबुलर्स (वाद-विवाद) प्रतियोगिता से हुआ। दो राउण्ड की इस प्रतियोगिता में आज सेलेक्शन राउण्ड सम्पन्न हुआ, जिसमें देश-विदेश की 45 छात्र टीमों ने प्रतिभाग किया।

# सतर्कता व जागरूकता ही ऑपरेशन जागृति का उद्देश्य

## एडीजी जोन ने बालिकाओं व महिलाओं को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़/खैर।** प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार कड़े रुख अपना रही है। शुक्रवार को खैर तहसील सभागार में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किए जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन के अनुपालन में ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शुभारम्भ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ ने किया।

एडीजी जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कहा कि ऑपरेशन जाग्रति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। साथ ही खास तौर पर महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न, शोषण को रोकने तथा मानसिक स्तर पर पड़ने वाले असर के प्रति जागरूकता फैलाना है। अपने व्यक्तिगत विवाद में महिलाओ, बालिकाओं द्वारा दर्ज कराने वाले फर्जी मुकदमों का असर समाज के साथ



महिलाओ, बालिकाओं पर पड़ता है, जिससे उन्हें बचाना अति आवश्यक है। उन्होने कहा कि बालिकाओं को साईबर क्राइम के प्रति जागरुक करने का उद्देश्य उन्हें विभिन्न प्रकार की सामाजिक बुराईयों से बचाना है। कार्यक्रम को डीआईजी, एसएसपी व यूनिसेफ के कोर्डीनेटर ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास, बाल विकास एवं पुष्टाहार, युवा एवं खेल विभाग, सक्रिय मनोवैज्ञानिक, यूनिसेफ के चीफ कोर्डिनेटर, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी, विधिक सेवा प्राधिकरण, यूनिसेफ, पुलिस बीट कॉस्टेबल, तहसील के कर्मचारी, दस गावों की महिला प्रधान मौजूद रही।

यहां डीआईजी शलभ माथुरा, एसएसपी कलानिधि नैथानी, यूनिसेफ के सलाहकार सैय्यद इमरान, डा0 अनिल द्विवेदी, जीशन अंसारी, प्रभा शर्मा, कार्यक्रम के समन्वयक नासिर अली, एसपी देहात पलास बसंल, डीडीओ वीके तिवारी, सीओ राजीव द्विवेदी, सीओ यातायात रंजन शर्मा आदि के अलावा अनेकों अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अभियान के नोडल अधिकारी/पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश चन्द उत्तम ने किया।

# शत्रु संपत्तियों का मुद्रीकरण



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक, राहुल रमेश नांगरे द्वारा दिनांक 30 नवम्बर को भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक का कार्यालय, शाखा लखनऊ में उप सचिव, राजेंद्र कुमार व अन्य पदाधिकारी गण की उपस्थिति में विक्रय प्रमाणपत्र निधि गुप्ता, आकाश वर्मा, जगपाल सिंह, विराटपाल सिंह, रजनीश प्रताप सिंह तथा भारत भाटी (नीलाम क्रेताओ) को दिया गया।

भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक, राहुल रमेश नांगरे ने उत्तर प्रदेश के शत्रु संपत्तियों के नोडल अधिकारी डॉ. संजीव गुप्ता, भा. पु. से., गृह सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार के साथ बैठक की और उत्तर प्रदेश में अवस्थित शत्रु संपत्तियों से संबन्धित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। तत्पश्चात, उनके द्वारा लखनऊ मे अवस्थित शत्रु सम्पत्ति 'बटलर पैलेस' का लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया गया। प्राधिकरण के अधिकारियों को शत्रु सम्पत्ति बटलर पैलेस के पुनरुद्धार के संबंध में उचित दशानिर्देश दिया गया। तत्पश्चात, बेगरिया रोड़, दुबग्गा, लखनऊ स्थित शत्रु संपत्ति का निरीक्षण किया गया। वहाँ पर पाया गया कि शत्रु सम्पत्तियों पर अनाधिकृत रूप से अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया गया है तथा कुछ रिक्त भी है। अवैध कब्जेदारों को नियमानुसार बेदखल करने हेतु जिला प्रशासन / पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुये यथोचित कार्यवाही किये जाने संबंधी दिशा निर्देश दिया गया।

भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक, श्री राहुल रमेश नांगरे के द्वारा बताया गया कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने निर्णय लिया है, कि देश भर की सभी शत्रु सम्पत्तियां जो कृषि योग्य तथा निर्विवादित है, उनका मुद्रीकरण किया जाए।

# डीईओ ने राजनैतिक दलों की उपस्थिति में एफएलसी कार्य का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार ईवीएम-वीवीपैट एवं कंट्रोल यूनिट मशीनों की एफएलसी का कार्य शुक्रवार से आरम्भ हो गया। एफएलसी कार्य का जिला निर्वाचन अधिकारी आई वी सिंह ने प्रातः 9:00 बजे मा0प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में शुभारंभ किया।



भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार ईवीएम-वीवीपैट एवं कंट्रोल यूनिट मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण कर यथा स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मशीनों की प्रथम लेबल चौकिंग कार्य के लिए तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों को समस्त कार्यो को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के निदेश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की हीलाहवाली या लापरवाही क्षम्य नही होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस में सुरक्षित ईवीएम-वीवीपैट एवं कंट्रोल यूनिट मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) का कार्य शुक्रवार 01 दिसंबर से प्रारम्भ हो रहा है, जो 24 दिसंबर 2023 तक चलेगा। आपको बता दें कि एफएलसी का कार्य हैदराबाद से आए भारत निर्वाचन आयोग के अधिकृत इंजीनियर्स की टीम द्वारा किया जा रहा है। एफएलसी कार्य मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां जैसे वेरीकैटिंग, सुरक्षा के कड़े इंतजाम, एफएलसी करने वाले समस्त कर्मचारियों के लिए आईडी कार्ड, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा की स्थापना, निर्वाचन आयोग को सीधी वेब कास्टिंग के लिए समस्त आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि एफएलसी कार्य में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा अधिकृत व्यक्ति लगातार उपस्थित रहकर एफएलसी कार्य की गुणवत्ता परख सकता है। उन्होंने बताया कि अभी ईवीएम की द्वितीय स्तर पर भी जांच की जाएगी ताकि तकनीकी रूप से त्रुटि की कोई गुंजाइश न रहे।

# नियम विरुद्ध आदेशों से शिक्षक नाराज़ सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

■ मनमाने आदेश का भय दिखाकर शिक्षकों को किया जा रहा प्रताड़ित



**बिलग्राम हरदोई।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले संघ के पदाधिकारियों तथा सैंकड़ों शिक्षकों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिलग्राम को सौंपा गया संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं होने से शिक्षकों की मुश्किलें बढ़ रही हैं।जिससे बेसिक शिक्षक आक्रोशित एवं आंदोलित है।ज्ञापन में शिक्षकों की समस्याओं को लेकर कहा गया है कि बेसिक शिक्षा में प्रयोग के नाम पर प्रदेश के लाखों शिक्षकों को प्रताड़ित करने का कार्य किया जा रहा है । जबरदस्ती प्रदेश के बेसिक शिक्षकों पर कर्मचारी आचरण एवम अनुशासन नियमावली, बेसिक शिक्षा परिषद नियमावली के विरुद्ध जाकर मनमाने आदेश भय दिखाकर थोपने की कोशिश कर रहे हैं जबकि प्रदेश का बेसिक शिक्षक प्रदेश की संवैधानिक संस्था बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की नियमावली के अन्तर्गत कार्य कर रहा है। कोई भी नियम बनाने, परिवर्तन या संशोधन करने अथवा लागू करने हेतु प्रस्ताव परिषद में लाकर एवम बैठक कर पारित किया जाना चाहिए परन्तु पिछ्ले पांच 05 वर्षो से बेसिक शिक्षा परिषद को अस्तित्वहीन कर दिया गया है। परिषद के सदस्यों के अधिकारों को छीन लिया गया है विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में टैबलेट दिए गए उनमें सिम एवम डेटा उपलब्ध नहीं कराया गया परन्तु महानिदेशक महोदय जबरदस्ती प्रदेश के बेसिक शिक्षक से अपनी आई0डी0 से निजी नाम से सिम और डेटा शिक्षक के पैसे से खरीदने का दबाव बना रहे हैं। प्रदेश का बेसिक शिक्षक सरकारी कार्य में अपना व्यक्तिगत विवरण देने हेतु बिल्कुल सहमत नहीं है। 10 नवम्बर 2023 को पत्र जारी कर प्रदेश के सभी शिक्षकों को अपने निजी मोवाइल, निजी सिम, निजी नम्बर, निजी आई0डी0, निजी डेटा से 08:45 से 09 बजे प्रातः के मध्य ऑनलाइन उपस्थिति मय फेस के देने के निर्देश दिये गए हैं। इस प्रकार के नियम विरुद्ध आदेशों से प्रदेश का लाखों वेसिक शिक्षक एवम उनके परिवार आक्रोशित एवम आन्दोलित हैं। ऐसे आदेशों को जारी करते हुए यह भी ध्यान नहीं रखा गया कि इस साइबर क्राइम के युग में विभाग में कार्यरत महिला शिक्षकों की फ़ोटो की सुरक्षा कौन करेगा? साथ ही विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों की फ़ोटो सहित उपस्थिति से 14 साल से कम आयु के बच्चों की फ़ोटो भेजने से बाल अधिकार अधिनियम का उलंघन होगा। उसका जिम्मेदार भी शिक्षक को ही ठहराया जाएगा। जब तक इन सब समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक प्रदेश का बेसिक शिक्षक मनमाने आदेशों का बहिष्कार करता रहेगा। ज्ञापन के दौरान अध्यक्ष शकील अहमद, यतेन्द्र कन्नौजिया, अखिलेश श्रीबास्तव के साथ सैंकड़ों की तादाद में शिक्षक उपस्थित रहे।

## प्राध्यापक को उत्तरप्रदेश का बेस्ट एनसीसी अधिकारी का अवार्ड मिला

**मथुरा।** एनसीसी के 76 वां स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर उत्तरप्रदेश एनसीसी निदेशालय, लखनऊ द्वारा बीएसए कॉलेज के लेफ्टिनेंट जसवंत सिंह बेस्ट् ए एन ओ / सी एम मेडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति प्रोफेसर संजय सिंह, कुलपति बाबा बाबा साहेब अम्बेडकर केंद्रीय विश्विद्यालय लखनऊ, अपर महानिदेशक, यू पी एनसीसी निदेशालय,मेजर जनरल विक्रम कुमार (ए वी एस एम) और लखनउ ग्रुप हेड क्वार्टर के सभी अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। लेफ्टिनेंट जसवंत सिंह बीएसए महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक है। साथ ही साथ एनसीसी प्रभारी भी है। बेस्ट ए एन ओ का अवार्ड वर्ष में 1 एक बार पूरे प्रदेश से केवल एक ही एनसीसी अधिकारी को दिया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### गांव में गंदगी का अंबार, सफाई व्यवस्था पर लगा ग्रहण, ग्रामीण परेशान



**हरदोई।** विकास खंड माधौगंज क्षेत्र में जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण गंदगी का अंबार लगा है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। गंदगी से परेशान ग्रामीण कई बार जिम्मेदार लोगों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन साफ-सफाई पर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। गांव में गंदगी पसरी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं और संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। उक्त आरोप ग्राम जुरा बढ़ैयाखेड़ा के संतोष गुप्ता, ब्रजेश कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों का कहना है कि उनके घर के सामने से आने - जाने वाले रास्ते पर गंदे पानी और कचरे के ढेर लगे है। इस गंदगी से गांव में बीमारी का संक्रमण बढ़ता जा रहा है और दुर्गंध से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में सफाई कर्मी एक वर्ष में दो ही बार आता है जिससे ग्रामीणों को खुद सफाई करनी पड़ती है। ग्राम प्रधान तनू मिश्रा भी कोई ध्यान नहीं देती हैं। इस कारण लोगों को कचरे के ढेरों के ऊपर से होकर निकलना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है, क्योंकि कचरे में पानी भर जाने से दुर्गंध आती रहती है। लंबे समय से सफाई नहीं कराए जाने के कारण नाले-नालियां कचरे से भरे हुई है। नालियों में इतना कचरा भरा है कि पानी की निकासी नहीं हो पाती है और घरों का गंदा पानी रोड के ऊपर होकर बहता रहता है।

### 1 जनवरी को 18 वर्ष आयु पूर्ण कर रहे छात्र-छात्रायें

**हरदोई।** विगत 30 नवम्बर 2023 को शाहाबाद विधान सभा क्षेत्र के श्री हर्ष पाण्डेय इंटर कालेज में आयोजित स्वीप कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी शाहाबाद पूनम भास्कर ने दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया तथा कालेज में आयोजित भाषण, रंगोली व वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एसडीएम ने कहा कि जो छात्र-छात्रायें या उनके परिवारीजन 01 जनवरी 2023 को 18 वर्ष वह सभी अपने पोलिंग बूथ के विद्यालय में बीएलओ मिलकर या ऑनलाइन फार्म छः भरकर अपना मतदाता पहचान पत्र बनवायें और अपना मताधिकार अवश्य करें। उन्होने कहा कि जिस गांव-घर में एक गांव से दूसरे गांव की नव विवाहिता आयी है या अन्य कोई व्यक्ति जो कही बाहर रहते हो और अपना नाम अपने गांव के बूथ पर दर्ज कराना चाहते है वह फार्म 8 भरकर अपना नाम, बूथ या विधान सभा का संशोधन करायें।

### डीएम ने की एकमुश्त समाधान योजना की समीक्षा



**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बिजली विभाग की एकमुश्त समाधान योजना के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप उपभोक्ताओं का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। बिजली चोरी रोकने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जायें। शिथिलता बरतने वाले जूनियर इंजीनियर की जवाबदेही निर्धारित की जाए। एकमुश्त समाधान योजना को आमजन के बीच प्रचारित किया जाए। लोगों को योजना के लाभों के बारे में बताया जाए। जूनियर इंजीनियर ग्राम स्तर पर बैठक करें। प्रारंभ में ऐसे क्षेत्रों को लक्ष्य बनाया जाए जहाँ उपभोक्ताओं की संख्या अधिक हो। बिजली विभाग के प्रत्येक स्तर के अधिकारी को लक्ष्य आवंटित किया जाए। 1 लाख से 5 लाख रुपये तक के बड़े बकायेदारों के मामलों को एसडीओ सीधे देखें। 5 लाख रुपये से अधिक बकाया के मामलों को अधिशासी अभियंता सीधे देखें। उन्होंने एसडीओ सण्डीला को धीमी प्रगति को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसी विद्युत व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ठा.बांके बिहारी मंदिर को जाने वाले रास्ते पर भरा गंदा पानी

**मथुरा।** वृंदावन नगर निगम आए दिनों स्वच्छता के वादे करते हुए नजर आती रहती है। नगर निगम के द्वारा आए दिन स्वच्छता अभियान और स्वच्छता को लेकर लोगों को प्रेरित किया जाता है, लेकिन नगर निगम की यह वादे जमीनी स्तर पर साकार नहीं हो रहे है। शुक्रवार को बांके बिहारी मंदिर को जाने वाले विद्यापीठ चौराहे के समीप मुख्य मार्ग पर नाली और सीवर का पानी बहता हुआ नजर आया। उसी गंदे पानी के बीच से दूर दराज से आए हुए श्रद्धालु गुजरने को मजबूर दिखाई दिए। आपको बता दें कि बांके बिहारी मंदिर के समीप कई और मार्गो पर भी आए दिनों नाली और सीवर का पानी बहता हुआ नजर आता है। कुछ दिनों पहले ही उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ठाकुर श्री बांके बिहारी लाल के दर्शन करने पहुंचे थे। वहीं योगी आदित्यनाथ ने मथुरा वृंदावन को कई सौगातें दी है, लेकिन उसके बावजूद भी वृंदावन के हृदय स्थल बांके बिहारी मंदिर को जाने वाले मार्ग पर यह नजारा मथुरा वृंदावन नगर निगम की अभियान पर एक धब्बा लगता हुआ नजर आ रहा है।

## कृषि यंत्र वितरण हेतु किसान भाइयों से आवेदन आमंत्रित

अवधनामा संवाददाता


**मथुरा।** उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया है कि कृषि यन्त्र वितरण हेतु लाभार्थी चयन में पहले आओ पहले पाओ व्यवस्था को समाप्त करके प्राप्त बुकिंग में से ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थी चयन व्यवस्था प्रारम्भ की गई है। कृषि यन्त्रीकरण समस्त योजनाओं में कृषि यन्त्र/कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेन्टर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, थेसिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम पर अनुदान प्राप्त करने हेतु आवेदन की बुकिंग दिनांक 30.11.2023 को मध्यान्ह 12 बजे से प्रारम्भ हो गयी है। इच्छुक लाभार्थी / कृषक द्वारा दिनांक 14.12.2023 रात्रि 12.00 बजे तक आवेदन की बुकिंग की जा सकती है। इच्छुक लाभार्थी/कृषक द्वारा विभागीय दर्शन पोर्टल www.agriculture.up.gov.in पर यन्त्र पर अनुदान हेतु टोकन निकालें लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। कृषि यन्त्रों के आवेदन हेतु बुकिंग किये जाने के लिए विभागीय पोर्टल पर पूर्व से उपलब्ध मोबाइल नम्बर पर ओ0टी0पी0 प्राप्त करने का विकल्प होगा, यदि पोर्टल पर दर्ज मोबाइल नम्बर बन्द होगा तो लाभार्थी के नये मोबाइल नम्बर पर ओ0टी0पी0 प्राप्त कर आगे की प्रक्रिया पूर्ण करने का विकल्प दिया गया है। इच्छुक लाभार्थी/कृषक द्वारा 30 नवम्बर, से 14 दिसम्बर तक की अवधि में प्राप्त समस्त बुकिंग की सूची से जनपद स्तर पर जिलाधिकारी मथुरा की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष ई-लाटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जायेगा। ई-लाटरी हेतु स्थल, तिथि एवं समय की जानकारी आवेदकों के मध्य उप कृषि निदेशक, मथुरा द्वारा स्थानीय समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों के द्वारा दी जायेगी।

## खाद्य सुरक्षा विभाग का पनीर प्लांट पर छापे से हड़कंप

**मथुरा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावटखोरों के विरुद्ध चला जा रहे अभियान के तहत कोसीकला क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर स्थित सिंघल डेयरी प्लांट पर सहायक आयुक्त डॉक्टर गौरी शंकर के निर्देशन में छापा मार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा पनीर प्लांट का सघन निरीक्षण करते हुए मिलावट की आशंका होने पर पनीर, दूध,क्रीम तथा परिसर में रखे हुऐ अपमिश्रक रिफाइंड पाम ऑयल का एक-एक नमूना लिया गया। साथ ही लगभग 200 लीटर दूषित दूध को मौके पर नष्ट कराया गया। डेयरी संचालक मौके पर उपयुक्त खाद्य लाइसेंस प्रस्तुत न कर सका तथा परिसर में मानकों को ताक पर रखकर पनीर का निर्माण किया जा रहा था जिसको लेकर संचालक को नोटिस देते हुए पनीर प्लांट को बंद करने का निर्देश दिया गया है। कार्रवाई के दौरान टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसपी तिवारी तथा भरत सिंह, दलबीर सिंह ,अरुण कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं ताराचंद धारिया खाद्य सहायक उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय विज्ञान कैंप में प्रतिभाग करेंगे डीपीएस के होनहार

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** विज्ञान भारती, एनसीईआरटी तथा राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद भारत सरकार द्वारा आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन कार्यक्रम के राज्य स्तरीय विज्ञान कैंप में जो कि लखनऊ के जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल गोल्फ सिटी में आगामी 3 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है, उसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के छात्र अरिहंत जैन(कक्षा 7)एवं रिशित अग्रवाल(कक्षा 9)जनपद इटावा से प्रतिभा करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए प्रिंसिपल भावना सिंह एवम डीपीएस के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष एवम विद्यार्थी विज्ञान मंथन के जिला संयोजक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि, कि पूरे प्रदेश से इस राष्ट्रीय परीक्षा में प्रत्येक वर्ग से मात्र 20 छात्रों का ही चयन किया जाता है यह राष्ट्रीय परीक्षा बढ़ते भारत के बच्चों के लिए विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ाने तथा भविष्य के वैज्ञानिक तलाशने हेतु विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाने वाली भारत की सबसे बड़ी डिजिटल परीक्षा भी है। अब इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए आयोजित होने वाले कैंप में प्रत्येक कक्षा के दो विद्यार्थियों का चयन इसी कैंप से किया जाएगा। गर्व का विषय यह भी है कि, जिला स्तर पर चयनित इस मेरिट लिस्ट में चयनित हुए कुल 20 बच्चों में से 6 बच्चे दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के ही छात्र है जिनमे से अरिहंत जैन, रिशित अग्रवाल के साथ आदित्य धनराज निगम, श्रेयांश धनगर, उदित यादव, हर्षवर्धन यादव सभी ने जिला स्तर पर प्रतिभाग किया था जिनमे से अब छात्र अरिहंत जैन और रिशित अग्रवाल राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेंगे।

# के.के.कॉलेज, इटावा में आयोजित हुआ भव्य रोज़गार मेला

अवधनामा ब्यूरो

■ जीवन में कुछ बनना है तो हमेशा गुरू, माता-पिता का सम्मान करना होगा: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

■ आगे भी हम लोग छात्र-छात्राओं के हितार्थ ऐसे आयोजन करते रहेंगे: प्राचार्य महेंद्र सिंह



**इटावा।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की समावेशी सोच के तहत गुरुवार को जनपद के प्रतिष्ठित के.के.कॉलेज में विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल व के.के.कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में भव्य रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस रोजगार मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय शंकर वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री ओंकार नाथ वर्मा, विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट प्रभारी डॉ.प्रभात द्विवेदी, उप प्रभारी डॉ.प्रशांत त्रिवेदी, राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.श्यामपाल सिंह उपस्थित रहे। इस मेले में देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे अमेज़न, पेटीएम, लार्सन एंड टूबरो फाइनेंस, बजाज कैपिटल, शेयर खान आदि ने पंजीकृत अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि

रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रहे विधार्थियो का नौकरी के लिए चयन निष्पक्ष, पारदर्शितापूर्ण व ईमानदारी से होगा। उन्होंने कहा जो चयनित होंगे उनको मेरी ओर से बधाई, लेकिन जिनका चयन नही होता है उनको भी निराश होने की जरूरत नहीं है। उन्हें धीरज के साथ सफलता के लिए संघर्ष की जरूरत है, सफलता निश्चित ही मिलेगी। जीवन में कुछ बनना है तो हमेशा गुरू, माता, पिता का सम्मान करना होगा। हमारे देश में टेलेंट की कोई कमी नहीं है केवल सही दिशा में प्रयास की जरूरत है। के.के.कालेज के प्राचार्य प्रो.महेंद्र सिंह ने कहा कि इटावा जनपद में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्विद्यालय एवम के.के. कालेज के संयुक्त तत्वाधान में पहली बार इतने वृहद स्तर पर रोजगार मेला विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट प्रभारी डॉ.प्रभात द्विवेदी ने कहा कि विनयशीलता ही विद्वान होने की पहचान है। विद्या से विनय, विनय से अर्थ व अर्थ से ही व्यक्ति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए कहा या तो सफलता मिलेगी या अनुभव मिलेगा। विद्यार्थी इस अवसर का भरपूर लाभ उठायें। डॉ.श्यामपाल सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि के.के.कॉलेज द्वारा यह प्रशांसनीय प्रयास किया गया है। आप कोई भी कार्य कठिन परिश्रम व रणनीति के साथ करेंगे तो सफलता निश्चित मिलेगी। विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल के उप प्रभारी डॉ प्रशांत त्रिवेदी ने कम्युनिकेशन स्किल व सकारात्मक नजरिये को अपनाने हेतु जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.शिवराज सिंह यादव ने किया। एनसीसी के कैडेट्स ने सभी अतिथियों का बैज लगाकर अभिनंदन किया। साथ ही कालेज के शिक्षको द्वारा मुख्य अतिथि संजय कुमार वर्मा सहित अन्य अतिथियों का मालों, बुके एवम प्रतीक चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलन कर किया गया। साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले 1100 छात्र छात्राओं में से 417 का अंतिम चयन व 597 को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्लेसमेंट प्रभारी प्रो.रामशंकर द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट सेल से अभिषेक राठौर, सुनील द्विवेदी, सुश्री अपराजिता, सुधीर व मयंक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रो ओमकुमारी, प्रो.उदयवीर सिंह, प्रो. सुनील सिंह सेंगर, डॉ.अनिल यादव, डॉ.सुशील वर्मा, डॉ.सुजीत कुमार, प्रो.पदमा त्रिपाठी, प्रो.मनोज गुप्ता, डॉ.सुरभि सिंह, प्रो.साज़िया अख्तर, डॉ.सनोज कुमार, डॉ.अनिल त्रिपाठी, प्रो.राजवीर सिंह, डॉ.अनुपम कुमार, डॉ.मिथिलेश सिंह, डॉ.हिमाशु कुमार, डॉ.सुभाष सिंह, डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ.प्रदीप कुमार, कौशलेन्द्र यादव, संदीप, मधुसूदन सिंह, पवन वर्मा, अखिलेश वर्मा, श्रीमती रतन कुमारी, संदीप वर्मा, राजेश बाबू, अवनिन्द्र मोहन, आशीष पटेल, तरुण वर्मा, आलोक पटेल, ब्रजेन्द्र सिंह वर्मा, लोकेश वर्मा, शालू वर्मा आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी प्राचार्य प्रो.महेंद्र सिंह ने दी।

## इस योजना में वार्षिक आय का प्रतिबंध नहीं है

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिला प्रबंधक उ.प्र.अनु. जाति वित्त एवं विकास निगम लि., रविंद्र कुमार शशि ने बताया कि, उ.प्र.अ.जाति वित्त एवं विकास निगम लि.के माध्यम से संचालित प्रधानमंत्री अभ्युदय योजना (ग्रांट इन एड)संचालित है, जिसमें अनुसूचित जाति के बेरोजगार युवक, युवतियों को कलस्टर में परियोजनायें स्थापित करने हेतु कौशलवृद्धि का प्रशिक्षण दिलाकर बैंकों के माध्यम से ऋण दिलाकर परियोजना स्थापित कराई जाएगी। जिसमें अधिकतम रुपया 50 हजार अनुदान दिया जाएगा। इस योजना में वार्षिक आय का प्रतिबंध नहीं है, परंतु रुपए 2.50 लाख तक वार्षिक आय वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है। मल्टी स्किल टेक्नीशियन, महिला कैब ड्राइवर कम डेस्टिनेशन टूरिस्ट गाइड, बायो टॉयलेट, इलेक्ट्रिक 03 व्हीलर, मोबाइल ढाबा/बड़ा Food Truck, मोबाइल ढाबा/छोटा Food Truck इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष के मध्य है, प्रशिक्षण प्राप्त कर कलस्टर में ऋण प्राप्त करना चाहते हैं वह निगम के पोर्टल http://grant-in-aid.upscfdc.in पर ऑनलाइन आवेदन कर हार्ड कॉपी के साथ नवीनतम दो फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, आई.एफ.एस.सी.कोड, जाति प्रमाण-पत्र व आय प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न कर अपने विकास खंड के सहायक विकास अधिकारी (स0क0) के पास तथा नगरी क्षेत्र के निवासी कक्ष संख्या 062 विकास भवन इटावा स्थित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण हुआ

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बीसीए कॉलेज में शिक्षक संघ की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ जिसमें डॉ. एस.के.सिंह (अध्यक्ष)डॉ. अशोक कुमार गोला (सचिव)

डॉ एस.के.कटारिया(उपाध्यक्ष), डॉ संध्या अग्रवाल (उपाध्यक्ष), कार्यकारिणी सदस्य डॉ रवीश शर्मा,डॉ ए पी सिंह ,डॉ विनोद कुमार, डॉ. तरुना मोहानी, डॉ वारिश, डॉ अंकुश कुमार, डॉ लावण्य कौशिक को बी.एस.ए.?कॉलेज मथुरा के पंडित मदनमोहन मालवीय सभागार में नव गठित शिक्षक संघ बी.एस.ए. कॉलेज,मथुरा के शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर जिला न्यायाधीश श्रीमती नीरू शर्मा,अध्यक्ष श्री आर.एस.गौतम, विशिष्ट अतिथि डॉ. संजीव यादव जिला एड्स एवं नियन्त्रण अधिकारी मथुरा एवं डॉ. अशोक कुमार अपर मुख्य चिकित्साधिकारी मथुरा मां सरस्वती जी एवं महाविद्यालय के संस्थापक बाबू शिवनाथ अग्रवाल के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया तत्पश्चात नव गठित शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को अपर जिला न्यायाधीश श्रीमती नीरू शर्मा के द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात् शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का शिक्षक संघ के साथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। नव गठित शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि अपर जिला न्यायाधीश ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक संघ का उद्देश्य महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की समस्याओं को प्राचार्य तक पहुंचाना और उसका समयानुसार समुचित समाधान कराना है। शिक्षक संघ का शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक रुप से कार्य करना ही प्राथमिकता होगी। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ एस.के.सिंह एवं सचिव डॉ अशोक गोला ने प्राचार्य के समक्ष शिक्षकों की पूर्व से लंबित मांगों को रखा मुख्य रूप से (बायोमेट्रिक से हाजिरी एवं लंबित एरियर )तो प्राचार्य महोदय ने शिक्षकों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व से लंबित मांगों का तत्काल समाधान किया। वहां पर उपस्थित सभी शिक्षकों ने प्राचार्य के प्रति एक स्वर से आभार व्यक्त किया।

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**इटावा।** सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत जन सहयोगी इंटर कॉलेज पृथ्वीपुर में भाषण, पोस्टर मेकिंग तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने तीनों प्रतियोगिताओं में बड़े उत्साह से प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता तथा शुक्रवार को संपन्न हुई पोस्टर मेकिंग एवम निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य ने सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता में दुर्घटना दुर्घटना के कारण तथा निवारण पर 5 मिनट भाषण में अपनी बात रखी।

बच्चों ने सड़कों की बुरी दशा और घटिया सड़कों के निर्माण, जल्दीबाजी ओवर स्पीड को सड़क दुर्घटना का कारण बताया। हिंदी अध्यापक भगवान दास÷प्रशांत÷ने सभी बच्चों को समझाया कि घर जाकर अपने अभिभावकों और भाइयों को बताएं कि बिना हेलमेट के बाहन ना चलाएं, क्योंकि देश में बहुत बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटना का कारण दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट ना होना तथा कार चलाते समय मोबाइल का प्रयोग और सीट बेल्ट न बांधना है। भाषण प्रतियोगिता में अनन्या कक्षा 10 प्रथम, कार्तिकेय कक्षा 6 द्वितीय तथा रिया कक्षा 8 ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## सीडीओ द्वारा किया गया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी द्वारा प्राथमिक विद्यालय कन्जड़पुरवा ब्लाक टड़ियावां, आंगनवाड़ी केन्द्र कंजड पुरवा एवं विकास खण्ड कार्यालय सुरसा तथा अस्थायी पशु आश्रय स्थल उमरापुर का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय कन्जड़पुरवा में पंजीकृत 136 बच्चों के सापेक्ष 70 बच्चे उपस्थित पाये गये। विद्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने रिक्त भूमि पर किचेन गार्डेन बनाये जाने के निर्देष दिये। शौचालय का निरीक्षण करने पर गन्दे पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा इंचार्ज प्रधानाध्यापक ममता तिवारी को सचेत करते हुए दैनिक साफ-सफाई कराने के निर्देष दिये। आंगनवाड़ी केन्द्र कन्जड़पुरवा में पंजीकृत 40 बच्चों के सापेक्ष मात्र 08 बच्चे ही उपस्थित पाये गये साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकत्री उर्मिला देवी अनुपस्थित थीं। मौके पर बच्चों के शिक्षण कार्य हेतु केन्द्र को उपलब्ध करायी गयी सामग्री, वजन मषीन एवं लंबाई मापने का उपकरण पैक करके रखे गये थे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि आंगनवाड़ी केन्द्र का संचालन ठीक प्रकार से नहीं किया जाता और न ही उपकरणों एवं अध्ययन सामग्री का प्रयोग किया जाता है। केन्द्र पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक वालपेन्टिंग भी नहीं करायी गयी थी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्री उर्मिला का मानदेय बाधित करते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देषित किया गया। तदोपरांत विकास खण्ड कार्यालय सुरसा का निरीक्षण किया गया तथा स्थापना पटल के अभिलेख अधूरे पाये जाने पर पटल सहायक कामता प्रसाद का वेतन अभिलेख पूर्ण होने तक बाधित कर दिया गया। इसके अतिरिक्त ब्लाक परिसर में स्थापित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों का रख-रखाव अव्यवस्थित पाये जाने पर बाल विकास परियोजना अधिकारी मंजू वर्मा को चेतावनी देते हुए अभिलेखों का रख-रखाव सुव्यवस्थित ढंग से कराये जाने के निर्देष दिये गये। अस्थायी गौ आश्रय स्थल उमरापुर काा निरीक्षण करते हुए जाड़े में पषुओं हेतु तिरपाल की व्यवस्था कराने तथा साड़ों की संख्या अधिक पाये जाने पर गाय एवं साड़ हेतु गौषाला में पृथक-पृथक व्यवस्था कराने हेतु खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायतसचिव को निर्देष दिये गये। निरीक्षण के समय सुशील कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, सुरसा डा0 शालिनी पाण्डेय, पशु चिकित्सा अधिकारी, सुरसा, रजनीकांत सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं शिव ओम पाण्डेय, ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## बरसाना: छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता


**मथुरा।** बरसाना लाडली जी मंदिर पर बुधवार की रात्रि आपात कालीन घंटी बजाकर माहौल खराब करने के आरोप में मंदिर सेवायत सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज। स्थानीय लोगों की तहरीर पर पुलिस ने सेवायत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। राधारानी मंदिर पर सेवा पूजा को लेकर दो भाईयों में झगड़ा चल रहा था। सेवायत स्व. नत्थो गोस्वामी की 13 दिन की सेवा पूजा को लेकर उसके दो पुत्र देवकी नंदन गोस्वामी व ईश्वर चंद गोस्वामी के मध्य विवाद चल रहा था। इस दौरान नत्थों गोस्वामी का छोटा पुत्र ईश्वर चंद अपने बड़े भाई को उसके हिस्से की सेवा पूजा देना नहीं चाह रहा था। बुधवार की रात्रि करीब नौ बजे बरसाना पुलिस ईश्वर चंद से सेवा पूजा के विवाद को लेकर उसे समझाने मंदिर पहुंची। जहां ईश्वर चंद गोस्वामी ने मंदिर की आपात कालीन घंटी बजाकर माहौल खराब कर दिया। मंदिर पर रात्रि में आपात कालीन घंटी बजने पर स्थानीय लोग भी काफी संख्या में मंदिर पहुंच गए। स्थानीय निवासी हरिओम छोंकर ने मंदिर सहित कस्बे का माहौल खराब करने के आरोप में सेवायत ईश्वर चंद गोस्वामी, हरी बाबू निवासी बंगाली घाट मथुरा सहित छह अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की तहरीर पर सेवायत व उसके जीजा सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# लंबे समय तक बैठे रहने से खराब हो सकता बॉडी पॉश्चर, इन एक्सरसाइज से मिलेगा आराम

गलत पोजिशन या फिर पूरा दिन एक जगह पर बैठे रहने से हमारा बॉडी पॉश्चर खराब हो जाता है। ऐसे में इससे बचने के लिए आप योग व एक्सरसाइज का सहारा ले सकती हैं। एक्सरसाइज और योग को अपने डेली रूटीन में शामिल कर खराब बॉडी पोश्चर को ठीक किया जा सकता है।

बेहतर बॉडी पॉश्चर हमारी पर्सनैलिटी को इन्हेन्स करने का काम करता है। इसके साथ ही सह शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी, बैलेंस और स्ट्रेंथ को भी बनाए रखने में सहायक होता है। जब हमारा बॉडी पॉश्चर बेहतर होता है, तो मांसपेशियों में दर्द की समस्या काफी हद तक कम होती है। साथ ही हम पूरा दिन एनर्जी से भरपूर होते हैं। बॉडी पॉश्चर यदि बेहतर होता है, तो यह मांसपेशियों में होने वाले तनाव को कम करता है। इससे आप इंजरी या अन्य तरह की समस्याओं से खुद को बचा सकते हैं।

बता दें कि गलत पोजिशन या फिर पूरा दिन एक जगह पर बैठे रहने से हमारा बॉडी पॉश्चर खराब हो जाता है। इससे कमर दर्द, पीठ दर्द या फिर गर्दन में दर्द होने की समस्याएं शुरू हो जाती है। ऐसे में आप एक्सरसाइज और योग का सहारा ले सकती हैं। एक्सरसाइज और योग को अपने डेली रूटीन में शामिल कर खराब बॉडी पोश्चर को ठीक किया जा सकता है। इनमें से कुछ एक्सरसाइज ऐसी भी होती हैं, जिनको आप घर पर बैठे-बैठे भी कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं इन योग और एक्सरसाइज के बारे में...



***फॉर्वड फोल्ड***

इस एक्सरसाइज को करने के लिए पैरों की उंगलियों को छुएं और इस दौरान एड़ियों को थोड़ा अलग रखें। फिर कूल्हे तक अपने हाथों को लाएं और कूल्हों को आगे की ओर मोड़ें।

अब हाथों को फर्श पर रखें या फिर उनको ब्लॉक कर रखें। इस दौरान अगर हाथ फर्श पर टच नहीं हो रहे हैं, तो हाथ सिर्फ उतना ही आगे बढ़ाएं जितना आप आसानी से बढ़ा सकते हैं।

घुटनों को थोड़ा सा मोड़कर कूल्हों के जोड़ों को नरम करें और रीढ़ को लंबा करें। इसके बाद ठोड़ी को छाती से छूने का प्रयास करें, वहीं सिर को जमीन पर हैंग होने दें। इस पोजिशन में एक मिनट रहने के बाद सामान्य स्थिति में वापस आ जाएं।

***चेस्ट ओपनर***

इस एक्सरसाइज को करने के लिए हिप-विड्थ के अलावा अपने पैरों के साथ खड़े हो जाएं। आप चाहें तो इसको चेयर पर बैठकर भी कर सकती हैं।

अब छाती के सामने दोनों हाथों को लाते हुए स्ट्रेच करें।

अब सांस छोड़ते हुए हाथों को फैलाएं।

इस पोजिशन को 5 ब्रीद तक करते हुए गहरी सांस लें।

इस प्रक्रिया को 10 बार करें और फिर कुछ समय में लिए रिलैक्स भी करें।

***डाउनवर्ड-फेसिंग डॉग***

इस एक्सरसाइज के लिए फर्श पर लेट जाएं और हाथों को दबाएं। वहीं पैर की उंगलियों के नीचे टक करते हुए एड़ी को ऊपर उठाएं।

इस एक्सरसाइज के दौरान कंधे और हाथ को एक सीध में रखना है। वहीं आपके पैर हिप्स की सीध में रहेंगे।

अब अपने हाथों को नीचे जमीन की तरफ दबाएं और गर्दन को लंबा खींचने का प्रयास करें।

इस स्थिति में 1 मिनट के लिए होल्ड करें।

***पिजन पोज***

सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं और एक पैर को घुटने से मोड़ें। अब पैर को ऊपर की तरफ खींचें।

फिर दाहिने घुटने को मोड़ते हुए दाहिनी कलाई पीछे रखें, जिससे बाएं पैर से दाहिना पैर आगे निकल जाए।

अब बाएं पैर को पीछे ले जाते हुए घुटने को सीधा करें और जांघ को फर्श पर टिकाएं।

इस दौरान आपका बायां पैर सीधा पीछे की तरफ फैला हो, इस पोजीशन को 1 मिनट तक होल्ड रहें।

***ग्लूट एक्सरसाइज***

इस एक्सरसाइज को करने के लिए घुटनों के बल झुकें और कूल्हे-डिस्टेंस के अलावा पैरों को भी अलग रखें।

बता दों पैरों को कूल्हों से करीब 1 फुट की दूरी पर रखें।

अब हथेलियों को नीचे रखते हुए शरीर के साथ हाथों को भी आराम दें।

फिर सांस छोड़ते हुए पैरों को कूल्हों के पास लाएं।

अब 10 सेकेंड के लिए इस स्थिति को होल्ड करें और अपने कूल्हों से दूर ले जाएं।

इस एक्सरसाइज को रोजाना कुछ देर के लिए जरूर करना चाहिए।

# तमाम कोशिशों के बाद भी सुबह उठने में होती है परेशानी, इन टिप्स की मदद से मिनटों में खुल जाएगी नींद



सुबह उठने के कई फायदे होते हैं। सुबह जल्दी उठने से हमारा शरीर पूरा दिन एनर्जी से भरपूर होता है। इसके अलावा यह सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। कहते हैं कि सफल लोगों की पहचान सुबह समय से उठना होती है। सुबह जल्दी उठने से हमारे शरीर को कई फायदे मिलते हैं। लेकिन सुबह के समय उठना तो सभी चाहते हैं, लेकिन किसी न किसी कारण से ऐसा नहीं हो पाता है। तो वहीं कुछ लोग अलार्म लगाकर सोते हैं। लेकिन जब दूसरे दिन अलार्म बजता है, तो आलस के कारण हम नहीं उठ पाते हैं। वहीं अलार्म भी बजते-बजते बंद हो जाता है। बता दें कि सुबह न उठने का सबसे बड़ा कारण आलस होता है। जो हमको सुबह जल्दी उठने से रोक देता है। वहीं सर्दियों के मौसम में सुबह जल्दी उठना किसी मुश्किल काम से कम नहीं है। हांलाकि सुबह उठने के कई फायदे होते हैं। सुबह जल्दी उठने से हमारा शरीर पूरा दिन एनर्जी से भरपूर होता है। इसके अलावा यह सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। हमारे घर के बड़े-बुजुर्ग खुद भी सुबह जल्दी उठते हैं और परिवार के अन्य लोगों को भी सुबह जल्दी उठने की सलाह देते हैं। ऐसे में अगर आप भी सुबह जल्दी उठने की कोशिश करते हैं, लेकिन आलस के कारण नहीं उठ पाते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सुबह जल्दी उठने के कुछ टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको फॉलो कर आप सुबह जल्दी उठ सकते हैं।

***सुबह जल्दी उठने के टिप्स***

***न खाएं देर रात खाना***

अगर आप भी सुबह जल्दी उठना चाहते हैं, तो रात में देर से खाना खाने से परहेज करें। क्योंकि कुछ लोग डिनर के बाद स्नैक्स आदि खाना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आपको भी यह आदत लगी है, तो आपको इसे छोड़ना होगा। क्योंकि सोने से कुछ देर पहले स्नैक्स खाने से, यह अच्छे से पचेगा नहीं। साथ ही हो सकता है कि आपके पेट में कुछ हलचल हो, जिससे कि आपको नींद नहीं आएगी। ऐसे में जब आप समय से सो नहीं पाएंगे, तो सुबह जल्दी उठ भी नहीं पाएंगे।

***न करें फोन का इस्तेमाल***

अगर आप देर रात तक फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको नींद आने में परेशानी हो सकती है। क्योंकि अगर आप रात में लगातार फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो इसका सीधा अर्थ है कि आप अपनी नींद का समय आगे बढ़ा रहे हैं। इसलिए सोने से करीब 2 घंटे पहले से फोन का इस्तेमाल करना बंद कर देना चाहिए। इससे आपको अच्छे और बेहतर नींद आएगी। साथ ही जब आप समय पर सोएंगे तो सुबह उठने में भी परेशानी नहीं होगी। इसके साथ ही सोने के दौरान फोन का इंटरनेट बंद करके सोना चाहिए। जिससे फोन पर आने वाले मैसेज आदि से आपकी नींद खराब न हो।

***बायलॉजिकल क्लॉक***

आपको बता दें कि जब आप एक समय पर सोते हैं और एक ही समय पर जागते हैं, तो इस समय की बायलॉजिकल क्लॉक को आदत हो जाती है। ऐसे में यह रुटीन फॉलो न करने पर आपको उबासी आने लगती है और अगले दिन अपने समय पर आंख खुल जाती है। इसलिए प्रयास करें कि कम से कम 7-8 घंटे की नींद जरूर लें।

***ऐसे भगाएं आलस***

अगर आप भी सुबह जल्दी उठ जाते हैं और फिर दोबारा सोने लगते हैं, तो आपको अपनी इस आदत को बदलना चाहिए। क्योंकि अगर आप सुबह उठने के बाद बिस्तर पर ही रहते हैं, तो आपको फिर से नींद आना लाजमी है। ऐसे में आप उठने के बाद कमरे की लाइट जला सकते हैं, क्योंकि लाइट की रोशनी से नींद धीरे-धीरे चली जाएगी। या फिर आप उठने के बाद थोड़ी देर टहल सकते हैं, इससे आप आपको दोबारा नींद नहीं आएगी।

***इन बातों का रखें खास ख्याल***

सुबह समय से उठना और खुशी से उठना इस बात पर निर्भर करता है कि आप रात में किस तरह से सोते हैं। अगर आप रात में चैन की नींद लेना चाहते हैं, तो आप अपने कमरे को पर्याप्त ठंडा रखें, कंफर्टेबल कपड़े पहने और बिना किसी टेंशन के सोएं। वहीं रात में ज्यादा खाना खाने से बचना चाहिए। क्योंकि अगर आपका पेट ज्यादा भारी होगा, तो आपको सोने में दिक्कत होगी।

# बालों की हर समस्या के लिए रामबाण इलाज है ये हेयर मास्क, हेल्दी और जानदार होंगे बाल

ड्राई और डैमेज बालों से निजात पाने लिए लोग कई तरीके अपनाते हैं, लेकिन मनमुताबिक रिजल्ट न मिलने पर निराश होते हैं। ऐसे में हेयर मास्क बालों के लिए अच्छा माना जाता है। इसकी डीप कंडीशनिंग बालों की स्थिति को बेहतर करने का काम करता है।

अधिकतर लोग बालों से जुड़ी समस्याओं से परेशान रहते हैं। कई बार हेयर फॉल आदि से भी लोग परेशान रहते हैं। लेकिन हेयर मास्क बालों के लिए अच्छा माना जाता है। इसकी डीप कंडीशनिंग बालों की स्थिति को बेहतर करने का काम करता है। हेयर मास्क मे आप कई घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में अगर आप भी घर पर बने हेयर मास्क का इस्तेमाल कर बालों को हेल्दी रखने के साथ ही अच्छी ग्रोथ भी दे सकते हैं।


ड्राई और डैमेज बालों से निजात पाने लिए लोग केले का इस्तेमाल करते हैं। केला अपने मॉइश्चराइजिंग गुणों के लिए जाना जाता है। यह आपके बालों को पर्याप्त पोषण और हाइड्रेशन देने का काम करता है। केले में विटामिन बी-6, विटामिन सी, पोटेशियम, मैग्नीशियम, और प्रोटीन भरपूर मात्रा में पाई जाती है। ऐसे में इनका इस्तेमाल कर आप अपने बालों को सुंदर और स्वस्थ बना सकते हैं। ऐसे आज इस आर्टिकल में आपको 5 ऐसे हेयर मास्क के बारे में बताने जा रहे हैं, जो न सिर्फ आपके बालों को झड़ने बल्कि ड्राय होने की समस्या से भी निजात दिलाएंगे।

***केले और शहद का हेयर मास्क***

अगर आपके बालों में ड्रायनेस आ गई है, तो आपको केले और शहद का हेयरमास्क काफी फायदा पहुंचाएगा। यह हेयर मास्क आपके बालों को नमी के साथ जोड़ने का काम करेगा। इस हेयर मास्क को बनाने के लिए दे पके केले मैश कर लें। फिर मैश किए हुए केले में द बड़े चम्मच शहद मिलाएं। इसको अच्छे से फेंट लें, ताकि कोई गुठली न रह जाएं। अब इस मिश्रण को अपने बालों पर अप्लाई करें और इसे शॉवर कैप स ढक दें। करीब आधे घंटे बाद बालों को धो लें।

***पपीता, केला और शहद का हेयर मास्क***

अगर आपके बालों की शाइन खो गई है, तो आपको पपीता, केला और शहद का हेयर मास्क जरूर ट्राई करना चाहिए। यह मास्क प्रोटीन से भरपूर होता है, जो आपके बालों को शाइन देने के साथ उनको मजबूती देने का काम करता है। इस हेयर मास्क को बनाने के लिए सबसे पहले एक पके हुए केले को मैश कर लें। फिर उसमें 4-5 क्यूब पका हुआ पपीता डालकर इसे भी अच्छे से मैश कर लें। अब इसमें 2 चम्मच शहद मिलाकर इसको अपने स्कैल्प और बालों पर अप्लाई करें। इस मास्क को लगाने के बाद बालों को कैप से कवर कर लें। कुछ समय बाद गुनगुने पानी से बालों को धो लें।



***केला और नारियल के दूध का हेयर मास्क***

अगर आप भी अपने बालों की डीप कंडीशनिंग करना चाहते हैं, तो आपको केला और नारियल के दूध से बना हेयर मास्क ट्राई करना चाहिए। इस मास्क को लगाने के बाद आपके बाल मुलायम और चिकने दिखते हैं। इस हेयर मास्क को बनाने के लिए आधा कप ताजे नारियल के दूध में 2 पके हुए केले मैश कर लें। आप चाहें तो इसमें शहद भी मिला सकते हैं। फिर इस हेयर मास्क को अपने बालों की जड़ों पर लगाकर धीरे-धीरे मालिश करें। आधे घंटे बाद किसी माइल्ड शैंपू से बालों को धो लें।


***केला, दही और शहद का हेयर मास्क***

जहां केले के इस्तेमाल से बालों में नमी आती है, तो वहीं दही हमारे बालों के लिए नेचुरल कंडीशनर की तरह काम करता है। इसके साथ ही शहद बालों को नेचुरल मॉइश्चराइजर देने का काम करता है। इन तीनों चीजों से बने हेयर मास्क को लगाने से बालों को मॉइश्चराइज मिलता है और डैंड्रफ से छुटकारा मिलता है। इस मास्क को बनाने के लिए पके हुए केले को मैश कर लें। फिर मैश किए हुए केले में 4-5 चम्मच दही और 1-2 चम्मच शहद मिला लें। अब इन्हें अच्छे से मिक्स कर इस मास्क को अपने बालों की जड़ों पर लगाएं। 20-25 मिनट तक बालों पर इसे लगाए रखने के बाद शैंपू से धो लें।

***केला, अंडा और शहद का हेयर मास्क***

अंडे में प्रोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह बालों के विकास के लिए काफी अच्छा होता है। केला, अंडा, और शहद से मिलकर बना हेयर मास्क सूखे बालों को मॉइश्चराइजेशन देने का काम करता है। इस मास्क को बनाने के लिए पके हुए दो केले को अच्छे से मैश कर लें, फिर इसमें एख अंडा डाल दें। अब दो चम्मच शहद डालने के बाद इसको अच्छे से ब्लेंड कर लें। वहीं अगर आपको अंडे की स्मेल पसंद नहीं है, तो खुशबू के लिए आप इसमें नींबू, संतरा या फिर लेवेंडर ऑयल मिला सकते हैं। फिर इस पेस्ट को ब्रश की मदद से बालों की लेंथ में अप्लाई करें। 20 मिनट तक इस मास्क को लगाए रहने के बाद शैंपू से बालों को धो लें।

# लिवर में गंदगी जमा होने पर दिखते हैं ऐसे लक्षण, इन फूड्स की मदद से करें डिटॉक्स




लिवर को मजबूत और स्वस्थ बनाने में फिजिकल एक्टिविटी और एक्सरसाइज का अहम रोल होता है। ऐसे में अगर आप भी लिवर डिटॉक्स करना चाहते हैं, तो हम आपको बताने जा रहे हैं कि कब और कैसे लिवर को डिटॉक्स करना चाहिए।

लिवर हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग होता है। क्योंकि लिवर हमारे शरीर से जहरीले रसायन यानी की टॉक्सिन को बाहर निकालने का काम करता है। इसके अलावा यह पित्त का उत्सर्जन कर इंजाइम को सक्रिय करता है। इसके अलावा यह प्रोटीन और कोलेस्ट्रॉल के उत्पादन में भी सहायक होता है। लीवर विटामिन ए, मिनरल्स और आयरन का स्टोरेज भी करता है। वहीं लिवर को मजबूत और स्वस्थ बनाने में फिजिकल एक्टिविटी और एक्सरसाइज का अहम रोल होता है।

लिवर को साफ करने के लिए लिवर डिटॉक्स की आवश्यकता होती है। ऐसे में लिवर को समय-समय पर साफ करना बहुत जरूरी होता है। ऐसे में अगर आप भी लिवर डिटॉक्स करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि कब और कैसे लिवर को डिटॉक्स करना चाहिए।

***कब करना चाहिए लिवर डिटॉक्स***

*मुंह व शरीर से बदबू आना*
*तनाव व चिंता होना*
*अनहेल्दी फील करना*
*त्वचा पर खुजली होना*
*गैस और पेट फूलना*
*मूड स्विंग होना*
*एनर्जी की जरूरत*
*दाने-धब्बे होना*
*मीठे की क्रेविंग*
*पेट में गड़बड़*

***जानिए क्या है लिवर डिटॉक्स***

आपको बता दें कि लिवर डिटॉक्स क्लींज और फ्लश का एक ऐसा प्रोसेस हैं, जो आपके शरीर से टॉक्सिंस यानी की विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके अलावा वेट कम करने और सेहत को बेहतर बनाता है। अगर आपको बार-बार एलर्जी आदि हो रही है, तो समझ जाना चाहिए कि आपके लिवर को डिटॉक्स की जरूरत है।

***कैसे करें लिवर डिटॉक्स***

***गर्म पानी और नींबू***

अगर आप गर्म पानी में नींबू मिलाकर पीते हैं, तो यह आपके लिवर को साफ करने में मदद करता है। यह आपके शरीर से टॉक्सिन पदार्थ को बाहर निकालता है। लिवर डिटॉक्स के लिए सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पीने से जबरदस्त लाभ मिलता है।

***हल्दी का सेवन***

हल्दी में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी लिवर डिटॉक्स करना चाहते हैं, तो हल्दी का सेवन बढ़ा देना चाहिए। बता दें कि हल्दी एंजाइम बूस्टर का काम करती है। इसके सेवन से पेट के अंदर गए टॉक्सिन पदार्थ बाहर निकल जाते हैं।

***सब्जियों का सेवन***

ब्रोकली, सरसों का साग, पालक और गहरे रंग की सब्जियों में क्लींजिंग कंपाउंड पाया जाता है। इसके सेवन से शरीर विषाक्त पदार्थ खत्म हो जाते हैं और लिवर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। ऐसे में आप चाहें तो लिवर डिटॉक्स के लिए इन सब्जियों के जूस का भी सेवन कर सकते हैं।

***आंवला***

आंवले का जूस हमारे लिवर को साफ करने में फायदेमंद होता है। आंवला में एंटी ऑक्सीडेंट्स पाया जाता है। जो हमारे शरीर से टॉक्सिन पदार्थ को बाहर निकालने में मदद करता है।

***चिया सीड्स ओट्स खिचड़ी***

इसके अलावा लिवर डिटॉक्स के लिए आपको चिया सीड्स और ओट्स से बनी खिचड़ी का सेवन करना चाहिए। यह फाइबर की तरह काम करता है और लिवर की सफाई में मदद करता है। चिया सीड्स और ओट्स से बनी खिचड़ी लिवर में चिपके जिद्दी फैट और ट्राईग्लिसराइड को कम करता है।

# दांतों को हेल्दी और सुरक्षित रखने के लिए ऐसे करें देखभाल, मोतियों की तरह चमकेंगे दांत

हर वर्ग के लोगों को दांतों का खास ख्याल रखना चाहिए। जिससे कि यह लंबे समय तक हेल्दी रहें। क्योंकि जब आपके दांत हेल्दी और मजबूत होंगे, तो आप भी स्वस्थ रहेंगे। दांतों का सीधा कनेक्शन हमारे दिल की सेहत के साथ जुड़ा होता है।

हमारे शरीर में दांत काफी ज्यादा सेंसिटिव होते हैं। दांतों का हमें खास ख्याल रखना होता है। लेकिन अधिकतर लोगों को दांतों का ख्याल उस दौरान आता है, जब उनको कुछ समस्या शुरू हो जाती है। आज के समय में हर वर्ग के लोग दांतों की समस्या से परेशान रहते हैं। बता दें कि दांतों का सीधा कनेक्शन हमारे दिल की सेहत के साथ जुड़ा होता है। आप ने भी यह नोटिस किया होगा कि जब दांत में दर्द होता है, तो इसके साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों जैसे, सिर, कान आदि में भी दर्द होने लगता है। इसलिए दांतों को स्वस्थ रखना बेहद जरूर है।

ऐसे में एक बड़ा सवाल यह भी है कि अपने दांतों का ख्याल कैसे रखें। हर वर्ग के लोगों को दांतों का खास ख्याल रखना चाहिए। जिससे कि यह लंबे समय तक हेल्दी रहें। क्योंकि जब आपके दांत हेल्दी और मजबूत होंगे, तो आप भी स्वस्थ रहेंगे। तो आइए जानते हैं कि दांतों का किस तरह से ख्याल रखना चाहिए। वहीं डॉक्टर्स की मानें तो दांतों की आसानी से देखभाल की जा सकती है। इसके लिए आपको कुछ आसान से टिप्स फॉलो करने हैं। वहीं इसके बाद भी अगर कुछ समस्या होती है, तो फौरन डेंटिस्ट से संपर्क करना चाहिए।

***ऐसे रखें दांतों का ख्याल***

आपको बता दें कि दांतों की परेशानी का मुख्य कारण इनेमल लेयर नामक सुरक्षा परत का खत्म हो जाना या फिर हट जाना। हमारे दांतों की सुरक्षा इनेमल लेयर करती है। लेकिन दांतों का ख्याल न रखने पर आपके दांतों की समस्या शुरू हो सकती है।

***ब्रश का सही इस्तेमाल***

दांतों की सुरक्षा के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आप सही ब्रश का चुनाव करें। हमेशा दांतों को साफ करने के लिए मुलायम ब्रश का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके साथ ही ब्रश करते समय ध्यान रखें कि आपको ब्रश अपने दांतों पर रगड़ना नहीं है, बल्कि हल्के हाथों से दांतों पर ब्रश का इस्तेमाल करें।

***ज्यादा न लें शुगर***

शुगर यानी की मीठा, न सिर्फ आपके शरीर बल्कि आपके दांतों के लिए भी मीठा हानिकारक होता है। इसलिए प्रयास करें कि आप कम से कम शुगर का सेवन करें। वहीं चिपचिपे पदार्थों को खाने से बचना चाहिए। अगर आप कुछ मीठा या चिपचिपा खाना खाते हैं, तो उसके बाद कुल्ला करना ना भूलें।

***ब्रश जरूर करें***

हम सभी को दिन में दो बार ब्रश जरूर करना चाहिए। इसके साथ ही रात को ब्रश जरूर करें। क्योंकि रात में खाना खाने के बाद यदि आप ब्रश नहीं करते हैं, तो मुंह में मौजूद बैक्टीरिया आपके दांतों को कमजोर बना सकते हैं। इसलिए बैक्टीरिया को खत्म करने के लिए आप पानी में हाइड्रोजन पैराक्साइड मिलाकर कुल्ला करें। इससे मुंह के बैक्टीरिया साफ हो जाएंगे।

***जरूर लें पौष्टिक आहार***

हर व्यक्ति को अपनी डाइट में फलों को जरूर शामिल करना चाहिए। क्योंकि फलों में एंजाइम और दूसरे जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो हमारे दांतों को नेचुरल तरीके से साफ करते हैं। खासतौर पर हमारे दांतों के लिए विटामिन सी से भरपूर फल अच्छे होते हैं। यह ना सिर्फ हमारी सेहत बल्कि दांतों के लिए भी फायदेमंद होता है।

***पर्याप्त पानी पिएं***

बता दें कि पानी एक नेचुरल माउथवॉश का काम करता है। जब आप पानी पीते हैं, तो यह आपके मुंह को समय-समय पर साफ करता रहता है। इससे आपके दांतों पर चाय-कॉफी या किसी अन्य खाने-पीने की चीजों के दाग नहीं पड़ते हैं।



# सरकार का फिर चला पैसों के बदले नौकरी घोटाले मामले में चाबुक, 15 एसीएस और एपीएस अधिकारी बर्खास्त

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने 2014 में असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) पैसों के बदले नौकरी घोटाले को लेकर बड़ी कार्रवाई की



है। उसने इस मामले में कथित संलिप्तता को लेकर राज्य सिविल सेवा और पुलिस सेवा के 15 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। गुरुवार को जारी आदेशों के माध्यम से निलंबित किए गए 15 अधिकारियों में से 11 असम पुलिस सेवा (एपीएस) से हैं और बाकी असम सिविल सेवा (एएससी) से हैं।

**पिछले हफ्ते भी किया था गिरफ्तार**

गौरतलब है, पिछले हफ्ते असम पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने 2014 में असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) कैश-फॉर-जॉब घोटाले के सिलसिले में दो सिविल सेवकों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार दोनों सिविल सेवकों से गुवाहाटी में असम पुलिस की विशेष शाखा (एसबी) में पूछताछ जारी है। जबकि एसआईटी के समक्ष पेश होने के लिए कई अन्य को समन जारी किया गया है। कार्मिक विभाग द्वारा जारी निलंबन अधिसूचनाओं में कहा गया है कि इन अधिकारियों की नियुक्ति घोटाला करके हुई थी। वहीं, याचिका में कहा गया है कि इन अधिकारियों की भर्ती के लिए एपीएससी ने सिफारिश की थी, जो गलत था। इन लोगों ने जिस तरह अपनी नौकरी हासिल की वह भ्रष्टाचार है।

**आपराधिक मामले में जांच चल रही**

अधिसूचना में कहा गया कि इन लोगों के खिलाफ आपराधिक मामले में जांच चल रही है। ऐसे में पद पर रहने की अनुमति देना लोक सेवा के हित में नहीं हो सकता है और इससे सरकार को शर्मिंदगी उठानी पड़ सकती है। इसलिए अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

**यह है मामला**

लोक सेवा आयोग में उक्त घोटाला पूर्व कांग्रेस सरकार के जमाने में हुआ था। उस दौरान दर्जनों उम्मीदवारों ने रिश्वत देकर लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास की थी। इससे पहले पुलिस ने बीते साल नवंबर में आयोग के अध्यक्ष राकेश कुमार पाल को इसी मामले में गिरफ्तार किया था। उससे पहले पुलिस ने एक इंजीनियर को गिरफ्तार किया था जो अध्यक्ष की ओर से रिश्वत वसूल रहा था। इस घोटाले में अब तक दर्जनों लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## कर्नाटक में दिनदहाड़े स्कूल शिक्षक का अपहरण

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के हसन जिले में एक 23 वर्षीय महिला शिक्षक को कुछ अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया। पुलिस ने बताया कि पूरा घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो चुका है। इस फुटेज के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ही यह घटना प्रकाश में आया।

सभी अपहरणकर्ता अलग-अलग वाहनों से आए और जबरदस्ती महिला शिक्षक को ले गए। पीड़िता की पहचान अर्पिता के तौर पर की गई है और यह घटना उनके स्कूल से वापस लौटने के दौरान घटी। पुलिस ने बताया कि शिक्षिका की मां ने इस अपहरण के लिए रामु नाम के व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया है। दरअसल, रामु और अर्पिता पिछले चार वर्षों से रिलेशनशिप में थे। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

बंगलूरू में समय से चिकित्सा न होने के कारण एक वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। दरअसल, बच्चा दस फीट की ऊंचाई से अपनी मां के हाथ से गिर गया था, जिस वजह से उसके सिर में चोट लगी थी। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसायंस (एनआईएमएचएएनएस) के डॉक्टर समय पर बच्चे का इलाज करने में नाकाम रहे।

# सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से कहा, मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी की याचिका पर तत्काल करें सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल के पास तीन विकल्प हैं या तो वह लंबित विधेयकों को अपनी मंजूरी दें। या फिर विधेयकों को मंजूरी ना दें या विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजें। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को स्थगित कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से कहा है कि वह मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी की याचिका को तुरंत सूचीबद्ध कर सुनवाई करें। बता दें कि मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी ने उत्तर प्रदेश सरकार के जमीन संबंधी फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। बता दें कि मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी की जमीन को उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने नियंत्रण में लेने का फैसला किया है। सरकार के इस फैसले के खिलाफ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। बता दें कि मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी का संचालन करने वाली ट्रस्ट के अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान हैं। तमिलनाडु सरकार की राज्यपाल के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सलाह दी है कि राज्यपाल खुद इस मामले पर विचार करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि



राज्यपाल, मुख्यमंत्री के साथ बैठकर लंबित विधेयकों वाले इस मसले को सुलझाएं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल के पास तीन विकल्प हैं या तो वह लंबित विधेयकों को अपनी मंजूरी दें। या फिर विधेयकों को मंजूरी ना दें या विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजें। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को स्थगित कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा तलाशी, जब्ती और गिरफ्तारी का अधिकार क्षेत्र 15 किलोमीटर से बढ़ाकर अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर दूर तक करने के केंद्र सरकार के फैसले से पंजाब पुलिस की शक्तियों पर अतिक्रमण नहीं हुआ है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेपी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने पंजाब सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि, दोनों पक्ष आपस में विचार-विमर्श कर लें ताकि अगली तारीख से पहले इन्हें निपटाया जा सके। बता दें कि केंद्र सरकार का पक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने रखा। वहीं पंजाब सरकार की तरफ से वकील शादान फरासात सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में शामिल हुए। पीठ ने कहा कि ऐसे समवर्ती अधिकार हैं, जिनका इस्तेमाल बीएसएफ और राज्य पुलिस दोनों कर सकते हैं। पीठ ने कहा कि पंजाब पुलिस से जांच का अधिकार नहीं लिया गया है। पीठ ने कहा कि बीएसएफ को ऐसे अधिकार सभी सीमावर्ती राज्यों में हासिल हैं।

## अनिल देशमुख का बड़ा आरोप, शरद पवार के राजनीतिक करियर को बर्बाद करने के लिए अजित को दी गई सुपारी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने भाजपा पर अजित पवार को राकांपा प्रमुख शरद पवार के राजनीतिक करियर को बर्बाद करने के लिए सुपारी देने का आरोप लगाया है। अनिल देशमुख राकांपा के शरद पवार गुट से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने गुरुवार को वर्धा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

अजित पवार समेत राकांपा के आठ अन्य विधायकों द्वारा एकनाथ शिंदे की सरकार में शामिल होने के बाद जुलाई में राकांपा दो हिस्सों में बंट गई। देशमुख ने कहा कि पूरा भारत और महाराष्ट्र जानता है कि भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद अजित पवार और उनके अन्य साथियों ने हड़बड़ी में शिंदे सरकार में शामिल हो गए थे।

अनिल देशमुख ने कहा कि राकांपा के बंटवारे के एक दिन पहले पीएम मोदी ने पार्टी पर 70,000 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाया था। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से पूछा, क्या आप जानते हैं कि उसने (अजित पवार) अलग मार्ग क्यों चुना? राकांपा के वरिष्ठ नेता उन परेशानियों का सामना नहीं करना चाहते थे जो मैंने किया। भाजपा ने अजित पवार को राकांपा प्रमुख शरद पवार के राजनीतिक करियर को खत्म करने के लिए सुपारी दी है।

अजित पवार के समर्थकों द्वारा उन्हें मुख्यमंत्री बनाए जाने वाले सवाल पर देशमुख ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सत्तारूढ़ पार्टियों के बीच क्या निर्णय हुआ है। उन्होंने कहा कि उन्हें (अजित पवार) सरकार में निर्णय लेने से अलग रखा जा रहा है।

## क्या फिर मुख्यमंत्री बनेंगे मामा, एमपी हारे तो क्या होगा शिवराज सिंह चौहान का भविष्य?

**नई दिल्ली।** अलग-अलग एग्जिट पोल के नतीजे मध्यप्रदेश को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा करने वाले हैं। कुछ एग्जिट पोल में भाजपा को मध्यप्रदेश में क्लीन स्वीप करते हुए दिखाया गया है, तो कुछ एग्जिट पोल में कांग्रेस सरकार बनाती हुई दिखाई पड़ रही है। वहीं, कुछ एग्जिट पोल ऐसे भी हैं, जो मध्यप्रदेश में दोनों पार्टियों के बीच अच्छी टक्कर होने की संभावना भी जता रहे हैं। ऐसे में विधानसभा चुनाव के नतीजे पर कोई साफ तस्वीर न सामने आने से दोनों ही पार्टियां और उनके समर्थक अपने अपने कयास लगा रहे हैं। इसी के साथ यह सवाल अहम् हो गया है कि शिवराज सिंह चौहान का राजनीतिक भविष्य क्या होगा? यदि भाजपा मध्यप्रदेश में शानदार जीत हासिल करती है, तो राज्य की कमान कौन संभालेगा? क्या शिवराज सिंह चौहान एक बार फिर मध्यप्रदेश की कमान संभालेंगे? या जिस तरह की बातें कही जा रही थीं, भाजपा आलाकमान मध्यप्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन करेगा और पार्टी की कमान नए हाथों में होगी। यह जानना भी महत्वपूर्ण होगा कि यदि



भाजपा को चुनाव में हार मिलती है तो शिवराज सिंह चौहान का भविष्य क्या होगा?

भाजपा ने मध्यप्रदेश में अपने पूरे चुनावी अभियान में शिवराज सिंह चौहान को हाशिये पर रखा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी ही पार्टी के मुख्यमंत्री के कामों को मजबूत तरीके से नहीं उठाया। वे लगातार केंद्र सरकार के कार्यों का उल्लेख करते रहे। यहां तक कि शिवराज सिंह को टिकट मिलेगा या नहीं, इस बात पर अंतिम समय तक संशय बना रहा। चुनाव प्रचार की पूरी रणनीति भी अमित शाह और उनके भरोसेमंद लोगों के हाथों में रही। कई बार पूछे जाने पर भी पार्टी ने मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर खुलासा नहीं किया।

ये इस बात के संकेत हैं कि पार्टी राज्य में नेतृत्व परिवर्तन कर पार्टी की कमान नई पीढ़ी के हाथों में देने का मन बना चुकी है। कई अन्य राज्यों में भी पार्टी ने यही नीति अपनाई है। मध्यप्रदेश में भी वह भविष्य की राजनीति को देखते हुए नए नेतृत्व को उभारने की तैयारी कर चुकी है। चुनावी बेला में लाभ-हानि का गणित देखते हुए उसने नेतृत्व में परिवर्तन नहीं किया, लेकिन अब वह परिवर्तन करेगी। इस परिस्थिति में शिवराज सिंह चौहान को दोबारा मुख्यमंत्री के रूप में अवसर मिलने की संभावना नहीं दिखाई दे रही है।

बड़ा प्रश्न यह है कि ऐसी स्थिति में राज्य में सरकार की कमान कौन संभालेगा? जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने ओबीसी, आदिवासी और दलित समाज की राजनीति को आगे बढ़ाया है, माना जा रहा है कि पार्टी इन्हीं समुदायों में से किसी एक चेहरे को अवसर देगी। यह दांव कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के जातिगत जनगणना और ओबीसी राजनीति को लेकर खेले जा रहे दांव का जवाब भी होगा। राज्य की न्यूनतम 49 फीसदी आबादी वाले पिछड़े समुदाय को भाजपा का कोर समर्थक वर्ग माना जाता है। कहा तो यहां तक जाता है कि पिछले चुनाव में जब अगड़ी जातियां भाजपा से नाराज चल रही थीं, इसी वर्ग ने भाजपा की लाज बचाने का काम किया था।

यदि भाजपा ने इन समीकरणों को ध्यान में रखकर नेतृत्व परिवर्तन किया, तो प्रह्लाद सिंह पटेल या नारायण सिंह कुशवाहा जैसे नेताओं की लॉटरी लग सकती है।

## बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हुआ चक्रवाती तूफान मिचौंग, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दाब का क्षेत्र बन रहा है, जिसके अगले दो दिनों में चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। मौसम विभाग का कहना है कि 4 दिसंबर की शाम तक यह चक्रवाती तूफान मिचौंग आंध्र प्रदेश में माचिलीपत्तनम और चेन्नई के तट से टकरा सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब का जो क्षेत्र बन रहा है, उसका केंद्र चेन्नई के समुद्र तट से 800 किलोमीटर, माचिलीपत्तनम से 970 किलोमीटर, आंध्र प्रदेश के ही बापातला से 990 किलोमीटर और पुडुचेरी के तट से 790 किलोमीटर दूर समुद्र में स्थित है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम और उत्तर पश्चिम दिशा की तरफ बढ़ रहा है और 2-3 दिसंबर तक इसके चक्रवाती तूफान मिचौंग में बदलने की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग ने मिचौंग तूफान के चलते तमिलनाडु के तटीय इलाकों, पुडुचेरी और कराइकल में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 3 दिसंबर से लेकर 4 दिसंबर तक 204 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हो सकती है।


इन इलाकों में हल्की बारिश के आसार

चक्रवाती तूफान का ओडिशा में कोई प्रभाव नहीं होगा। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान के असर से ओडिशा में कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश और बिजली कड़कड़ाने की घटनाएं हो सकती हैं। इनमें मलकानगिरी, कोरापुट, नाबारंगपुर, रायगढ़, कालाहांडी, कंधमाल आदि इलाके शामिल हैं। मौसम विभाग का कहना है कि आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों और रायलसीमा इलाके में भारी बारिश हो सकती है।

## नगर कीर्तन के बहाने पन्नू ने अमेरिका में रची बड़ी साजिश, कैलिफोर्निया के दो शहरों को बनाया अड्डा

**वाशिंगटन।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू अब अमेरिका से भारत के खिलाफ खुलकर वही साजिश करने जा रहा है, जो कनाडा की जमीन से करता आया है। खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक पन्नू का आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस 26 जनवरी को अमेरिका के कैलिफोर्निया में नगर कीर्तन की शुरुआत करके खालिस्तान के लिए जनमत संग्रह करने जा रहा है। इसके लिए बाकायदा 20 अगस्त से लेकर 17 अक्तूबर के दौरान कई विशेष बैठकें आयोजित की गई हैं। यही नहीं बाकायदा सिख फॉर जस्टिस के आतंकियों ने अमेरिका के अलग-अलग शहरों में रहकर इस प्रोपेगेंडा को फैलाने के लिए सोशल मीडिया की टीम का बड़ा सहारा लिया है। विदेशी मामलों के जानकारों का कहना है कि कनाडा की तरह ही अमेरिका की जमीन पर भारत के खिलाफ रची जा रही साजिश में अब अमेरिकी प्रशासन पर भी सवालिया निशान लगने लगे हैं।

केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक आतंकी



गुरपतवंत सिंह पन्नू अमेरिका की जमीन से भारत के खिलाफ खालिस्तान के नाम पर बड़ी साजिश रच रहा है। खुफिया एजेंसियों से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पन्नू ने जिस तरीके से कनाडा में सिख समुदाय के चुनिंदा लोगों को भारत के खिलाफ भड़काकर खालिस्तान की मांग के लिए जनमत संग्रह कराया है, अब ठीक उसी पैटर्न पर अमेरिका में वह साजिश रच रहा है। हालांकि अभी तक पन्नू का यह कथित जनमत संग्रह फ्लॉप ही रहा है। सिख फॉर जस्टिस के खालिस्तानी चरमपंथियों और आतंकी गुरुपतवंत सिंह पन्नू की ओर से 26 जनवरी और 28 जनवरी को अमेरिका में खालिस्तान के नाम पर जनमत संग्रह कराने की तारीख और इलाके घोषित किए हैं। केंद्रीय खुफिया एजेंसी को मिली जानकारी के आधार पर 26 जनवरी से कैलिफोर्निया में जनमत संग्रह कराने की तिथि निर्धारित की गई है।

एजेंसियों को मिली जानकारी के आधार पर पता चला है कि आतंकी पन्नू ने जनमत संग्रह करने से पहले कैलिफोर्निया के कुछ शहरों में नगर कीर्तन निकालने का कार्यक्रम रखा है। सूत्रों के मुताबिक कैलिफोर्निया के सैनफ्रांसिस्को और यूबा सिटी में पन्नू 26 और 28 जनवरी को जनमत संग्रह करने की पूरी तैयारी कर चुका है।

## फिर एक बार इस्राइल दौरे पर ब्लिंकन



**यरूशलम।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इस्राइल दौरे पर हैं। उन्होंने इस दौरान बताया कि उनका तत्काल ध्यान युद्ध विराम को बढ़ाने के साथ अपने सहयोगियों के साथ काम करना है, जिससे कि गाजा में फंसे बंधकों को रिहा कराया जा सके।

कई लक्ष्यों को पूरा करने के माध्यम से ब्लिंकन एक बार फिर इस्राइल आए हैं। उन्होंने कहा, हमारा तत्काल ध्यान अपने सहयोगियों के साथ मिलकर युद्ध विराम को बढ़ाना है, जिससे कि गाजा से अधिक बंधकों को छुड़ाया जा सके। गाजा में लगातार सातवें दिन शांति के बाद उन्होंने बताया कि अमेरिका लगातार इस्राइल के साथ इन मुद्दों पर काम कर रहा है।

ब्लिंकन ने कहा, सातवें दिन बंधकों को रिहा किया गया है और वे अपने परिवार के साथ लौट रहे हैं। सातवें दिन गाजा में मौजूद उन लोगों को सहायता दी जा रही है, जिन्हें इसकी बहुत जरूरत है और यहां के नागरिक भी सुरक्षित स्थानों में जाने में सक्षम हुए हैं।

ब्लिंकन ने कहा, जब तक सभी बंधक अपने परिवार के पास सुरक्षित लौट नहीं जाते, तब तक हम काम करना बंद नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका गाजा में फलस्तीन नागरिकों को मानवीय सहायता प्रदान कर रही है। विदेश मंत्री ने कहा, यूएन के साथ हमारे पार्टनर्स ने क्षेत्र में अस्पतालों, भोजन, पानी, दवाएं और ईंधन के प्रवाह में वृद्धि की है।

इस्राइली अधिकारियों के साथ बैठकों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मैंने स्पष्ट कर दिया कि इस्राइल को अपना सैन्य अभियान शुरू करने से पहले मानवीय नागरिक सुरक्षा के लिए योजनाएं बनानी होगी, जिससे की निर्दोष फलस्तिनियों के हताहत होने की संख्या कम हो।

## भाजपा के 11 विधायकों के खिलाफ एफआईआर टीएमसी ने लगाया राष्ट्रगान का अपमान करने का आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के 11 भाजपा विधायकों के खिलाफ इस सप्ताह की शुरुआत में विधानसभा की परिसर में धरना के दौरान राष्ट्रीय गान का अपमान करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री सोभोनदेब चटर्जी ने बताया कि शिकायत तृणमूल कांग्रेस की तरफ से दर्ज की गई है।

ममता बनर्जी के नेतृत्व में 29 नवंबर को टीएमसी विधायक पश्चिम बंगाल के साथ केंद्र के भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ प्रदर्शन बंद करने से पहले बीआर अंबेडकर की प्रतिमा के नीचे राष्ट्रगान गा रहे थे। टीएमसी ने आरोप लगाया कि इस दौरान करीबन 50 मीटर की दूरी पर भाजपा विधायक नारेबाजी करने के साथ घंटी बजा रहे थे।

हालांकि, इन आरोपों का जवाब देते हुए भाजपा ने कहा, अगर टीएमसी विधायकों द्वारा राष्ट्रगान गाया जा रहा था, तो वह बहुत ही धीमी आवाज में गा रहे थे। यह आवाज उनके प्रदर्शन वाले स्थान पर बिलकुल भी सुनाई नहीं दे रहा था।

वरिष्ठ नेता चंद्रिमा भट्टाचार्य ने




कहा, भाजपा ने राष्ट्रगान के खिलाफ बहुत ही कम सम्मान दिखाया है, इसके लिए उचित कार्रवाई की जाएगी। विधानसभा के स्पीकर बिमान बंधोपाध्याय ने कहा कि राष्ट्रगान के प्रति इस दुर्व्यवहार के लिए उचित कदम उठाया जाएगा। विधानसभा सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि भाजपा के 11 विधायकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस घटना का वीडियो फुटेज भी पुलिस को सौंप दिया गया है।

**भाजपा ने पेश की सफाई**

इस मामले में वरिष्ठ भाजपा विधायक ने कहा कि उन्हें यह मालूम नहीं था कि वहां राष्ट्रगान गाया जा रहा है। उन्होंने कहा, टीएमसी के तानाशाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। हम अंबेडकर की मूर्ति से थोड़ी दूर खड़े थे। अगर वहां राष्ट्रगान गाया जा रहा था तो बहुत ही धीमी आवाज में लोग गा रहे थे। ऐसा क्यों? क्या वे राष्ट्र गान के बोल भूल गए थे? हमें देश प्रेम टीएमसी से सीखने की जरूरत नहीं है।

# युद्धविराम खत्म होने के बाद फिर शुरू हुए हमले, इस्राइल की चुनौती बढ़ी

**यरुशलम।** इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्धविराम शुक्रवार को खत्म हो गया, जिसके बाद से दोनों तरफ से फिर से हमले शुरू हो गए हैं। इस्राइल की तरफ से दक्षिणी



गाजा में खान यूनिस शहर में मिसाइल मिसाइल हमले हुए। वहीं गाजा के उत्तर पश्चिम में भी एक घर पर एयरस्ट्राइक हुई। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्राइल में भी हमास की तरफ से मिसाइल हमले हुए हैं। इस्राइली सेना का कहना है कि शुक्रवार सुबह सात बजे युद्धविराम समाप्त हुआ और उसके आधे घंटे बाद ही हमास की तरफ से हमला किया गया। वहीं हमास का भी दावा है कि इस्राइल की तरफ से हमले की शुरुआत की गई।

बता दें कि इस्राइल और हमास के बीच बीती 24 नवंबर को युद्धविराम हुआ था। करीब एक हफ्ते तक चले इस युद्धविराम के तहत हमास ने इस्राइल के 100 बंधकों को रिहा किया। वहीं इस्राइल ने बदले में वहां की जेलों में बंद 240 फलस्तीनियों को रिहा किया। दोनों तरफ से रिहा किए गए लोगों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमास के कब्जे में अभी भी 140 इस्राइली बंधक मौजूद हैं। अब बाकी बचे बंधकों में अधिकतर इस्राइली सैनिक हैं और इनकी रिहाई के बदले में हमास इस्राइल से बड़ी कीमत मांग सकता है।

कतर और मिस्र की मध्यस्थता में हुए युद्धविराम को बढ़ाने की कोशिशें हुईं लेकिन सफलता नहीं मिली। वहीं इस्राइल ने साफ कर दिया है कि युद्धविराम के बाद वह पूरी ताकत से हमास पर हमला करेंगे और तब तक नहीं रुकेंगे जब तक हमास का खात्मा नहीं हो जाता। साथ ही इस्राइल पर अब दबाव भी है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने गुरुवार को इस्राइल का दौरा किया, जिसमें ब्लिंकन ने इस्राइल से कहा है कि अब उसके गाजा में ऑपरेशन में अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का पालन होना चाहिए। अमेरिका ने कहा है कि जिस तरह से उत्तरी गाजा में बड़े पैमाने पर लोगों का पलायन हुआ, वैसा दक्षिणी गाजा में नहीं होना चाहिए।

गाजा की अधिकतर जनसंख्या फिलहाल दक्षिण में मौजूद है और यहां से निकासी का रास्ता भी नहीं है। ऐसे में अगर इस्राइल यहां हमास के ठिकानों पर हमला करता है तो उसमें बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत होने की प्रबल आशंका है। इस्राइली हमलों में अगर आम नागरिकों की मौतें हुईं तो इससे इस्राइल पर दबाव बढ़ेगा। वहीं हमास को फिर से बातचीत की टेबल पर लाकर और बाकी बंधकों की रिहाई भी इस्राइल के लिए बड़ी चुनौती है।

## लंबे समय से चल रहा तिब्बत-चीन विवाद का अब होगा समाधान! संसदीय समिति ने बातचीत को लेकर विधेयक को दी मंजूरी

**वॉशिंगटन।** एक शक्तिशाली संसदीय समिति ने लंबे समय से चले आ रहे तिब्बत-चीन विवाद को सुलझाने का फैसला लिया है। दरअसल, समिति ने दलाई लामा के दूतों के साथ बातचीत के लिए चीन पर दबाव बनाने के अमेरिकी प्रयासों को मजबूत करने वाले विधेयक को मंजूरी दी है।

सदन की विदेश मामलों की समिति ने विधेयक को सर्वसम्मति से पारित किया है। इसमें चीन के इस दावे को भी गलत बताया गया है कि तिब्बत प्राचीन काल से चीन का हिस्सा रहा है। सदन की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल ने कहा कि यह विधेयक चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) और तिब्बत के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित नेताओं के बीच बातचीत की आवश्यकता पर जोर देता है। किसी भी मामले में जब बात हो तो उसमें तिब्बती लोगों को भी सुनना चाहिए।

उन्होंने कहा, तिब्बत के लोग लोकतंत्र को पसंद करते हैं। वो अपने धर्म के अनुसार जीना चाहते हैं। अमेरिका की तरह ही उनकी भी इच्छाओं को तवज्जो देना चाहिए।



हम जिन स्वतंत्रताओं का आनंद लेते हैं, हम चाहते हैं कि तिब्बत के लोग भी उसका आनंद लें।

यह विधेयक पिछले साल संसदीय समिति के सदस्य जिम मैकगवर्न, माइकल मैककॉल के साथ-साथ सीनेटर जेफ मर्कले और टॉड यंग द्वारा पेश किए गए कानून का संशोधित संस्करण है। साल 2010 से रुकी हुई वार्ता एक बार फिर शुरू होने की उम्मीद है। यह विधेयक चीनी सरकार पर दलाई लामा के दूतों या तिब्बती लोगों के लोकतांत्रिक रूप से चुने गए नेताओं के साथ बातचीत फिर से शुरू करने के लिए दबाव डालेगा।

अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने सदन की विदेश मामलों की शक्तिशाली समिति के अध्यक्ष माइक रोजर्स से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रक्षा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र समेत भारत-अमेरिका द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की।

## कतर ने जर्मन राष्ट्रपति को विमान से उतरने के लिए कराया आधा घंटे इंतजार

**दोहा।** जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रैंक वाल्टर स्टीनमीयर को उस वक्त असहज स्थिति का सामना करना पड़ा, जब उन्हें कतर में लैंड करने के बाद आधा घंटे विमान में ही इंतजार करना पड़ा।

इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें जर्मनी के राष्ट्रपति दोहा में उतरने के बाद विमान के गेट पर ही हाथ बांधकर खड़े नजर आ रहे हैं। दरअसल जर्मनी के राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए कतर के मंत्री समय से एयरपोर्ट ही नहीं पहुंचे थे।

जर्मनी के मीडिया के अनुसार, राष्ट्रपति स्टीनमीयर के दोहा पहुंचने के बाद कतर के विदेश मंत्री को उनका स्वागत करना था। हालांकि जर्मनी के राष्ट्रपति के दोहा पहुंचने के बाद भी कतर के विदेश मंत्री समय से एयरपोर्ट नहीं पहुंचे, जिसके चलते करीब आधा घंटे तक जर्मनी राष्ट्रपति को विमान में ही इंतजार करना पड़ा।

# प्रयागराज में विकसित किए जा रहे दूसरे औद्योगिक गलियारे के विकास ने पकड़ी रफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** कुंभ नगरी प्रयागराज को धार्मिक और आध्यात्मिक पहचान देने के बाद अब प्रदेश की योगी सरकार जनपद में उद्योगों का हब बनाने के प्रयास में जुट गई है। जिले में दूसरे औद्योगिक गलियारे की स्थापना के लिए सरकार ने प्रक्रिया तेज कर दी है । जिले के गंगापार इलाके में इसकी स्थापना हो रही है।

प्रयागराज में दूसरे औद्योगिक गलियारे को विकसित करने को लेकर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जनपद के सोरांव इलाके में गंगा एक्सप्रेस के किनारे के चार गांवों में इसे विकसित कराए जाने के लिए 101 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत की जा रही है। प्रयागराज के एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदंबा सिंह के मुताबिक इस भूमि के लिए 175 करोड़ 61 लाख रुपए किसानों को दिए जाएंगे। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से प्रस्ताव तैयार हो गया है। जनपद की सोरांव तहसील के जिन चार गांवों में इसे अभी विकसित करने के लिए चयनित किया गया है उसमे बारी, माधोपुर मलाक चतुरी, जूड़ापुर दांदू और शिवगढ़ गांव शामिल हैं। यह कॉरिडोर 101 हेक्टेयर जमीन पर विकसित किया जाएगा जिसमे कुल 1342 किसानों से जमीन ली जाएगी। एडीएम वित्त जगदंबा सिंह बताते हैं कि गलियारे के लिए 6.5 हेक्टेयर सरकारी भूमि भी अधिग्रहीत की जाएगी, जिसे ग्राम पंचायतों से लिया जाएगा। इधर औद्योगिक गलियारे के लिए चारों गांवों में जमीन लेने की प्रक्रिया शुरू करा दी गई है। किसानों को जमीन का भुगतान करने के लिए प्रस्ताव तैयार हो गया है। इस कारिडोर में फार्मा पार्क, टेक्सटाइल पार्क, वेयर हाउस, होजरी प्लांट, लाजिस्टिक, इलेक्ट्रानिक उपकरण प्लांट, दवा , फूड प्रोसेसिंग, दुग्ध प्रसंस्करण, आइटी पार्क, भारी उद्योगों और मशीनरी प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इस औद्योगिक गलियारे की स्थापना से लोगों को स्थानीय स्तर पर व्यापक स्तर रोजगार मिलने की उम्मीद है।

### दूसरे औद्योगिक गलियारे की स्थापना के लिए स्थानीय स्तर पर सृजित होंगे रोजगार के वृहद अवसर

**प्रयागराज।** कुंभ नगरी प्रयागराज को योगी सरकार ने एक और औद्योगिक गलियारे की सौगात दी है। जिले के सोरांव इलाके में नए औद्योगिक गलियारा बनने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके लिए प्रशासन और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यानी कि यूपीडा की टीम ने रोड मैप तैयार कर लिया है। डीएम प्रयागराज नवनीत सिंह चहल बताते हैं कि इस इलाके में कृषि योग्य भूमि होने के बावजूद और एक्सप्रेस वे के किनारे के गांवों में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाओं को देखते हुए इस औद्योगिक गलियारे का विकास किया जा रहा है। यहां औद्योगिक गलियारे की स्थापना से 8 हजार से अधिक रोजगार का सृजन होगा। इससे शहरो में पलायन कर गए स्थानीय लोग भी वापस अपने क्षेत्र में आयेंगे।

## प्रयागराज सहित कई स्टेशनों पर अगले वर्ष खुलेगा जन औषधि केंद्र

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज जंक्शन, कानपुर, अलीगढ़, इटावा, ग्वालियर आदि प्रमुख स्टेशन पर अगले वर्ष जन औषधि केंद्र खोला जाएगा। इन स्टेशनों पर यात्रियों को सहज एवं रियायती दर पर दवाएं उपलब्ध होंगी। इन स्टेशनों के पहले एनसीआर के आगरा, मथुरा एवं झांसी में जन औषधि केंद्र खोले जाने की प्रक्रिया रेलवे प्रशासन ने शुरू भी कर दी है। इसके लिए अगले माह ई ऑक्शन भी होने जा रहा है। रेलवे स्टेशनों पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले जाने की योजना अभी कुछ माह पूर्व ही बनी थी। इसके तहत पहले चरण में 50 रेलवे स्टेशनों पर जन औषधि केंद्र खोले जाने हैं। पहले चरण में एनसीआर के भी तीन स्टेशनों का नाम शामिल है। यहां वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी का ई ऑक्शन पांच दिसंबर, आगरा कैंट और मथुरा जंक्शन के लिए ई ऑक्शन छह दिसंबर को होगा।

# नेत्र चिकित्सकों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**देश एवं विदेश के विभिन्न चिकित्सक जानकारियां करेंगे साझा**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश स्टेट आफ्थैल्मोलॉजिकल सोसायटी के 57वीं वार्षिक सम्मेलन मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय एवं मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज, प्रयागराज में 01 दिसंबर से 03 दिसंबर में सम्पन्न होगा। इस महासम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के जाने-माने नेत्र विशेषज्ञ प्रतिभाग लेने प्रयागराज पधार रहे हैं। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एव विशिष्ट अतिथि न्यायाधीश संजय कुमार सिंह व न्यायाधीश मंजू रानी चौहाने उपस्थित रहेगें। इस सम्मेलन का शुभारम्भ मुख्य अतिथियों द्वारा दिनांक 02 दिसम्बर को सॉय 5:00 बजे मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज, प्रयागराज में होगा। यह जानकारी प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ आलोक शुक्ला ने आज एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में मुख्य रूप से एआईओएस के अध्यक्ष डा. हरवंश लाल, महासचिव डा. संतोष होनावर, साइटिफिक कमेटी के अध्यक्ष डा. नम्रता शर्मा एव उत्तर प्रदेश स्टेट आफ्थैल्मोलॉजिकल सोसायटी के अध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र नाथ, महासचिव डा. मोहिता शर्मा नेत्र विशेषड़ा के रूप मे अपने- अपने अनुभवों का अदान-प्रदान करेगें। नेत्र बिमारियों के विभिन्न प्रकार के रोगों के आपरेशन एंव उपचार के बारे में अपने-अपने व्याख्यान भी प्रस्तुत करेंगे जो कि नेत्र रोगों के उपचार एंव आपरेशन से मरीज निश्चित रूप से लाभान्वित होगे। नेत्र सम्मेलन में अति आधुनिक उपकरणों के माध्यम से लाइन प्रसारण द्वारा बड़े स्कीन पर आपरेशन भी दिखाया जायेगा। इस सेमिनार में मोहन लाल गोल्ड मेडल अवार्ड, डा. अवध दूबे अवार्ड, डा. वी.एन. रायजादा अवार्ड, डा. पी.के. पाण्डेय अवार्ड, प्रो. वी ठाकुर अवार्ड, डा. पी. अवस्थी अवार्ड, डा. जितेन्द्र अग्रवाल अवार्ड के साथ-साथ एम.पी. मेहरे ओरेशन होगें। इस सेमीनार के माध्यम से नवीनतम डायग्नोस्टीक संसाधनों द्वारा नेत्र बिमारियों की पहचान व रोकथाम से युवा नेत्र विशेषज्ञों को अवगत कराया जायेगा ताकि इससे नेत्र रोगी लाभान्वित हो सके, इसी प्रकार शल्य चिकित्सा के आधुनिक विधियों से सभी डेलीगेट्स को परिचित करा जायेगा। इस सेमीनार में देश भर से लगभग 850 नेत्र विशेषज्ञ सम्मलित होगें।

# याद किए गए बाबू बागेश्वर

**आजमगढ़।** शहर के बागेश्वर नगर स्थित कृष्णा कालेज में बाबू बागेश्वर यादव जी की जयंती समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमे विद्यालय के बच्चों द्वारा बाबू जी के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबू बागेश्वर के पौत्र व आम आदमी पार्टी के पूर्वांचल प्रांत के अध्यक्ष राजेश यादव ने कहाकि बाबू जी ने जीवनपर्यंत अत्याचार के खिलाफ संघर्ष किया और पीड़ित समाज को एकजुट करने में अपना सर्वोच्च न्यौछावर कर दिया। दीवानी बार के पूर्व अध्यक्ष दयाराम यादव ने कहाकि बाबू जी ने हमारे समाज को रामनरेश यादव व चंद्रजीत यादव जैसे युवाओं को उस दौर में तैयार करके दिया और हमेशा दबे कुचले की सेवा में अग्रसर रहना सीखाया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजनेत यादव ने कहाकि यह बाबू बागेश्वर यादव की ही देन है कि जनपद आजमगढ़ सहित पूर्वांचल के जिलों में पिछड़े एकजुट होकर समाज के उत्थान के कार्यक्रम चला रहे हैं। भाजपा नेता सिंहासन यादव ने कहाकि बाबू जी ने समाज में फैली विषमताओं को पाटने के लिए बहुत संघर्ष किया और जीवन भर दलितों, शोषितों को एकजुट करने अपने अधिकारों के लिए लड़ना सिखाया।

## बाल विवाह तथा बाल श्रम के विरूद्ध जागरूकता

**आजमगढ़।** मिशन शक्ति फेज-4 के अन्तर्गत आपरेशन मुक्ति के तहत 20 नवम्बर 2023 को बाल अधिकार दिवस से 10 दिसम्बर को मानव अधिकार दिवस के मध्य ए0एच0टी0यू0, श्रम विभाग के अधिकारी, महिला शक्ति केन्द्र की डीसी श्रीमती अन्नू सिंह एवं जन विकास संस्थान के हरिकेश द्वारा संयुक्त रूप से थाना जहानागंज क्षेत्र के अन्तर्गत जहानागंज बाजार में बाल विवाह तथा बाल श्रम के विरूद्ध जागरूकता एवं रेस्क्यू अभियान चलाया गया। जहानागंज बाजार में विभिन्न दुकानों पर कार्य कर रहे 09 बाल श्रमिकों को चिन्हित करते हुए श्रम विभाग के अधिकारी द्वारा दुकानदारों को नोटिस जारी की गयी।

# मतदाता सूची में यदि कोई त्रुटि संज्ञान में आ रही एडीएम प्रशासन सुचना दे: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कल देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि बूथ लेवल एजेण्ट के माध्यम से जो फार्म 6, 7, 8 प्राप्त हो गये हैं। उसे 08 दिसम्बर 2023 तक संबंधित बीएलओ या एआरओ को उपलब्ध करा दें। उन्होने यह भी कहा कि मतदाता सूची में यदि कोई त्रुटि संज्ञान में आ रही है। तो इसकी सूचना अपर जिलाधिकारी प्रशासन व उप जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध करायें। उन्होने कहा कि 18 से 21 वर्ष तक के मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में नही है, उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वायें एवं अधिक से अधिक महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राहुल विश्वकर्मा ने बताया कि पुनरीक्षण अवधि 27 अक्टूबर 2023 से 29 नवम्बर 2023 तक फार्म-6 के 34486, प्रारूप-7 के 20205 एवं फार्म-8 के 2989 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर समस्त संबंधित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# युवाओं में खेल-कूद के प्रति जागरूकता बढ़ी

अवधनामा संवाददाता



**केंद्र सरकार ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर रही है और उन्हें अंतरराष्ट्रीय पर एक मंच प्रदान कर रही है: अमित**

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जौनपुर द्वारा बी आर पी इंटर कॉलेज के खेल मैदान में नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आज दूसरा दिन खेला गया। जिसकी अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र उपाध्याय ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी रही एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महामंत्री अमित श्रीवास्तव एवं ब्लाक प्रमुख गण बृजेश यादव और धीरू सिंह रहे। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा मैदान पर फीता काटकर और खिलाडियों का माल्यार्पण कर किया गया। आज बचा हुआ लीग मैच पूरा हुआ उसके बाद दो क्वार्टर फाइनल हुआ जिसमें टीडी कॉलेज और इंदिरा गांधी स्टेडियम से हुआ जिसमें टीडी कॉलेज विजेता हुई जिसमें टीडी कॉलेज में मैन ऑफ द मैच सत्यम सिंह हुए और दूसरा क्वार्टर फाइनल ओम साई और शाहगंज में हुआ जिसमें ओम साइ विजेता रहीं जिसमें मैन ऑफ़ द मैच अमित यादव रहे। मैच के निर्णायक रेफरी रवि यादव रहे और कमेंट्री संयुक्त रूप से विपिन द्विवेदी और मनीष दुबे ने किया और मैच के अन्य रेफरी सुरेश यादव लाल साहब यादव प्रियंका सिंह गुलाब यादव और डब्बू पटेल रहे। मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि खेलो इंडिया कार्यक्रम के कारण युवाओं में खेल-कूद के प्रति जागरूकता बढ़ी और इसका सकारात्मक परिणाम एशियन गेम्स 2023 में देखने को मिला, जहां भारत के खिलाड़ियों ने 100 से अधिक मेडल जीत कर इतिहास रच दिया। प्रधानमंत्री के इसी विजन को आगे बढ़ाने के लिए किसान मोर्चा ने जिला स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, ताकि ग्रामीण अंचल के युवाओं को भी इसका हिस्सा बनाया जा सके। जिलों में जीतने वाली टीमों का सम्मान समारोह संबंधित राज्य की राजधानी में किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को प्रदेश स्तर पर पहचान मिल सके।

# रेशमी नगरी की चर्चित अधिशासी अधिकारी की मां का हुआ निधन

अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** नगर पालिका परिषद मुबारकपुर की अधिशासी अधिकारी प्रतिभा सिंह की माता का निधन होने पर नगर पालिका परिषद मुबारकपुर कार्यालय में शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन हुआ। पूर्व पालिकाध्यक्ष डाक्टर शमीम अहमद सहित सभासद व कर्मचारियो ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से कामना कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। मुबारकपुर नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी प्रतिभा सिंह की माता का विगत दिवस 29नवम्बर को उनके घर जौनपुर में दुर्गावती सिंह का लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया। वह 85वर्ष की थी। उनके निधन पर मुबारकपुर नगर पालिका परिषद कार्यालय मेंआज बैठक कर शोक संवेदना व्यक्त किया। खड़े होकर दो मिनट का मौन धारण कर सभी लोग ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना कर शोक संवेदना प्रकट किया और श्रद्धान्जलि दी।इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष डाक्टर शमीम अहमद, सभासद सुलेमान अंसारी, मोहम्मद नाजिर, शफी नवाज, अनवारुलहक, मासूम आजमी, बशीर अहमद, कासिफ मसूद, अमीरूद्दीन, मुन्ना शिकारी के अलावा अवर अभियन्ता महावीर भारती, राजन चौधरी, रागिब मसूद, कृष्णा सिंह, खालिद कमाल वसी अहमद, दीपक शर्मा आदि लोग शामिल रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्र छात्राओं को एचआईवी एड्स के प्रति किया जागरूक



**प्रयागराज।** सृजन इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, सड़वा खुर्द प्रयागराज में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर बी. एस. सी. नर्सिंग एवं ए. एन. एम. के छात्र छात्राओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया और छात्र छात्राओं को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता की जानकारी दी। प्राचार्य ऋतु तोवित ने बताया कि एड्स एक खतरनाक बीमारी है, जो जानलेवा भी साबित हो सकती है। हर साल 1 दिसंबर को लोगों में जागरुकता फैलाने के लिए विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है. एड्स एचआईवी वायरस से इन्फेक्शन की वजह से होता है। इस बीमारी से इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिसके वजह से आप बिमारियों से बचाव नहीं कर पाते है इस बीमारी से जुड़े टैबू को दूर करने के लिए वर्ल्ड एड्स डे मनाया जाता है। कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक डॉक्टर अभिजित भागवत मोहिते , प्राचार्य ऋतु तोवित एवं शिक्षकगण रीता सिंह, गौरी कुशवाहा, अवनीश कुमार, विभा कुशवाहा, अर्पिता सिंह, सौरभ मिश्र, रत्नेश यादव, अतुल कुमार, प्रिंशु मिश्र, निशि तिवारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

### बसपा की समीक्षा बैठक आज


**प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी के बसपा कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक शनिवार 02 दिसंबर को दोपहर दो बजे से ममफोर्डगंज स्थित बीएसपी के मंडल कार्यालय परिसर में होगी। उक्त बैठक को बतौर चीफ गेस्ट प्रयागराज मिर्जापुर मंडल के बसपा प्रभारी अशोक गौतम विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा करेगे। उक्त बैठक में प्रयागराज मंडल के सभी प्रभारी राजेश पासी,राजू गौतम, डॉ एसपी सिद्धार्थ अभिषेक गौतम तथा मो. अकरम उपस्थित रहेंगे। उक्त समीक्षा बैठक में जिला कमेटी, जिला प्रभारी, जिला संयोजक/, विधान सभा, विधान सभा प्रभारी, बीवीएफ, विधान सभा कमेटी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी तथा समर्थको से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### समाज सेवी नितीश शुक्ला को मिला प्रशंसा पत्र



**प्रयागराज।** पुलिस लाइन में यातायात माह नवम्बर के सकुशल सम्पन्न के मोके पर विशाल कर्यक्रम यातायात पुलिस प्रयागराज के द्वारा किया गया। जिसमें एनसीसी गर्ल्स, बॉयज, पुलिस कर्मियों,समाजसेवीयों को प्रयागराज पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा साम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यातायात पुलिस प्रयागराज के द्वारा समाज सेवी नितीश शुक्ला को प्रशंसा पत्र दिया गया। यातायात पुलिस प्रयागराज के द्वारा समाज सेवी नितीश शुक्ला को दुर्घटनाओं एवं सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में वाहन चालाकों, नागरिकों एवं सड़क यातायात जागरूकता लाने के उद्देष्य से किये गये उतकृष्ट कार्यो के वजह से प्रशंसा पत्र प्रदान किया है।

### ठंड के प्रकोप से ग्रामीणों को बचाने को बांटा कम्बल



**प्रयागराज।** करैली थानांतर्गत बिसौना सादात में नाज़ सेवा संस्थान की ओर से ग्रामीण इलाक़े में ठंड से ठिठुर रहे ज़रुरतमन्दों को कम्बल वितरण किया गया। नाज़ मल्टिस्पेशियलीटी हास्पिटल की संचालिका डॉ नाज़ फात्मा के जन्मदिन के अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर अमित यादव के सहयोग से शाहिद प्रधान के बिसौना सादात स्थित आवास पर ग्रामीणों के बीच केक काटा गया और ज़रुरतमन्दों को कम्बल का वितरण किया गया। नाज़ मल्टिस्पेशियलीटी आई हास्पिटल व पैरामेडिकल कालेज के प्रबन्धक सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार बिसौना सादात में लगभग दो सौ तो करैली की झोपड़पट्टी में रह रहे डेढ़ सौ ज़रुरतमन्द परिवार को कम्बल वितरित किया गया। बिसौना सादात में शाहिद प्रधान की ओर से नाज़ सेवा संस्थान के सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ नाज़ फातिमा, अमित यादव, डॉ जमशेद अली, डॉ अभिषेक कनौजिया, नाज़ मल्टिस्पेशियलीटी हास्पिटल के मैनेजर अर्सलान खान, मैनेजर आई हास्पिटल सैय्यद मोहम्मद अस्करी, फुज़ैल, फरज़न, शाद ,उबैद आदि शामिल रहे।

# अपनी कलाकारी से लोगों का मनमोह रही है श्रुति

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जनपद जौनपुर के नखास निवासी संजय मोदनवाल की पुत्री बीकॉम की छात्रा श्रुति मोदनवाल जो पेंसिल से स्केच बनाने को लेकर पूरे जिले में सुर्खियों में है। वह अपने कलाकारी से लोगों को मनमोहित कर रही है। उन्होंने अपने हाथ की कला से भगवान गणेश, मां दुर्गा, माता-पिता, और प्राकृतिक पेंसिल स्केच बना चुकी है। श्रुति ने चित्रकारी दस साल की उम्र से ही करनी शुरू कर दी थी। उसने अपनी कला के लिए किसी तरह का कोई प्रशिक्षण नहीं लिया है। उसने स्केच करने के तरीके यू-ट्यूब पर वीडियो देखकर सीखे हैं। श्रुति इससे पहले मदर टेरेसा, बॉलीवुड अभिनेता व महापुरुषों जैसी चर्चित हस्तियों के स्केच बना चुकी है। इनकी स्केच पूरे सोशल मीडिया में छाया हुआ है। इनकी इतनी फॉलोअर होने के कारण इनकी इंस्टाग्राम आईडी भी मेंशन कर दिया गया।

श्रुति मोदनवाल ने बताया कि बहुत जल्द उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक जी का स्केच बनाकर उनसे मिलकर भेंट करेंगी। फिलहाल इनका स्केच पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## टैटू का शौक एचआईवी से कर रहा संक्रमित: डॉ. सीमा

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मिशन शक्ति 4 एवं व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस के अवसर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला महिला अस्पताल की परामर्शदाता डॉ. सीमा सिंह ने कहा कि एड्स की रोकथाम के लिए समुदाय के सभी लोगों को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के टैटू का शौक उन्हें एच आई वी से संक्रमित कर रहा है। बीते दिनों उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी संख्या में इसके कारण युवा पॉजिटिव हुए है। उन्होंने कहा कि एच आई वी की जाँच कराने में किसी भी तरीके का संकोच नहीं करना चाहिए। सरकार द्वारा जांच और इलाज दोनों की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। संकायाध्यक्ष डॉ अजय प्रताप सिंह ने धन्यवाद् ज्ञापन एवं संचालन डॉ जान्हवी श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ. मनीष कुमार गुप्ता डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. अन्नू त्यागी समेत विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कृपाशंकर सिंह ने किया महाराणा प्रताप मूर्ति स्थल का निरीक्षण

**महाराणा प्रताप की यह भव्य मूर्ति पूर्वांचल की शान व जनपद की पहचान होगी: ओमप्रकाश सिंह**

**करीब 9 फीट ऊंचे चबूतरे पर स्थापित हुई 13 फीट की चेतक घोड़े पर सवार महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति**



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जौनपुर में महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा लग रही है जिस क्रम में आज पूर्व गृहराज्य मंत्री व भाजपा उपाध्यक्ष महाराष्ट्र कृपाशंकर सिंह ने मूर्ति स्थल पर पहुँच कर निरीक्षण किया। आप सभी को बता दू की राजपूत सेवा समिति द्वारा कलीचाबाद तिराहे पर स्थापित होने जा रही महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का मुख्यमंत्री द्वारा अनावरण किया जा सकता है और इसी के मद्देनजर पूर्व गृहराज्य मंत्री व भाजपा उपाध्यक्ष महाराष्ट्र कृपाशंकर सिंह ने निरीक्षण किया । इस मौके पर उपस्थित राजपूत सेवा समिति के सदस्य ओम प्रकाश सिंह से मूर्ति की भव्यता और पार्क के सुंदरीकरण पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मूर्ति निर्माण में जो सहायता की जरूरत पड़ेगी उसके लिए मुझसे जो भी मदद की जरूरत होगी मै तैयार हूं। महाराणा प्रताप की यह भव्य मूर्ति पूर्वांचल की शान व जनपद की पहचान होगी बातचीत के दौरान कृपाशंकर सिंह ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की यह भव्य मूर्ति पूर्वांचल की शान व जनपद की पहचान होगी। समिति के सदस्यों के ऐतिहासिक कार्य की सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि पार्क के सुंदरीकरण में कही से भी कोई कमी नहीं रहेगी।

### 13 फीट ऊंची होगी महाराणा प्रताप की मूर्ति

ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि चेतक घोड़े पर सवार महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति 13 फीट ऊंची होगी, जो करीब 9 फीट ऊंचे चबूतरे पर स्थापित हो गयी है। मौके पर राजपूत सेवा समिति के सदस्य रत्नाकर सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, अजीत सिंह, शशि प्रताप सिंह, सिद्धार्थ सिंह सहित भारी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

# प्रकृति संवाद के अंतर्गत संत निरंकारी मिशन ने निभायी अहम भूमिका

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** शुक्रवार को सतगुरु के आदेशानुसार निरंकारी मिशन की ओर से प्रकृति को दोहन से बचाने हेतु समय-समय पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी संदर्भ में गैर राजनीतिक संगठन द्वारा आज दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में 'प्रकृति संवाद' कार्यक्रम का भव्य रूप में आयोजन किया गया जिसमें संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा जी एवं मेम्बर इंचार्ज राकेश मुटरेजा जी सहित अनेक गणमान्य अतिथि, समाज सेवक, गैर सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.), मंत्रीगण, प्रसिद्ध पत्रकारों की उपस्थिति रही। यह जानकारी स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने देते हुए बताया कि आदरणीय जोगिन्दर सुखीजा जी के नेतृत्व में निरंकारी मिशन द्वारा समाज कल्याण एवं प्राकृतिक संरक्षण हेतु चलाई गई अनेक परियोजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी को एक पी.पी.टी. के माध्यम से दर्शाया गया। इसके साथ ही संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा एक प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु मिशन द्वारा चलाई जा रही अनेक अहम् परियोजनाओं जिनमें वननेस वन, अमृत प्रोजेक्ट, वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, तलाशरी इत्यादि प्रमुख है जिसे देखकर सबका हृदय प्रसन्न हो उठा।इस कार्यक्रम में अनेक वक्ताओं ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण की रक्षा के महत्व को समझने पर चर्चाएँ करी। जिसमें संत निरंकारी मिशन की ओर से आदरणीय राकेश मुटरेजा जी ने प्राकृतिक संरक्षण पर सवांद करते हुए बाबा हरदेव सिंह जी के संदेश को दोहराते हुए कहा कि प्रदूषण केवल बाहर का ही नहीं अंदर वाला भी हानिकारक है क्योंकि जब तक हमारा अंतर्मन स्वच्छ नहीं होता तब तक हम बाहरी वातावरण भी स्वच्छ नहीं रख सकते। उन्होनें उदाहरण सहित बताया कि यह जो पंच भूत है वह हम में ही समाहित है। हम ही प्रकृति है और यह सब मुझसे और मैं इनसे निर्मित हूँ। संत निरंकारी मिशन इसी विचारधारा को प्रवाहित कर रहा हैसतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज भी अक्सर अपने विचारों में प्रकृति को अत्यधिक सुंदर बनाने हेतु यही आह्वान करते है कि हमें जो यह प्रकृति इतने सुंदर रूप में मिली है इसे हमें और अधिक सुंदर रूप में छोड़कर जाना है। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के लगभग 500 स्वयंसेवकों ने सतगुरु के आशीर्वाद से नीली टी-शर्ट में सुसज्जित होकर तनमयतापूर्वक अपनी सेवाओं को निभाते हुए, इस कार्यक्रम में सम्मिलित लगभग हजारों की संख्या में व्यक्तियों को भली प्रकार से नियंत्रित किया। प्रकृति संरक्षण के अंतर्गत जल को संरक्षित करने हेतु एक बार पुनः दिनांक 25 फरवरी, 2024 को अमृत प्रोजेक्ट का आयोजन किया जायेगा इसके साथ ही समाज कल्याण हेतु दी जा रही निस्वार्थ सेवाएं भी निरंतर जारी रहेंगी। निसंदेह इस प्रकृति संवाद एवं ऐसी अनेक परियोजनाओं का उद्देश्य हमारी धरा को स्वच्छ, सुंदर एवं निर्मल बनाना है जिसमें मिशन भी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आह्वान पर बहुमूल्य सहयोग देते हुए अपनी एक अहम् भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के समापन सत्र पर जलपान का समुचित प्रबंध संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा ही किया गया।

# करंजाकलां बीआरसी पर सौंपा गया ज्ञापन दिया गया धरना



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में तथा शिक्षक हितों की मांग को लेकर विशाल धरना दिया गया। धरना प्रदर्शन में सभी शिक्षक संगठनों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। नेतृत्व करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ अतुल प्रकाश यादव ने कहा कि विभाग पहले शिक्षकों की सभी मांगों प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति, स्थानांतरण समायोजन, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, न्यूनतम मूल वेतनमान 17140 एवं 18150, शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों को सम्मानजनक मानदेय देने का काम पूरा करे तभी ऑनलाइन अटेंडेंस जैसे आदेशों पर अमल करने के लिए दबाव डाले। इस अवसर पर राममूरत यादव सुरेश चंद्र पाठक संजय सिंह मोहम्मद अहसन खान मदन लाल यादव डॉ राम सिंह अनिल यादव श्री प्रकाश पाल मिश्रीलाल आराधना चौहान रेखा भारती सुनीता सिंह श्रीपाल यादव अखिलेश यादव राजेश विश्वकर्मा संजीव सिंह रमाकांत पाल सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# बीएलएस इंटरनेशनल ने दिल्ली में खोला एक नया अत्याधुनिक वीज़ा एप्लीकेशन सेंटर

**एप्लीकेशन**

**इस नए वीजा एप्लीकेशन सेंटर को बाराखंभा रोड पर डॉ. गोपालदास भवन में बनाया गया है।**




**नई दिल्ली।** बीएलएस इंटरनेशनल जो की सरकारों और नागरिकों के लिए एक भरोसमंद वैश्विक तकनीकी सेवा भागीदार है और वीज़ा प्रोसेसिंग के साथ कांसुलर सर्विसेज में एक जाना मानानाम है, उसने आज दिल्ली में अपने नए वीज़ा एप्लीकेशन सेंटर के उद्घाटन की घोषणा की। यह नया केंद्र ग्राहक अनुभव को बढ़ाने और वीज़ा आवेदन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने की बीएलएस इंटरनेशनल की प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है। इस नए वीजा एप्लीकेशन सेंटर को बाराखंभा रोड पर डॉ. गोपालदास भवन में बनाया गया है। वीज़ा सेवाओं की बढ़ती मांग को हर संभव कोशिश के साथ पूरा करने के लिए बिल्कुल नए बुनियादी ढांचे और उन्नत तकनीक के साथ डिज़ाइन किया गया है। 7000 वर्ग फुट में फैला आधुनिक सुविधाओं से लैस यह अत्याधुनिक बायोमेट्रिक एनरोलमेंट और डॉक्युमेंट वेरीफिकेशन सिस्टम के साथ आवेदकों को बेहतरीन अनुभव देता है। इस शानदार केंद्र का उद्घाटन स्पेन के राजदूत महामहिम श्री जोस मारिया रिदाओ डोमिंगुएज़ ने किया, जिससे इस आयोजन में चार चांद लग गए। बीएलएस इंटरनेशनल के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर शिखर अग्रवाल ने इस नए केंद्र के बारे में भरपूर उत्साह के साथ कहा, बड़े गर्व के साथ, हम दिल्ली में अपनी उन्नत सुविधा के उद्घाटन की घोषणा करते हैं, जो हमारे कीमती ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं देने के लिए हमारी हर संभव कोशिश का सबूत है। वीज़ा प्रोसेसिंग में सबसे अच्छा काम करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमारे इस नए बुनियादी ढांचे की नींव में ही झलक जाती है, जिसमें अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाया गया है और जो क्षमता के पर्याप्त विस्तार से प्रेरित है। यह हमारे लिए एक मील का पत्थर है जो न केवल हमारी प्रगति को दिखाता है, बल्कि असाधारण सेवा और विश्वास की हमारी विरासत को मजबूत करते हुए, हर सफर को ऊंचा उठाने के हमारे दृढ़ वादे को भी दिखाता है। इस नए कार्यालय में हर रोज़ कम से कम 1000 आवेदक बड़े आराम से समा सकते है, यह काफी बड़ी जगह है। यहां मौजूद सभी सुविधाओं को इसलिए आधुनिक रूप से बनाया गया है ताकि लोगों को कम से कम इंतजार करना पड़े और बढ़ती मांग को संभालने के लिए क्षमता निर्माण किया जा सके, जिससे वीजा आवेदनों का बिना किसी रुकावट के समय पर प्रोसेसिंग हो सके। साथ ही इस केंद्र में बेहतरीन सेवा देने वाले ट्रेन्ड प्रोफेशनल्स को काम पर रखा गया हैं। इतना ही नहीं इस वीज़ा आवेदन केंद्र को आधुनिक रूप के साथ स्वागत करने वाली डिज़ाइन के साथ बनाया गया है, जो एक सकारात्मक माहौल बनता है।

**बीएलएस इंटरनेशनल के बारे में-**

बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड सरकारों और नागरिकों के लिए एक भरोसमंद वैश्विक तकनीक-सक्षम सेवा भागीदार है, जिसने 2005 से वीज़ा, पासपोर्ट, कांसुलर, नागरिक, ई-गवर्नेंस, सत्यापन, बायोमेट्रिक, ई वीज़ा और खुदरा सेवाओं के क्षेत्र में बिना कोई गलती किए अपना नाम कमाया है। इस कंपनी को बिजनेस टुडे मैगज़ीन द्वारा भारत की सबसे कीमती कंपनी और फोर्ब्स एशिया द्वारा बेस्ट अंडर ए बिलियन कंपनी के रूप में मान्यता दी गई है।

# एलआईसी म्यूचुअल फंड ने लखनऊ में अपनी स्थानांतरित शाखा का उद्घाटन किया

**लखनऊ।** भारत के सबसे भरोसेमंद म्यूचुअल फंड हाउस में से एक, एलआईसी म्यूचुअल फंड ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश में अपनी स्थानांतरित शाखा के उद्घाटन की घोषणा की। स्थानांतरित एलआईसी म्यूचुअल फंड शाखा ग्राहकों को अधिक कुशलता से सेवा प्रदान करेगी और यह लखनऊ में एलआईसी म्यूचुअल फंड की यात्रा के एक नए फेज का संकेत देती है।

एलआईसी म्यूचुअल फंड के एमडी और सीईओ टी एस रामकृष्णन ने कहा कि एलआईसी म्यूचुअल फंड, अच्छे रिटर्न प्रदान करने और एक बड़ी आबादी की फाइनेंशियल वेलबींग को सिक्योर करने के एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, लखनऊ में इन्वेस्टर कम्युनिटी के लिए अपनी एफिशियंसी और इनोवेटिव इन्वेस्टमेंट ऑप्शन का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन्वेस्टमेंट की विशेष जरूरतों और फाइनेंशियल ऑब्जेक्टिव को स्वीकार करते हुए शहर में संभावित निवेशकों के लिए, उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किए गए म्यूचुअल फंड प्रोडक्ट्स और सर्विस की एक विविध श्रृंखला प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता लगातार बनी हुई है। हम अपनी हाल ही में उद्घाटन की गई शाखा में अपने नए और मौजूदा ग्राहकों का स्वागत करते हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआइ) के अनुसार, 30 सितंबर 2023 को भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम 46.58 लाख करोड़ था और उत्तर प्रदेश का कुल एयूएम 2.16 लाख करोड़ रुपए था। 30 सितंबर 2023 तक लखनऊ में कुल एयूएम का 0.68% था। मजबूत एयूएम शेयर लखनऊ के उन निवासियों के बीच एक समृद्ध ट्रेंड का संकेत देता है जो लॉन्ग टर्म वेल्थ क्रिएशन के साधन के रूप में म्यूचुअल फंड निवेश का विकल्प चुन रहे हैं। यह बढ़ता हुआ इन्वेस्टमेंट मुख्य रूप से म्यूचुअल फंड द्वारा प्रदान किए गए विविध निवेश विकल्पों से प्रेरित है, ये निवेश विकल्प शहर के निवासियों के फाइनेंशियल गोल और आकांक्षाओं के साथ अच्छी तरह से मेल खाते हैं। 30 सितंबर 2023 तक एलआईसी म्यूचुअल फंड का एयूएम 24,847 करोड़ रुपए था। एलआईसी म्युचुअल फंड को शहर में विकास की व्यापक संभावनाएं नजर आ रही हैं। एलआईसी म्यूचुअल फंड विभिन्न जोखिम प्रोफाइल, समय सीमा और निवेश प्राथमिकताओं को पूरा करने वाले म्यूचुअल फंड का एक विविध पोर्टफोलियो प्रदान करता है। एलआईसी म्यूचुअल फंड की पेशकश में म्यूचुअल फंड का एक विविध पोर्टफोलियो शामिल है जो विभिन्न जोखिम प्रोफाइल, समय सीमा और निवेश प्राथमिकताओं को पूरा करता है।

# आइकू ने आइकू 12 के लिए पहली बार एक्सक्लूसिव प्रायोरिटी पास पेश किया है

**नई दिल्ली।** हाई पर्फर्मांस वाला स्मार्टफोन ब्रांड आइकू, पहली बार आइकू प्रशंसकों के लिए एक विशेष



प्रायोरिटी पास की घोषणा करते हुए रोमांचित है। आइकू अपने आगामी फ्लैगशिप स्मार्टफोन - आइकू 12 के लिए असाधारण प्रत्याशा से उत्साहित है। कई उद्योग प्रथम विशेषताओं के साथ, आइकू 12 ब्रांड का परम फ्लैगशिप स्मार्टफोन है और इसके लिए, इसे दस लाख से अधिक आइकू प्रशंसकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। सीमित समय का प्रायोरिटी पास प्रशंसकों को Amazon.in और Iqoo.com पर 5 से 7 दिसंबर 2023 तक आधिकारिक लॉन्च से पहले सुपर फ्लैगशिप आइकू 12 को प्री-बुक करने का मौका पाने के लिए एक विशेष विंडो प्रदान करेगा। उपभोक्ता अपने डिवाइस को प्री बुक कर सकते हैं और प्रायोरिटी पास का लाभ उठा सकते हैं, जिसे बिक्री शुरू होने से 24 घंटे पहले आइकू 12 खरीदने के लिए भुनाया जा सकता है।

सीमित समय के प्रायोरिटी पास का लाभ उठाकर आपको यह मिलेगा

1. आपके आइकू 12 को ऑर्डर करने के लिए विशेष 24 घंटे की प्रारंभिक पहुंच.

2. केवल प्रायोरिटी पास ग्राहकों के लिए मुफ्त विवो TWS जिसकी कीमत2,999 रु रुपये है।

3.TWS के अलावा, आपको सभी लॉन्च ऑफ़र भी मिलेंगे, जिनकी घोषणा12 दिसंबर को की जाएगी

यहां बताया गया है कि कोई अपना प्रायोरिटी पास कैसे प्राप्त कर सकता है-

1. आप Amazon.in और iQOO.com पर प्री-बुकिंग करके 5 दिसंबर दोपहर 12 बजे से 7 दिसंबर तक अपना प्रायोरिटी पास प्राप्त कर सकते हैं।डिवाइस की प्री-बुकिंग करने वाले हमारे सभी प्रशंसकों को प्रायोरिटी पास का लाभ मिलेगा

2. ये प्रायोरिटी पास संख्या में सीमित हैं और केवल पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध हैं

3. आप 999 रुपये की रिफंडेबल राशि का भुगतान कर सकते हैं अपना फोन फ्री-बुक करने और अपना प्रायोरिटी पास प्राप्त करने के लिए, यह 999 रु. आपके अंतिम भुगतान में समायोजित हो जाएगा।

# एनआईआईटी यूनिवर्सिटी सीएमएस के मेधावी छात्र सम्मान समारोह में युवा प्रतिभाओं से हुआ रूबरू



**लखनऊ।** सभ्य समाज के उभरते क्षेत्रों में उच्च शिक्षा और सीखने में रिसर्च और इनोवेशन लाने की दृष्टि से स्थापित यूनिवर्सिटी ऑफ द फ्यूचर, एनआईआईटी यूनिवर्सिटी (एनयू) आज सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) द्वारा आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाओं से मिले। सीएमएस गोमती नगर एक्सटेंशन कैंपस में आयोजित इस कार्यक्रम में कम्पेरेटिव एग्जाम में अच्छे अंक हासिल करने वाले छात्रों की सराहना की गई।

छात्रों के साथ बातचीत करते हुए, एनआईआईटी यूनिवर्सिटी (एनयू) ने उन्हें शैक्षणिक वर्ष 2024 के लिए यूनिवर्सिटी के नए-ज़माने के कार्यक्रमों में प्रवेश पाने के विकल्प चुनने के लिए आमंत्रित किया। एनयू का अनूठा अर्ली एडमिशन प्रोग्राम 12वीं कक्षा के छात्रों को उनकी कक्षा 10वीं बोर्ड के परिणामों के आधार पर प्रवेश लेने की अनुमति देता है। एनयू में प्रवेश पाकर छात्र अपनी पसंद के कार्यक्रमों में प्रवेश पाने के लिए बिना किसी तनाव के अपनी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं।

शैक्षणिक वर्ष 2024 के लिए, अब नए जमाने के प्रोग्राम जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस में बीटेक, साइबर सिक्योरिटी में बीटेक और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में इंटीग्रेटेड मास्टर्स के लिए प्रारंभिक प्रवेश खुले हैं, जिन्हें छात्रों को कौशल को बढाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# अमेज़न मिनीटीवी ने कैंपस बीट्स के आख़िरी सीज़न के ज़ोरदार ट्रेलर को रिलीज़ कर दिया है

**मुंबई।** अमेज़न की निःशुल्क वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़न मिनीटीवी ने आज अपनी बेहद पसंद की जाने वाली टीन ड्रामा ओरिजिनल सीरीज़, कैंपस बीट्स के तीसरे और आख़िरी सीज़न के ट्रेलर को प्रस्तुत कर दिया। इस ड्रामे के पहले दो सीज़ंस को आलोचकों और दर्शकों से तारीफ़ें मिली थी, जिनके ड्रामा, रोमांस, राज़ और नाच-गाने के मिले-जुले मनोरंजन ने उन्हें लुभाया था - यह नया सीज़न ईशान और नेत्रा की सनसनाते तालमेल, नाचने-गाने की ज़बरदस्त नोंक-झोंक और नए समीकरणों के साथ एक धमाकेदार ग्रैंड फिनाले पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। तीसरा सीज़न 05 दिसंबर से अमेज़न मिनीटीवी पर निःशुल्क रोमांस और राज़ों के सिलसिले को आगे बढ़ाने के वाला है। इसका ट्रेलर रोमांस, गुस्से, नाच और जोख़िम के साथ एम.ए.डी. में छात्रों के हाई-ड्रामा वाले




पलों की एक झलक दिखाता है। यह तीसरा सीज़न एक रोमांचक मोड़ लेता है और ईशान और नेत्रा की ज़िंदगियों की गहराईयों में उतर जाता है जब वो दोनों एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हो जाते हैं, भावनाओं के बवंडर पागल - इस सीज़न में वो दोनों आपस में लड़ रहे हैं! रिश्ते नई उतार-चढ़ावों, रहस्यों और ज़बरदस्त ड्रामा के साथ बदल जाते हैं, जिससे कॉलेज में दो दुश्मन गैंग्स के बीच लड़ाई ज़बरदस्त हो जाती है। भरपूर मनोरंजन और अनेक तरह की भावनाओं के अलावा, कैंपस बीट्स का तीसरा सीज़न रोमांच और रोंगटे खड़े कर देने वाले पलों के बीच इश्क़ का भी तड़का पेश करेगा। अमेज़न मिनीटीवी के हैड ऑफ़ कंटेंट, अमोघ दुसाद ने तीसरे सीज़न के बारे में बताते हुए कहा, ÷कैंपस बीट्स के पहले दो सीज़ंस ने दर्शकों को बेहद रोमांचित किया है और वे अगले सीज़न का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अमेज़न मिनीटीवी को अपनी कंटेंट की लाइब्रेरी में ऐसा अद्भुत और मनोरंजक प्रोजेक्ट शामिल करते हुए खुशी हो रही है। परदे पर ईशान और नेत्रा के तालमेल के साथ यह सफ़र दिलचस्प रहा है, जिसने कि दर्शकों को बाँधे रखा है।

# सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटीः साझेदारियों का उत्सव मनाने की रात

**लखनऊ।** पिछले 52 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र का एक प्रमुख संस्थान रहा, सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (मानद विश्वविद्यालय) ने वसुधैव कुटुंबकम की दिशा में अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली में उन एजेंसियों और संस्थानों के साथ अपने सहयोगिता को सम्मानित करने और उसका उत्सव मनाने के लिए अपना वार्षिक मिलन समारोह आयोजित किया, जिनके साथ मिलकर यह काम करता है। इस आयोजन ने वर्ष 2024 के लिए इस विश्वविद्यालय की भविष्य की विकास की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर महत्वपूर्ण वाद-विवाद करने हेतु एवं 1971 के बाद के उनके सफ़र में अहम साझेदारी और गठबंधन को सम्मानित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया।

इस शाम के दौरान विश्वविद्यालय के प्रमुख व्यक्तियों ने विस्तारण एवं अभिनवता के लिए अपने दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया और विचारों का अनुनादी आदान-प्रदान किया गया। वहाँ उपस्थित व्यक्तियों में राजदूत, दूतावासों के सदस्य और उच्चायुक्त जो छात्रों को एस.आई.यू. में शिक्षा प्राप्त करने के लिए भेजते हैं, विदेशों के विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि और शिक्षाविद्शामिल थे। चर्चा के मुख्य विषय अकादमिक कार्यक्रमों को और भी बेहतर बनाने, अनुसंधान के प्रयासों को बढ़ावा देने और विश्वस्तर पर साझेदारियों को सशक्त बनाने जैसे विषयों पर आधारित रहे। इस संगोष्ठी का मुख्य आकर्षण देश भर में इस विश्वविद्यालय के 47 केंद्र (देश भर में) थे, जो सुलभ और उच्च-स्तरीय शिक्षा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

प्रोफेसर (डॉ.) एस.बी. मुजुमदार, संस्थापक एवं अध्यक्ष, सिम्बायोसिस, और चांसलर, एस.आई.यू., ने भारत के शैक्षणिक विकास के विषय में अपना उल्लास व्यक्त करते हुए कहा,÷मैं स्वामी विवेकानन्द की इस बात पर विश्वास करता हूँ कि भारत एक विश्वशक्ति बनेगा। मेरा मानना है कि भारत अब इस महान स्थिति को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह से तैयार है और इन अच्छी साझेदारियों के माध्यम से ही यह संभव है।

सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (मानद) यूनिवर्सिटी में एस.आई.यू. की प्रो-चांसलर, डॉ. विद्या येरवडेकर ने निरन्तर विकसित हो रहे शैक्षणिक परिवेश में अनुकूलनीयता और प्रतिनिधित्व करते रहने के महत्व को उजागर किया। शिक्षा में उत्तमता प्राप्त करने के प्रति हमारी लगन हमें निरंतर प्रगति के मार्गों का पता लगाने के लिए प्रेरित करती है। वर्ष 2023 हमारे लिए एक परिवर्तनकारी वर्ष सिद्ध हुआ है, नई शिक्षा नीति और यू.जी.सी. के नियमों को लागू किए जाने से नई संभावनायें उत्पन्न हुई हैं। मुझे खुशी है कि आपके सभी के सहयोग से हम वर्ष 2024 से दुबई यू.ए.ई. में अपने पहले कैंपस की शुरुआत करेंगे, उन्होंने बताया।

कुछ समय पहले ही सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी को फिक्की द्वारा उच्चशिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया है, जो कि शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान के तौर पर इसकी स्थिति की पुष्टि करता है। फिक्की द्वारा प्रदान किए गए सम्मान ने इस विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता, अभिनवता और व्यापक शैक्षिक परिवेश में योगदान के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाया है।

इस वर्ष, सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने एक जैसी विचारधारा वाले कुछ विश्वविद्यालयों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करके मिलकर काम करने की शुरुआत की है।

उन्होंने डीकिन यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया के साथ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन और बिज़नेस एनालिटिक्स में अपनी पहली दोहरी डिग्री के कार्यक्रम को शुरू किया है, जो कि 20 वर्षों की साझेदारी है, और एस.आई.बी.एम. बी. और फोर्ड हम विश्वविद्यालय के बीच दोहरी डिग्री का एक कार्यक्रम है। सिम्बायोसिस ने यूनिवर्सिटी ऑफ़ बर्मिंघम, यूनिवर्सिटी ऑफ़ एडिलेड, एस्टन यूनिवर्सिटी आदि के साथ भी अनेक सहयोगात्मक अकादमिक कार्यक्रमों हेतु समझौते किए हैं। इन सभी प्रयासों को इस वर्ष सफलतापूर्वक साकार किया गया है और छात्रों को सिम्बायोसिस में भारत की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा को सम्मानजनक अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों से उच्चतमस्तर की शिक्षा के साथ संयोजित करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

# नवंबर माह में जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने जीएसटी संग्रह से जुड़े आंकड़ों को साझा किया है। जिसमें कहा गया कि नवंबर माह में जीएसटी संग्रह




15 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 1.68 लाख करोड़ रुपये हो गया है। बता दें नवंबर 2022 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1.45 लाख करोड़ रुपये से अधिक था।

मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि नवंबर माह में एकत्रित सकल जीएसटी राजस्व 1.67 करोड़ रुपये है, जिसमें से एसजीएसटी 38,226 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 87,009 करोड़ है। हालांकि, नवंबर माह का संग्रह अक्तूबर में जुटाए गए 1.72 लाख करोड़ रुपये से कम है। मंत्रालय ने कहा कि नवंबर 2023 का राजस्व पिछले वर्ष के इसी महीने के जीएसटी राजस्व से 15 प्रतिशत ज्यादा है। नवंबर 2023 तक 2023-24 के दौरान वर्ष-दर- वर्ष किसी भी महीने के लिए सबसे अधिक है।

## एयर एशिया ने 2024 से भारत और मलेशिया के बीच उड़ानों में 1.5 मिलियन अतिरिक्त सीटें शामिल की




**लखनऊ।** एयर एशिया ने मलेशिया और भारत के बीच अपनी सर्विस बढ़ाने की घोषणा की है, 2024 की पहली तिमाही से कुल 69 साप्ताहिक उड़ानें शुरू हो रही हैं, जो हर साल 1.5 मिलियन तक सीटें उपलब्ध कराएंगी। मलेशिया सरकार द्वारा 1 दिसम्बर से 2023 के बाद से भारत से मलेशिया आने वाले वाले यात्रियों के लिए 30 दिन की वीज़ा-फ्री एंट्री की घोषणा के बाद बढ़ती मांग को देखते हुए यह कदम बढ़ाया गया है। इसके अलावा हाल ही में थाईलैण्ड और वियतनाम सरकार ने भी भारत से इन देशों में आने वाले यात्रियों के लिए वीज़ा-फ्री एंट्री की घोषणा की है। इस तरह भारतीय लोग एयर एशिया की फ्लाई-थ्रू सर्विस के द्वारा किफ़ायती बजट में आसियान देशों की यात्रा का आनंद उठा सकते हैं, ये उड़ानें कुआलालम्पुर में एक स्टॉप के साथ भारत को बैंकॉक, फुकेत, हनोई, हो ची मिन्ह, सिडनी, मेलबर्न, पर्थ आदि से कनेक्ट करती हैं। केपिटल ए सीईओ टोनी फर्नान्डीज़ ने कहा, ''यह न सिर्फ एयर एशिया के लिए बल्कि पूरे देश के लिए अच्छी खबर है। इसके लिए हम मलेशिया सरकार, खासतौर पर प्रधानमंत्री डेटो सेरी अन्वर इब्राहिम के प्रति आभारी हैं। एयर एशिया हमेशा से भारत से मलेशिया की यात्रा को आसान बनाने के लिए प्रयासरत रही है। एयर एशिया हैड, रीजनल कमर्शियल, भारत, मनोज धमानी ने कहा, ''हमारा मानना है कि यह अवसर न सिर्फ हमारे सबसे बड़े दो मार्केट्स के बीच क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाएगा बल्कि आर्थिक विकास के लिए उत्प्रेरक की भूमिका भी निभाएगा। अगले साल पहली तिमाही में एयर एशिया भारत के नौ गंतव्यों- बैंगलुरू, कोलकाता, कोची, हैदराबद, चेन्नई, तिरूचिरापल्ली, नई दिल्ली, अमृतसर और त्रिवेन्द्रम (फरवरी 2024 में शुरू हो रहा नया गंतव्य) से कुआला लम्पुर तक कुल 69 साप्ताहिक उड़ानों का संचालन करेगी।'

## दिनांक 2-3 दिसम्बर 2023, राजभवन में भिक्षा से शिक्षा की ओर मुहिम के अंतर्गत दो दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन

**लखनऊ।** दिनांक 2-3 दिसम्बर 2023 को लखनऊ जनपद के भिक्षावृत्ति छोड़ चुके बच्चों व भिक्षावृत्ति छोड़ने का संकल्प ले चुके 500 से अधिक बच्चों के लिए भिक्षा से शिक्षा की ओर मुहिम के अंतर्गत महामहिम राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी की प्रेरणा से दो दिवसीय खेल दिवस का आयोजन राजभवन प्रांगण में किया जा रहा है। इस आयोजन का शुभारम्भ महामहिम राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी द्वारा किया जायेगा। आयोजन में शिक्षा विभाग, नगर विकास विभाग व विभिन्न अन्य विभागों के वरिष्ट अधिकारी तथा अन्य हितगामियों की उपस्थिति रहेगी। विगत दो वर्षों से उम्मीद संस्था महामहिम की प्रेरणा से भिक्षा से शिक्षा की ओर मुहिम के अंतर्गत सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय और स्थानीय निकाय के सहयोग से भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों को इस वृत्ति से दूर करते हुए शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रयासरत है।

अपने इन प्रयासों से उम्मीद द्वारा अब तक 200 से अधिक बच्चों को भिक्षावृत्ति से विमुख कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा चुका है। इन प्रयासों को निरंतर महामहिम की प्रेरणा और सहयोग प्राप्त होता रहा है।

इस प्रकार का विशेष आयोजन भारत में पहली बार किया जा रहा है और उत्तर प्रदेश पहला राज्य होगा जिसने ऐसे आयोजन की पहल की है। इस आयोजन का उद्देश्य भिक्षावृत्ति से जुड़े लोगों में आत्मसम्मान की भावना को जागृत कर इनमें सामाजिक स्वीकृति को बढ़ावा देना है।

# कलर्स के नवीनतम सोशल ड्रामा 'डोरी' की सुधा चंद्रन ने लखनऊ का दौरा किया

**लखनऊ।** कलर्स के हाल ही में लॉन्च हुए शो 'डोरी' ने पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देने वाली गंगा प्रसाद की पालक बेटी डोरी की कहानी प्रदर्शित करके



बालिका-परित्याग पर प्रकाश डाला है। वाराणसी में सेट किया गया, यह विचारोत्तेजक ड्रामा छह साल की एक दृढ़ लड़की के इर्द-गिर्द घूमता है, जो कैलाशी देवी ठाकुर की रूढ़िवादी मानसिकता के खिलाफ खड़ी होती है, जो वाराणसी में सबसे बड़े हथकरघा साम्राज्य की मालकिन है और ठाकुर घराने पर कड़ा नियंत्रण रखती है। कैलाशी देवी ठाकुर के रूप में सुधा चंद्रन, गंगा प्रसाद के रूप में अमर उपाध्याय, और डोरी के रूप में माही भानुशाली अभिनीत, यह कहानी प्रगतिशील और रूढ़िवादी सोच के टकरावों को प्रदर्शित करने के लिए प्यार बटोर रही है। देखिए 'डोरी' हर रोज़ रात 9:00 बजे केवल कलर्स पर ।

इसकी मौजूदा कहानी में, डोरी की बायोलॉजिकल मां, मानसी को यकीन है कि उसकी परित्यक्त बेटी जीवित है। दूसरी ओर, डोरी ने अपने पालक पिता गंगा प्रसाद को बुनकर समुदाय का एक प्रतिभाशाली बुनकर बनाने और कैलाशी देवी की इच्छा के विपरीत उन्हें उनकी अनूठी साड़ी डिज़ाइन का श्रेय दिलाने का बड़ा सपना बुना है। जबकि गंगा डोरी के लिए हर सर्वश्रेष्ठ चीज चाहता है, वह चाहती है कि बुनकर के रूप में उसके पिता के कौशल को पहचान मिले। कैलाशी देवी के कुटिल इरादों के खिलाफ, क्या डोरी की दृढ़ता से उसके पिता को वह सराहना मिल पाएगी जिसके वह हकदार है? पिता और बेटी की इस मनमोहक जोड़ी को 'डोरी' पर देखें, जो रोज़ाना रात 9:00 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होता है।

लखनऊ में शो के प्रचार के लिए आने पर अपने विचार साझा करते हुए, सुधा चंद्रन कहती हैं, मैंने लखनऊ घूमने और अपने विचारोत्तेजक ड्रामा, डोरी का प्रचार करने में बिताए गए अपने समय का भरपूर आनंद लिया, जिसे दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिला। शो की कहानी उत्तर प्रदेश पर आधारित है और इस खूबसूरत राज्य में इसके बारे में प्रचार करके बहुत ही अच्छा लगा। यह हमारे समाज को दूषित करने वाली छोटी सोच पर प्रकाश डालते हुए, बालिका-परित्याग के मुद्दे को दर्शाता है। मैं मुखिया कैलाशी देवी के रूप में मेरे किरदार को पसंद करने के लिए दर्शकों को धन्यवाद देती हूं, जो दुखद रूप से मानती है कि बेटियां परिवार की विरासत को आगे नहीं बढ़ा सकती हैं। मुझे उम्मीद है कि यह शो देश की कई डोरी को इस छोटी सोच को चुनौती देने के लिए प्रेरित करने का काम करेगा।

देखिए 'डोरी' हर सोमवार से रविवार रात 9:00 बजे केवल कलर्स पर।

**'कलर्स' के बारे में**

'कलर्स' भारत में मनोरंजन के क्षेत्र में वायकॉम18 का प्रमुख ब्रांड है। 21 जुलाई 2008 को लॉन्च किया गया, 'भावनाओं' और 'विविधता' का संयोजन, कलर्स अपने दर्शकों को हर प्रकार की भावनाएं प्रदान करता है। फिक्शन शो से लेकर फॉर्मेट शो से लेकर रियलिटी शो से लेकर ब्लॉकबस्टर मूवी तक - इसकी पोटली में सभी 'जज्बात के रंग' शामिल हैं। 'कलर्स' शिव शक्ति तप त्याग तांडव, नीरजा...एक नई पहचान, उडारियां, परिणीति, सुहागन, चांद जलने लगा, बिग बॉस, खतरों के खिलाड़ी और कई अन्य शो के माध्यम से 'एकसाथ देखने' को बढ़ावा देने के प्रति समर्पित है।

## अब स्टाइल मनाएं नए साल का जश्न



**लखनऊ।** नए साल के लिए उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है, ऐसे में दुबई, शहर के निवासियों और आगंतुकों के लिए ढेरों ऐसे आयोजन ला रहा है जो 2024 के स्वागत के जश्न को सही मायनों में यादगार बना देंगे। शानदार आतिशबाजी से लेकर एक्सक्लुज़िव पार्टीज़ तक, शहर में कई ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने जा रहे हैं, जिनके साथ आप अनूठे और यादगार तरीके से नई यात्रा की शुरूआत कर सकते हैं। 31 दिसम्बर को आइकोनिक बुर्ज खलीफ़ा पर शानदार आतिशबाजी का आनंद उठा सकते हैं, यह आतिशबाजी रात में आसमान को जगमगा कर नए साल के स्वागत के लिए बेहतरीन कैनवास बनाएगी। पलाज़ो वर्साचे दुबई 'ब्यूटी एण्ड द बीस्ट' की थीम के साथ आगंतुकों को थिएटर का शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है। यहां आप शाम के भोजन के साथ-साथ ब्यूटी एण्ड द बीस्ट की क्लासिक स्टोरी पर आधारित लाईव एंटरटेनमेन्ट का लुत्फ़ उठा सकते हैं। 31 दिसम्बर की पूर्व संध्या पर टैरेस पर मेहमानों का स्वागत वैलकम ड्रिंक और कैनापीज़ के साथ किया जाएगा। और मध्यरात्रि के समय दुबई क्रीक पर विशाल आतिशबाजी शो भी होगा।आप मल्टी सेंसरी रेस्टोरेन्ट लाउंज सीई ला सिक्स दुबई में दुबई के ग्लैमर का लुत्फ़ उठाएं। यह रेस्टोरेन्ट मेहमानों को एंटरटेनमेन्ट के बीच 31 दिसम्बर के भव्य जश्न के लिए आमंत्रित कर रहा है। सीई ला स्क्सि दुबई का जश्न सबसे खास होगा। जहां दर्शकों को ब्रिटेन के सबसे प्रतिभाशाली बैण्ड जैक पैक के लाईव परफोर्मेन्स, यूके के सबसे सफल स्विंग ग्रुप के शो तथा शेफ होवार्ड के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ़ उठाने का मौका मिलेगा, 1 जनवरी को निक्की बीच दुबई शानदार जश्न का आयोजन कर रहा है, जहां आप इंटरनेशनल डीजे की धुनों पर थिरकते हुए नए साल का स्वागत कर सकते हैं।

## विकास खंड मोतीचक के अजीजनगर में आयोजित रहा कार्यक्रम

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले यही संकल्प यात्रा का उद्देश्य: अखिलेश

अवधनामा संवाददाता

**मथौली, कुशीनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत अजीजनगर में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता अखिलेश दास गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके और उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकारी योजनाओं और लाभ को उन लोगों तक पहुंचाना है, जो पीछे रह गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। पूर्व की सरकारों में ग्रामीण क्षेत्र की जनता अछूता रही है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के बारे में जिक्र करते हुए लोगों से लाभ लेने का अपील किया। इसके पूर्व विकसित भारत संकल्प यात्रा एलईडी वैन का स्वागत किया गया जिसके माध्यम से योजनाओं के बारे में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, पशु पालन विभाग, कृषि विभाग सहित तमाम विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक अनिल दुबे ने किया जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान नुरैशा खातून ने किया। वहीं पकड़ी मदरहां में भाजपा नेता जयप्रकाश उपाध्याय ने योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि अजीजनगर इनसाद उर्फ मुन्ना अंसारी, एडीओ एजी प्रमोद कुमार, सचिव शिवेंद्र गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य रामनेति उर्फ छट्ठू यादव, प्रभात सिंह, शबाना खातून, निरमा भारती, बृजेश कुमार, राजेश पटेल, सतीष वर्मा, राजेश कुमार गुप्त, मोहन पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


अजीजनगर में कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य अखिलेश दास गुप्ता

## केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में दी जानकारी


पकड़ी मदरहां में उपस्थित लोग

**मथौली, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** पकड़ी मदरहां गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे लोगों को बताया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता जय प्रकाश उपाध्याय रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी हाटा हीरालाल, खण्ड विकास अधिकारी फूलचंद्र सरोज, सहायक विकास अधिकार, अनवारूल सिद्दीकी, सचिव, शिवेंद्र गुप्ता, प्रधान अलाउद्दीन अली, पंचायत सहायक मंजीत साहनी, पवन सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## बाइक दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत

**गोरखपुर।** क्षेत्र के सीधेगौर गांव निवासी पिता-पुत्र की सुबह बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। शुक्रवार की सुबह पौने आठ बजे सीधेगौर गांव निवासी 44 जहीर अहमद अपने 14 वर्षीय पुत्र सलमान को बाइक से बड़हलगंज आ रहा था। सलमान सिकरीगंज में मदरसे में पढ़ता था। जहीर उसी के लिए बड़हलगंज में कपड़ा खरीद कर उसे सिकरीगंज के लिए वाहन में बैठाने आ रहा था। कि इस बीच रामगढ़, पिड़हनी के पास बाइक फिसलने से दोनों सड़क पर गिर गयें। जिससे दोनों के सिर में गंभीर चोट लगी। और मौके पर ही मौत हो गई। मृतक जहीर के भतीजे असलम खान द्वारा दियें गयें तहरीर में कहा गया है कि बाइक फिसलने से जहीर व सलमान दोनों सड़क पर गिर गयें जिससे सिर में गंभीर चोट लगने से पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। जहीर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। मृतक के परिवार में अब सिर्फ पत्नी व 12 वर्षीय छोटा पुत्र अरबाज हैं।



## केदार मणि का सर्वग्राही व्यक्तित्व आज भी अनुकरणीय: रमापति



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** समाज में इन्द्रासन का इंद्र बनने की आकांक्षा सबकी होती है, मरघट का शिव विरले ही कोई बनता है। सर्वदा समाज के वंचित तबके में अपना कार्यक्षेत्र चुनकर मरघट के नीलकण्ठ शिव से प्रेरणा लेते हुए अपना सम्पूर्ण जीवन समाज एवं शिक्षा के उन्नयन में होम कर देने वाले विभूति थे पण्डित केदारनाथ मणि त्रिपाठी।

आज उनके यशस्वी एवं सर्वग्राही व्यक्तित्व का अनुकरण कर हजारों कार्यकर्ता समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दे रहे है। उक्त बातें देवरिया सदर सांसद डा.रमापतिराम त्रिपाठी ने भाजपा द्वारा बैतालपुर ब्लॉक सभागार में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा स्व.केदारनाथ मणि त्रिपाठी की सातवीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा। उन्होंने कहा कि केदारनाथ मणि एक व्यक्ति नही व्यक्तित्व थे।उनका पूरा जीवन समाज मे एक अलग आदर्श प्रस्तुत करता है। वे एक कुशल संगठनकर्ता,एक योग्य शिक्षक थे और ओजस्वी वक्ता थे। उनके जैसे संत समाज मे विरले ही पैदा होते है। जिलाप्रभारी भाजपा संतराज यादव ने कहा कि हम सभी उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात कर समाज में सकारात्मक योगदान देने का प्रण लेते हुए उनको शत-शत नमन करते हैं। शिक्षक के रूप में अपनी सेवा देते हुए वह शुरू से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े रहे। शिक्षा एवं शिक्षण से इतर केदारनाथ मणि ने अपने सामाजिक कार्यों का भी बखूबी निर्वहन किया।

# गला घोंटकर की गई संदीप की हत्या

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा
- गन्ने के खेत में पेड़ से लटकता मिला था संदीप का शव, हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** बरवापट्टी थाना क्षेत्र के रामपुरपट्टी गांव के टोला बकुलहवा निवासी बीस वर्षीय संदीप यादव की मौत गला घोंटकर की गई थी। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हुआ है। रिपोर्ट के बाद मृतक पिता ने अज्ञात हत्यारे के खिलाफ बरवापट्टी थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। कहना न होगा कि हत्यारे ने संदीप की मौत को खुदकुशी का रंग देने के लिए शव को गन्ने के खेत में शीशम के पेड़ से लटका दिया था।

बता दें कि रामपुरपट्टी के बकुलहवां टोला निवासी शेष नाथ यादव के 20 वर्षीय पुत्र संदीप का शव गांव से करीब एक किलोमीटर दूर गन्ने के खेत में शीशम के पेड़ से फंदे से लटका मिला। पिता के मुताबिक संदीप 23 नवंबर को संदिग्ध हालात में लापता हो गया था। तीन दिन तक तलाश के बाद जब संदीप का कोई अता-पता नही मिला तो 27 नवंबर को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को संदीप के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें गला घोंटकर हत्या करने की बात सामने आई है। रिपोर्ट में छह दिन पहले मौत हुई है। मतलब यह कि संदीप की हत्या 23 नवंबर को ही कर दी गई थी। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मृतक के पिता ने गुरुवार को शाम थाने में तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी के केस में हत्या की धारा बढ़ाकर हत्यारो की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल का कहना है कि संदीप का गला घोंटा गया था। इसी कारण मौत हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ। पुलिस कॉल डिटेल रिपोर्ट निकलवा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।



## राष्ट्रीय लोक अदालत में आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों हेतु वादों को चिन्हित कर करें निस्तारण: देवेन्द्र सिंह

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश देवरिया देवेन्द्र सिंह के अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में आर्बिट्रेशन के वादों के अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण हेतु न्यायाधीशगण के साथ प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गयी। आर्बिट्रेशन वादों के निस्तारण हेतु जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह के द्वारा सम्बन्धित न्यायाधीशगण को 09 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक संख्या में वादों को निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबें ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आर्बिट्रेशन के वादों का निस्तारण पक्षकारों के साथ आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा। यदि किसी भी पक्षकार का आर्बिट्रेशन वाद संबंधित न्यायालय में लम्बित हैं तो वह उस न्यायालय में एक प्रार्थना देकर नियत तिथि पर अपने मामले को लगाकर निस्तारण करा सकते हैं। जिससे पत्रावलियों को संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र के माध्यम से लगवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण कर लाभ उठाया जा सकें।



# बीआरसी पर शिक्षकों ने किया धरना

## शिक्षक व छात्र विरोधी योजना के विरोध में मोतीचक के शिक्षकों ने दिया धरना

अवधनामा संवाददाता

**मथौली, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को पूरे प्रदेश के ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा के शिक्षक विरोधी व छात्र विरोधी योजना व आदेशों के खिलाफ मोतीचक ब्लॉक के शिक्षकों ने महानिदेशक स्कूली शिक्षा के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। यह धरना पूरे प्रदेश में आयोजित किया गया है।

सरकार द्वारा शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध कर दिए गए हैं शिक्षकों से अपनी आईडी पर सिम लेने के दबाव डाले जा रहे हैं छात्रों की कम उपस्थिति पर शिक्षकों का का वेतन बाधित करना, छात्रों के अभिभावकों द्वारा छात्रों का जूता मोजा बैग बैग स्वेटर ड्रेस न लेने पर शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करना, कोई भी एप और पोर्टल ठीक से कार्य न करने की वजह से शिक्षकों पर कार्य करने के लिए विभागीय दबाव बनाना, सुबह होते ही मोबाइल पर अत्यधिक आदेशों का प्राप्त होना जिससे शिक्षकों को पढ़ाने की मुख्य धारा से दूर हटाने का प्रयास किया जा रहा है, अन्य विभागों के कार्य भी शिक्षकों से कराए जा रहे हैं। इसलिए सभी शिक्षक शिक्षा महानिदेशक के आदेशों से आक्रोशित हैं, यदि महानिदेशक फालतू के आदेशों को वापस नहीं लेते हैं तो सभी शिक्षक धरना देने के लिए बाध्य होंगे। धरने की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह तथा संचालन मोलाई प्रसाद ने किया। इस धरने में सभी शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।


धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज बैतालपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत रामपुर गौनरिया में कार्यक्रम



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज बैतालपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत रामपुर गौनरिया में विशेष कैंप का आयोजन कर ग्रामवासियों को सरकार की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से जोड़ा गया तथा एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र की कतार में लाने की संकल्पना से रूबरू कराया गया। इस दौरान सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने ग्रामवासियों को देश को विकसित राष्ट्र बनाने में नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य समाज की अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकार की विभिन्न लाभार्थी परक योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। इस यात्रा के जरिए जनपद के समस्त 16 ब्लॉकों के 1121 ग्राम पंचायतों में रोस्टरवार एलईडी वैन सहित 12 विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक पहुंच रहे हैं। एलईडी वैन के माध्यम से जन सामान्य को जागरुक करते हुए विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी उपलब्ध कराते हुए पीएम किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की ई-केवाईसी की जा रही है। साथ ही उज्ज्वला योजना से वंचित लोगों को इसका लाभ दिया जा रहा है। कैंप के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने, विभिन्न बैंकिंग सेवाओं से लोगों को जोड़ने तथा लोगों को पोषणयुक्त भोजन के विषय में जानकारी देने के लिए स्टॉल भी लगाया गया।

# संक्रमित रक्त या असुरक्षित यौन सम्पर्क से होता है एचआईवी का प्रसार

- मरीज को सम्मान के साथ जीने का है अधिकार
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से विश्व एड्स दिवस पर निकाली गयी जनजागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** ह्यूमन इम्युनो डिफिशियंसी वायरस (एचआईवी) शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को धीरे धीरे कम करता है और समय से पहचान कर उपचार न शुरू करने से इस क्षमता को नष्ट भी कर देता है। सिर्फ मनुष्य में पाए जाने वाले इस वायरस का एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संक्रमण संक्रमित रक्त या असुरक्षित यौन सम्पर्क के जरिये ही हो सकता है। ऐसे मरीज के साथ रहने, खाने, सोने, हाथ मिलाने, चुम्बन करने या उसके इस्तेमाल किये गये बिस्तर व शौचालय का इस्तेमाल करने से संक्रमण नहीं होता है।

यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राम कृपाल और सीएमओ ने विश्व एड्स दिवस पर सीएमओ कार्यालय परिसर से शुक्रवार को जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली के जरिये लोगों को एचआईवी और एड्स के प्रति व्याप्त भ्रांतियों के बारे में जागरूक किया गया । यह रैली शास्त्री चौक, कलक्ट्रेट चौक, टाऊनहाल और घोस कंपनी होते हुए जिला क्षय रोग केंद्र पर आकर समाप्त हुई। जनजागरूकता के संदेशों वाली तख्तियों और नारों के जरिये राहगीरों को एचआईवी और एड्स के बारे में संदेश दिये गये । प्रदेश के विधिक सेवा प्राधिकरण और जनपद न्यायधीश के दिशा निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी रैली के आयोजन में सक्रिय सहयोग किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि एचआईवी संक्रमण की आखिरी अवस्था को एक्वायर्ड इम्युनो डिफिशियंसी सिंड्रोम (एड्स) कहते हैं। इस अवस्था में मनुष्य बीमारियों से लड़ने की ताकत पूरी तरह से खो देता है। एड्स एक लाइलाज बीमारी है। पूर्ण और सही जानकारी ही इसका एक मात्र उपचार है। एचआईवी की समय से पहचान कर एंट्री रेट्रो वायरल ट्रीटमेंट (एआरटी) औषधियों का सेवन किया जाए तो मरीज अच्छा, लम्बा और स्वस्थ जीवन जी सकता है। यह औषधियां मेडिकल कॉलेज स्थित एआरटी सेंटर से सरकारी प्रावधानों के अनुसार उपलब्ध हैं। इस बीमारी से संबंधी अधिक जानकारी के लिए नाको के टोल फ्री नंबर 1097 से भी मदद ली जा सकती है। बीमारी की जांच की सुविधा मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, ब्लड बैंक और ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों में उपलब्ध है। ब्लॉक स्तरीय 11 अस्पतालों पर एचआईवी जांच के अलावा परामर्श की भी सेवा दी जा रही है। एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ गणेश यादव ने बताया कि एचआईवी जांच रिपोर्ट गोपनीय रखी जाती है। कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से यह जांच करवा सकता है। जांच के पहले और बाद में अनिवार्य तौर पर परामर्श दिया जाता है। इस वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए यौन संबंधों में संयम, जीवन साथी के प्रति वफादारी, कंडोम का इस्तेमाल, लक्षण दिखने पर जांच, सरकारी व अधिकृत ब्लड बैंक के एचआईवी मुक्त रक्त का इस्तेमाल, हमेशा नई सीरिंज का इस्तेमाल और प्रत्येक गर्भवती की एचआईवी जांच करवा करवाना जरूरी है। रैली में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके चौधरी, डॉ नंदलाल कुशवाहा, डिप्टी सीएमओ डॉ अनिल कुमार सिंह, उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ विराट स्वरूप श्रीवास्तव, एआरओ एसएन शुक्ला, डीपीसी धर्मवीर प्रताप सिंह, पीपीएम समन्वयक अभय नारायण मिश्र, मिर्जा आफताब बेग समेत कई स्कूलों के विद्यार्थी, नर्सिंग स्टूडेंट और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधिगण भी शामिल हुए।



## सीडीओ ने टीबी के 10 मरीजों को दूसरे माह की पोषण पोटली की वितरित



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने विकास भवन के परिसर में गोद लिए टीबी के 10 मरीजों को दूसरे माह की पोषण पोटली वितरित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने टीबी मरीजों का स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी लेते हुए कहा कि टीबी लाइलाज नहीं है, दवा की कोर्स पूर्ण कर इसे खत्म किया जा सकता है।

टीबी के मरीज समय से पोषक युक्त भोजन करे और मास्क का हमेशा प्रयोग करे जिससे टीबी का रोग अन्य किसी को न हो। इन उपायों से टीबी का बचाव किया जा सकता है। पूरी दवा खाने से टीबी के मरीज बिलकुल ठीक हो जायेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मरीज के ठीक होने से उसमें कार्य करने की क्षमता बढ़ने से वह आर्थिक रूप से मजबूत होता है। वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने को समाज के हर तबके को आगे आना होगा। किसी भी व्यक्ति को अगर 2 हफ्ते से अधिक खांसी आ रही है तो अपने नजदीकी चिकित्सालय में जाकर बलगम की जांच जरूर कराए। टीबी की पुष्टि होने पर दवा खाने के बाद टीबी समाप्त हो जाता है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक देवेंद्र प्रताप सिंह, एचआईवी टीवी समन्वयक चंद्र प्रकाश त्रिपाठी एवं सूरज मौजूद रहे।

# विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** डीएवी पीजी कालेज, गोरखपुर में रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस पर प्राचार्या प्रो. शैल पांडे की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रेड रिबन क्लब समन्वयक डॉ0 मनोज कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया तथा रेड रिबन क्लब से छात्र छात्राओं को अवगत कराया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला क्षय रोग/ एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ0 गणेश यादव ने सभी छात्र छात्राओं को एड्स बीमारी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि एड्स या एक्वायर्ड इम्यूनो डिफिशिएंसी सिंड्रोम एक महामारी रोग है जो ह्यूमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) के कारण होता है। शरीर की जीवाणुओं से लड़ने की अपनी एक स्वाभाविक शक्ति को इम्यूनिटी सिस्टम कहा जाता है। लेकिन एड्स के वायरस इन व्हाइट ब्लड सेल्स को क्रियाहीन करके व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक शक्ति को कम कर देते हैं, जिससे वायरस से लड़ने की शरीर की शक्ति खत्म हो जाती है। इस रोग से दूर रहने के लिए बचाव ही एकमात्र बेहतरीन उपाय है। इस अवसर पर उन्होंने एड्स और क्षय रोग के उन्मूलन के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में भी बताया। पीपीएम समन्वयक श्री अभय मिश्र तथा पीएमडीटी समन्वयक श्री राजेश सिंह ने भी एड्स के नियंत्रण के लिए विभिन्न योजनाओं से छात्र छात्राओं को अवगत कराया। प्राचार्या प्रो शैल पांडे ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए एड्स के प्रति जागरूक रहने और सभी को जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर एड्स जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे सभी स्वयं सेवकों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 संजय मिश्रा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया। सरस्वती वंदना स्वयं सेविका आंचल शर्मा ने प्रस्तुत किया तथा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर डॉ0 संजय श्रीवास्तव, डॉ विश्व दीपक, डॉ शिवम श्रीवास्तव, श्री जय प्रताप, श्री दिनेश आदि शिक्षक और कर्मचारी गण उपस्थित रहे। शिवम, अर्पित, शैलेश, सोनाली, करुणेश, कुंदन, किशन, वंशिका, समीमा, खुशी, विनीत, अंकित, वैश्नवी, सुंदरम, लक्ष्मी, विवेक, अनीशा, मिताली, आस्था, शिवांगी, रितिका, स्वाति, अंकिता, पिंकी, सुमित, आदि सभी स्वयं सेवकों का सहयोग रहा।




## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लार के ग्राम पंचायत सुतावर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि जब तक राष्ट्र का अंतिम व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से लाभ लाभान्वित नहीं होगा, तब तक भारत को विकसित राष्ट्र नहीं बनाया जा सकता। इसी मकसद को पूरा करने के लिए यह यात्रा शुरू की गई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा समावेशी विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है। इसके जरिए देश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। यात्रा का मकसद स्वच्छता, बिजली, आवास, रोजगार, आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना और पीएम आवास योजना के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी देना है। उक्त कार्यक्रम को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमृत सिंह बबलू, भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डन,बलबीर सिंह दादा,बृजेश धर दूबे, अरूण सिंह,बीडीओ आनन्दप्रकाश आदि मौजूद रहे। **सांसद का मनाया गया जन्मदिन-** सलेमपुर सांसद रविन्दर कुशवाहा का 61वां जन्मदिवस कार्यकर्ताओ ने बड़ी धूमधाम से मनाया गया सलेमपुर के विभिन्न बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। अमित सिंह बबलू और बलबीर सिंह दादा के द्वारा लार कम्पोजिट विद्यालय पर स्कूल के बच्चों एवं कस्तूरबा के बच्चो को मिठाई, फल और केक खिलाकर जन्मदिन मनाया गया। उक्त अवसर पर मीडिया प्रभारी अजय दूबे वत्स, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लार सन्दीप सिंह, मूसारजा लारी, सत्यप्रकाश सिंह, अशोक कुशवाहा, सुनील यादव स्नेही, राजेश शाह, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।



# विश्व एड्स दिवस पर हस्ताक्षर अभियान व नगर भ्रमण तथा गोष्ठी का आयोजन हुआ

- एड्स का नियमित इलाज कराएं : सीएमओ

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** हर साल एक दिसंबर को लोगों को एड्स के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है इस साल यह दिवस एड्स से प्रभावित समुदायों को नेतृत्व करने देना एचआईवी थीम के साथ मनाया गया हस्ताक्षर, पड़रौना नगर भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया व जिला क्षय रोग केन्द्र सभागार में गोष्ठी का आयोजन हुआ।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी डा.एस एन त्रिपाठी ने कहा कि एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिंड्रोम (एड्स), एचआईवी (ह्यूमन इमयूनोडेफ़िशिएंसी वायरस) की एक अवस्था है, जिसमें मानव शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को धीरे धीरे कमजोर होती जाती है। कुशीनगर के अपर जिला जज/सचिव रविकांत यादव ने कहा कि कि एड्स को छुपाना नहीं चाहिए बल्कि किसी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच और नियमित इलाज कराना चाहिए लेकिन अधिकांश लोग शर्म और संकोच के चलते अपनी जांच नहीं कराते हैं। ऐसे में वह जानकारी के अभाव में गंभीर स्थिति में पहुंच जाते है। मुख्य चिकिसाधिकारी डॉ सुरेश पटारिया ने कहा कि एड्स पीड़ित व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाती है उन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से भेद भाव न करे, सभी व्यक्तियों को स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर एचआईवी की जांच निशुल्क की जाती है। जिले में एचआईवी संक्रमण से ग्रस्त लोगों को चिन्हित करने का कार्य वर्ष 2002 से शुरू हुआ। नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (नॉको) के सहयोग से यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी (यूपी सैक्स) के निर्देश पर जिला एड्स नियंत्रण सोसाइटी यह कार्य कर रही है। इस अवसर पर सबेरा अध्यक्ष, मंजू सिंह, अरमान अहमद, कमल शंकर पाण्डेय, अश्वनी गुप्ता, अनूप कुमार गोंड़, राकेश सिंह, विवेक यादव, विशाल जायसवाल, मुन्नी देवी आदि उपस्थिति रहे।



# शिक्षकों को प्रताड़ित करने का कार्य न करे सरकार: विद्या विलास

## उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने जनपद के 14 खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर दिया धरना

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में आज उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने जनपद के 14 विकास खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा के असंवैधानिक एवं मनमानीपूर्ण आदेशों के खिलाफ प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर धरना दिया। धरने में भारी संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशकों ने अपना समर्थन व्यक्त किया एवं प्रतिभाग किया। शिक्षको ने ऑनलाइन अटेंडेंस शिक्षिको एवं छात्रों का लिए जाने का विरोध किया और कहा यह व्यवहारिक नहीं है। शिक्षक समस्याओं के हल ना होने एवं महानिदेशक स्कूली शिक्षा द्वारा शिक्षकों को बेवजह परेशान करने के विरुद्ध मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से भेजा। तथा मांग की, कि शिक्षकों की समस्याओं का अविलंब हल किया जाए। बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की बैठक में पारित प्रस्ताव के आधार पर ही कार्य किया जाए। महानिदेशक स्कूली शिक्षा के विवादित आदेशों पर रोक लगाई जाए।

जिला अध्यक्ष विद्या विलास पाठक ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय चितौरा पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, विभाग एक अधिकारी के मनमाने रवैया से पीड़ित हो रहा है विभाग में नियम बनाने संशोधित करने आदि का अधिकार बेसिक शिक्षा परिषद का है परंतु विगत पांच वर्षो से बेसिक शिक्षा परिषद को अस्तित्वहीन कर दिया गया है। और मात्र एक अधिकारी अपने मनमाने आदेश से शिक्षकों का उत्पीड़न कर रहा है। समय पर न



किताबें पहुंचती हैं।2015 के बाद से पदोन्नति नहीं हुई।प्रोन्नत वेतनमान नहीं दिए जा रहे हैं। पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जा रही।शिक्षकों को कैशलेस की सुविधा नहीं दिया जा रहा है। वेतन विसंगतियों को दूर नहीं किया जा रहा है।शिक्षकों को शिक्षण के अतिरिक्त अन्य कार्यों में लगाया जा रहा है। जिलों के अंदर ट्रांसफर, जिले के बाहर के ट्रांसफर ,पारस्परिक ट्रांसफर का कोई शेड्यूल नहीं है 1 वर्ष से पदोन्नति की जा रही है।लेकिन अभी तक हो नहीं पाई। कई शिक्षक हमारे बिना पदोन्नति पाए सेवानिवृत हो गए। परंतु इस सब पर कार्य न करके , शिक्षकों को कामचोर साबित करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि शिक्षकों के द्वारा डीबीटी ,ऑनलाइन नामांकन, परिवार सर्वेक्षण ,बाल गणना ,सरल ,समर्थ ,दीक्षा ,निष्ठा, आदि जैसे 50 एपों पर अपने निजी मोबाइल से कार्य कर रहा है। सरकार ना उसके लिए धन देती है ना ही सिम खरीदने का कोई धनराशि उपलब्ध कराती है और तो और जो टैबलेट दिए जा रहे हैं उसमें शिक्षकों को उत्पीड़ित करते हुए कहा जा रहा है कि वह अपने नाम से सिम खरीद कर लगाए। अब सरकारी कार्य के टैबलेट में हम अपना निजी डाटा या नाम का उपयोग के लिए सहमत नहीं है।अगर कोई साइबर क्राइम की घटना होती है तो इसके लिए क्या वह अधिकारी जिम्मेदारी लेंगे उन्होंने कहा की शिक्षक देश का सभ्य नागरिक है।वह प्रेरणा देने का काम करता है।उसको कामचोर ठहराने की जो मंशा महानिदेशक की है वह बहुत ही निंदनीय है।शिक्षक देश में प्रेरणा भरता है एवं सभ्य नागरिक बनाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमें याद रखना चाहिए।शिक्षकों को अपमानित करने से देश आगे नहीं बढ़ेगा। समाज शिक्षकों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। शिक्षक समाज को जागरूक करेगा कि कौन से लोग उनके लिए अच्छे हैं और कौन से लोग बुरे हैं।

मंडलीय ऑडिटर एवं मंत्री विकासखंड चित्तौरा भूपेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष अनीस अहमद ने कहा की शिक्षक का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रदेश से जो भी निर्देश मिलेंगे उसका पालन किया जाएगा। शिक्षक एक सभ्य एवं जागरूक प्राणी है वह शिक्षण का कार्य करता है उससे अतिरिक्त काम लिया जाना या उसे बदनाम करना देश के साथ विश्वास घात है।शिक्षक संघ की जिला पदाधिकारी प्रतिमा पांडे ने कहा कि महिलाओं की अस्मिता की रक्षा हर हाल में संगठन करेगा।

# शिक्षामित्र संगठन के जिलाध्यक्ष के पैर पर चढ़ा दी कार

**अवधनामा संवाददाता**

- संगठन पदाधिकारी की तहरीर पर कार चालक समेत दो अज्ञात पर मामला दर्ज

**ललितपुर।** शुक्रवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने के बाद शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसियेशन के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय ज्ञापन सौंपने के लिए पैदल जा रहे थे। इस दौरान तेज गति से भाग रही कार ने जिलाध्यक्ष के पैर पर पहिया चढ़ा दिया, जिससे वह घायल हो गये। घायल जिलाध्यक्ष को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। वहीं दूसरी ओर शिकायत दर्ज कराने पहुंचे संगठन की महिला पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि कार चालक को रोकने का प्रयास किया तो कार चालक व उसमें सवार एक युवक द्वारा गाली-गलौज करते हुये पत्थर उठाकर मारने और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

घटनाक्रम को लेकर थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम बछलापुर निवासी सुषमा निरंजन पत्नी महेश निरंजन व शहर के मोहल्ला चौबयाना निवासी चांदतारा बानो पत्नी मुबारक अली ने संयुक्त रूप से पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में बताया कि बीएसए कार्यालय से डीएम कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुये ज्ञापन सौंपने जाते समय चर्च रोड पर कार संख्या यू.पी. 94 एस 9899 के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुये संगठन जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस के पैर पर गाड़ी चढ़ा दी।

# किसकी शह पर व्यापारियों ने हथियाये किसानों के नीलामी चबूतरे

- गल्ला मण्डी में किसानों हेतु बने नीलामी चबूतरों पर व्यापारियों का अवैध कब्जा
- बारिश के पानी में बही किसानों की मूंगफली व अन्य खाद्यान्न

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** किसानों की हितैषी सरकार होने के बावजूद भी उनके अधिकारों का हनन किस प्रकार किया जा रहा है। यह देखना है तो ललितपुर की गल्ला मण्डी में सहज रूप से देखा जा सकता है। यहां न तो प्रशासन का हस्तक्षेप है और न ही किसी जनप्रतिनिधि को यहां की सुध लेने में रूचि। गल्ला मण्डी में व्यापारियों और अधिकारियों का गठजोड़ इतना मजबूत है कि किसानों के अधिकारों को रौंदा जा रहा है। यह नजारा गुरूवार को खूब देखने को मिला, जहां किसानों की फसल रखने के लिए बनाये गये नीलामी चबूतरों पर व्यापारियों का खाद्यान्न तालाबंद करके रखा गया, लेकिन किसानों द्वारा बेचने को लायी गयी सामग्री बारिश के पानी में बह गयी। किसान आंखों में आंसू लिये खड़ा यह तमाशा देखता ही रह गया, जबकि व्यापारी अधिकारियों के अवैध संरक्षण में अन्य संसाधन होने के बावजूद भी अपने खाद्यान्न को सुरक्षित रखे हुये हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार को मावट (बारिश) काफी तेज पड़ी। करीब एक घण्टे से अधिक समय तक हुयी बारिश के कारण किसान द्वारा लायी गयी मूंगफली के अलावा अन्य खाद्यान्न पानी की तेज धारा में बह गया। जबकि व्यापारियों द्वारा किसानों के लिए बनाये गये नीलामी चबूतरों पर अवैध तरीके से कब्जा करके अपना खाद्यान्न रखकर चारों ओर से जालियां लगाकर तालाबंदी कर अवैध कब्जा कर रखा है। ऐसे में किसानों की समस्याओं को सुनने के लिए न तो किसी जनप्रतिनिधि को रूचि है और न ही किसी अधिकारी को। किसान कभी कर्ज, कभी अतिवृष्टि, कभी ओलावृष्टि से जूझता हुआ जैसे-तैसे अपनी फसल को तैयार कर लेता है, लेकिन मण्डी में आकर इस प्रकार के हालात देखकर किसान अपने किसान होने पर ही अफसोस जाहिर करता नजर आता है। ऐसे में किसानों ने जिम्मेवार अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व शासन से नीलामी चबूतरों से अवैध कब्जे हटाये जाकर किसानों को सहूलियत मुहैया कराये जाने की गुहार लगायी है।

# मातृत्व योजना का लाभ देने के लिए जालसाज ने भेजा लिंक

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर,करौंदी कला।** विकास खंड क्षेत्र में खाते से पैसा निकालने का एक नए तरीके का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी की डिलीवरी 11 नवंबर को हुई थी। 24 नवंबर को मातृत्व लाभ योजना की स्कीम का फायदा देने के लिए उसके व्हाट्सअप पर लिंक भेज कर उसे खोलने के लिए कहा गया। वह फ्रॉड के फैलाये जाल को समझ नही पाया।लालच में आकर पीड़ित ने अनजान लिंक ओपन कर दिया ।ओपन करते ही उसके खाते से दो बार 14 हजार चुटकी भर में उड़ा दिए गए ।जब पीड़ित को इस बात का एहसास हुआ तो तब तक देर हो चुकी थी । वह भागता हुआ करौदी कला थाने गया और उसने बताया कि वह शुभम् उपाध्याय पुत्र अरविन्द कुमार उपाध्याय निवासी ग्राम अमरेमऊ जलालपुर पोस्ट नरायनपुर तहसील कादीपुर जिला सुल्तानपुर है। उसकी पत्नी नेहा उपाध्याय गर्भवती थी जिसकी डिलवरी कादीपुर सरकारी अस्पताल में दिनांक 11.11.2023 को हुई। उसके बाद दिनांक 24.11.23 को मोबाइल नम्बर 8910663726 से उसके पास फोन आया कि जिला अस्पताल से बात कर रहे हैं डिलवरी के बाद जो सरकारी अनुदान 6000 भेजा जाता है वह भेजना है।आपकी पत्नी को लाइन पे लिये हैं उनसे बात कीजिये उनसे कहिये अपना अकाउंट नम्बर दे दें।

**मातृत्व सहयोग योजना**
**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना**

यह योजना पीएमएमवीवाई के नाम से जानी जाती है। इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को पहले जीवित जन्म के लिए 6000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को देश के राज्यों/जिलों में लागू किया गया।

# विश्व एड्स दिवस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से निकाली गई जागरूकता रैली

- विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे ने दिखाई हरी झंडी

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** विश्व एड्स दिवस के मौके पर आज शुक्रवार को जिला अस्पताल परिसर से ÷जागरूकता रैली निकाली गई। विधिक सेवा प्राधिकरण, एड्स नियंत्रण सोसाइटी, जिला क्षय रोग कमेटी, कर्मराजी विद्यालय ,प्रताप सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में शहर के चौक, सब्जी मंडी, डाकखाना, कलेक्ट्रेट होते हुए तिकोनिया पार्क पहुँचकर रैली को समाप्त किया गया। जागरूकता रैली को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/एडीजे अभिषेक सिन्हा, मेडिकल कालेज के प्राचार्य सलील श्रीवास्तव, सीएमओ ओपी चौधरी, सीएमएस एस.सी.गोयल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान जागरूकता रैली में शामिल स्कूली बच्चों ने बाहर से घर लौटने वाले लोगों को एड्स जांच कराने की अपील की। आज विश्व एड्स दिवस के मौके पर रैली में शामिल स्कूली बच्चों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने बाहर से घर लौटने वाले लोगों से जिला अस्पताल पहुंच कर एड्स की जांच कराने की अपील की गई। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी तथा स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी प्रताप सेवा समिति के विजय विद्रोही समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/एडीजे अभिषेक सिन्हा ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति एचआईवी रोग से संक्रमित है तो उसके साथ कोई भेदभाव ना किया जाए । कानून इस तरह के किसी भी भेदभाव को निषेध करता है । उन्हें समाज में की मुख्य धारा में इस प्रकार जीने का अधिकार है जिस प्रकार हर व्यक्ति को है और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से भी जागरूकता रैली में संदेश यह है कि एचआईवी पीड़ित व्यक्ति के साथ किसी प्रकार का कोई भेदभाव ना किया जाए और यह संक्रामक रोग नहीं है । इसलिए व्यक्ति को उसी प्रकार के जीवन का अधिकार है जैसे कोई स्वस्थ मनुष्य रह सकता है।

# जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक संपन्न

- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जनपद का स्तर पर ऑन बोर्ड शुरू

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** जनपद स्तरीय उद्योग बन्धु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसके अन्तर्गत प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में ग्राम प्रधानों के लॉगिन आई.डी. को ऑन बोर्ड कराने के साथ ही अर्बन लोकल स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन की यूजर आई.डी. को अर्बन लोकल बॉडी के स्तर पर कार्य किया जाना है। अध्यक्ष द्वारा योजना के संचालन के लिए शीघ्र ही आई.डी.जनरेट कर ऑनबोर्ड कराने के निर्देश दिये गयें। जिसमें जिला पंचायत राज अधिकारी एवं प्रतिनिधि ईओ को योजना के क्रियान्वयन में आवश्यक रूपरेखा तैयार करने के निर्देश प्राप्त हुये। नवसृजित औद्योगिक आस्थान बीघाखेत की भूमि पैमाइश में आ रही कठिनाईयों को भी अध्यक्ष ने तहसीलदार सदर को शीघ्र निस्तारित करते हुये उक्त प्रकरण की पत्रावली उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। चन्देरा औद्योगिक आस्थान में सड़क, नाली निर्माण के सम्बन्ध में उद्यमियों द्वारा लिखित रूप से सहमति प्रदान की गयी जिसमें उनके द्वारा आपसी सहयोग से समन्वय बनाते सहयोग करने की बात कही गयी। जनपद ललितपुर में औद्योगिक इकाईयों की कानून व सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धी कोई बिन्दु नही आया गया। विभागीय योजनाओं में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना व एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना में प्रगति अच्छी होने पर अध्यक्ष महोदय ने खुशी जाहिर की। निवेश मित्र पोर्टल पर औद्योगिक आस्थानों को लाइसेन्स सम्बन्धित प्रकरण में समय सीमा के उपरान्त कोई भी मामला लम्बित नही पाया गया। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्राप्त प्रस्तावों में जनपद स्तर पर 186 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किये जा चुके है जिसमें 42 इकाईयां जी.बी.सी. शॉर्ट लिस्ट एवं 38 इकाई जी.बी.सी. प्रोजेक्ट रेडी की जा चुकी है। स्टेशन रोड औद्योगिक आस्थान में स्वतन्त्र विद्युत फीडर के लिए अलग क्षेत्र से विद्युत फीडर की व्यवस्था करने के लिए प्रतिनिधि अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड द्वारा कही गयी। औद्योगिक आस्थान चन्देरा में स्वतन्त्र विद्युत फीडर के लिए उद्यमियों द्वारा मांग की गयी कि रोंड़ा स्थित विद्युत सब स्टेशन से जोडने़ से समस्या का हल हो सकता है।

# राकेश मणि ने संभाला सरस्वती विद्या मंदिर के नए प्रधानाचार्य का कार्यभार

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विवेकानंद नगर के नए प्रधानाचार्य का कार्यभार राकेश मणि त्रिपाठी ने आज मंत्रोचार के साथ ग्रहण किया। इसके पूर्व रहे प्रधानाचार्य बलवंत सिंह का स्थानांतरण भारतीय शिक्षा समिति कार्यालय, प्रयागराज हो गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक डा. रामशंकर मिश्र, विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश जी, सहविभाग प्रचारक ? प्रकाश जी, जिला प्रचारक आशीष जी, भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष भोलानाथ अग्रवाल, प्रबंधक डॉ पवन कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष बलराम जी की उपस्थिति में नए प्रधानाचार्य को विद्यालय के कार्यालय प्रमुख विनय कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर कराकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया। इनके साथ शक्तिनगर, सोनभद्र से स्थानांतरित होकर आए दो आचार्य राकेश द्विवेदी, ऋषिदेव सिंह ने आचार्य पड़ का कार्यभार ग्रहण किया। बाद में आचार्य परिवार के साथ परिचयात्मक बैठक में विभाग संघचालक डॉ रमाशंकर पांडेय ने नए प्रधानाचार्य को शुभकानाएं देते हुए उनके सफ़लतापुरक कार्य संपादन का आशीर्वाद दिया। संघ के विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश जी ने कहाकि संगठन 1 और 1 का जोड़ 11 मानता हैं। जबकि गणित में 1 और 1 जोड़ने पर दो होता हैं। उन्होंने कहाकि टीम भाव से कार्य अच्छा और सरलता से होता है। लंबे समय तक एक ही स्थान पर होने से श्रद्धा घट जाती है और नकारात्मता आ जाती है। जिस कार्य के प्रति श्रद्धा नही होती, उसमें सकारात्मकता नही रह जाती हैं। प्रदेश निरीक्षण शेषधर द्विवेदी ने भी मार्गदर्शन किया और संचालन वरिष्ठ आचार्य अनिल कुमार पांडेय ने किया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुअक्किल श्री खुर्शीद पुत्र श्री कल्लू इण्डोस्टार होम फाइनेन्स प्रा० लि०, लखनऊ द्वारा बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना चाहते हैं। यह कि श्री मोहम्मद आलम ने अपना एक किता भवन मय भूमि रक्या 310 वर्गफिट जो भूखण्ड संख्या- 48 के भाग पर निर्मित है तथा भूमि खसरा संख्या- 03 मि0 का अंश है स्वित- नौबस्ता खुर्द, वार्ड- फैजुल्लागंज, जिला- लखनऊ जिसका विक्रय विलेख कमांक सं0-6147/2020 है जिसको श्री खुर्शीद को विक्रन्थे करने का प्रस्ताव किया है उक्त सम्पत्ति की पूर्व श्रृंखला से सम्बन्धित मूल विक्रय पत्र दिनांकित 12.09.2011 (कम सं0-11126) जो पम्पा सरोवर सहकारी आवास समिति लिमिटेड द्वारा श्री रामू पुत्र स्वरी दर्शन के पक्ष में निष्पादित है, उनके अनुसार कहीं खो गया है। यदि किसी व्यक्ति व संस्था को इस प्रस्तावित बंधक किये जाने के विरुद्ध कोई आपत्ति हो, तो उस आपत्ति के विधिक आधार एवं साक्ष्यों के साथ मुझसे 7 दिन के अन्दर संपर्क कर सकता है। उक्त अवधि में कोई विधिक व पोषणीय आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे मुजक्किल द्वारा उक्त ऋण प्रदान किया जायेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर मेरे मुअक्किल का विधिक प्रभार होगा।

(एम.एम. सिद्दीकी)
एडवोकेट
मो. 8896584050
कार्यालयः भूतल, मक्का मंजिल, बी.एन. रोड, लालबाग, लखनऊ।

## रेलवेलाइन पर मिला अज्ञात युवती का शव

**सुलानपुर।** प्रयाग- अयोध्या रेलखंड पर युवती की डेड बॉडी मिली है। डेडबाडी मिलने से हड़कंप मच गया है। कूरेभार थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव के निकट का मामला बताया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही शुरू कर दिया है। युवती के पास से मिली डायरी से फोन नंबर के आधार पर पुलिस शिनाख्त की कार्रवाई कर रही है। प्रभारी थाना अध्यक्ष कूरेभार श्री राम मिश्रा बोले , शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जायेगी।

# ह्यूमन इम्यूनोडिफिशिएंसी वायरस के कारण फैलता है एड्स: सचिव

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार के निर्देशानुसार अपर जिला जज सचिव कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। वक्ताओं में सचिव कुलदीप सिंह ने जेल में निरूद्ध रहते हुए भी बन्दियों को प्रदत्त अधिकार एवं विश्व एड्स दिवस के अवसर पर अवगत कराया गया कि एड्स का पूरा नाम एक्रायर्ड इम्यूनोडिफिशिएंसी सिंड्रोम है जो ह्यूमन इम्यूनोडिफिशिएंसी वायरस के कारण फैलता है। यह एक संक्रामक रोग है यानि किसी व्यक्ति का दूसरे एड्स पीड़ित व्यक्ति के साथ यौन संबंध स्थापित करने, संक्रामक सुई का प्रयोग करने या खून के आदान-प्रदान से यह रोग हो सकता है। एड्स से पीड़ित व्यक्ति का इम्यून



सिस्टम (प्रतिरोधात्मक तंत्र) धीरे-धीरे कमजोर हो जाता है जिससे वह कई प्रकार की बीमारियां जैसे सर्दी, जुकाम, क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित हो जाता है और उस पर दवाइयां काम करना बंद कर देती है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। शिविर के बाद बन्दियों से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताछ की गई। सचिव ने निरूद्ध बन्दियों को अवगत कराया कि वह अधिवक्ता की उपलब्धता हेतु एवं अन्य प्रकार की समस्या हेतु कारापाल के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर को प्रार्थना पत्र प्रेषित करें। इस अवसर पर सचिव कुलदीप सिंह, कारागार अधीक्षक लाल रत्नाकर सिंह, कारापाल जीवन सिंह, चिकित्साधिकारी डा.विजय द्विवेदी, जेल में निरूद्ध बन्दीगण एवं जिला कारागार के कर्मचारीगण उपस्थित हुये।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**सार्वजनिक सूचना**

रेलवे लाईनों और परिसरों के सभी उपयोग कर्तायों को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में 25000 वोल्ट, 50 हर्टज एसी से चार्ज किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्पण लाईन को सब समय विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाईन की समीपयता मे दाखिल होने या काम करने नही जायेगा। **खण्ड :** एनसीएमएल साईडिंग लाइन, टिनिच स्टेशन यार्ड का विदयुतीकरण, **तारीख:** 05.12.2023

वरि० मण्डल विद्युत इंजी/
टीआरडी/लखनऊ

मुजाधि/विद्युत–218

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# मेडिकल कालेज के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग ने मनाया विश्व एड्स दिवस

- चित्तौरा गाँव में आयोजित कार्यक्रम में लक्षण, बचाव व रोकथाम से रूबरू हुए ग्रामीण

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में आज विश्व एड्स दिवस मनाया गया मेडिकल कालेज के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग ने चित्तौरा गाँव में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को एड्स के लक्षण, बचाव व रोकथाम की जानकारी दी।इस अवसर पर एमबीबीएस छात्रों ने रोल प्ले कर संदेश दिया कि एड्स लाइलाज बीमारी है, बचाव ही इसका बेहतर उपाय है।कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेन्ट डॉ मालिक शाहनवाज़ ने बताया कि एड्स एक वायरस के कारण होता है जिसे एचआईवी कहते हैं इसकी जानकारी संक्रमण के लगभग 12 सप्ताह के बाद ही रक्त की जॉच से हो पाती है जांच में वायरस पाये जाने पर व्यक्ति एच.आई.वी. पॉज़िटिव हो जाता है एच.आई.वी. पॉज़िटिव व्यक्ति कई वर्षो (6 से 10 वर्ष) तक सामान्य प्रतीत होता है और सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है, लेकिन इस दौरान वह दूसरों को बीमारी फैलाने में सक्षम होता है।उन्होंने बताया कि



एचआईवी वायरस रक्त में मौजूद टी कोशिकाओं (सेल्स) व मस्तिष्क की कोशिकाओं को प्रभावित करता है और धीरे-धीरे उन्हे नष्ट करता रहता है। कुछ वर्षो बाद (6 से 10 वर्ष) रोगी की प्रतिरक्षा प्रणाली इतनी कमजोर हो जाती है कि वह मामूली सर्दी-जुकाम जैसी छोटी बीमारी से भी नहीं लड़ पाता और तरह-तरह का संक्रमण (इन्फेक्शन) से ग्रसित होने लगता है इस अवस्था को एड्स कहते हैं। इसका कोई इलाज नहीं है इसलिए एड्स से बचाव करना ही मात्र एक उपाय है। हालांकि कुछ नियमित दवाओं के सेवन और संयमित जीवन शैली अपना कर इसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एचआईवी से ग्रसित व्यक्ति में क्षय रोग होने की अधिक संभावना होती है इसलिए सभी टीबी रोगी की एचआईवी जांच कराने का भी प्रावधान रखा गया है।इस अवसर पर चित्तौरा ग्राम प्रधान डॉ नृपेन्द्र, डॉ केएस नायक ,डॉ समरीन,डॉ गीता,डॉ राहुल,डॉ अनुपमा वर्मा व गाँव के अन्य लोग उपस्थित रहे इस दौरान कैसे फैलता है ये रोग इसके संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि एक से अधिक लोगों से यौन संबंध बनाने से वेश्यावृति करने वालों से यौन संबंध बनाने से नशीली दवाइयां इंजेक्शन लेने वाले व्यक्ति के संक्रमित इंजेक्शन से यौन रोगों से पीडित व्यक्ति के साथ यौन संबंध से पिता/माता के एच.आई.वी. संक्रमण के पश्चात पैदा होने वाले बच्चे बिना जांच किया हुआ रक्त चढ़ाने से टैटू बनवाते समय इस्तेमाल की गयी सुई से यह रोग फैल सकता है इस एड्स से बचाव के लिए जीवन-साथी के अलावा किसी अन्य से यौन संबंध न रखें यौन सम्पर्क के समय निरोध (कण्डोम ) का प्रयोग करें। नशीली दवाइयों के आदी व्यक्ति के द्वारा उपयोग में ली गई सिरिंज व सूई का प्रयोग न करें रक्त की आवश्यकता होने पर अनजान व्यक्ति का रक्त न लें, और सुरक्षित रक्त के लिए एचआईवी जांच किया रक्त ही ग्रहण करें हमेशा नए इंजेक्शन का प्रयोग करें।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| निलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PnU-LKO-AY-WRL-65-23-2 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| कार्य का नाम | Management and Operation of cloak Rooms |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.11.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.12.2023 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.12.2023 समय 13:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहॉ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3778/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# श्रीराम कथा के पूर्व निकाली गई नयनाभिराम कलशयात्रा

अवधानामा संवाददाता

- पुष्पवर्षा से जगह जगह हुआ शोभायात्रा का स्वागत
- आज पूर्व राष्ट्रपति करेंगे कथा का श्रवण

**हमीरपुर।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन न्यास हरिद्वार द्वारा क्षेत्र के ग्राम निवादा में आयोजित श्रीराम कथा के पूर्व शुक्रवार को विशाल कलशयात्रा निकालकर गणेश पूजन संपन्न कराया गया। कलशयात्रा का पुष्प वर्षा कर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

दिव्य प्रेम सेवा मिशन न्यास के अध्यक्ष डॉ आशीष गौतम ने क्षेत्र के ग्राम निवादा में 2 से 10 दिसंबर तक श्रीराम कथा का आयोजन कराया है। श्रीराम कथा पूज्य संत श्री विजय कौशल जी महाराज श्रवण कराएंगे। शुक्रवार को हाथी, घोड़े,बैंड बाजों के साथ नयनाभिराम झांकियों के साथ विशाल कलशयात्रा लोदीपुर और निवादा गांव में निकाली गई। शोभायात्रा के पश्चात कथा स्थल पर



गणेश पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया। दो दिसंबर को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कथा श्रवण के लिये मौजूद रहेगें। समापन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद होंगे। शोभायात्रा में सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह खन्ना, हमीरपुर चेयरमैन कुलदीप निषाद, जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह, बलवंत सिंह, भाजपा नेता मुनीर खान, हरगोविंद प्रजापति, स्पर्श, सचिन सेंगर, छानी बुजुर्ग प्रधान प्रतिनिधि भारत यादव, छानी खुर्द प्रधान प्रतिनिधि अरुण वर्मा,भाजपा नेता साधना सिंह,राखी शिवहरे, आदि हजारों लोग शामिल रहे।

# पूर्व राष्ट्रपति के भ्रमण का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

अवधानामा संवाददाता



**हमीरपुर।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति के जनपद आगमन के संभावित कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री राहुल पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने निवादा स्थित कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर वहाँ पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।इस दौरान जिलाधिकारी ने माननीय पूर्व राष्ट्रपति जी की आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ मैदान में वैरीकेटिंग व्यवस्था, वीआईपी एवं आम जनमानस के प्रवेश एवं निकासी व्यवस्था के बारे में जानकारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कार्यक्रम स्थल के पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना बिंवार में बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए मजिस्ट्रेट एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को कल के कार्यक्रम के संबंध में विस्तार पूर्वक ब्रीफ किया। इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार मिश्रा ,एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार यादव ,एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव ,समस्त एसडीएम /मजिस्ट्रेट, सीओ, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# चोरों ने तीन घरों से पार किया लाखों का माल

अवधानामा संवाददाता

**सरीला, हमीरपुर।** जरिया थाना क्षेत्र के इंदरपुरा गांव में अज्ञात चोर तीन घरों से लाखों की नगदी व जेवरात चोरी कर ले गये हैं। एक किसान को तमंचे की नोक पर चोरी की है। जबकि दो घरों में गृह स्वामियों के सोते समय चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गांव के बाहर चोरी के खाली बक्शे व कपड़े पड़े मिले हैं। पीड़ितों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दे दी है। क्षेत्र के इंदरपुरा गांव की नरेश ने बताया कि गुरुवार की रात वह अपने घर पर अकेला सो रहा था। तभी तमंचे से लैस दो अज्ञात लोग उसके घर में घुस आये और कनपटी पर तमंचा लगाकर अलमारी की चाबी लेने के बाद अलमारी में रखे 10 हजार नगद सोने की चूड़ी, जंजीर, अंगूठी चुरा कर ले गये हैं। तथा शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। गांव के हरलाल राजपूत ने बताया कि वह परिवार सहित घर पर सो रहा था। अज्ञात चोर उसके घर से 1 लाख 30 हजार नगद तथा सोने की चूड़ी, मंगलसूत्र व चांदी के आभूषण, सिक्का लगभग 16 लाख 50 हजार कीमत के जेबरात लूट गये हैं। सुबह मकान से थोड़ी दूरी पर खाली बक्से व कपड़े पड़े मिले हैं। बक्से में रखी नगदी व जेवरात गायब है। धीरेंद्र कुमार ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर उसके घर से 50 हजार की नगदी तथा चांदी की जेवरात चुरा ले गये हैं। सुबह घटना की जानकारी हुयी है। पीड़ितों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक साथ तीन घरों में चोरी की घटना से गांव में भय बना हुआ है। थानाध्यक्ष प्रिंस दीक्षित ने बताया कि मामले की जाँच की जा रही है।

## काफी समय बाद आई डीएपी की खेप, लगी लम्बी लाईनें

**सुमेरपुर हमीरपुर।** एक पखवारे बाद पीसीएफ किसान सेवा केंद्र में डीएपी खाद आने पर किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। लाइन लगाने के चक्कर में किसानों के मध्य जमकर धक्का मुक्की और गाली गलौज हुई। किसान सेवा केंद्र के प्रभारी ने प्रत्येक किसान को आधार कार्ड पर तीन बोरी डीएपी मुहैया कराई। शाम तक खाद खत्म हो गई थी। करीब एक पखवारे बाद पीसीएफ किसान सेवा केंद्र में दो ट्रक डीएपी खाद शुक्रवार को मुहैया कराई गई। किसान सेवा केंद्र के प्रभारी शिव सिंह ने सुबह से वितरण शुरू किया। पीसीएफ में डीएपी आने की सूचना पाकर किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी लाइन लगाने के लिए किसानों के मध्य जमकर गाली गलौज और धक्का मुक्की हुई। कुछ बुजुर्ग किसानों ने समझा बूझाकर मामला शांत कराया। टेढ़ा की एक महिला किसान ने खाद देरी से देने पर पीसीएफ के मजदूरों के साथ गाली गलौज की। केंद्र प्रभारी शिव सिंह ने हस्तक्षेप करके मामले को शांत कराया।

# विश्व एड्स दिवस के अवसर पर संगोष्ठी व हस्ताक्षर अभियान का आयोजन

अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार हमीरपुर में डा. गीतम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं यथा सुमित्रा सामाजिक कल्याण संस्थान, राठ, अहाना (यू.पी.एन.पी.), सुभिक्षा प्लस एवं विहान द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त संगोष्ठी में डा. गीतम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर द्वारा एच.आई.वी. एड्स से बचाव हेतु विस्तृत जानकारी दी गयी और संगोष्ठी में उपस्थित समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा अलग-



अलग बिन्दुओं पर एच.आई.वी./एड्स के बारे में जानकारी दी। डा. बी.पी. सिंह. नोडल अधिकारी, जिला एड्स नियंत्रण सोसाइटी, हमीरपुर द्वारा एच.आई.वी. के इलाज एवं एच.आई.वी. से बवाच हेतु विस्तृत जानकारी दी गयी। संगोष्ठी में आयेसभी बुद्धजीवियों को वर्ष 2023 के लिये चयनित थीम Let Community Lead का अभिप्राय समझाते हुये एच.आई.वी./एड्स सर्वमित मरीजों से भेदभाव न करने व उन्हे समान अवसर एवं बराबरी का दर्जा दिलाने की बात रखी गयी साथ ही जनपद में कार्य कर रहे आई.सी.टी.सी. केन्द्र द्वारा किये जा रहे कार्य एवं स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अन्त में वरूण कुमार पाण्डेय, डॉट्स प्लस ट्रीटमेन्ट कोआर्डिनेटर (डी.पी.टी.सी.) द्वारा संगोष्ठी में उपस्थित समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों एवं आये आगन्तुकों का आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

**सुमेरपुर हमीरपुर।** पुलिस ने दहेज हत्यारोपी पति को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। शुक्रवार को सुबह कस्बा इंचार्ज प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने चांद थोक निवासी दहेज हत्यारोपी पति राममिलन मिश्रा को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

**राठ हमीरपुर।** बीती शाम खेत वापस पैदल घर जा रहे एक किसान को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे किसान की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना क्षेत्र के कुम्हरिया गांव निवासी किसान सुखदेव (40) पुत्र कालीचरन अपने तीन बीघा खेत पर खेती तथा पशुपालन कर अपनी जीविका चला रहा था। बीते गुरुवार को सुखदेव अपने खेत पर काम करके शाम को पैदल ही वापिस घर लौट रहा था तभी रास्ते में गांव के समीप ही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन किसान को अपनी चपेट में लेता हुआ गुजर गया जिससे सुखदेव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। किसान की अचानक हुई मौत पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बाईक की टक्कर से राहगीरों को आईं चोंटे

**सरीला हमीरपुरा।** जरिया थाना व गाँव के पास पैदल जा रहे दुकानदार को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को सीएचसी से उरई रैफर किया गया है। शुक्रवार को जरिया गाँव निवासी जगदीश (45) पुत्र दल सिंह घर से दुकान पैदल जा रहा था। तभी गोहाण्ड चंडौत मार्ग पर जरिया थाना व गाँव के पास अलकछ्वा गाँव निवासी बाइक सवार देवेंद्र (23) पुत्र घनाराम ने टक्कर मार दी। जिसमे जगदीश व देवेंद्र गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुँचे डायल 108 एम्बुलेंस चालक पप्पू व ईएमटी सूर्यपाल ने दोनों घायलों को सीएचसी सरीला में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज उरई रैफर किया गया है।

### एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट महिला थाने मे कराई गई



**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** जनपद सोनभद्र में एक्शनएड व यूनिसेफ के सहयोग से नई पहल बाल संरक्षण परियोजना के अन्तर्गत किशोरी समूह की एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट महिला थाने मे कराई गई। जिसके अंतर्गत दिनाक़ 1 दिसंबर 2023 को किशोरी समूह का एक प्रतिनिधि मंडल रॉबर्ट्सगंज महिला थाने पर विजिट की , एक्शन एड की जिला समन्वयक निशा कुरैशी द्वारा किशोरियों को महिला थाने की साह्र सरोजमा सिंह जी से मुलाकात करवाया एक्शनएड द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के माध्यम से किशोरियों को सशक्त बनाने की प्रक्रिया मे अवगत कराया एवम उन्हे सामाजिक सुरक्षा योजना से किस तरह जोड़ा जाता है इसपर प्रकाश डाला। सरोजमा सिंह द्वारा किशोरियों को बताया गया थाने में पुलिस किस प्रकार कार्य करता है, मुकदमे से लेकर निस्तारण तक सब पर किशोरियों की समझ को विकसित किया गया। साथ ही मिशन शक्ति के अन्तर्गत कुछ कानूनों की जानकारी भी बच्चियों को दी गई।1090,1930, एंटी रोमियो, कन्या सुमंगला योजना इन सभी योजनाओं के बारे में थाना प्रभारी ने विस्तार से बताया विजित का मुख्य उद्देश्य बच्चियों के अंदर से पुलिस विभाग की छवि को दुरुस्त कर उनके अंदर का दर निकालने का प्रयास भी किया गया।

### ब्राह्मण चेतना परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष बने सुशील



**शाहजहांपुर।** ब्राह्मण समाज के प्रति निष्ठा व लगन को देखते हुए भातनटोला निवासी पूर्व सभाषद सुशील दीक्षित को ब्राह्मण चेतना परिषद का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। ब्राह्मण चेतना परिषद के संरक्षक यूपी के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रशाद बताए जाते हैं था शाहजहांपुर के ही विश्वदीप अवस्थी प्रदेश अध्यक्ष हैं। सुशील दीक्षित विगत 40 वर्षो से राजनीति में सक्रिय हैं कई राजनीतिक पार्टियों का उनके पास अनुभव है साथ ही ब्राह्मण समाज के कई संगठनों में भी अहम पदों पर भी रह चुके हैं , एक बार कांग्रेस के टिकट नगरपालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में भी किस्मत आजमा चुके हैं। 3 बार श्री दीक्षित स्वयं व 1 एक बार उनकी धर्मपत्नी आशा दीक्षित सभाषद रह चुके हैं।

# एनसीएल ने निर्धारित समय से पहले पूंजीगत व्यय लक्ष्य को किया पार

- 88 प्रतिशत की उल्लेखनीय कोयला ग्रेड पुष्टि के साथ उत्कृष्ट

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनिर प्रतिशत कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने नवंबर माह के अंत तक निर्धारित समय सीमा से पहले ही वित्त वर्ष 2023-24 के पूंजीगत व्यय लक्ष्य को पार कर लिया है। इसी कड़ी में कंपनी ने चालू वर्ष में 2150 करोड़. रुपये के पूंजीगत व्यय लक्ष्य को पार करते हुए 173 प्रतिशत उपलब्धि के साथ 2232 करोड़ रुपये की राशि सीएचपी निर्माण, एचईएमएम मशीनों, भूमि अधिग्रहण पर खर्च की है। एनसीएल की यह उपलब्धि कोयला खनन उद्योग के परिप्रेक्ष्य में सकारात्मक पहलों और नवाचार के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। साथ ही एनसीएल ने कोयला ग्रेड पुष्टिकरण में भी सितंबर माह के अंत तक 88.2 प्रतिशत की शानदार उपलब्धि भी हासिल की है। एनसीएल ने कोयला उत्पादन, प्रेषण और अधिभार हटाव में उत्कृष्ट उड़ान दर्ज करते हुए कंपनी ने नवंबर माह तक 7.37 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 92.10 मिलियन टन कोयला उत्पादन व 4.85 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 93.28 मिलियन टन कोयले का प्रेषण किया है। साथ ही कंपनी ने अभी तक कुल प्रेषण का 84 प्रतिशत कोयला हरित माध्यम से प्रेषित किया है। अधिभार हटाव में भी अद्वितीय परिणाम हासिल करते हुए एनसीएल ने 12.48 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 328.643 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटाकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। एनसीएल लगातार देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रही है। बिजली क्षेत्र से अनुबंधित कोयला प्रेषण के सापेक्ष अभी तक कंपनी ने 100 प्रतिशत उपलब्धि के साथ 82.75 मिलियन टन कोयला देश के बिजली घरों को भेजा है। गौरतलब है कि एनसीएल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 135 मिलियन टन कोयला उत्पादन व प्रेषण और 450 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

# बुजुर्गों को पढ़ने लिखने के लिए किया गया प्रेरित

अवधानामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** प्रौढ़ शिक्षा का उद्देश्य उन प्रौढ व्यक्तियों को शैक्षिक विकल्प देना है, जिन्होंने यह अवसर गंवा दिया है और औपचारिक शिक्षा आयु को पार कर चुके हैं।

इनरव्हील क्लब शाहजहांपुर ने वृद्धाश्रम वन तारा में प्रौढ़ शिक्षा अभियान के तहत बुजुर्गों को पढ़ने लिखने को प्रेरित किया। इस दौरान बजुर्गों में भी पढ़ने लिखने के प्रति काफी उत्साह दिखा। कहते हैं बुजुर्ग बच्चे हो जाते हैं वहां चरितार्थ होते देखा गया जब क्लब के सदस्य कापी पेन आदि ले गए थे जिन्हे पाकर बच्चों की तरह कई बुजुर्ग जल्दी से राम राम लिखकर दिखाने आए तो कई अपना नाम एक बुजुर्ग ने तो मंगल भवन अमंगल हारी लिखकर दिखाया हर महीने क्लब के सदस्यों के जाने की वजह से वे सब उनसे बहुत घुलमिल गए हैं। पढ़ाई लिखाई के बाद क्लब के सदस्यों ने उनके साथ समोसे मिठाई और केले का आनंद लिया इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने वहां अलाव लगाने का वादा किया। इस आयोजन में सुनीता गर्ग, रेनू अरोरा, निधि मिश्र, रेखा मोदी आदि मौजूद रहीं।

## खपटिहा 100/3 ने नदी खंगालना चालू किया, प्रशासन मूक



**बाँदा।** पूर्व से ही बहुचर्चित रही खपटिहा की 100/3 मे इन दिनों खनन आरम्भ हो गया है और खनन आरम्भ होते ही खदान संचालक के गुर्गो द्वारा 100/3 खंड से जलधारा से मौरंग की निकासी चालू कर दी गयी है , इस बारे मे खंड संचालक ने स्पष्ट कर दिया है कि उनका खंड नदी की जलधारा मे आता है और वो जलधारा सूखने का इंतजार नही कर सकते हैं। वहीं संचालन से जुडे पूर्व के खिलाडियो द्वारा कभी भी अवैध खनन प्रारम्भ किया जा सकता है क्योकि उनके द्वारा पूर्व मे भी इस खंड से नदी की जलधारा रोककर अवैध पुल बनाने, ग्रामीणों की जमीन से जबरदस्ती मौरंग परिवहन कराने , ट्रक चालक से मारपीट और लूटपाट जैसे कार्य के कारण चर्चा मे रही है। वैसे अभी मार्ग निर्माण के कारण ट्रको का बहुत अधिक आवागमन नही है फिर भी जो भी ट्रक मौरंग का परिवहन कर रहे है सभी मे खंड से ही ओवरलोड मौरंग दी जा रही है जिससे अन्य ट्रक आपरेटर भी ओवरलोड मौरंग के लिये इनके खंड 100/3 मे आयें और इनका परिवहन बढ़े। सूत्र बताते है कि इस खंड का पट्टा प्रभात ओझा के नाम पर है परंतु संचालन की जिम्मेदारी स्थानीय स्तर के पार्टनरों पर है। जबकि इस खंड मे पूर्व मे भी कई कारोबारियों ने अपने अपने स्तर पर मौरंग की लूटपाट की थी जिसे स्थानीय प्रशासन ने पेनाल्टी लगाकर थोडा बहुत अंकुश लगाया था अब जबकि पुनः खंड नये संचालको द्वारा संचालित किया जा रहा है तब प्रशासन को इनके पुराने रिकार्ड को ध्यान मे रखकर अपनी कडी दृष्टी बनाये रखनी होगी , जिससे अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन पर लगाम लगी रहे ।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम/स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन

अवधानामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज शाहगंज के कुशहरा में स्थापित प्रमोद जी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्मार्ट फोन वितरण समारोह तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं व जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिन छात्राओं की उम्र 01 जनवरी, 2024 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो गयी, वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य शामिल करायें, इसके लिए 02 दिसम्बर, 2024 शनिवार व 03 दिसम्बर, 2023 रविवार को विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया जायेगा, जिसमें अपने नजदीकी बूथ पर पहुंचकर प्रातः सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इस दौरान पोलिंग बूथों पर प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक मतदाता सूची भी दिखायी जायेगी, जिसे देखकर



मतदाता यह भी सुनिश्चित कर सकते हैं, जिनका नाम मतदाता सूची में है और नाम में किसी प्रकार की त्रुटि है, तो नाम सुधारने हेतु फार्म भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त मतदान केन्द्रों पर नये वोटर कार्ड के लिए नया फार्म भी भरा जायेगा, जिससे मतदाता बनकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके साथ ही अपने पास-पड़ोस के लोगों को भी मतदाता सूची में अधिकाधिक नाम जोड़वाने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आज यहां विद्यालयों के छात्राओं को स्मार्टफोन, बैग व ड्रेस का वितरण किया गया है, मोबाइल के जरिये सभी छात्राएं अपनी शिक्षा बेहतर तरीक से कर सकती हैं, और इस स्मार्टफोन के माध्यम से तकनीकी शिक्षा प्रास करने में बेहतर सहयोग प्रास होगा, अपने साथ ही अपने घर परिवार का भी नाम रोशन करें, उन्होंने कहा कि पढ़ायी के क्षेत्र में जो भी समस्या हो, इसके लिए जिला प्रशासन नियमानुसार हर संभव प्रयास करता रहेगा, ताकि आगे की शिक्षा के क्षेत्र में जो भी समस्या हो, उसके निराकरण के लिए जिला प्रशासन नियमानुसार हर संभव सहयोग करेगा। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय के चहारदीवारी व प्रवेश द्वार का शिलान्यास व अध्ययनरत छात्राओं को ड्रेस, बैग का वितरण भी किया गया। इस मौके पर डॉ0 सुधीर कुमार मिश्र, डॉ0 मनोरमा मिश्रा, डी0सी0 मनरेगा रमेश कुमार, अनिल कुमार पाठक, सुभम कुमार मिश्र, अमित कुमार मिश्र, सुनील कुमार, विद्यालय के छात्राएं सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## एनटीपीसी रिहंद के कार्यो को सराहा गया

**सोनभद्र/बीजपुर।** राजभाषा हिंदी के विकास एवं प्रचार व प्रसार की गतिविधियों का निरीक्षण करने के उद्देश्य से संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति की बैठक प्रयागराज में आयोजित की गई, जिसमें संसदीय समिति के सदस्य एवं सांसद सुशील कुमार गुप्ता तथा प्रयागराज की सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी की गरिमामई उपस्थिति रही। एनटीपीसी रिहंद द्वारा राजभाषा के संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार में निरंतर किए जा रहे कार्यक्रमों, कार्यशालाओं तथा जनजागृत्ति के अन्य उपक्रमों से संबंधित प्रस्तुतीकरण माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसे देखकर सांसदगणों ने कहा कि एनटीपीसी रिहंद ना केवल विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में बढ़ रहा है।

# जन सेवा समिति ने कम्बल वितरण कर मनाया 8 वॉ स्थापना दिवस




अवधानामा संवाददाता

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी आवासीय परिसर स्थित चिल्का झील में शुक्रवार को जन सेवा समिति शक्तिनगर ने आठवां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। मुख्य अतिथि शक्ति नाथ थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पाण्डेय विशिष्ट चिल्काडाँड़ ग्राम प्रधान हीरालाल व यूनियन नेता अभिषेक विश्वकर्मा महामंत्री एआईटीयुसी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष त्यागी ने किया। भारत माता के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात अध्यक्ष संतोष त्यागी ने समिति द्वारा किये जा रहे कार्य योजना पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पाण्डेय ने कि संस्था से लोगों को जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन संस्था के वरिष्ठ सदस्य बलराम बेलवंशी ने किया। तथा संस्था के सचिव बबलू साहनी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया साथ ही जरुरत मंद गरीबों को अतिथियों के हाथों से कम्बल वितरण करवाया गया कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष परमेश्वर कुशवाहा, राम जी मौर्या, डॉ रमेश कुमार, कुणाल गुप्ता, उमेश लाल श्रीवास्तव, प्रमोद सोनी, विनय यादव, कुणाल गुप्ता, प्रवीण जायसवाल, संदिप शर्मा,अनिल सिंह, बृजेश चौरसिया, रोहन, विष्णु महतो, अनिल, गणेश जायसवाल, निजामुद्दीन भाई, गुप्ता, गुप्ता, उपेंद्र, काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एनटीपीसी-विंध्याचल ने कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई

अवधानामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्याचल।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मे दिनांक 30.11.2023 को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 03 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं: बैकुंठ नाथ मौर्य, सहायक प्रबंधक(एम जी आर), फूल चंद चौधरी, सहायक प्रबन्धक (हाइड्रो प्लांट)एवं कैलाश प्रसाद तिवारी, अधिकारी एसएलपीएस (मानव संसाधन)। एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया।



स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) राजेश भारद्वाज नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) राजेश भारद्वाज नें अपने उद्बोधन मे सभी सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों के उज्जल भविष्य की शुभकामनायें दी। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों मुख्य परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं अन्य महाप्रबंधकगणों नें फल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया। साथ ही सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करते समय उनके परिजनों को आमंत्रित कर इस भावुक क्षण को उनके लिए यादगार बनाने का प्रयास किया गया। इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण-पत्र आदि भी प्रदान किया गया।

# वर्ल्ड एड्स दिवस पर छात्राओं को किया संबोधितः डॉ. सिंह



- जागरूकता ही है बचाव का साधन डॉक्टर अनुपमा

अवधानामा ब्यूरो

**सोनभद्र।**1 दिसंबर शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर साई हॉस्पिटल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी मे साई हॉस्पिटल एंड कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के छात्र/छात्रों तथा अस्पताल के स्टाफ द्वारा स्पीच/रोल प्ले के माध्यम से जागरुक कर लोगो को बताया गया।इस मौके पर चिकित्सालय की प्रबंधक डॉ अनुपमा सिंह द्वारा संबोधन करते हुए यह बताया गया की विश्व एड्स दिवस मनाने का हमारा उद्देश्य एड्स रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस बीमारी से बचाव को लेकर लोगों को सचेत करना है। यह एक गंभीर बीमारी है यह एक लाइलाज बीमारी है जो संक्रामक होती है एड्स के प्रति लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एड्स दिवस मनाया जाता है। इस बीमारी से बचने के लिए हम सभी लोगों को मिलकर सबको जागरूक करने की आवश्यकता है। तथा गोष्ठी आयोजन कर लोगों को जागरुक कर इसे बचने के लिए बताया गया। तथा इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रबंध निदेशक डॉ वी0 सिंह तथा डा0 रोजी, शालू , सपना, ट्यूटर अवनीश जी, फार्मासिस्ट रेखा जी, स्टॉफ नर्स जूही, निधि, पूनम, सीनियर नर्स ,सोल्या सिस्टर, मैनेजर राजन सोनी जी स्टॉफ दिनेश, अहमद रजा व छात्र/छात्रा तथा अन्य लोग उपस्थित रहें।

# सड़क से लेकर सदन तक गूंजा शिक्षकों के हकों का मामला

- झड़प और नोकझोंक के बाद हिरासत में लिए गए शिक्षक
- तदर्थ शिक्षकों के लिए जेल भरो आंदोलन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में माध्यमिक व बेसिक शिक्षकों से जुड़ा मामला शुक्रवार को सड़क से सदन तक गूंजा। एक तरफ जहां शिक्षकों ने विधानसभा घेराव का प्रयास व सड़क पर धरना-प्रदर्शन कर सभा की। वहीं एक दूसरे संघ ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर धरना दिया। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रदेश भर में बीआरसी पर धरना दिया। जबकि शिक्षक नेताओं ने विधानसभा व विधान परिषद में उनसे जुड़े मुद्दे उठाए।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) ने एडेड विद्यालयों के तदर्थ शिक्षकों की बहाली, उनका बकाया वेतन जारी करने, एनपीएस घोटाले की सीबीआई जांच व पुरानी पेंशन बहाली के लिए पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार विधान सभा घेराव का प्रयास किया। प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायन सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने बापू भवन के पास सभाकर अपना विरोध दर्ज किया। इसके बाद शिक्षक विधानसभा घेराव के लिए निकले तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इसे लेकर उनकी नोकझोंक हुई। शिक्षक सड़क पर ही धरने पर बैठकर सभा करने लगे। प्रदर्शन में विधानसभा सत्र छोड़कर एमएलसी राज बहादुर सिंह चंदेल भी शामिल हुए। काफी देर चले प्रदर्शन के बाद पुलिस शिक्षकों को हिरासत में लेकर बस से ईको गार्डेन ले गई। वहां भी गिरफ्तारी करने के लिए शिक्षकों की पुलिस से नोकझोंक हुई। धरने में महामंत्री रामबाबू शास्त्री, संजय द्विवेदी, लवकुश मिश्रा, नर्सिंग बहादुर सिंह, संत सेवक सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद आदि शामिल थे।

प्रदेश के सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में कई साल से काम कर रहे दो हजार से अधिक तदर्थ शिक्षकों की सेवा समाप्त किए जाने के विरोध में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने पार्क रोड स्थित निदेशालय पर धरना दिया। संघ के अध्यक्ष पूर्व एमएलसी सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि दीपावली के पूर्व धनतेरस के दिन शिक्षकों की सेवा समाप्ति का शासनादेश निकालकर शिक्षकों के घरों में अंधेरा कर दिया गया। हम इसके खिलाफ संघर्ष करेंगे और जरूरी हुआ तो जेल भरो आंदोलन भी किया जाएगा। उप्र प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ व शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष डा. दिनेश चन्द्र शर्मा ने कहा तदर्थ शिक्षकों की सेवा बहाली के संघर्ष में प्राथमिक शिक्षक भी भागीदारी करेगा। अगर सरकार का शिक्षक विरोधी रवैया नही बदला तो शिक्षक उनके खिलाफ बटन दबाने में गुरेज नहीं करेगा। शिक्षकों का ज्ञापन लेते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने कहा कि तदर्थ शिक्षकों के लिए वैकाल्पिक व्यवस्था की जा रही है। शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सम्बन्धी धारा 21 का प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया है। धरने को संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष डॉ. आरपी मिश्र, एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी, पूर्व एमएलसी जगवीर किशोर जैन, हेम सिंह पुंडीर, सुभाष चन्द्र शर्मा, इन्द्रासन सिंह, पूर्व एमएलसी सुभाष चन्द्र शर्मा, महेश चन्द्र शर्मा, डा. प्रमोद कुमार मिश्र आदि ने संबोधित किया।



### पहले शिक्षकों की मांगें पूरी हो

बेसिक विद्यालयों में शिक्षकों की लंबित मांगों पर कार्रवाई किए बिना रियल टाइम उपस्थिति लागू करने के विरोध में विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रदेश भर में ब्लॉक स्तर पर बीआरसी पर धरना दिया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि सालों से पदोन्नति लंबित है। परस्पर तबादले, समायोजन, वेतन विसंगति का हल नहीं निकला। शिक्षकों को निजी मोबाइल, सिम व डाटा के प्रयोग के लिए दबाव बनाया जा रहा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शालिनी मिश्रा ने कहा किजब तक हमारी मांगों को सरकार पूरा नहीं करती, तब तक हम ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार करते हैं। यदि जल्द हमारी मांगे ना पूरी हुई तो शिक्षक सड़क पर उतरने पर मजबूर होगा।

### शिक्षकों ने ये भी उठाई मांगें

- आधे समय का सीएल दिया जाए, राज्य कर्मचारियों की भांति कैशलेस चिकित्सा सुविधा
- दुर्गम क्षेत्रों मे पढ़ाने वाले शिक्षकों को आवास की सुविधा
- किसी कारण से विद्यालय पहुंचने में थोड़ी देरी पर वेतन न कटे

# सपा ने पहले क्यों नहीं की जाति जनगणना की बात

अवधनामा ब्यूरो



- सपा ने मुझे तलाक भेजा, मैंने कबूल किया: राजभर

लखनऊ। विधानसभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी को अपनी सरकार में पीडीए की याद नहीं आई। चार बार की सरकार में एक बार भी जातीय जनगणना की चर्चा तक नहीं की। मेरे जाने के बाद आप जागे और जातीय जनगणना का मुद्दा उठाया। सपा सदस्यों ने उनके जाने पर टिप्पणी की तो बोले कि आपने तलाक भेजा था, इसलिए कबूल कर लिया। ओपी राजभर ने कहा कि अनुपूरक बजट में बिना मांगे पिछड़ा वर्ग की छात्रवृत्ति के लिए 300 करोड़ रुपये दिए गये हैं। सपा सदस्यों की ओर इशारा कर बोले कि यदि आय प्रमाण पत्र की समस्या को भी हल कर दिया होता तो आज उधर होते। उन्होंने कहा कि लेखपाल आय प्रमाण पत्र नहीं बना रहे हैं, जिससे छात्रवृत्ति पाने में असुविधा हो रही है। यदि इसे डेढ़ लाख रुपये कर दिया जाए तो अधिक लोगों को फायदा मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि हम गठबंधन करते हैं तो दलबदलू कहा जाता है। आपने आठ बार बसपा, कांग्रेस आदि के साथ गठबंधन किया तो दलबदलू नहीं हैं। हम जाति में अछूत हैं, सत्ता में कमजोर हैं। आपकी नाकामी की वजह से 38 फीसदी पिछड़ा वर्ग भाजपा के साथ है।

# प्रदेश के 18 बस अड्डों को नहीं मिल रहे हैं निवेशक

- पीपीपी मॉडल में होना था विकसित, खटाई में

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश सरकार की बस अड्डों को विकसित करने की योजना खटाई में पड़ती दिख रही है। अमौसी, चारबाग सहित प्रदेश के 18 बस अड्डों को पीपीपी मॉडल पर डेवलप करने के लिए निवेशक नहीं मिल रहे हैं। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रोडशो का प्लान बनाया पर प्रमुख सचिव परिवहन निगम ने प्लान खारिज कर उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

दरअसल, प्रदेश में 23 बस अड्डों को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने की योजना बनाई गई। इसमें से पांच बस अड्डों का एलॉटमेंट हो गया है, जिसमें विभूतिखण्ड बस अड्डे सहित कौशाम्बी बस टर्मिनल गाजियाबाद, सिविल लाइन्स बस टर्मिनल प्रयागराज, गाजियाबाद ओल्ड बस टर्मिनल और आगरा फोर्ट बस टर्मिनल शामिल हैं। इन पर 701 करोड़ रुपये खर्च आएगा। लेकिन अभी भी 18 पीपीपी मॉडल बस स्टेशनों के लिए परिवहन निगम को निवेशक नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में परिवहन निगम के अधिकारियों ने पीपीपी मॉडल पर बस स्टेशन निर्माण के लिए निवेशकों को लुभाने का प्लान बनाया। प्रस्ताव तैयार किया गया कि देश के विभिन्न राज्यों में रोड शो कर निवेशकों को आकर्षित किया जाएगा। पर, प्रमुख सचिव परिवहन ने प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया।



### पैसेंजरों को मिलेंगी ये सुविधाएं

अफसरो ने बताया कि पीपीपी मॉडल पर बस अड्डों के विकसित होने पर यात्रियों के लिए एसी लाउंज, मॉल, रेस्टोरेंट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यात्रियों के ठहरने के लिए सस्ते, किफायती रूम रहेंगे। साथ ही बस अड्डे से एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशनों तक आने-जाने की रैपिड व्यवस्था रहेगी।

### इन बस अड्डों को नहीं मिल रहे निवेशक

रोडवेज अफसरों ने बताया कि साहिबाबाद(गाजियाबाद), बुलंदशहर, ट्रांसपोर्टनगर व ईदगाह(आगरा), पुराना बस अड्डा मथुरा, वाराणसी कैंट, झकरकटी(कानपुर), जीरो रोड(प्रयागराज), मीरजापुर, अमौसी व चारबाग(लखनऊ), रायबरेली, सिविल लाइंस बरेली, मेरठ, गढ़मुक्तेश्वर, रसूलाबाद (अलीगढ़), अयोध्या और गोरखपुर में बस अड्डों को निवेशक नहीं मिल रहे हैं।

### अफसर बोले, रोड शो का प्लान खारिज

परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक व पीआरओ अजीत सिंह का कहना है कि विभिन्न राज्यों में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए जो रोड शो का प्लान तैयार किया गया था, फिलहाल उसे स्थगित कर दिया गया है। वहीं प्रधान प्रबंधक (आईटी) यजुवेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि प्रमुख सचिव (परिवहन) की ओर से प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल सकी है। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए दूसरी योजनाएं बनाई जा रही हैं।

## पट्टी से दिल्ली के लिए बस का हुआ पुनः संचालन

लखनऊ। पिछले कई वर्षों से पट्टी से दिल्ली को जाने वाली उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस का संचालन पूरी तरह से सरकार ने बंद करा दिया था इसका संज्ञान लेते हुए पट्टी विधायक राम सिंह पटेल ने विधानसभा के तृतीय सत्र 2023 में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से उपरोक्त से सम्बन्धित सवाल पूछा था तो उसके जवाब में आज सदन में जवाब देते हुए मंत्री ने बताया कि प्रतापगढ़ की तहसील पट्टी से हो कर दिल्ली के लिए बस का संचालन प्रारम्भ करा दिया गया है। इसी क्रम में इसी सत्र में विधायक राम सिंह पटेल ने कोहंडौर बाज़ार से पट्टी के लिए भी सवाल किया था तो उसके भी जवाब में परिवहन मंत्री ने बताया है कि उस बस का भी संचालन प्रारम्भ हो गया है। उपरोक्त बसों के संचालन हेतु विधानसभा पट्टी जनपद प्रतापगढ़ की जनता को परिवहन सुविधाएं हेतु विधायक राम सिंह पटेल ने अथक प्रयास कर के सरकार को उपरोक्त बसों को चलाने के लिए मजबूर कर दिया और आज उनके प्रयास का नतीजा है कि आज उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने लिखित उत्तर में उपरोक्त बसों के संचालन की जानकारी

# माँ चन्द्रिका देवी मंदिर के लिये आठ करोड़ स्वीकृत

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ के बख्शी का तालाब स्थित माँ चन्द्रिका देवी मंदिर के सौन्दर्यीकरण एवं लाइटिंग कार्य के लिए लगभग 8 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस धनराशि में से मंदिर परिसर के सौन्दर्यीकरण कार्य पर 6.30 करोड़ रुपये तथा प्रकाश आदि की व्यवस्था के लिए 1.65 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की जायेगी। यह प्राचीन मंदिर लखनऊ के धार्मिक स्थलों में प्रमुख स्थान रखता है। यहां पर दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शनार्थी साल भर आते हैं। इसको दृष्टिगत रखते हुए पर्यटक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बख्शी का तालाब विकासखंड में कठवारा गांव स्थित मां चंद्रिका देवी का अत्यंत प्राचीन और भव्य मंदिर है। प्रदेश में इस शक्तिपीठ का अपना अलग महत्व है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। अमावस्या पर बड़ा मेला लगता है। इसमें स्थानीय लोगों के अलावा बाहर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। बड़ी संख्या में ऐसे भी श्रद्धालु आते हैं जो यहां पूजा-अर्चना करने के बाद बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा और रूमी दरवाजा आदि जगह भ्रमण करते हैं।



श्री जयवीर सिंह ने बताया कि मां चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में जिगजैग रेलिंग, पहुंच मार्ग का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था और साइनेज लगाए जाएंगे। इसके अलावा हाईमास्क लाइटें, तालाब का निर्माण, जलनिकासी की व्यवस्था की जाएगी। बेंच, बच्चों का पार्क भी बनेगा और गोमती नदी पर घाट का विकास कराया जाएगा। कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था समेत अन्य कार्य कराए जाएंगे। दूसरी योजना के तहत मां चंद्रिका देवी मंदिर 16 नंबर ट्यूबवेल से माँ चंद्रिका देवी मंदिर खंड तीन तक स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश को विश्व पर्यटन के मानचित्र पर लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए पर्यटन स्थलों का विकास कराया जा रहा है। यहां की आवश्यकताओं को देखते हुए सुविधाओं में और वृद्धि की जा रही है। उन्होंने बताया कि यथाशीघ्र इस मंदिर के लिए स्वीकृत धनराशि को अवमुक्त करते हुए प्रस्तावित कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# नवाब जैदी उर्फ कैसर जौनपुरी का निधन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। शायरे अहलेबैत कैसर नवाब जैदी उर्फ कैसर जौनपुरी का शुक्रवार को निधन हो गया। वह काफी दिनों से दिल की बीमारी से पीड़ित थे और ठाकुरगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। शुक्रवार दोपहर उनके निधन की खबर फैलते ही उनके चाहने वालों के अलावा शहर की विभिन्न अंजुमनों के पदाधिकारी और शायरी में उनके शागिर्द रहे लोग हुसैनाबाद के मुफ्तीगंज स्थित जहरा कॉलोनी बड़ा बाग पहुंचने लगे। इसके अलावा मौलाना सैफ अब्बास, मौलाना तसनीम मेहदी समेत कई उलमा ने भी उनके आवास पहुंचकर ताजियत पेश की। स्वर्गीय कैसर जौनपुरी अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और दो बेटियों के अलावा दामाद और बहू समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये। स्वर्गीय कैसर जौनपुरी को ठाकुरगंज स्थित जामा मस्जिद में गुस्लों कफन देने के बाद देर रात बालागंज स्थित कर्बला अब्बास बाग में सुपुर्दे खाक किया गया। स्वर्गीय कैसर जौनपुरी के ईसाले सवाब की मजलिस रविवार सुबह नौ बजे छोटे इमामबाड़े में आयोजित की जायेगी। मजलिस मौलाना तसनीम मेहदी खिताब करेंगे। कैसर जौनपुरी पूरी दुनिया में बहत्तर ताबूत के कार्यक्रम में अपनी अपने विशेष अंदाज में निजामत के लिए खासे पहचाने जाते थे। इसके अलावा वह जौनपुर में काफी लोकप्रिय थे और मोहर्रम में होने वाली विभिन्न मजलिसों और जुलूसों में मजलिस व निजामत करते थे।



- कैसर जौनपुरी अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और दो बेटियों के अलावा दामाद और बहू समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये

## काशी विश्वनाथ धाम और पशुपतिनाथ की हवाई यात्रा का पैकेज लांच

लखनऊ। आईआरसीटीसी ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम और नेपाल के पशुपतिनाथ की हवाई यात्रा का पैकेज लांच किया है। 25 से 29 दिसम्बर तक के इस पैकेज में यात्री वाराणसी से नेपाल की फ्लाइट से जायेंगे। अगर कोई लखनऊ से जाना चाहता है तो उसे यहां से खुद की व्यवस्था से जाना पड़ेगा। इस पैकेज में पोखरा की भी यात्रा होगी। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि काठमांडू में पशुपतिनाथ मन्दिर, बौद्धनाथ स्तूप, दरबार स्क्वायर, तिब्बती रिफ्यूजी सेंटर ऑफ गार्डन ऑफ ड्रीम्स, पोखरा में मनोकामना मन्दिर, विन्ध्यवासिनी मन्दिर, गुप्तेश्वर महादेव गुफा, हिमालय की पहाड़ियों में सूर्योदय दर्शन विशेष आकर्षण होगा। उन्होंने बताया कि तीन लोगों के एक साथ रुकने पर प्रति व्यक्ति 36800 रुपये, दो लोगों के एक साथ रुकने पर प्रति व्यक्ति 37600 रुपये और अकेले रुकने पर 46000 रुपये प्रति व्यक्ति खर्च आयेगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट और नम्बर 8287930922 व 8287930902 पर सम्पर्क किया जा सकता है। वाराणसी में 8595924274 सम्पर्क कर सकते हैं।

# भारतीय रेल ने 1015.6 एमटी माल लदान का लक्ष्य हासिल किया

**रेलवे ने नवंबर 2023 में 128.4 एमटी का माल लदान हासिल किया- पिछले वर्ष की इसी अवधि के माल लदान की तुलना में 4.3 प्रतिशत का सुधार**

- पिछले वर्ष की समान अवधि में हुए माल लदान की तुलना में 36.9 एमटी की वृद्धि हुई
- रेलवे ने अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान माल लदान से 110007.5 करोड़ रुपये कमाए
- पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में माल ढुलाई से होने वाली आय 4102.4 करोड़ रुपये बढ़ी



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान संचयी आधार पर, भारतीय रेल द्वारा पिछले वर्ष की 978.724 एमटी के माल लदान की तुलना में 1015.669 एमटी की माल लदान हासिल की गई, जोकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के माल लदान की तुलना में लगभग 36.945 एमटी का सुधार है। रेलवे ने पिछले वर्ष के 105905.1 करोड़ रुपये की कमाई की तुलना में 110007.5 करोड़ रुपये की कमाई की है, जोकि कि पिछले वर्ष की समान अवधि में होने वाली कमाई की तुलना में लगभग 4102.445 करोड़ रुपये का सुधार है।

नवंबर 2022 में 123.088 एमटी के लदान की तुलना में नवंबर 2023 के महीने के दौरान 128.419 एमटी का प्रारंभिक माल लदान हासिल किया गया है, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 4.33 प्रतिशत का सुधार है। नवंबर 2022 में माल ढुलाई से प्राप्त होने वाले 13559.83 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में नवंबर 2023 में 14077.94 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया गया, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 3.82 प्रतिशत का सुधार दर्शाता है।

भारतीय रेल ने नवंबर, 2023 के दौरान कोयले का 65.48 एमटी, लौह अयस्क का 14.99 एमटी, कच्चा लोहा (पिग आयरन) एवं तैयार इस्पात का 5.25 एमटी, सीमेंट (क्लिंकर को छोड़कर) का 5.58 एमटी, क्लिंकर का 4.61 एमटी, खाद्यान्न का 3.82 एमटी, उर्वरक का 5.97 एमटी, खनिज तेल का 4.176 एमटी, कंटेनरों का 6.91 एमटी और शेष अन्य वस्तुओं का 8.59 एमटी लदान हासिल किया।

÷कार्गो के लिए उत्सुक÷ के मंत्र का पालन करते हुए, भारतीय रेल ने व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सेवाओं की आपूर्ति में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। ग्राहक केन्द्रित दृष्टिकोण और त्वरित नीति निर्माण द्वारा समर्थित व्यवसाय विकास इकाइयों के काम ने रेलवे को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने में मदद की।

## मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में हुई

लखनऊ। उत्तर रेलवे के लखनऊ में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक डॉ.मनीष थपल्याल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंडल पर राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई। सहायक मंडल वित्त प्रबंधक सह राजभाषा अधिकारी तरुण तोमर ने मंडल पर राजभाषा सम्बंधी तिमाही प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके साथ ही राजभाषा हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने की प्रोत्साहन योजनाओं और हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। डीआरएम ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं से कहा कि वह राजभाषा के संदेश वाहक के रूप में कार्य करें व अपने कार्यालय में राजभाषा का प्रसार करें। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत व सामाजिक सम्मान तभी प्राप्त कर सकते हैं जब हम किसी विदेशी भाषा में नहीं बल्कि अपने देश की भाषा में कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि मंडल पर राजभाषा सम्बंधी नियमों का शत प्रतिशत पालन किया जाये।




डीआरएम ने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने निरीक्षण के दौरान राजभाषा सम्बंधी निरीक्षण अवश्य करें। मंडल में प्रकाशित होने वाली राजभाषा पत्रिका सारंग में जानकारीपरक तकनीकी लेख प्रकाशित किए जाये। इस अवसर पर अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी शिवेन्द्र शुक्ल ने बताया राजभाषा हिन्दी को व्यावहारिक भाषा के रूप स्वीकार किया गया है। इसलिए आवश्यक है कि राजभाषा हिन्दी में आसान और प्रचलित शब्दों का प्रयोग किया जाये। राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने तथा कार्यशालाओं के आयोजन के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल को सम्मानित किया गया है।

# ऐतिहासिक इमारतों में रहने वाले ट्रस्ट के नियमों का नहीं कर रहे पालन

- हजरतगंज स्थित इमामबाड़ा शाहनजफ में ढोल-ताशा बजाया गया

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। हुसैनाबाद एण्ड एलाइड ट्रस्ट के अधीन ऐतिहासिक इमारतों में रहने वाले ट्रस्ट के नियमों का पालन नहीं कर रहे। ट्रस्ट के अधीन ऐतिहासिक इमारतों में अधिकांश इमारतें धार्मिक स्थल हैं, जिनसे शिया समुदाय की धार्मिक आस्था जुड़ी है। ट्रस्ट की इमारतों में गीत-संगीत और गाना-बजाना प्रतिबंधित है। बावजूद इसके ट्रस्ट की इमारतों में रहने वाले नियमों का पालन नहीं कर रहे। बीते दिनों हजरतगंज स्थित इमामबाड़ा शाहनजफ में ढोल-ताशा बजाया गया, जिस पर ट्रस्ट ने नोटिस देने के साथ ही हजरतगंज थाने में कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। ट्रस्ट की ओर से हजरतगंज थाने में नन्दलाल के खिलाफ इमामबाड़ा शाहनजफ परिसर के प्रतिबंधित क्षेत्र में ढोल-ताशा बजाने को लेकर तहरीर दी गयी है। शिकायत में कहा गया कि इमामबाड़ा शाहनजफ के बाहरी भाग के क्वार्टर संख्या-16 की किरायेदारी स्वर्गीय नन्दलाल के नाम दर्ज है। क्वार्टर में वर्तमान में स्वर्गीय नन्दलाल के पुत्र राजकुमार रह रहे हैं। बीती 23 नवम्बर को शादी समारोह से पूर्व के कार्यक्रम में इमामबाड़ा परिसर में ढोल-ताशा बजाया गया। ट्रस्ट अधिकारियों ने मामले की जानकारी होने पर नोटिस जारी किया। 28 नवम्बर गुरुवार को एक बार पुन÷ इमामबाड़ा परिसर में ढोल-ताशा बजाया गया। मामले की जानकारी होने पर शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद ने फोन कर आक्रोश व्यक्त किया। ट्रस्ट कर्मियों के रोकने पर राजकुमार ने धमकी देते हुए कहा कि जो करना है करें। ट्रस्ट ने राजकुमार को नोटिस देकर भविष्य में इस तरह की घटना पर किरायेदारी निरस्त कर क्वार्टर खाली कराने की चेतावनी दी है। वहीं ट्रस्ट अधिकारियों ने हजरतगंज थाने में कार्रवाई के लिए भी तहरीर दी है।



### ब्रिज के निर्माण के चलते ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जायेगा

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे पर लखनऊ जंक्शन मल्हौर खण्ड के गोमतीनगर स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के चलते गर्डर लांचिंग के लिए ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जायेगा। जिसके कारण ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन, नियंत्रण एवं रि.शिड्यूलिंग किया जायेगा। गोरखपुर से 3 दिसम्बर को चलने वाली 02576 गोरखपुर हैदराबाद स्पेशल ट्रेन निर्धारित मार्ग मल्हौर, ऐशबाग व मानकनगर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मल्हौर, लखनऊ व मानकनगर के रास्ते चलाई जायेगी। गाड़ी संख्या 15204 लखनऊ बरौनी एक्सप्रेस 3 दिसम्बर को मार्ग में 20 मिनट एवं 7 दिसम्बर को मार्ग में 35 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। पनवेल से 2 दिसम्बर को चलने वाली 05014 पनवेल गोरखपुर स्पेशल ट्रेन पनवेल से 120 मिनट रि.शिड्यूल कर चलाई जायेगी।

### रेलवे पॉली क्लीनिक में एड्स जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ। विश्व एड्स दिवस पर पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बीएन. चौधरी के नेतृत्व में शुक्रवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक दीक्षा चौधरी की अध्यक्षता में ऐशबाग स्थित रेलवे पॉली क्लीनिक में एड्स जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय तिवारी ने एड्स से सम्बंधित भ्रातिंयों के बारे में बताया कि एड्स रोग का कोई इलाज नही है, जानकारी ही इसका बचाव है एवं एड्स के बारे में सही जानकारी से ही जान बच सकती है। हाथ मिलाने से, गले लगने से, साथ में कार्य करने से, साथ में खेलने एवं खाना खाने, शौचालय के उपयोग से, मच्छर के काटने से एचआईवी नहीं फैलता है। एड्स रोग प्रभावित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन सम्बंध से, दूषित खून चढ़ाने से व दूषित सिरिंज के उपयोग से होता है। एड्स का सीधा सम्बन्ध क्षय रोग एवं यौन रोग से रहता है। इन रोगो से बचना बहुत जरूरी है एवं यौन रोग होने पर किसी प्रशिक्षित चिकित्सक से शीघ्र इलाज करायें वरना एचआईवी इंनफेक्शन से खतरा बढ़ जाता है। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी, रेलकर्मचारी व उनके परिजन उपस्थित थे।

### 10 दिसम्बर तक किया जायेगा इण्टरलॉकिंग का कार्य

लखनऊ। उत्तर रेलवे के पटरंगा, रौजागांव वरुदौली सेक्शन पर इण्टरलॉकिंग कार्य 10 दिसम्बर तक किया जायेगा। इस दौरान आवागमन करने वाली जहां लखनऊ अयोध्या निरस्त रहेगी वहीं देहरादून एक्सप्रेस और किसान एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि ट्रेन नम्बर 04203 व 04204 लखनऊ अयोध्या छावनी एक्सप्रेस स्पेशल अनारक्षित 10 दिसम्बर तक निरस्त रहेगी। मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन के बदले रास्ते से जिन ट्रेनों को संचालित किया जायेगा उनमें 13009 व 13010 हावड़ा जंक्शन योग नगरी ऋषिकेश के मध्य चलने वाली दून एक्सप्रेस 9 दिसम्बर तक, 13307 व 13308 धनबाद जंक्शन फिरोजपुर छावनी जंक्शन के बीच चलने वाली गंगा सतलज एक्सप्रेस 9 दिसम्बर तक, 15623 व 15934 अमृतसर न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस 12 दिसम्बर तक चलायी जायेंगी। वहीं सुलतानपुर जंक्शन के रास्ते चलाई जाने वाली ट्रेनों में ट्रेन नम्बर 13238 कोटा पटना एक्सप्रेस वाया अयोध्या छावनी 8 दिसम्बर तक, 13484 दिल्ली जंक्शन मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस अयोध्या कैन्ट के रास्ते 8 दिसम्बर तक, 15636 गुवाहाटी ओखा द्वारका एक्सप्रेस 4 दिसम्बर, 15668 कामाख्या गांधीधाम एक्सप्रेस 6 दिसम्बर, 13151 कोलकाता जम्मूतवी एक्सप्रेस 9 दिसम्बर तक चलायी जायेगी। गोण्डा एनईआर के रास्ते चलाई जाने वाली ट्रेनों में 14650 अमृतसर जंक्शन जयनगर सरयू यमुना एक्सप्रेस 9 दिसम्बर तक, 15023 गोरखपुर यशवंतपुर एक्सप्रेस अयोध्या छावनी के रास्ते 5 दिसम्बर तक, 15024 यशवंतपुर गोरखपुर एक्सप्रेस अयोध्या छावनी के रास्ते 7 दिसम्बर तक, 05615 उदयपुर सिटी गुवाहाटी स्पेशल 6 दिसम्बर तक, 19615 उदयपुर सिटी कामाख्या कविगुरु एक्सप्रेस 4 दिसम्बर, 19053 सूरत मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 8 दिसम्बर तक चलायी जायेगी।